सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 29.1
न्यूनतम : 23.3

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-103 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 01 अक्टूबर 2025
08 रबीउल आखिर 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# पीएम मोदी ने ट्रम्प की गाजा शांति योजना का किया स्वागत, कहा-हम उनके साथ हैं

■ राष्ट्रपति ट्रंप की शांति योजना पर विचार करके देंगे जवाब : हमास



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गाजा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति की प्रस्तावित योजना का समर्थन किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि सभी संबंधित पक्ष इस पहल को स्वीकार करेंगे। मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने बयान में मोदी ने कहा, हम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा गाजा में शांति स्थापना के लिए प्रस्तुत व्यापक योजना का स्वागत करते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि यह योजना इजरायली और फिलिस्तीनी समुदायों के साथ-साथ पूरे पश्चिम एशियाई क्षेत्र में लंबे समय तक चलने वाली शांति, सुरक्षा और समृद्धि का एक व्यावहारिक रास्ता प्रदान करती है। मोदी ने जोर देकर कहा, हमें विश्वास है कि सभी पक्ष राष्ट्रपति ट्रम्प की इस पहल का समर्थन करेंगे और क्षेत्र में शांति स्थापित करने के इस प्रयास में एकजुट होंगे। इस्राइल और हमास के बीच लगभग दो साल से चल रहे संघर्ष के खत्म होने की उम्मीद नजर आ रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से गाजा में शांति के लिए बनाई गई 20 सूत्रीय योजना पर इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सहमति जता दी है। इसी बीच राष्ट्रपति ट्रंप ने हमास पर इस प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए दवाब बढ़ा दिया है।

डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि हमास के पास उनके गाजा शांति प्रस्ताव पर जवाब देने के लिए लगभग तीन से चार दिन हैं, अन्यथा इसके गंभीर परिणाम होंगे। ट्रंप ने व्हाइट हाउस से जाते समय पत्रकारों से कहा कि इस्राइली और अरब नेता योजना को पहले ही स्वीकार कर चुके हैं और अब केवल हमास की प्रतिक्रिया का इंतजार है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, हमास या तो इसे स्वीकार करेगा या नहीं, और अगर नहीं, तो इसका परिणाम बहुत ही दुखद होगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि इस शांति योजना पर अधिक बातचीत की गुंजाइश नहीं है। उन्होंने इसे जल्द लागू करने का दबाव डालते हुए कहा कि हमास को या तो इसे स्वीकार करना होगा या गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

हमास ने मंगलवार को कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा शांति योजना पर विचार करके प्रतिक्रिया देगा। बेंजामिन नेतन्याहू पहले ही इसका समर्थन कर चुके हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि हमास इस योजना पर सहमत होगा या नहीं। इस योजना में कहा गया है कि युद्ध खत्म करने के बदले हमास को समर्पण कर हथियार डालने होंगे। योजना में फलस्तीनियों के लिए मानवीय मदद भेजने और गाजा के पुनर्निर्माण का वादा भी किया गया है।

### पश्चिम एशिया में दीर्घकालिक शांति का मार्ग प्रदान करती है राष्ट्रपति ट्रंप की योजना : मोदी

गाजा में युद्ध समाप्त करने के डोनाल्ड ट्रंप की योजना का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत दुनिया के अधिकांश देशों ने स्वागत किया है। पीएम मोदी ने कहा, यह फलस्तीनी-इस्राइली लोगों के साथ व्यापक पश्चिम एशियाई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक शांति, सुरक्षा और विकास का व्यवहारिक मार्ग प्रदान करती है। अमेरिका के धुर विरोधी चीन ने भी गाजा युद्ध खत्म कराने की ट्रंप की योजना का समर्थन किया है। रूस ने गाजा को लेकर ट्रंप की योजना के सफल होने की उम्मीद जताई है। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि रूस ट्रंप के प्रयासों का स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि रूसी अधिकारी आशा करते हैं कि यह योजना लागू हो।

## थर्मल पावर स्टेशन का निर्माणाधीन ढांचा गिरा नौ लोगों की मौत

**चेन्नई।** उत्तर चेन्नई थर्मल पावर स्टेशन के निर्माण स्थल पर मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार निर्माणाधीन ढांचा गिरने से नौ लोगों की मौत हो गई है। वहीं, कई श्रमिकों को गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को तत्काल उत्तर चेन्नई स्थित स्टैनली सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पीएम मोदी ने हादसे पर शोक जताया और मुआवजे का एलान किया है।

उन्होंने कहा कि इस हादसे में प्रभावित परिवारों के साथ उनकी संवेदनाएं हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। वहीं, घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाएंगे। इस घटना में कई लोग घायल हुए हैं और राहत-बचाव कार्य जारी है। पीएम ने इसे दुखद और पीड़ादायक क्षण बताया। पुलिस आयुक्त ने बताया कि हादसे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## दुर्गा पूजा पंडाल में पहुंचे पीएम मोदी मां जगत जननी की उतारी आरती



**नई दिल्ली।** राजधानी का सीआर पार्क पश्चिम बंगाल की तरह मां दुर्गा की भक्ति में रंग गया है। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां पहुंचे और मां दुर्गा के दर्शन कर आरती की। इस दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी मौजूद रहीं। वहीं भारी भीड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित दौरे के मद्देनजर दिल्ली यातायात पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी पूरी तरह भक्ति भाव में दिखाई दिए और उन्होंने मां दुर्गा की विधिवत पूजा और आरती की।

## महिला स्पेशल हो सकती है पहली उड़ान

हज यात्रा

■ यात्रियों को एक साथ रवाना करने की शुरू हुई कवायद




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के उड़ान स्थल से रवाना होने वाली हज की पहली उड़ान इस बार महिला स्पेशल होने की उम्मीद है। राज्य हज कमेटी ने गैर महरम श्रेणी की महिला हज यात्रियों को पहली उड़ान से एक साथ रवाना करने की कवायद शुरू की है। इसके लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया को पत्र भेजा गया है। वहीं, पत्र में राज्य हज इंस्पेक्टरों के आवेदन की उम्र सीमा को 5 वर्ष बढ़ाने का भी अनुरोध किया गया है।

प्रदेश से इस बार 17226 हज यात्रियों को रवाना किया जाना है। इनमें से गैर महरम कैटेगरी में 63 महिला भी शामिल हैं। गैर महरम कैटेगरी में 45 साल से ज्यादा उम्र की ऐसी महिलाएं जिनके साथ शरई महरम (ऐसे पुरुष साथी जिनसे पर्दा न हो) के तौर पर कोई पुरुष न हो और उनका मसलक बगैर महरम उन्हें हज पर जाने की इजाजत देता हो उनको शामिल किया गया है।

राज्य हज कमेटी के सचिव एसपी तिवारी ने बताया कि गैर महरम श्रेणी की करीब 45 महिलाओं को लखनऊ उड़ान स्थल से भेजा जाना है। इन महिलाओं को एक साथ पहली उड़ान हज पर भेजने के लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया को पत्र भेजा गया है, ताकि इनको हज के दौरान किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने बताया कि खादिमुल हुज्जाज का नाम बदल कर राज्य हज इंस्पेक्टर होने के बाद इनका चयन कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा के आधार पर किया जा रहा है। हज इंस्पेक्टर के आवेदन के लिए उम्र 50 वर्ष तय की गई है। उन्होंने कहा कि हज कमेटी की मांग है कि आवेदन की उम्र सीमा 50 से बढ़ाकर 55 वर्ष की जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग आवेदन किए जा सकें।

## योगी ने महानिशा पूजन कर की लोकमंगल के लिए प्रार्थना

■ गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में हवन के साथ पूर्ण हुआ अष्टमी का अनुष्ठान

■ गुरुवार विजयादशमी को शोभायात्रा की अगुवाई और प्रभु श्रीराम का पूजन व राज्याभिषेक करेंगे



**गोरखपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री एवं योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी तिथि के मान में गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार महानिशा पूजन और हवन किया। महानिशा पूजन अनुष्ठान से पूर्व उन्होंने वैदिक मंत्रों के बीच जगतजननी मां आदिशक्ति आराधना की। शारदीय नवरात्र के पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में महानिशा पूजा का विशिष्ट अनुष्ठान पूर्ण कर लोकमंगल के लिए प्रार्थना की।

मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन करने के बाद अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधिस्थल पर जाकर शीश नवाया। देर शाम वह महानिशा पूजा में सम्मिलित हुए। गोरखनाथ मंदिर की शक्तिपीठ में महानिशा पूजा का अनुष्ठान गोरक्षपीठाधीश्वर एवं योगी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। दो घंटे चले अनुष्ठान में गोरक्षपीठाधीश्वर ने गौरी गणेश पूजन, वरुण पूजन, पीठ पूजन, यंत्र पूजन, मां दुर्गा का विधिवत पूजन, भगवान राम-लक्ष्मण-सीता का षोडशोपचार पूजन, भगवान कृष्ण एवं गोमाता का पूजन, नवग्रह पूजन, विल्व पूजन, अधिष्ठात्री देवता पूजन, शस्त्र पूजन, द्वादश ज्योर्तिलिंग-अर्धनारीश्वर एवं शिव-शक्ति पूजन, वटुक भैरव, काल भैरव, त्रिशूल पर्वत पूजन किया। साथ ही हवन की वेदी पर ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र और अग्नि देवता का आह्वान कर पूजन किया और शक्तिपीठ में स्थापित वेदी पर उगे जौ के पौधों को काटकर आदिशक्ति मां दुर्गा से लोकमंगल की प्रार्थना की।

समस्त अनुष्ठान श्रीदुर्गा सप्तशती के पाठ एवं वैदिक मंत्रों के साथ संपन्न हुआ। अंत में आरती एवं क्षमा याचना के बाद प्रसाद वितरित हुआ। इस अवसर पर काशी से आए जगद्गुरु स्वामी संतोषाचार्य, गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ समेत बड़ी संख्या में गोरखनाथ मंदिर के भक्त उपस्थित रहे।

### मां सिद्धिदात्री की आराधना कर कन्या पूजन करेंगे सीएम

गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर स्थित अपने आवास की शक्तिपीठ में बुधवार (एक अक्टूबर) को पूर्वाह्न शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि को देवी दुर्गा के नौवें रूप मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद कन्या पूजन का अनुष्ठान होगा। इस अवसर पर गोरक्षपीठाधीश्वर कुंवारी कन्याओं के पांव पखारकर श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना करेंगे। उन्हें भोजन कराएंगे और उपहार देंगे। इस दौरान परंपरा के अनुसार बटुक पूजन भी किया जाएगा। जबकि विजयादशमी को बृहस्पतिवार सुबह गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री शिवावतार गुरु गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन करेंगे। इसी दिन सायंकाल वह मंदिर से निकलने वाली पारंपरिक विजयादशमी शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे। शोभायात्रा का समापन मानसरोवर रामलीला मैदान में होगा जहां गोरक्षपीठाधीश्वर प्रभु श्रीराम का पूजन व राज्याभिषेक करेंगे।

## छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरें अपरिवर्तित

■ दिवाली से पहले सरकार का फैसला




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पोस्ट ऑफिस की पब्लिक प्रॉविडेंट फंड (पीपीएफ) व नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट (एनएससी) आदि छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरें अपरिवर्तित रखने का फैसला किया है। यानी अक्टूबर से दिसम्बर, 2025 तिमाही के लिए भी इन योजनाओं पर वही पुरानी दरें लागू रहेंगी।

वित्त मंत्रालय का यह फैसला खास महत्व रखता है क्योंकि सरकार ने अब तक सुकन्या समृद्धि खाता (एसएसए) और सीनियर सिटिजन्स सेविंग्स स्कीम जैसी योजनाओं की ब्याज दरों को घटाने से परहेज किया है जबकि इसी वर्ष अब तक रेपो रेट में तीन बार कटौती की जा चुकी है।

वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक अधिसूचना में कहा, 'वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (एक अक्टूबर, 2025 से 31 दिसम्बर, 2025) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही (एक जुलाई, 2025 से 30 सितम्बर, 2025) के लिए अधिसूचित दरों पर बनी रहेंगी।' किसान विकास पत्र पर ब्याज दर 7.5 प्रतिशत होगी और निवेश 115 महीनों में परिपक्व होगा। राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र पर ब्याज दर अक्टूबर-दिसम्बर 2025 की अवधि के लिए 7.7 प्रतिशत पर बनी रहेगी। जुलाई-सितम्बर तिमाही की तरह, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरान भी मासिक आय योजना में निवेश पर 7.4 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। इसके साथ ही मुख्य रूप से डाकघरों और बैंकों द्वारा संचालित लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को सातवीं तिमाही में अपरिवर्तित रखा गया है। सरकार ने पिछली बार 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए कुछ योजनाओं की ब्याज दरों में बदलाव किए थे।

### सुकन्या समृद्धि योजना पर 8.2 प्रतिशत का ब्याज

अधिसूचना के अनुसार सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा पर 8.2 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी जबकि तीन वर्ष की सावधि जमा पर ब्याज चालू तिमाही में मौजूदा 7.1 प्रतिशत पर बरकरार रहेगा। नौकरीपेशा में लोकप्रिय लोक भविष्य निधि (पीपीएफ) और डाकघर बचत जमा योजनाओं की ब्याज दरें भी क्रमशः 7.1 प्रतिशत और चार प्रतिशत पर बरकरार हैं।

## प्रदेश में तीन अक्टूबर से बदले हुए समय पर खुलेंगे विद्यालय

**लखनऊ।** यूपी में स्कूलों का समय बदल गया है। तीन अक्टूबर से प्रदेश के सभी तरह के स्कूल बदले हुए समय पर खुलेंगे। इसके पहले एक और दो अक्टूबर को स्कूल-कॉलेजों में अवकाश है। एक अक्टूबर को महानवमी और दो अक्टूबर को विजयदशमी पर अवकाश रहेगा।

अभी तक माध्यमिक विद्यालयों में साढ़े सात से डेढ़ बजे की पढ़ाई होती थी। तीन अक्टूबर से यह समय साढ़े नौ बजे से साढ़े तीन बजे तक हो जाएगा। इसी तरह परिषदीय विद्यालयों में एक अक्टूबर से पढ़ाई का समय बदल जाएगा। अब विद्यालयों में सुबह नौ से दोपहर तीन बजे तक पढ़ाई होगी।

## आरबीआई ने 6 सदस्यीय भुगतान नियामक बोर्ड का किया गठन



■ सरकार की ओर नामित तीन सदस्य, गवर्नर होंगे मुखिया

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को देश में भुगतान प्रणालियों के कामकाज की निगरानी के लिए छह सदस्यीय भुगतान नियामक बोर्ड का गठन किया। इसमें केंद्र सरकार के तीन नामित सदस्य शामिल होंगे। इस पैनल की अध्यक्षता गवर्नर खुद करेंगे।

भुगतान विनियामक बोर्ड (पीआरबी) भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड की एक समिति, भुगतान और निपटान प्रणाली विनियमन और पर्यवेक्षण बोर्ड (बीपीएसएस) की जगह ले रही है। पांच सदस्यीय बीपीएसएस का नेतृत्व भी आरबीआई गवर्नर करते हैं, लेकिन इसमें कोई सरकारी प्रतिनिधि शामिल नहीं है।

पीआरबी में आरबीआई के अन्य दो सदस्य डिप्टी गवर्नर और भुगतान व निपटान प्रणाली के प्रभारी कार्यकारी निदेशक हैं। बोर्ड में सरकार की ओर से नामित व्यक्तियों में वित्तीय सेवा विभाग के सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव और पूर्व दूरसंचार सचिव अरुणा सुंदरराजन शामिल हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के प्रधान विधि सलाहकार बोर्ड की बैठकों में स्थायी आमंत्रित सदस्य होते हैं। मई में जारी अधिसूचना के अनुसार, भुगतान नियामक बोर्ड की बैठक सामान्यतः वर्ष में कम से कम दो बार होगी। आरबीआई ने कहा कि उसने प्राथमिकता क्षेत्र ऋण- लक्ष्य और वर्गीकरण पर कुछ निर्देशों का पालन न करने पर इंडियन ओवरसीज बैंक पर 31.8 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई के निर्देशों का अनुपालन न करने और पत्राचार के पर्यवेक्षी निष्कर्षों के आधार पर बैंक को नोटिस जारी किया गया।

## बिहार की अंतिम मतदाता सूची में 7.42 करोड़ वोटर

**नई दिल्ली।** बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी। इस सूची में कुल मतदाताओं की संख्या 7.42 करोड़ है, जो कि विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) से पहले 7.89 करोड़ थी।

हालांकि, यह अंतिम संख्या ड्राफ्ट सूची (ड्राफ्ट रोल) से थोड़ी ज्यादा है, जिसे 1 अगस्त को जारी किया गया था। उस ड्राफ्ट सूची में 65 लाख मतदाता हटाए गए थे। इन मतदाताओं को सूची से इसलिए हटाया गया था क्योंकि या तो उनकी मृत्यु हो गई थी, वे किसी और जगह चले गए थे, या उनके नाम सूची में डुप्लीकेट थे। चुनाव आयोग ने बताया कि ड्राफ्ट सूची से 3.66 लाख वोटर हटाए गए, जबकि 21.53 लाख नए वोटर जोड़े गए, जो लोगों और पार्टियों द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों के बाद शामिल किए गए। यह सूची एसआईआर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद तैयार की गई है। आयोग ने कहा कि इसमें सभी आपत्तियों का निपटारा कर लिया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार ने इस संबंध में सोशल मीडिया पर जानकारी साझा की।

विवाद

### एसीसी की बैठक में बीसीसीआई ने मोहसिन नकवी को घेरा

# भारत को एशिया कप की ट्रॉफी सौंपी जानी चाहिए

■ राजीव शुक्ला और शेल्लार ने किया प्रतिनिधित्व




**दुबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशिया क्रिकेट परिषद (एसीसी) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान एशिया कप की विजेता ट्रॉफी भारतीय टीम को नहीं सौंपने पर कड़ा विरोध जताया है। बीसीसीआई ने इस दौरान एसीसी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी को घेरा। भारत ने रविवार को फाइनल में पाकिस्तान को हराकर नौवीं बार इस टूर्नामेंट का खिताब जीता था।

भारतीय खिलाड़ियों ने ट्रॉफी नकवी के हाथों से लेने से इनकार कर दिया था जिसके बाद पुरस्कार समारोह बिना विजेता ट्रॉफी सौंपे समाप्त कर दिया गया था। भारतीय खिलाड़ियों ने इसके बाद ट्रॉफी के बिना खिताब जीतने का जश्न मनाया था। बाद में बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया था कि नकवी ट्रॉफी को अपने साथ होटल के कमरे में ले गए हैं और बोर्ड इसकी शिकायत आईसीसी से करेगा।

न्यूज एजेंसी पीटीआई ने एसीसी के सूत्रों के हवाले से बताया कि बीसीसीआई चाहता है कि ट्रॉफी को सौंपी जाए, लेकिन एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी फिलहाल इसके लिए सहमत नहीं है। नकवी पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं और भारत विरोधी बयानों के लिए जाने जाते हैं। भारत ने नकवी के हाथों से ट्रॉफी नहीं लेने की घोषणा काफी पहले ही कर दी थी, लेकिन इसके बावजूद नकवी ट्रॉफी वितरण समारोह के दौरान स्टेज से नहीं हटे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने भी खिलाड़ियों के इस कदम का समर्थन किया था और कहा था कि भारतीय टीम का यह कदम पूरी तरह सही था और बोर्ड इस मामले को लेकर नवंबर में होने वाली आईसीसी की बैठक में विरोध दर्ज कराएगा।

एसीसी की एजीएम में बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और पूर्व कोषाध्यक्ष आशीष शेल्लार ने बोर्ड का प्रतिनिधित्व किया। एशिया कप की ट्रॉफी अभी भी एसीसी दफ्तर में रखी है और यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है कि इसे विजेता टीम को कब दी जाएगी। एसीसी के सूत्र ने कहा, भारत ने एसीसी की बैठक के दौरान विजेता ट्रॉफी नहीं सौंपे जाने और पुरस्कार समारोह के बाद एसीसी अध्यक्ष नकवी द्वारा जो ड्रामा किया गया, उसे लेकर कड़ा विरोध जताया है। इस दौरान राजीव ने कहा कि ट्रॉफी विजेता टीम को सौंपी जानी चाहिए। यह एसीसी की ट्रॉफी है और इसका किसी एक व्यक्ति से लेना-देना नहीं है। सूत्र ने कहा, जब बैठक शुरू हुई तो नकवी ने अपने भाषण में नेपाल को बधाई दी जिसने वेस्टइंडीज को हराया। इसके बाद एसीसी का सदस्य बनने पर मंगोलिया को बधाई दी और भाषण खत्म कर दिया। इसके बाद उन्होंने इस मुद्दे को उठाया कि नकवी ने खिताब जीतने पर भारत को बधाई क्यों नहीं दी? इससे उन पर भारत को बधाई देने का दबाव पड़ा और उन्होंने भारतीय टीम को बधाई दी।

### एजीएम में ट्रॉफी पर चर्चा नहीं चाहते थे नकवी

नकवी ने बीसीसीआई की बात से सहमत नहीं थे। नकवी ने इस बात पर जोर दिया कि इस मुद्दे पर एजीएम में बात नहीं होनी चाहिए और किसी और समय इस पर चर्चा की जानी चाहिए। इस बैठक का एजेंडा उपाध्यक्ष का चयन करना था, लेकिन वह भी नहीं हो सका। समझा जाता है कि नकवी ने भारत के एशिया कप जीतने के बाद नकवी ने बीसीसीआई सदस्यों को बधाई नहीं दी, लेकिन शेल्लार ने सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली टीम की सराहना की जो पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही।

## पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की 33 माह बाद जेल से हुई रिहाई

**कानपुर।** गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में जमानत मिल जाने पर 33 माह बाद पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी महाराजगंज जेल से रिहा हो गए। इरफान की मुश्किलें कम तो हुई हैं लेकिन खत्म नहीं हुई हैं। आगजनी के मुकदमे में सजा सुनाए जाने के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील अभी लंबित है, वहीं सेशन कोर्ट में कई मुकदमों की सुनवाई अभी चल रही है। जाजमऊ निवासी नजीर फातिमा के घर 7 नवंबर 2022 को हुई आगजनी मामले में लगे आरोप के बाद इरफान ने अपने भाई के साथ पुलिस कमिश्नर के बंगले पर समर्पण किया था।



# स्वदेशी अपनाने के लिए चलाया जाएगा जन-जागरण अभियानः बृजेश सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी/मितौली।** कस्ता मंडल की आत्मनिर्भर भारत अभियान कार्यशाला में भाजपा



जिला मंत्री बृजेश सिंह ने कार्यकर्ताओं से लोकल फॉर वोकल अभियान को गति देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाने का संदेश हर घर तक पहुँचना चाहिए। युवाओं को इस मुहिम से जोड़कर अभियान को नई ऊँचाई पर ले जाया जाएगा जिला मंत्री ने कहा कि दीपावली पर्व पर विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जनता और दुकानदारों को समझाया जाएगा कि विदेशी झालर, लाइट व अन्य सामान न खरीदें और न बेचें। इसके स्थान पर स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देने की अपील की जाएगी।उन्होंने बताया कि अभियान के तहत घर-घर स्टीकर लगाए जाएंगे और जनता से संकल्प पत्र भरवाए जाएंगे। दुकानदारों को भी स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री के लिए जागरूक किया जाएगा। क्षेत्रीय उद्यमियों को प्रोत्साहित कर स्थानीय स्तर पर बनी वस्तुओं को बढ़ावा देने पर बल दिया गया इसके साथ ही स्कूलों में जाकर छात्रों को स्वदेशी के महत्व से अवगत कराने को भी अभियान का हिस्सा बनाने की बात कही गई इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा विकास सिंह, राजेश दीक्षित, कौशल किशोर बाजपेयी, मोहित सिंह, जहेन्द्र सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## घर के बाहर खेल रही सात साल की बच्ची को दबोच ले गया तेंदुआ

**लखीमपुर खीरी।** राजारामपुरवा गांव में घर के बाहर खेल रही सात साल की बच्ची को तेंदुआ दबोच ले गया। लोगों के पीछा करने पर वह गन्ने के खेत में गुम हो गया। वनकर्मी और पुलिस के कांबिंग के दौरान गन्ने के खेत से बच्ची का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ।फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के गांव राजारामपुरवा निवासी सन्तू की सात वर्षीय पुत्री देर शाम घर के बाहर थी। इस बीच तेंदुआ बच्ची को उठाकर गन्ने के खेत में घुस गया। लोगों ने देखा तो शोर मचाते हुए उसका पीछा किया। अंधेरे में वह गन्ने के खेत में छिपा गया। ग्रामीणों ने वन विभाग और पुलिस को सूचना दी।वनकर्मी और फूलबेहड़ पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के सहयोग से सर्च अभियान चलाया गया। कुछ दूरी पर खेत में बच्ची का शव बरामद हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि बच्ची की गर्दन पर दांत और पंजों के गहरे निशान थे। उसका एक पैर खाया हुआ मिला। शव की हालत देखकर ग्रामीण सन्न रह गए। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया है।

## बारिश के साथ तेज हवा चलने से फसलों को काफी हुआ नुकसान

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद के कुछ इलाकों में मंगलवार को सुबह बारिश आफत बनकर बरसी। फरधान, बेहजम और आसपास के क्षेत्र में सुबह बारिश के साथ तेज हवा चलने से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। खासकर धान की फसल पलट गई है। दोपहर बाद तक बादलों की आवाजाही जारी रही। मध्यम गति से हवा भी चल रही है, जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। खेतों में धान की फसल तैयार खड़ी है। कुछ जगहों पर फसल की कटाई की शुरू हो गई है। ऐसे में मौसम के मिजाज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

## अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटी सरिया से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली, एक युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** निघासन-सिंगाही मार्ग पर मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। सरयू नदी के पास मोटे बाबा स्थान के समीप सरिया से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई पुलिस ने राहगीरों की मदद से सभी घायलों को निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने रोहित पुत्र रोशन निवासी उमरा को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल सूरज पुत्र पप्पू, चंद्रशेखर पुत्र मैकू, प्रदीप पुत्र जीवनलाल और दाताराम पुत्र छोटेलाल निवासी उमरा का इलाज जारी है। एक की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर किया गया है।जानकारी के मुताबिक ट्रैक्टर-ट्रॉली अतरिया से सिंगाही की ओर जा रही थी, तभी सरयू पुल मोटे बाबा स्थान के पास अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे का कारण अभी पता नहीं चल सका है।

## मुख्यमंत्री की आपत्तिजनक फोटो वायरल करने के मामले में दो गिरफ्तार



**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने दो लोगों को मुख्यमंत्री की आपत्तिजनक फोटो वायरल करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पहला मामला बिल्सी थाना क्षेत्र के मोहल्ला नंबर 8 का है। इस मोहल्ले के रहने वाले शाहबाज पुत्र इसरार द्वारा अपनी इंस्टाग्राम आईडी से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आपत्तिजनक फोटो वायरल की गई थी। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए उसे गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। वहीं दूसरा मामला थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र का है यहां भी थाना क्षेत्र निवासी एक नाबालिग द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आपत्तिजनक फोटो बनाकर अपनी फेसबुक आईडी से वायरल किया गया था।थाना पुलिस ने वायरल पोस्ट का संज्ञान लेते हुए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया था। मंगलवार को पुलिस द्वारा आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस द्वारा संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## पुजारी की हत्यारोपी को पुलिस ने भेजा जेल

### गिरफ्तार अभियुक्त के पास से पुलिस को आला कत्ल हुए बरामद

**बदायूं।** थाना इस्लामनगर पुलिस द्वारा पुजारी के हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है,पुलिस को इसके कब्जे से आलाकत्ल भी बरामद हुआ है। गौरतलब है कि थाना इस्लामनगर क्षेत्र के ग्राम कंधरपुर में स्थित शिव मंदिर के पुजारी हृदय दास (55)पुत्र हरपाल सिंह के साथ विगत रविवार को गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा मारपीट कर दी गई थी। घायल पुजारी को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। इधर

आरोपी के विरुद्ध थाना पुलिस द्वारा मुकदमा पर पंजीकृत कर लिया गया था। पुजारी की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज से अलीगढ़ रेफर कर दिया गया था। अलीगढ़ ले जाते समय रास्ते में ही पुजारी ने दम तोड़ दिया था। पुजारी की मौत के बाद पुलिस ने मुकदमे को तरमीम करते हुए उसमें बीएनएस की धारा 105 की वृद्धि कर ली गई।मंगलवार को थाना पुलिस द्वारा आरोपी मोनू पुत्र भूदेव को मय आलाकत्ल लोहे का पाईप सहित गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है।

## कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास तथा अर्थदंड की सजा

**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** थाना अलापुर पर वर्ष 2016 में पंजीकृत हुए हत्या के मुकदमे में न्यायालय द्वारा नामजद को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास तथा अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया है।

थाना अलापुर पर सत्यपाल पुत्र राम सहाय के विरुद्ध पंजीकृत हुए इस मुकदमे की विवेचना थानाअलापुर के तत्कालीन इंस्पेक्टर अजीत प्रताप सिंह द्वारा की गई थी। उन्होंने नामजद सत्यपाल के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया था। तभी से मामले की सुनवाई न्यायालय में चल रही थी। हत्या के इस मामले में मंगलवार को न्यायालय एडीजे/एफटीसी 02 कोर्ट,द्वारा अभियुक्त सत्यपाल उपरोक्त को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं बीस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। न्यायालय द्वारा अपने आदेश में आगे कहा गया है कि अर्थदण्ड अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। हत्या के इस मामले को प्रदेश के पुलिस मुखिया द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत चिन्हित किया गया था,जिस कारण पुलिस द्वारा न्यायालय में सशक्त रूप से परवी की गई थी।न्यायालय में पैरवी करने वाले पुलिस कर्मियों में पैरोकार कांस्टेबल विनय कुमार शर्मा,लोक अभियोजक मुनेन्द्र प्रताप सिंह तथा विवेचनाधिकारी तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह रहे।

# संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए सबका सहयोग लेंः नगरायुक्त

## 5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण एवं 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर चलेगा दस्तक अभियान



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान, पार्षदों एवं आंगनवाड़ियों का सहयोग लेकर चलाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम अभियान के अंतर्गत साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई-छंटाई, फॉगिंग व दवा के छिड़काव आदि में सक्रिय सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए तब तक बेहतर परिणाम नहीं मिलेंगे जब तक सबको साथ लेकर अभियान नहीं चलाया जायेगा।

नगरायुक्त शिपू गिरि आज नगर निगम के शाकुंभरी सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं मिशन शक्ति की संयुक्त बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने में महिलाओं की भागेदारी का सबसे ज्यादा महत्व है, इसीलिए इस अभियान को निगम द्वारा आज मिशन शक्ति के साथ जोड़ते हुए निगम की महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने महिलाओं से अपने घरों एव आसपास पानी व कूड़ा-कचरा एकत्रित न होने देने तथा दूसरों को भी प्रेरित करने पर बल दिया। बैठक में अपर नगर आयुक्त मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश कुमार, जीएम स्मार्ट सिटी दिनेश सिंघल, नगर स्वास्थय अधिकारी डा.प्रवीण शाह, डी.एम.सी. सहारनपुर अमित शर्मा, एवं कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी, जिला मलेरिया अधिकारी एवं नोडल अधिकारी वैक्टर बोर्न डॉ. शिवांका गौड सहित अनेक अधिकारी शामिल रहे।

शिवांका गौड ने बताया कि आगामी 5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक दस्तक अभियान का तृतीय चरण चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त अभियान को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में चलाये जाने हेतु नोडल विभाग नामित किया गया है। डॉ.गौड ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत डेंगू, चिकुनगुनिया व अन्य संक्रामक रोगों के बचाव एवं रोकथाम की कार्ययोजना तथा अन्य विभागों की सहभागिता के बारे में विस्तार से बताया।

डॉ. गौड ने बताया कि नगर क्षेत्र के मोहल्लों में पार्षद इस अभियान के नोडल होगें। मोहल्ले स्तर पर साफ-सफाई, हाथ धोना, शौचालय की सफाई तथा घर से जल निकासी हेतु जन-जागरण के लिये संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार के रोकथाम हेतु '' क्या करें क्या न करें'' का सघन प्रचार-प्रसार किया जायेगा। नगर निगम सहारनपुर द्वारा रोस्टर बनाकर फॉगिंग, एन्टी लार्वा एवं अन्य कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जायेगा।

## जनपद में बिना कार्यकारी मजिस्ट्रेट की अनुमति के नहीं उड़ाये जायेंगे ड्रोनः मनीष बंसल

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अन्तर्गत जनपद में आगामी 31 अक्टूबर तक किसी भी श्रेणी का ड्रोन बिना कार्यकारी मजिस्ट्रेट की अनुमति के किसी के द्वारा भी उड़ाये जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

उक्त जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि सोशल मीडिया एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से यह संज्ञान में आया है कि जनसामान्य में यह भय व्याप्त है कि कतिपय गिरोह द्वारा ड्रोन के माध्यम से चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कतिपय शरारती एवं असमाजिक तत्वों के द्वारा जान बूझकर ड्रोन उडाकर जनसामान्य में भय फैलाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसके कारण समाज में अशांति एवं किसी भी अप्रिय घटना के घटित होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। मनीष बंसल ने कहा कि निकट भविष्य में सम्पन्न होने वाले त्यौहार व अन्य विभिन्न आयोजनों के अवसर पर तथा विभिन्न विभागों द्वारा समय-समय पर आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं एवं चयन व प्रवेश परीक्षाओं के दृष्टिगत औद्योगिक संस्थानों, सार्वजनिक उपक्रमों व शिक्षण संस्थानों और रेलवे स्टेशन आदि पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अप्रिय घटनायें घटित की जाने की साजिश की जा सकती है तथा कुछ तत्व/लोग जानबूझकर ऐसे कृत्य कर सकते है जिससे लोक परिशांति भंग होने की सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## मानव मंदिर में वृद्धजनों को किए वस्त्र व फल वितरित

**सहारनपुर।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित 'सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत मानव मंदिर में वृद्धजनों को शॉल, चादर व फल वितरित किए गए। मानव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विमला वाई. ने किया। उन्होंने कहा कि सेवाभाव भारतीय संस्कृति की आत्मा है और विद्यार्थियों को केवल शिक्षा तक सीमित न रहकर समाज सेवा और मानवीय मूल्यों को भी आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृद्धजन हमारे समाज की धरोहर हैं और उनके अनुभव जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार कमल कृष्ण, वित्त अधिकारी सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी, प्रो. विनोद कुमार, प्रो. सुरेंद्र कुमार, प्रो. हरवीर सिंह, प्रो.ममता सिंगल, श्रीमती सुनीता सोनकर, डॉ.राजकुमार, डॉ.आरके गुप्ता, डॉ.ममता चौधरी, डॉ. विजय प्रताप, डॉ.ऋचा, इंजीनियर विवेक पुंडीर, डॉ. संदीप कुमार, डॉ.अंजू सहित अनेक प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

## राजस्व व पुलिस टीम ने अवैध खनन पर कसा कड़ा शिकंजा



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना चिलकाना पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने उपजिलाधिकारी सदर सुबोध कुमार के नेतृत्व में बिना माइनिंग टैग, बिना रॉयल्टी, ओवरलोड, व एक्सपायर माइनिंग टैग के वाहनों से अवैध उपखनिज परिवहन कर रहे 10 वाहन सीज करने के साथ ही 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार उपजिलाधिकारी सदर सुबोध कुमार, थाना चिलकाना प्रभारी संजीव कुमार व उपनिरीक्षक श्याम कुमार के नेतृत्व में पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने धरपकड़ अभियान चलाकर बिना माइनिंग टैग, बिना रॉयल्टी, ओवरलोड, व एक्सपायर माइनिंग टैग के वाहनों से अवैध उपखनिज परिवहन कर रहे 10 वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया। इस दौरान मौके पर शांति भंग होने की आशंका के चलते पुलिस ने 11 आरोपियों उस्मान पुत्र मंगता, ग्राम कुण्डा कला, थाना गंगोह, माज पुत्र मुजम्मिल, ग्राम सीकरी कला, थाना चिलकाना, रिहान पुत्र नासीर, ग्राम फिरोजाबाद, थाना चिलकाना, मुबारिक पुत्र रियासत, ग्राम किशनपुरा, थाना तीतरो, आकिल पुत्र मौ. जफर, ग्राम सालेपुर, थाना कपूरपुर, हापुड़, नौशाद पुत्र जाहिद, ग्राम पांचली बुजुर्ग, थाना सरुरपुर, मेरठ, नईम पुत्र शाहिद मरुन, ग्राम पांचली बुजुर्ग, थाना सरुरपुर, मेरठ, दिलशाद पुत्र इसराइल, कस्बा हर्रा, थाना सरुरपुर, मेरठ,
विशु पुत्र अमरपाल, रेलपार, थाना रेलपार, शामली, पहलवान पुत्र ऋषिपाल, सल्फा, थाना कांधला, शामली, वक्की पुत्र राजेन्द्र, सल्फा, थाना कांधला, शामली, सरवर पुत्र जमशेद, ग्राम भूरा, थाना कैराना, शामली को गिरफ्तार कर लिया।

# मेला गुघाल संस्कृति और सौहार्द की धरोहरः प्रदीप यादव

## मेला गुघाल का हुआ समापन, दुकानदारों को किया पुरस्कृत

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मेला गुघाल के समापन समारोह में अनेक दुकानदारों, स्वयं सहायता समूहों, स्वयंसेवी संस्थाओं स्काउट गाइड व सिविल डिफेंस को भी पुरस्कृत किया गया।

मेला गुघाल स्थित कैम्प कार्यालय में आयोजित समापन समारोह को संबोधित करते हुए अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि मेला गुघाल संस्कृति और सौहार्द की धरोहर है। यह केवल दुकानों का बाजार भर नहीं है, बल्कि संस्कृतियों की समझ को विकसित करने का भी माध्यम है। उन्होंने मेले की शानदार व्यवस्था और आयोजन के लिए सभी पार्षदों, मेला चेयरमैन की सहयोगी टीम व निगम अधिकारियों-कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए आशा व्यक्त की कि आगामी वर्षों में और बेहतर मेला आयोजित होगा। मेला चेयरमैन नीरज शर्मा ने कहा



कि महापौर डॉ अजय कुमार के मार्गदर्शन और नगरायुक्त शिपू गिरि के नेतृत्व में निगम ने गत वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष मेले को और अधिक बेहतर ढंग से आयोजित करने की कोशिश की, जिसे शहर के लोगों ने सराहा है। उन्होंने सभी पार्षदों और अधिकारियों का सहयोग के लिए आभार जताया।

उपसभापति मयंक गर्ग व पार्षद मंसूर बदर ने कहा कि इस वर्ष मेले के आयोजनों में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की कई झांकिया देखने को मिली है। मुशायरा, कवि सम्मेलन, मेरा सहारनपुर-मेरा गौरव व रंगारंग आदि कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से पूरे देश में नगर निगम एवं मेला गुघाल का सकारात्मक संदेश पहुंचा है। इसके अलावा मेला वाइस चेयरमैन के के बत्रा, पार्षद राजू सिंह, पार्षद सुभाष चंद, पार्षद प्रतिनिधि परविंद्र तोमर व राकेश कल्याण आदि ने भी सम्बोधित किया। समापन समारोह में मेले में आये अनेक दुकानदारों, विभिन्न स्वयं सहायता समूह की महिलाओं नीलम, पूजा पालीवाल, पूनम यादव, कविता गर्ग, काजल चावरिया व सविता कश्यप को स्वयं सहायता समूह के विशेष स्टाल लगाने के लिए पुरस्कृत किया गया। समापन कार्यक्रम में सहायक नगरायुक्त जेपी यादव, कर अधीक्षक सुधीर शर्मा सहित अनेक अधिकारी एवं पार्षद मौजूद रहे। संचालन डॉ. वीरेन्द्र आज़म ने किया।

# लक्ष्मण मूर्छा की मार्मिक लीला पर दर्शक हुए भावुक



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** श्री राधा कृष्ण मंदिर क्लब रामलीला गाँधी पार्क में कलाकारों द्वारा लक्ष्मण मूर्छा की लीला का मार्मिक मंचन किया गया, जिसमे दर्शक अत्यंत भावुक हो गए

गांधी पार्क में आयोजित रामलीला में लंका से सुषैण वैध को हनुमान द्वारा उठा लाने और संजीवनी पर्वत को ही उखाड़ लाने तथा लक्ष्मण को बचाने की मोहक लीला के मध्य दर्शक अत्यंत भावुक हो गए। इस बीच मकर ध्वज द्वारा हनुमान को भ्रमित करने की मोहक लीला का मंचन दर्शकों को सामान्य बनाने मे उपयोगी रहा। कालनेमी के रूप सागर ने आपने पात्र के साथ न्याय किया। भरत के रूप मे विशाल ने अच्छा अभिनय किया। मेघनाथ और लक्ष्मण के बीच युद्ध के दौरान आकर्षक संवादों मे जवाब दर जवाब दिए जाने पर दर्शक तालियां बजाने को मजबूर हो गए। इंद्रजीत मेघनाथ के रूप मे विनय वत्स और लक्ष्मण के रूप मे कुशाग्र नैब ने सशक्त अभिनय से दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया। निर्देशक हरविंद्र गोसाई और आनंद कुमार के निर्देशन मे सजी लीला मे युद्ध के दौरान आकर्षक आतिशबाजी का भी दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। प्रभु राम के रूप मे अतुल सचदेवा एवं बाला जी हनुमान के रूप मे मनवीर ने दर्शकों को मंच से बांधे रखने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने अमिट अभिनय का प्रभाव छोड़ा। सुषैण वैध के रूप मे तरुण प्रकाश भोला ने अपनी उत्तम प्रस्तुति दी। दर्शकों से भरे पंडाल मे क्लब अध्यक्ष चौधरी जोगेंद्र कुमार, महामंत्री राकेश शर्मा, सरदार गुरमीत सिंह शंटी, विक्रांत सैनी, सुभाष चावला, विपिन सलूजा, नवदीप आनंद, विकास शर्मा, लवनीश पूरी, सचिन घई, गगन भाटिया गगन सैनी ने व्यवस्था बनाने मे महत्वपूर्ण योगदान दिया। मंच का सशक्त संचालन रमेश चंद्र छबीला एवं राकेश वत्स ने किया।

## चैलेंजर्स ने राइजिंग स्टार्स 151 रनों से किया पराजित



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित सहारनपुर प्रीमियर लीग में सहारनपुर चैलेंजर्स ने सहारनपुर राइजिंग स्टार्स को 151 रनों से पराजित कर दिया। भूतेश्वर इंटर कॉलेज के मैदान पर आयोजित प्रीमियर लीग में टॉस जीतकर सहारनपुर राइजिंग स्टार्स ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सहारनपुर चौलेंजर्स ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 231 रन बनाए। टीम की ओर से मो. कैफने 68 रन, सचिन ने 44 रन और उज्जवल ने 34 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में सहारनपुर राइजिंग स्टार्स के सौरव ने 4 विकेट चटकाए। 231 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सहारनपुर राइजिंग स्टार्स की टीम 15 ओवरों में ही 80 रन पर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से उज्जवल ने 30 रन और युवी ने 21 रन बनाए। गेंदबाजी में सहारनपुर चौलेंजर्स के वंश पाल और निर्देश ने 3-3 विकेट लिए। शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन के लिए मौ. कैफ को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के दौरान एसडीसीए के संरक्षक अमर गुप्ता, अध्यक्ष राजीव गुप्ता, यूपीसीए सदस्य साजिद उमर, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह और पाली कालरा, सैयद मशकूर, ज्वाइंट सेक्रेट्री महेश शर्मा, विनय जैन (बिन्नी), राहुल शर्मा, सूरज सचदेवा, कमल सचदेवा, जयराम गौतम, अवनीश सैनी, अमित सैनी, राहुल कालरा, मौ. फरीद, फैयाज आलम, अवनीश मंडोलिया, राजीव गोयल, रणधीर कपूर, अर्जुन सिंह, आयुष चौधरी, राव मुजीब, तनवीर खान, रोहित, अक्षय चौहान समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं ने किया मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का पूजन

## दुर्गा पूजा परिवार ने भी किया 251 कन्याओं का पूजन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** श्री दुर्गा पूजा के सप्तम वार्षिक समारोह में बंगाल के कारीगरों द्वारा मां दुर्गा के विशेष रूप से सजाए गए स्वरूपों की संपूर्ण नवरात्रों में मां का दुर्गा सप्तशती पाठ एवं नित्य प्रति मां के सहस्त्रअर्चन फूलों, फलों व ड्राई फरूट से किया गया। पंडित भारत भूषण व आचार्य योगेश जिज्ञासु के दिशा निर्देशानुसार पूर्ण विधि विधान व सनातन परंपराओं के साथ मां का नित्य प्रति पाठ किया गया। यज्ञ आचार्य पंडित उज्जवल द्वारा मां की महिमा का गुणगान किया गया। पंडित योगेश जिज्ञासु ने आज के परिवेश में कन्याओं की भ्रूण हत्या के लिए समाज की भौतिकवादी मानसिकता एवं व्यक्तिगत स्वच्छंदता को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा बिना शक्ति के हमारा जीवन नश्वर है। मां दुर्गा सर्वशक्तिमान और मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूप हमारे संपूर्ण जीवन



के कालखंडों को परिलक्षित करते हैं। उन्होंने कहा कि मां कन्या रूप से लेकर पत्नी और एक मां के रूप में हमारा जीवन संरक्षित करती है। इसलिए आज के समाज को कन्याओं के लिए पूर्ण जागरूक होकर उनकी शिक्षा एवं संस्कारों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर लवली सखी परिवार द्वारा डांडिया नृत्य एवं मां का गुणगान किया गया।

इसके अलावा भूतेश्वर मंदिर में मानस मंडल द्वारा सुंदरकांड का पाठ करने के साथ ही मां दुर्गा पूजा पंडाल में 221 अखंड ज्योत प्रज्जवलित की गई। मां शाकंभरी एवं मां वैष्णो देवी से विशेष रूप से मां की ज्योत लाई गई। मुख्य यजमान रजत दिव्या ठाकुर एवं संदीप वर्मा ने आज इसी श्रृंखला में दुर्गा अष्टमी पर 251 छोटी कन्याओं का कन्या पूजन किया।

# कृषि मंत्री शाही ने महोबा जिले की साधन सहकारी समितियों का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता




**महोबा।** कृषि मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को जिले भ्रमण रहते हुए नगर पंचायत कबरई में क्रय विक्रय समिति कबरई, साधन सहकारी समिति कबरई 2, कुशवाहा बीज एवं खाद भंडार कबरई का निरीक्षण किया गया, सम्बन्धित प्रतिष्ठानो में अभिलेख पूर्ण मिले साथ ही तथा कृषको को उर्वरक बंट रहा था। कृषि मंत्री ने उर्वरक प्राप्ति के बावत कुछ कृषको से फोन पर भी वार्ता कर जानकारी भी हासिल की गई। मंत्री नं सहकारी समिति के कृषको को समय से समिति का बकाया जमा करने के लिए भी प्रेरित किया गया, जिससे समिति के कार्य समय से पूर्ण होते रहे। किसानों की समस्यायों अवगत होने के बाद मंत्री ने समस्त समस्यायों के निराकरण का आश्वाशन दिया।

इसके पश्चात कृषि मंत्री ने विरमा भवन में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज, उपकृषि निदेशक ,सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारी समितियां, जिला कृषि अधिकारी के साथ कृषि समस्यायों के सम्बंध में समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा दौरान जिलाधिकारी ने उर्वरक वितरण व्यवस्था के सम्बंध में विस्तार से अवगत कराते हुए बताया कि जिले में 4751 उज यूरिया, 2030 डीएपी, 1250 एमटी एनपीके उपलब्ध है। कृषि मंत्री जी ने अवगत कराया गया कि इफको डीएपी की एक रैक 1 अक्टूबर तक जिले की समितियों को प्राप्त हो जायेगी, साथ ही उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है और फिर भी लगातार जिले को उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे किसान अपनी जोत के आधार पर उर्वरक प्राप्त कर सकते है। कृषि मंत्री ने पुलिस अधीक्षक को पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराने व बिना भूमि के उर्वरक क्रय करने वाले लोगो की पहचान कर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। मंत्री ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा चना, मटर, मसूर, सरसो, अलसी, तोरिया के निःशुल्क बीज मिनीकिट के रूप उपलब्ध कराया जा रहा है। किसान कृषि विभाग के पोर्टल पर अपना टोकन बुक करा लें और समय से गोदाम पर जाकर बीज प्राप्त कर ले। उन्होंने अनुदान पर कृषि यंत्र प्राप्त करने के लिए प्रचार प्रसार करने व फसल बीमा से आच्छादित कृषको को सत्यापन कराकर क्षति पूर्ति उपलब्ध कराने के लिए बीमा कंपनी के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया।

# सड़क हादसे में बुजुर्ग महिला की मौत

**चचेरे भाई और पुत्र के साथ बाइक पर सवार होकर धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थी**

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** पसवारा गांव से अपने चचेरे भाई और पुत्र के साथ बाइक पर सवार होकर डढ़हतमाफ गांव धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थी, तभी रास्ते में ब्रेकर पर तेज गति से चला रहे बाइक चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे महिला सड़क पर गिरकर घायल हो गई। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पसवारा निवासी रामप्यारी (55) अपने बेटे बारेलाल के साथ डढ़हत माफ गांव में शारदीय नवरात्र के जत्रा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने चचेरे भाई कैलाश की बाइक पर सवार होकर जा रही थी। बाइक जैसे ही गांव के समीप पहुंची तो सड़क पर ब्रेकर का अंदाजा न लगने और तेज गति होने के कारण बाइक चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे बाइक उछल गई और रामप्यारी सड़क पर गिरकर लहूलुहान होकर अचेत हो गई। ग्रामीण ने दुर्घटना देख मौके पर पहुंचे और घायल महिला को जिला अस्पताल एम्बुलेंस की मदद से ले जाया गया।

जिला अस्पताल पहुंचते ही डाक्टरों ने उसका स्वास्थ्य परीक्ष्ज्ञण किया और महिला को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही मौजूद परिजनों में सन्नाटा छा गया। स्वास्थ्य टीम द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस दोनो युवकों और राहगीरों से घटना के बावत जानकारी कर रही है। महिला की मौत से जहां परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है वहीं गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता पर बैठक सम्पन्न

**सड़क पर किसी भी व्यक्ति दुर्घटना में घायल होने पर जनता उन्हे निर्भय होकर उन्हें अस्पताल पहुंचाएं**

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** सड़क सुरक्षा के प्रति आम लोगों में जागरूकता एवं यातायात नियमों का पालन करने के उद्देश्य से प्रति माह जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक करने का प्रावधान शासन द्वारा किया गया है। इसी क्रम में आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार, वाराणसी में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई।

उक्त बैठक में सुधांशु रंजन, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन),वाराणसी व अखिलेश पांडे, यात्रीकर अधिकारी, वाराणसी के साथ समस्त स्टाफ होल्डर यथा पी0डब्लू0डी0,पुलिस विभाग, ट्रैफिक पुलिस,नगर निगम, जिला पूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एनएचएआई, विभिन्न मोटर वाहन यूनियन के पदाधिकारियो के साथ-साथ अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम जिला सड़क सुरक्षा समिति की पूर्व बैठक की समीक्षा की गई।

पूर्व बैठक में ब्लैक स्पॉट के सुधार,साइनस लगाने की कार्यवाही के साथ-साथ ट्रैफिक पुलिस द्वारा किए गए चालान कार्यवाही पर चर्चा हुई। जनपद में 10 ब्लैक स्पॉट चिन्हित हैं जिनमें से 05 पर सुधारात्मक कार्यवाही की आवश्यकता है। साथ ही रामनगर पीएससी तिराहे पर सड़क सुरक्षा की दृष्टिगत रंबल स्ट्रिप लगाने की आवश्यकता महसूस की गई।वर्तमान में 01 सितंबर,2025 से 30 सितंबर, 2025 तक प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार चलाए जा रहे÷नो हेलमेट नो फ्यूल÷अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन पर संतोष व्यक्त किया गया। भविष्य में इस प्रकार के नियमित चेकिंग पर जोर दिया गया। विभाग द्वारा मार्ग पर घायलों को सुरक्षित अस्पताल तक पहुंचाने को प्रोत्साहन देने के लिए अच्छा सिमुल्टेनियस की व्यवस्था पूर्व से है जिस पर 5000/- की प्रोत्साहन राशि की व्यवस्था है।अब राहवीर योजना के अंतर्गत इस राशि को बढ़कर ? 25000/- कर दिया गया है। ताकि लोग बिना किसी भय के घायलों को अस्पताल पहुंचा सकें। दो पहिया वाहन चालकों से अपील किया गया कि, हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाएं। साथ ही बिना किसी भय के घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाएं और प्रोत्साहन पाएं ।

# विकसित भारत 2047 : प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में साझा करें विचार

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाअभियान के अन्तर्गत शासन की आकांक्षाओं के अनुरूप एक समग्र रणनीति तैयार करते हुए, तीन प्रमुख थीम अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति व जीवन शक्ति के परिपेक्ष्य में कुल 12 सेक्टरों जैसे-कृषि एवं संबद्ध सेक्टर, पशुधन संरक्षण सेक्टर, औद्योगिक विकास, आईटी व इमर्जिंग टेक्नालाजी, पर्यटन सेक्टर, नगर एवं ग्राम्य विकास सेक्टर, अवस्थापना सेक्टर, संतुलित विकास सेक्टर, समाज कल्याण सेक्टर, स्वास्थ्य सेक्टर, शिक्षा सेक्टर एवं सुरक्षा एवं सुशासन सेक्टर के अन्तर्गत विभिन्न हितधारकों जैसे-कृषक, युवा, महिलाओं, श्रमिक, शिक्षाविद, उद्यमी, व्यापारी, प्रबुद्धवर्ग, मीडिया की आकांक्षाओं को सम्मिलित किये जाने के सबद्ध में प्रदेश के समस्त नगर निकायों के निर्वाचित अध्यक्ष, सदस्यों के साथ सोमवार को मुख्यमंत्री द्वारा संवाद किया गया।

मुख्यमंत्री जी द्वारा समस्त नगरीय निकायों को आय बढाये जाने के लिए सार्थक प्रयास किये जाने की अपेक्षा की गयी, जिससे सभी नगरीय निकायों को आत्मनिर्भर बनाया जा सकें। डीएम ने आमजन एवं प्रबुद्धजनों से आव्हान किया कि विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपने अमूल्य सुझाव अवश्य साझा करें। मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने बताया कि इस महाअभियान की सफलता में जनप्रतिनिधियों की भूमिका सर्वोपरि है।

# श्रीराम मर्यादा पर चलकर नारियों का करते थे सम्मान

**सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में विजयदसवीं से पूर्व कार्यक्रम हुआ आयोजित**

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** दशहरा पर्व पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कालेज के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जलित कर किया, इसके बाद छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सबको सोचना चाहिए कि ये विजयादशमी का पर्व हम क्यों मनाते हैं और श्रीराम रावण युद्ध के बारे में भी सब जानते है लेकिन रावण की वृत्ति राक्षसी थी और राम की वृत्ति देवों की थी।

उन्होंने बताया कि एक बार जब भगवान राम ने रावण को मारा तब मंदोदरी ने कहा कि ऐसा कौन व्यक्ति है जिसने तीनों लोकों के मालिक रावण को मारा, मैं उससे मिलना चाहती हूं ऐसा सोचकर जब मंदोदरी उनसे मिलने गई तो राम मंदोदरी को देख कर खड़े हो गए। मंदोदरी यह देख कर समझ गई कि जो व्यक्ति महिला का इतना सम्मान जानता है निश्चित ही वह कोई असाधारण व्यक्ति है। कहा कि राम रावण में सिर्फ कर्मों का अंतर था और राम मर्यादा के मार्ग पर चलते थे और नारियों को माता, बहिन का सम्मान देते थे इस कारण राम भगवान कहलाए जबकि रावण अहंकारी, दुष्ट और राक्षसी प्रवृत्ति का था, जिसके मन में नारियों के प्रति सम्मान नहीं था। गणित के प्रवक्ता आदित्य ने बताया कि कृष्ण और राम एक अवतार होने के बाद भी दोनों में एक अंतर है कि राम ने हर चीज पूंछ के की और कृष्ण ने बिना पूंछे लेकिन दोनों ने कार्य अपनी प्रजा और समाज के हित में किए।

कार्यक्रम में अंग्रेजी प्रवक्ता गिरीश ने दशहरा पर्व पर भगवान राम के बताए गए मार्ग पर चलने का सभी लोगों से आहवान किया। कक्षा 12 की छात्रायशस्वी श्रीवास्तव ने बताया कि यह पर्व असत्य पर सत्य की जीत का है क्योंकि मर्यादा पुरुषोत्तम अवध बिहारी श्रीराम ने इस दिन लंका के राजा रावण का वध करके असत्य पर सत्य की पताका को फहराया था। बाद छात्र रौनक ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि इस पर्व पर हम सबको भगवान राम से सीख लेने की आवश्यकता है। जैसे भगवान राम ने अपने गुरु और माता पिता की आज्ञा का पालन किया ऐसे ही हमें भी अपने माता पिता और गुरुओं की आज्ञा का पालन करना चाहिए। छात्रा यशस्वी और मोहिनी ने नगरी हो अयोध्या सी रघुकुल सा घराना हो और चरण हो राघव के जहां मेरा ठिकाना हो गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संचालक जगप्रसाद तिवारी ने किया।

## बाइक में टक्कर के बाद युवक की पीट पीट कर निर्मम हत्या करने का आरोप

**अवधनामा संवाददाता, गोरखपुर ।** सहजनवा थाना क्षेत्र के सहजनवां कस्बे में सोमवार की रात्रि 10.30 बजे के करीब दुर्गा प्रतिमा दर्शन करने पहुंचे एक युवक की बाइक में टक्कर हो गई थी। आरोप है कि दुर्घटना के बाद कुछ अज्ञात लोगों ने युवक की बेरहमी से पिटाई कर उसकी हत्या कर दी। इस घटना में तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस हत्याकांड से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतक युवक की पहचान आकाश निषाद पुत्र दिलीप निषाद 16 वर्ष निवासी बनकटिया, रूप में हुई है। घटना उस वक्त हुई जब आकाश अपने साथियों के साथ मोटर साइकिल से सहजनवां बाजार में दुर्गा पूजा देखने गए थे। जानकारी के अनुसार, जब वे सिनेमा रोड से आगे बढ़े, तो उनकी बाइक की टक्कर किसी दूसरी बाइक से हो गई। इसके बाद, मौके पर मौजूद कुछ दबंगों ने उन्हें घेर लिया और बेरहमी से पिटाई करना शुरू कर दी। इस मारपीट में आकाश निषाद की मौत हो गई। इस संदर्भ में एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या दुर्घटना लग रहा है। मृतक के पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पुलिस ने 24 घंटे में ढूंढ निकाले गुमशुदा भाई-बहन, परिजनों से मिलवाया



अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** मिशन शक्ति फेज 5.0 जागरूकता अभियान के अंतर्गत अलीगढ़ पुलिस ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की। लगभग एक माह से अपने माता-पिता से बिछड़ी 08 वर्षीय बच्ची रेचल और उसका 05 वर्षीय मूक-बधिर भाई राहुल को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खोज निकाला और सकुशल उनके परिजनों से मिलवा दिया।

28 सितम्बर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पता चला कि बच्ची रेचल यहां पर पिछले एक माह से रह रही थी। बच्ची व उसके छोटे भाई को थाना जीआरपी द्वारा 28 अगस्त को यहां दाखिल कराया गया था, लेकिन उनसे परिजनों के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई थी। नियमानुसार राहुल को शेल्टर होम, ताला नगरी भेजा गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक (कार्यालय) सर्जना सिंह को दोनों बच्चों के परिजनों का पता लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। पुलिस अधीक्षक नगर मृगांक शेखर पाठक, पुलिस अधीक्षक अपराध ममता कुरील, क्षेत्राधिकारी नगर तृतीय सर्वम सिंह के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने सिटी कंट्रोल रूम के माध्यम से पड़ोसी जनपदों से संपर्क साधा। बदायूँ पुलिस की मदद से दोनों बच्चों के पिता महेन्द्र पुत्र रघुवीर सिंह (निवासी थाना जरीफनगर, जिला बदायूँ) का पता लगा लिया गया।

## ग्राम प्रधान के पिता के निधन पर शोक, बन्द रहा फूलपुर बाजार

**अवधनामा ब्यूरो, वाराणसी।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य व फूलपुर के ग्राम प्रधान सुरेश पटेल के 74 वर्षीय पिता रामधनी पटेल की मंगलवार को भोर में हार्ट अटैक से निधन हो गया। शोक में फूलपुर बाजार व कई स्कूल बंद रहे। समाजसेवी के साथ प्रमुख उद्यमी रामधनी पटेल ईट व ट्रांसपोर्ट के उद्यम से जुड़े थे। वही शिक्षा व सामाजिक सेवा क्षेत्र में बढ़कर हिस्सा लेने वाले रामधनी के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और उनके आवास पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया।

शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में विधायक सपा तूफानी सरोज, शीतला प्रसाद सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामु गुप्ता, पूर्व ग्राम प्रधान जगदीश सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष जितेंद जायसवाल सपालू , स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष भानु सेठ,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल पटेल, रविंद्र यादव, सिकंदर मिश्रा, गुड्डू राजभर, सुबास राम, फूलचंद यादव समेत अनेक उद्यमी,ग्राम प्रधान,राजनैतिक दलों के अलावा जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

# मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति ने नवरात्र की अष्टमी पर कराया फलाहार



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** शारदीय नवरात्र की पावन अष्टमी के अवसर पर गोरखपुर मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के अध्यक्ष अरविंद राय ने सोमवार को फलाहार का आयोजन किया। यह कार्यक्रम सूचना विभाग के संकुल भवन स्थित वातानुकूलित हाल में आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में शुभचिंतक, वरिष्ठजन और पत्रकार मौजूद रहे।

फलाहार कार्यक्रम में समिति की पूरी कार्यकारिणी मौजूद रही और उन्होंने स्वयं उपस्थित होकर आने वाले अतिथियों का सम्मानपूर्वक स्वागत एवं सत्कार किया। इस दौरान अतिथियों को ससम्मान फलाहार कराकर नवरात्र की मंगलकामनाएं दी गई। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह भक्तिमय और आत्मीय रहा।

अध्यक्ष अरविंद राय ने कहा कि नवरात्र का पर्व शक्ति उपासना और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का प्रतीक है। इसी भाव से यह फलाहार आयोजन किया गया है ताकि समाज में एकता, भाईचारे और सौहार्द का संदेश पहुंचे। उन्होंने सभी वरिष्ठजनों, पत्रकार साथियों और शुभचिंतकों का आभार जताया।

फलाहार में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े वरिष्ठजनों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ा दिया। समिति की कार्यकारिणी ने सभी अतिथियों को व्यक्तिगत रूप से सत्कारपूर्वक फलाहार कराया। उपस्थित लोगों ने इस आयोजन को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम समाज में आपसी मेल-जोल और आत्मीयता को बढ़ावा देते हैं।

शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर आयोजित यह फलाहार न केवल धार्मिक अनुष्ठान का हिस्सा बना बल्कि पत्रकार समाज की एकजुटता और सक्रियता का भी परिचायक रहा। कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी और अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि-2025

पहले से ही घोषित अनेक त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ–साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा। इन रेल सेवाओं की समय–सारणी निम्नानुसार होगी :–

**09309/09310 इंदौर जं. - हजरत निज़ामुद्दीन - इंदौर जं. सुपरफास्ट विशेष ट्रैन (सप्ताह में दो दिन)** — 36 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09309 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09310 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 17:00 | इंदौर जं. | 21:00 | --- |
| 05:00 | --- | हजरत निजामुद्दीन | --- | 08:20 |

**चलने के दिन: 09309 इंदौर जं. से** दिनांक 03.10.2025 से 30.11.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को) और **09310 हजरत निजामुद्दीन से** दिनांक 04.10.2025 से 01.12.2025 तक (प्रत्येक शनिवार एवं सोमवार को)।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.
**ठहराव:** देवास जं., उज्जैन जं., नागदा जं., रामगंज मंडी जं., कोटा जं., सवाईमाधोपुर जं., गंगापुर सिटी एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**09095/09096 बान्द्रा (टर्मि.) - अयोध्या कैंट - बान्द्रा (टर्मि.) विशेष ट्रेन (साप्ताहिक)** — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09095 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09096 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 11:00 | बान्द्रा (टर्मि.) | 06:00 | --- |
| 17:30 | --- | अयोध्या कैंट | --- | 21:00 |

**चलने के दिन: 09095 बान्द्रा (टर्मि.) से** दिनांक 01.10.2025 से 19.11.2025 तक (प्रत्येक बुधवार को) और **09096 अयोध्या कैंट से** दिनांक 02.10.2025 से 20.11.2025 तक (प्रत्येक गुरूवार को)।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, भरूच जं., वडोदरा जं., दाहोद, मेघनगर, रतलाम जं., नागदा जं., उज्जैन जं., मक्सी जं., शुजालपुर, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ एवं बाराबंकी स्टेशन।

**09097/09098 बान्द्रा (टर्मि.)-लुधियाना जं.-बान्द्रा (टर्मि.) सुपरफास्ट विशेष ट्रेन (साप्ताहिक)** — 18 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09097 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09098 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 21:50 | बान्द्रा (टर्मि.) | 10:20 | --- |
| 00:30 | --- | लुधियाना जं. | --- | 04:00 |

**चलने के दिन: 09097 बान्द्रा (टर्मि.) से** दिनांक 05.10.2025 से 30.11.2025 तक (प्रत्येक रविवार को) और **09098 लुधियाना जं. से** दिनांक 07.10.2025 से 02.12.2025 तक (प्रत्येक मंगलवार को)।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी।
**ठहराव:** बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच जं., वडोदरा जं., रतलाम जं., कोटा, सवाईमाधोपुर, गंगापुर सिटी, हिण्डौन सिटी, मथुरा जं., नई दिल्ली, पानीपत एवं अंबाला कैंट स्टेशन।

**07095/07096 चर्लपल्ली - हजरत निजामुद्दीन - चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन** — 4 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07095 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 07096 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 07:40 | चर्लपल्ली | 04:00 | -- |
| 16:00 | | हजरत निजामुद्दीन | -- | 19:00 |

**चलने के दिन: 07095 चर्लपल्ली** से दिनांक 07.10.2025 एवं 16.10.2025 (मंगलवार एवं गुरूवार) को और **07096 हजरत निजामुद्दीन** से दिनांक 08.10.2025 एवं 17.10.2025 (बुधवार एवं शुक्रवार) को।
**स्थान :** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** जनगांव, काजीपेट, पेद्दपल्ली, मंचिर्याल, सिरपुर कागजनगर, बल्लारशाह, चन्द्रपुर, सेवाग्राम जं., नागपुर जं., आमला जं., इटारसी जं., भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।**

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3023/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# राज्य मंत्री बीएल वर्मा की उपस्थिति में दिव्यांगों को निशुल्क उपकरण वितरण किए गए

समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ



**फर्रूखाबाद।** आज सातनपुर मंडी परिसर में कृत्रिम अंग उपकरण संस्था भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) कानपुर एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उ0प्र0 द्वारा राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडिप योजना के अंतर्गत वरिष्ठजनों एवं दिव्यांगों हेतु निशुल्क सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया ।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बी0एल0वर्मा राज्यमंत्री उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार शामिल हुए, कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद मुकेश राजपूत द्वारा की गई, कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक भोजपुर, विधायक अमृतपुर, विधायक कायमगंज व जिला अध्यक्ष भाजपा उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम में मंत्री द्वारा 263.33 लाख की कीमत के कुल 6966 उपकरण एवं सहायक यंत्र वितरित किये गये, वितरित गये उपकरणों में 221 मोटराइज्ड ट्राईसाइलकिल, 615 ट्राइसाइकिल, 416 फोल्डिंग व्हीलचेयर, 09 सी0पी0 चेयर, 592 बैसाखी, 1002 छड़ी, 18 ब्रेलकेन, 05 रोलेटर, 622 कान की मशीन, 04 टीएलएम किट, 15 सुगम्य केन, 02 एडीएल किट, 01 सेल फोन, 282 कुर्सी कमोड सहित, 446 सिलिकोन तकिया, 1634 नी ब्रेस, 40 स्पाइनल सपोर्ट, 786 एलएल बेल्ट, 15 वॉकिंग स्टिक सीट सहित, 142 सर्वाइकल कॉलर, 28 टेट्रापोड, 35 ट्राईपोड, 36 फोल्डेबल वॉकर वितिरत किये गये । कार्यक्रम के दौरान माननीय मंत्री द्वारा 13 लाभार्थियों को व्यक्तिगत रूप से मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर एवं कान की मशीन वितरित की गई। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा, दिव्यांगजन कभी स्वयं को असहाय न समझें। सरकार और प्रशासन सदैव उनके साथ है। मंत्री ने बताया कि यह आयोजन सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत किया गया है, जो प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है।

## क्षेत्रीय वन विभाग अधिकारी की अध्यक्षता में मनाया गया सेवा पर्व

**अवधनामा संवाददाता, महोबा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकृति को बचाने के लिए सेवा पर्व के माध्यम से लोगों को जागरूक करने की पहल की जा रही है। जिसके तहत मंगलवार को चरखारी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सालट में निर्मित प्लांटेशन में क्षेत्रीय वन विभाग अधिकारी राम निरंजन की उपस्थिति में सेवा पर्व मनाया गया जिसमें क्षेत्रीय वन विभाग अधिकारी द्वारा उपस्थित लोगों को प्रकृति के बचाव के लिए आग्रह किया गया।

बताया गया कि मानव जीवन तथा प्रकृति पेड़ पौधे एक दूसरे के पूरक हैं किसी एक के अभाव में दूसरे प्राणियों का जीवन संभव नहीं है, इसीलिए प्रकृति के अनुरूप चलें प्रकृति में जंगलों पेड़ पौधों को क्षतिग्रस्त ना करें नुकसान ना पहुंचाएं ताकि आगे आने वाली पीढ़ी सुरक्षित रहे। क्षेत्रीय वन अधिकारी के साथ फॉरेस्ट गार्ड रूपेंद्र सिंह राजपूत, मंगल सिंह राजपूत अरविंद यादव लाखन सिंह यादव धर्मेंद्र रैकवार ग्राम प्रधान सालट सुखदेव अहिरवार आदि लोग मौजूद रहे।

## आम सूचना

रामपाल पुत्र लोतीराम नि0 ग्राम पुवारका,कोतवाली देहात,सहारनपुर घोषणा करता हूं कि गलत आचरण व संगत के कारण मैंने अपने पुत्र राकेश कुमार व पुत्र वधु बेबी उर्फ बबीता पत्नि राकेश कुमार नि.ग्राम पुंवारका, सहारनपुर से सभी संबंध विच्छेद कर दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदख़ल कर दिया है भविष्य में उनके किसी कृत्य हेतु हम ज़िम्मेदार ना होंगें।

## कोर्ट नोटिस

इत्तलानामा हस्ब दफा 11,एक्ट 8 सन 1890 ई.बअदालत प्रधान न्यायाधीश परिवार जिला सहारनपुर मुकदमा मुतफर्रिका स.49 सन 2025

रूबी पत्नी फैजान मलिक पुत्री अमीर आलम निवासी मौहल्ला महल कस्बा व थाना रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर (प्रार्थीया)..बनाम..1-फैजान मलिक पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम नन्दी फिरोजपुर ,कोतवाली देहात जिला सहारनपुर 2- आम जनता(विपक्षीगण) इत्तिला दी जाती है कि दरख्वास्त बगरज तकरूर वली श्रीमति रूबी सायल मजकूर ने गुजरानी है लिहाजा यह इत्तलानामा बमुराद इजहार उजरदारान और दरपेशी मुकदमे बूताअययून तारीख 01 माह 11 सन 2025 जारी किया जाता है कि अगर आपको या किसी को निसब दरखास्त के उजर हो तो अन्दर मियाद मुकर्रर मजकूर असालतन या वकालतन कब्ल 10 बजे दिन मेरे न्यायालय में हाज़िर होकर उज़र अपना पेश करें दारसूरत तारीख़ मज़्कूर फिर उज्र किसी का ना सुना जाएगा और हुक्म मुनासिब निस्ब दरखास्त से सादिर होगा।

आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी प्रधान न्यायधीश परिवार सहारनपुर

## मिशन शक्ति 5.0 एवं राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जन-जागरूकता कार्यक्रम एवं महिला सम्मान समारोह का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। मसौधा ब्लॉक सभागार में आज मिशन शक्ति विशेष अभियान 5.0 एवं राष्ट्रीय पोषण माह (सितंबर/अक्टूबर 2025) के अंतर्गत एक भव्य जन-जागरूकता कार्यक्रम एवं महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाधिकारी अयोध्या टीकाराम फुण्डे तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर उपस्थित रहेइस अवसर पर महिलाओं और बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई जन-जागरूकता गतिविधियों का संचालन किया गया। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना, कुपोषण को समाप्त करना और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना हैसमारोह के दौरान समाज में प्रेरणास्रोत बन चुकी उन महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने सराहनीय कार्यों के माध्यम से सामाजिक बदलाव में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन महिलाओं की सफलता की कहानियों ने उपस्थित जनसमूह को प्रेरित कियाकार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। उनके सहयोग और सहभागिता से यह जन-जागरूकता अभियान जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

## राष्ट्रीय लोकदल की जिला कार्यसमिति बैठक सम्पन्न सदस्यता अभियान को तेज़ करने का आवाहन



अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। सिविल लाइन स्थित प्रेस क्लब में मंगलवार को राष्ट्रीय लोकदल की जिला कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दूबे उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अवध जोन अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल व अफसर अली शामिल हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बलराम यादव ने की तथा संचालन जिला महासचिव संगठन रामशंकर वर्मा ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी चुनावी तैयारियों पर चर्चा की गई।इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव अनिल दूबे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोकदल गांव, गरीब और किसान की पार्टी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा, जिसके लिए सभी पदाधिकारी गांव-गांव जाकर लोगों को जोड़ें। उन्होंने कहा कि पार्टी किसानों की समस्याओं को लेकर कोई समझौता नहीं करेगी और हर मोर्चे पर उनके साथ खड़ी है। दूबे ने आरएलडी आई रे गीत का जिक्र किया।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आगामी जिला पंचायत चुनाव राष्ट्रीय लोकदल अपने दम पर लड़ेगी।अवध जोन अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सदस्यता अभियान में जुट जाएं और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करें। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष बलराम यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा आए हुए सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया।

## जिला जज व वरिष्ठ अधिकारियों ने किया अयोध्या जिला कारागार का निरीक्षण

अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) जिला जज रणंजय कुमार वर्मा ने मंगलवार को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जेल अधीक्षक के साथ जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल परिसर की साफ-सफाई, बंदियों के भोजन, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहन अवलोकन किया। पाकशाला रसोई में भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता की स्थिति की जांच की गई।इस क्रम में किशोर बैरक में निरुद्ध बच्चों से भी अधिकारियों ने संवाद किया तथा उनकी समस्याएं और आवश्यकताएं जानी। अस्पताल परिसर का भी निरीक्षण किया गया, जहां दवाइयों की उपलब्धता और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया कि जेल में बंदियों को मानवाधिकारों के अनुरूप समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए

## पूरे प्रदेश सपा पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार कर रहे अमरीश का विधायक ने किया स्वागत



अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। भाजपा सरकार की नीतियां पूरी तरह से फेल इस सरकार ने आठ साल पहले आधी रात को जीएसटी लगाकर जश्न मनाया था, तब से अब तक देश की जनता को लूटा। भारी भरकम टैक्स लगाकर महंगाई बढ़ाई। जनता की जेब काटी। भाजपा सरकार ने साइकिल से लेकर मोटर साइकिल तक और खाने-पीने की हर चीज, होटल, रेस्टोरेंट से लेकर कपड़े, कापी, किताब, पेन-पेंसिल सब को महंगा कर जनता से वसूली की। उक्त विचार आज अपने आवास पर अमरीश यादव अयोध्या निवासी जो की अपनी बाइक से जनपद-जनपद जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं का स्वागत करने के पश्चात विधायक गौरव कुमार रावत ने व्यक्त किए। जैदपुर विधायक गौरव रावत ने आगे कहा कि जब ये तमाम वस्तुएं आठ साल बाद भी कम कीमत पर मिल सकती है तो भाजपा सरकार ने इन्हें आठ साल तक महंगा क्यों किए रखा। जिस तरह का जीएसटी लागू हुआ है उससे व्यापारियों को कुछ समझ में नहीं आ रहा है। सरकार एक तरफ जीएसटी कम कर रही है और दूसरी तरफ बढ़ा रही है।मुनाफा कमाना कम नहीं हो रहा है। जब तक मुनाफा कम नहीं होगा तब तक महंगाई कम नहीं होगी। महंगाई कम करने और देश को खुशहाल बनाने के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया की दाम बांधो नीति पर ही जाना होगा। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में मिली करारी हार और महंगाई-बेरोजगारी के कारण जनता में बढ़ते आक्रोश को देखकर भाजपा बैकफुट पर आयी है, लेकिन यह सरकार अभी भी धोखा दे रही है।

## बैक के सामने खड़ी बाइक की डिग्गी में रखे एक लाख रु पर हाथ साफ किया, सीसीटीवी में कैद



अवधनामा संवाददाता

मसौली बाराबंकी। मंगलवार को सफदरगंज थाने से महज 2 सौ मीटर की दूरी पर स्थित केनरा बैंक के सामने खड़ी बाइक की डिग्गी से एक युवक ने एक लाख की नगदी चोरी कर ली बैंक के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज मे आये चोर की तलाश मे सफदरगंज पुलिस लगी हुई हैलखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम उधौली निवासी अंशु गुप्ता की गिट्टी मौरंग की दुकान पर विगत 10 वर्षों से काम करने वाले संदीप कुमार पुत्र रामसागर मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे कस्बा सफदरगंज स्थित केनरा बैंक के सामने बाइक को खड़ी कर बैंक के अंदर आरटीजीएस करने के लिए बैंक के अंदर फ़ार्म लेने चला गया तभी थाने की ओर से पैदल आये एक कम उम्र के युवक ने बाईक मे लगे थैले मे रखे बैग को निकाल कर कस्बे की ओर पैदल चला गया जो बैंक के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज मे कैद हो गया है। बैंक मे पैसा जमा करने आये युवक संदीप कुमार पुत्र राम सागर ने बताया कि आरटीजीएस करने के लिए दुकान से पैसा लेकर आया था तथा फार्म लेने के लिए बैंक के अंदर गया और जब बाहर निकला तो बाईक मे बंधे थैला खुला हुआ था और थैले मे रखा बैग गायब था जिसमे एक रुपये की नगदी थी। पीड़ित ने तुरंत थाना सफदरगंज एव शाखा प्रबंधक को सूचना दी मौके पर पंहुची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी तो एक कम उम्र का युवक बाईक खड़ी करने के बाद कुछ सेकंडो मे बैग निकालते हुए दिखाई दे रहा है।थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि बैंक सामने खड़ी बाइक से चोरी करते हुए एक नाबालिग़ बच्चे का फूटेज मिला है जिसके आधार पर आसपास के अन्य सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे है तथा युवक की पहचान कराई जा रही है जिसका जल्द से जल्द खुलासा कर लिया जायेगा।

## माता जी आरती के बाद गायकों ने भजन से भक्तों ने लिया आनंद



अवधनामा संवाददाता

मसौली बाराबंकी। ससमी नवरात्र को दुर्गा पूजा आयोजक समिति के तत्वाधान मे महामाई माता जी आरती के पश्चात किया गया अनुरुद्ध म्यूजिकल एण्ड जागरण पार्टी द्वारा विशाल जागरण का आयोजन गया जिसमे पुरी रात माता जी के सुन्दर सुन्दर भजनो व झाकियों से मन मुक्त कर दिया सर्व प्रथम माता जी की ज्योति प्रज्वलित करवाते हुए गणेश वन्दना से जगराते का शुभारंभ हुआ पुरी रात भक्तों को भजनों पर नाचने पर मजबूर कर दिया कानपुर से आएं भजन गायक ने तो पुरा शमां ही भजनो के मध्यम से बदल दिया तो वहीं अयोध्या धाम से आए कलाकारों ने भी कसर नहीं छोड़ी आदित्य झंकार ने अपनी भूमिका बनाते हुए सुन्दर सुन्दर झाँकियों को प्रस्तुत किया तारों की छांव में तारा रानी की कथा के साथ सुबह हलवा चने का प्रसाद भी माता रानी को चढ़ाया गया इसी के साथ जगराता सम्पन्न हुआ और सुबह लोगों को वहीं हलवे चने का प्रसाद वितरित हुआ 37 वर्षो से लगातार माता जी का जागरण व अन्य प्रोग्राम नवरात्रि में निरंतर होते आ रहे हैं दुर्गा पूजा समारोह समिति के अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता ने बताया कि नवरात्रि में जितनी मेहनत हमारी नवयुवक टीम करती है और आपसी मेल मिलाप से दुर्गा पूजा मनाती हैं इसके लिए हम सदा नवयुवकों के आभारी रहेंगे और मेरी टीम जितनी नवयुवकों की प्रसंशा करें कम है और सुरक्षा व्यवस्था में हमारे थाना सफदरगंज थाना प्रभारी अमर कुमार चौरसिया,हल्का प्रभारी ऋषभ सिंह चंदेल व उनकी पुरी टीम का धन्यवाद देता हूं इतनी अच्छी व्यवस्था को बनाने में सहयोग किया।

### नमाज पढ़ो, गुरुद्वारे, चर्च में जाओ पर, जब घर से निकलो, छूना मां के पांव

मसौली के ग्राम डेढ़ुआ में स्थित दुर्गा पूजा स्थल हरिदास बाबा के स्थान पर सोमवार को विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे समस्त कवियों को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। वीरेंद्र विक्रम बहादुर सिंह उर्फ़ दद्दू भैया की अध्यक्षता मे आयोजित कवि सम्मेलन की शुरुआत डॉ कुमार पुष्पेंद्र की वाणी वंदना से हुई। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे सब इंस्पेक्टर थाना मसौली राकेश कुमार ने कहा कि कवि सम्मेलन एक स्वस्थ मनोरंजन का माध्यम है जिसमें मनोरंजन के साथ संस्कार भी प्राप्त होते हैं। हास्य कवि अजय प्रधान ने पढ़ा पूजा करो, नमाज पढ़ो, गुरुद्वारे, चर्च में जाओ पर। जब भी घर से निकलो, छूना मां के पांव जरूरी है। हास्य व्यंग्य के कवि प्रदीप महाजन ने कुछ इस तरह व्यंग्य किया कि बच्चों को मिले शुद्ध दूध इसलिए, मित्रों,अध्यापकों को भैंस भी अब पालनी होगी।

## अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस आज

बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता) विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस 1 अक्टूबर, 2025 को स्वयं सेवी संस्था विरजू संस्थान द्वारा चाइल्ड फेन्डली स्कूल, ग्राम छंदवल, विकास खंड बनीकोडर, निकट टोल प्लाजा अहमदपुर बाराबंकी में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह जननी-जनक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने बताया है कि यह महोत्सव दोपहर 12 बजे से शुरू होगा। इस कार्यक्रम में 151 वरिष्ठ नागरिकों की पूजा अर्चना के साथ उनका सम्मान होगा। रत्नेश कुमार ने कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी से अपील की है।

## सीमा जागरण मंच के तत्वावधान में शस्त्र पूजन सम्पन्न



नौतनवा महराजगंज।(अवधनामा संवाददाता) सीमा जागरण मंच गोरक्ष प्रांत के तत्वावधान में मंगलवार को दुर्गा मंदिर प्रांगण में शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन वैदिक विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के प्रांत अध्यक्ष श्रीराम सिंह ने की, जबकि संचालन हृदय कुमार उपाध्याय ने किया। पूजन पंडित अवधेश त्रिपाठी के नेतृत्व में कराया गया। इस अवसर पर राष्ट्र रक्षा, सामाजिक समरसता और संगठन की एकजुटता का संकल्प लिया गया। समारोह में मंच के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रमुख रूप से उपस्थित लोगों में उमाकांत मिश्र, कृष्ण शंकर सिंह, दयाराम मोदनवाल, रविंद्र कुमार त्रिपाठी, शिवपूजन चौधरी, राममिलन जायसवाल, जितेंद्र कुमार सिंह, मनोज कुमार शुक्ल, ग्राम प्रधान रामकेश प्रजापति, शिवम सिंह, गणेश वर्मा, ऋतिक जायसवाल, आदित्य चौरसिया, राजन कुमार उपाध्याय, कृष्णा कसौधन, सचिन जायसवाल, सचिन शाही, रवि गौड़, आर्यन द्विवेदी, बंटी उपाध्याय, मदन गोपाल चौहान, तपोवर्धन दुबे, लखीचंद वरुण, मगन शर्मा आदि शामिल रहे।

# जिलाधिकारी की पहल पर आंचल वर्मा बनी एक दिन की डीएम

## डीएम शशांक त्रिपाठी की अनोखी पहल ने दी छात्राओं के सपनों को नई उड़ान



अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। नवरात्रि दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर मिशन शक्ति 5.0 के तहत सोमवार को जिला प्रशासन ने ऐसी अनोखी पहल की जिसने पूरे जिले को गौरवान्वित कर दिया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) बाराबंकी की कक्षा 12 की छात्रा आंचल वर्मा को सांकेतिक रूप से एक दिन का जिलाधिकारी बनाया गया। डीएम श्री शशांक त्रिपाठी की इस सराहनीय पहल ने न केवल छात्राओं के आत्मविश्वास को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया, बल्कि समाज को यह संदेश भी दिया कि बेटियां किसी भी जिम्मेदारी को बखूबी संभाल सकती है। सांकेतिक रूप से एक दिन की जिलाधिकारी बनीं आंचल वर्मा ने जिला कलेक्ट्रेट में आत्मविश्वास से अपनी कुर्सी संभाली। इस दौरान उन्होंने न केवल अधिकारियों के साथ बैठक की बल्कि दो गंभीर शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर मिसाल पेश की। आंचल ने जिलाधिकारी कोर्ट, लोकसभागार और बैठक कक्ष का अवलोकन किया। इस दौरान उनके साथ डीएम श्री शशांक त्रिपाठी उन्हें सरकारी कार्यालयों एवं कार्यशैली की बारीकियां बताते नजर आए। यहां आंचल का आत्मविश्वास भी देखते ही बन रहा था। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की इस पहल ने साबित कर दिया कि समाज में बेटियों की भूमिका केवल परिवार तक सीमित नहीं, बल्कि वे प्रशासनिक जिम्मेदारी भी बखूबी निभा सकती हैं। आंचल वर्मा ने एक दिन की जिलाधिकारी बनकर न केवल दो शिकायतों का समाधान किया बल्कि यह संदेश भी दिया कि भविष्य में वे जिले का नेतृत्व करने की पूरी क्षमता रखती हैं।

### जिले के सुधरे हालातः आंचल वर्मा

मीडिया से बातचीत करते हुए आँचल वर्मा ने कहा कि, मैं जीवन में पहली बार जिलाधिकारी कार्यालय आई और जिलाधिकारी का कार्यभार संभाला। यह अनुभव मेरे आत्मविश्वास को और बढ़ाता है। राज्य सरकार व स्थानीय प्रशासन के बेहतर प्रयासों से हमारे घर तक आने-जाने का रास्ता और मिलने वाले संसाधन सुधरे हैं। इस अनुभव से मुझे प्रेरणा मिली है कि आगे चलकर मैं भी समाज के लिए बड़ी जिम्मेदारी निभा सकूँ। उन्होंने कहा कि यदि एक दिशा में निश्चित समय तक कठिन परिश्रम किया जाए तो बड़ी सफलताएं हासिल हो सकती हैं।

### उपस्थित अधिकारी और शिक्षिका भी बने गवाह

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी और जीजीआईसी बाराबंकी की प्रिंसिपल नंदिता सिंह भी मौजूद रहीं। उन्होंने छात्रा के आत्मविश्वास की सराहना करते हुए इसे अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणादायी बताया। इस दौरान बड़ी संख्या में जिलाधिकारी कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी सहित पत्रकार उपस्थित रहे।

### दो शिकायतों का हुआ निस्तारणः अनाथ बच्चों के नाम जमा हो सरकारी मदद

प्रार्थिनी तेतरा देवी पत्नी विरेंदर शर्मा (निवासी बिहार) ने एक दिन की जिलाधिकारी आँचल वर्मा के समक्ष अपनी पीड़ा रखते हुए बताया कि उनकी बेटी पिंकी की शादी बाराबंकी निवासी राजमल से हुई थी। घर में आग लगने से पिंकी व उसकी दो बेटियों की मौत हो गई, वहीं राजमल गंभीर रूप से घायल होकर इलाज के दौरान चल बसे। सरकार से मिले 12.08 लाख रुपये मुआवजा में से 9 लाख रुपये उनके देवर अनूप कुमार ने हड़प लिए। तेतरा देवी ने गुहार लगाई कि यह पूरी राशि मृतक के नाबालिग बच्चों रिकी 13 वर्ष और ओमकार 3 वर्ष के नाम फिक्स डिपॉजिट की जाए। इस मामले को आंचल ने गंभीरता से लेते हुए एसडीएम रामनगर से तत्काल मोबाइल पर वार्तालाप प्रकरण के विषय में अवगत कराया।

### आंचल का आत्मविश्वास राज्य सरकार व समाज का संयुक्त प्रयासः डीएम

महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत आज जिले की डीएम आंचल वर्मा हैं। उनकी शिकायतों के निस्तारण का तरीका और पत्रकारों के साथ उनके जवाब, दोनों ही उनके आत्मविश्वास को दर्शाते हैं। यह राज्य सरकार और समाज के संयुक्त प्रयासों से संभव हो पाया है। मुझे उम्मीद है कि आंचल भविष्य में किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़कर बड़ा नाम करेंगी।

## इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का शुभारम्भ



महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता) जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना के साथ इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का उद्घाटन किया। इस अत्याधुनिक प्रणाली के जरिए अब जनपद की गौशालाओं, 5 करोड़ से अधिक की निर्माण परियोजनाओं और विभिन्न विभागीय योजनाओं की रियल-टाइम मॉनिटरिंग एक ही प्लेटफॉर्म से संभव होगी। प्रथम चरण में सभी गौशालाओं और प्रमुख विकास परियोजनाओं को जोड़ा गया है। डीएम ने बताया कि सेंटर से गौशालाओं में पशुओं की स्थिति, चारा-पानी की उपलब्धता और साफ-सफाई की निगरानी की जाएगी। आगे चलकर स्वास्थ्य, शिक्षा, विद्युत और सफाई जैसी सेवाओं को भी इसमें जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## एनीमिया मुक्त अभियान की हुई शुरुआत



अवधनामा संवाददाता

सिसवा बाजार (महराजगंज)। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिसवा तथा इसके अंतर्गत आने वाले सभी उपकेंद्रों, प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एनीमिया मुक्त अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत लक्षित समूह को दवा खिलाकर की गई। इस दौरान 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को साप्ताहिक सप्लीमेंट सिरप, 6 से 9 वर्ष तक के बच्चों को गुलाबी गोली, 10 से 19 वर्ष तक के किशोर-किशोरियों को नीली गोली तथा गर्भवती व धात्री महिलाओं को लाल गोली का सेवन कराया गया। अभियान के तहत ब्लॉक की सभी ग्राम सभाओं में पंचायत भवन व स्कूलों पर बूथ बनाकर लक्षित वर्ग को दवा खिलाई गई। इस अवसर पर अधीक्षक सिसवा डॉ. ईश्वर चंद विद्यासागर, डॉ. आशुतोष पटेल, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक अविनाश सिंह, ब्लॉक सामुदायिक प्रबंधक प्रदीप चौरसिया, ब्लॉक लेखा प्रबंधक रमेश विश्वकर्मा, नेत्र सहायक शिवानंद उपाध्याय, फार्मासिस्ट शैलेश पांडेय सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## कैनरा बैक गए युवक का पर्स अज्ञात चोरों ने उड़ाया

जैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता) सफदरगंज स्थित केनरा बैंक गए व्यक्ति की मोटरसाइकिल की बैग से अज्ञात व्यक्ति पर्स लेकर फरार हो गया, पीड़ित ने चोरी के इस मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस द्वारा जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।जानकारी के अनुसार सफदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत उधौली गांव निवासी संदीप पुत्र रामसागर ने पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वह मंगलवार के दोपहर करीब 11 बजे उधौली से केनरा बैंक सफदरगंज आए हुए थे, और अपनी मोटरसाइकिल खड़ी करके बैंक में जैसे ही गए कि उनकी गाड़ी के बैग में रखी हुई पर्स को कोई अज्ञात व्यक्ति निकाल कर फरार हो गया। उक्त घटना केनरा बैंक के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।

## इरफान सोलंकी महराजगंज जेल से रिहा, समर्थकों में उमड़ा उत्साह



अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। लम्बे इंतजार के बाद समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी मंगलवार शाम 6 बजकर 10 मिनट पर महराजगंज जिला कारागार से रिहा हो गए। जैसे ही जेल का फाटक खुला, समर्थकों की भीड़ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ी और माहौल «इरफान सोलंकी जिंदाबाद» के नारों से गूंज उठा। सोलंकी को लेने के लिए उनकी पत्नी नसीम सोलंकी, बच्चे और माँ पहले से ही जेल गेट पर मौजूद थीं। रिहाई के क्षण पर परिवार की आँखों में राहत और खुशी दोनों झलक रही थी। जेल से बाहर निकलते ही इरफान सोलंकी ने परिवार से गले मिलकर सीधे वाहन में बैठना पसंद किया। समर्थक उनकी एक झलक पाने को बेताब रहे, लेकिन सोलंकी ने मीडिया से कोई बातचीत नहीं की और परिवार संग कानपुर के लिए रवाना हो गए। ज्ञात हो कि वर्ष 2022 में विभिन्न मामलों में गिरफ्तारी के बाद से वे लगातार जेल में बंद थे। हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट से गैंगस्टर एक्ट के मामले में जमानत मिलने के बाद उनकी रिहाई का रास्ता साफ हुआ। राजनीतिक हलकों में माना जा रहा है कि उनकी वापसी से कानपुर की सियासत में नई हलचल पैदा होगी। समर्थकों का कहना है कि «नेता की वापसी संगठन को मजबूती देगी।

## सिसवा बाजार में डांडिया फॉक महोत्सव ने बिखेरा संस्कृति का रंग

अवधनामा संवाददाता

सिसवा बाजार (महराजगंज)। कोठीभार स्थित सिल्वर फिनिक्स में मलवेरी कान्वेंट स्कूल द्वारा डांडिया फॉक महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शुभ्रा सिंह जायसवाल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सेवेन सिस्टर समूह की शशिकला सिंह, कुसुम सिंह, पूनम मद्ध, रोशनी केशरी, शोमा मुखर्जी, पूनम प्रभा सोनी, ममता जायसवाल, सुशीला जायसवाल, प्रियंका जायसवाल, भावना चौरसिया, रुचिका, गायत्री सिंह, अराधना एवं प्रियंका सिंह सहित कई गणमान्य महिलाएँ मौजूद रहीं। कक्षा प्ले से से आठवीं तक के बच्चों ने उत्साहपूर्वक डांडिया प्रस्तुत कर संस्कृति और परंपरा का रंग बिखेरा। महोत्सव के दौरान माताओं के लिए क्विज, डांडिया प्रतिस्पर्धा, रस्सी गांठ प्रतियोगिता और लकी ड्रॉ जैसी प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं। इसमें प्रिया केशरी ने प्रथम, आयुषी खेतान ने द्वितीय तथा प्रियंका जायसवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं श्यामबिहारी, जवाहर प्रजापति, सूरज केसरी, अमन सिंह, आजाद अंसारी, आनंद कुमार, सत्या जायसवाल, अंकिता जायसवाल, अफसा अंसारी, अनुराधा यादव, प्रीति जायसवाल, पल्लवी शुक्ला, पूनम यादव, रजिता पुरी, सोनाली श्रीवास्तव, पूर्णिमा सिंह, ज्योति सिंहानिया, सलोनी मिश्रा और प्रिया गोस्वामी का विशेष योगदान रहा।



# राजकीय इंटर कालेज डुमरियागंज की छात्रा सिमरन बनी एक दिन की डीएम



**डीएम सीडीओ ने डुमरियागंज की छात्रा सिमरन को पुष्पगुच्छ देकर किया स्वागत**

**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत राजकीय कन्या इन्टर कालेज, डुमरियागंज परीक्षा वर्ष 2025 में इन्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली छात्रा सिमरन को जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा 01 दिन का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया तथा जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह द्वारा एक दिन की जिलाधिकारी छात्रा सिमरन को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

एक दिन की जिलाधिकारी बनी छात्रा सिमरन ने कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ सभी को दिया जायेगा। महिलाओ को सश्क्त बनाने के लिए अधिक सहयोग प्रादन किया जायेगा। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा उपस्थित छात्राओं से संवाद किया गया। छात्राओं द्वारा बताया गया कि जज, डाक्टर बनकर जनपद का नाम रोशन करना चाहती है। जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोग लक्ष्य बनाकर तैयारी करे। कड़ी मेहनत से सफलता अवश्य मिलती है। एक प्रयास में सफलता नही मिलने पर निराश न हो प्रयास करते रहना चाहिए। सफलता अवश्य मिलेगी। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा छात्रा सिमरन को बैग एवं किट देकर सम्मनित किया गया। सिमरन द्वारा अन्य छात्राओ को बैग एवं किट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त जिला प्रोवेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी, शिक्षक, अभिभावक, छात्राएं आदि उपस्थित थी।

# राहत हास्पिटल पर लगा फ्री मेडिकल कैम्प, 130 मरीज हुए लाभान्वित



**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी के बढ़नी ढेबरूआ मार्ग पर पेट्रोल पंप कै निकट स्थित राहत हास्पिटल पर फ्री मेडिकल कैम्प मैं 130 मरीजों की जांच कर उन्हें फ्री दवाये भी दी गयी।

मंगलवार को राहत हास्पिटल पर आयोजित फ्री मेडिकल कैम्प में आंख, नाक, गला, हड्डी एवं जोड़ रोग से संबंधित मरीजों की जांच लखनऊ से आये विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के द्वारा की गई। इस दौरान चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें उचित सलाह और दवाएं भी फ्री उपलब्ध करायी। राहत हास्पिटल के संचालक डॉ तौसीफ हैदर खान ने कहा कि चिकित्सक का धर्म सिर्फ जनसेवा है। फ्री मेडिकल कैम्प आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के गरीबों निसहायो की मदद करना है।

इस दौरान केजीएमसी लखनऊ से आये ईएनटी रोग विशेषज्ञ डॉ वाई दयाल, केजीएमयू लखनऊ के अर्थो रोग विशेषज्ञ डॉ केएम शुक्ला आदि चिकित्सकों की टीम मौजूद रहीं।

# फलाहार का कार्यक्रम में भक्तों की उमड़ी भीड़

**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** श्री श्री मां वैष्णो सेवा समिति बांसी सिद्धार्थनगर के तत्वाधान में कोतवाली तिराहा पर सोमवार को सायं फलाहार का कार्यक्रम किया गया जिसमें हजारों की संख्या में दुर्गा भक्त ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व प्रोफेसर के0पी0 त्रिपाठी ने बताया कि सृष्टि के आरंभ से ही मानव प्रकृति पूजा करता आ रहा है।

प्राकृतिक के रहस्य को ना समझने के कारण सूर्य की पूजा प्रारंभ किया प्रकृति की देवी आदिशक्ति मां जगदम्बा की पूजा शक्ति व सामर्थ्य को प्राप्त करने के लिए तथा दानवों व राक्षसों तथा मानव रुप में राक्षस का काम करने वाले मानव बिरोधी समाज बिरोधी कार्य करने वाले तत्वो का दमन करने के लिए बल पौरुष शक्ति की नितांत आवस्यकता होती है। दानवों से बार बार हारने के बाद जब सभी देवता ब्रह्मा के पास गये तो उन्होंने देवताओं से कहा कि हे देवों यह नियम सृष्टि मे सदा अटल है रह सकता है वही सुरक्षित जिसमें बल है निर्बल का है नहीं जगत में कही ठिकाना रक्षासाधन उसे प्राप्त चाहे नाना। तभी से सभी देवताओं ने मिलकर देवी की उपासना किये और देवी अष्ट भूजी रुप में प्रगट हुई। और देवताओं ने अपने अपने अस्त्र व सस्त्र सौप दिये और देवी जी से प्रार्थना किये कि हे देवी हम लोगों की रक्षा करें। उसके उपरांत देवी जी ने चंड मूंड, मधु कैटब, और सबसे दुर्दात दानव महिसासुर का मर्दन कर देवताओं को अभय प्रदान किया तभी से समाज शारदिये और बसंतिक नवरात्रि रितुओं के संक्रमण के कारण जब समाज में अनेक प्रकार की बीमारीयां फैलती है तो उसके निवारण नवरात्री मे सुगंधित द्रव्यों से हवन किया जाता है ताकि संपूर्ण मानव स्वस्थ व निरोग रह सकें।



कार्यक्रम के संचालक ऋषि श्रीवास्तव के साथ-साथ जगदंबा मिश्रा मंगल चौरसिया देवेश पांडे गणेश वर्मा अमित तिवारी हरिश्चंद्र ओझा प्रेम शुक्ला ओम प्रकाश चौधरी सोनू चौधरी अमय पांडे सोनू जायसवाल ओपी अग्रहरि हरगोविंद साहू अनुराग श्रीवास्तव अज्जू भइया पवन मोनू सिंह मुन्ना सिंह नीरज पांडे जलज, ईश्वर चंद दुबे, अभिनव राय मुरारी, सुरेंदर श्रीवास्तव, धर्मेंद्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# प्यार में धोखा प्रेमी ने की नाबालिक की बेरहमी से हत्या पुलिस ने किया सनसनीखेज़ खुलासा

**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** मालीपुर थाना क्षेत्र के भस्मा चितौना गांव में नाबालिग छात्रा की हत्या का सनसनीखेज खुलासा पुलिस ने कर दिया है। जांच में सामने आया कि वारदात को अंजाम किसी बाहरी ने नहीं बल्कि छात्रा के ही प्रेमी ने दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने बताया कि 27 सितंबर को छात्रा की गुमशुदगी दर्ज हुई थी। अगले दिन गांव के बाहर खेत में उसका शव मिला। पोस्टमार्टम में मौत का कारण गला घोंटना सामने आया, जबकि दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई। पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए तीन टीमे गठित की और जांच शुरू की। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य और मोबाइल डेटा की गहन पड़ताल में पुलिस की शक की सुई गांव के ही सनी कुमार पुत्र लालमन पर टिक गई। गिरफ्तारी के बाद सख्ती से पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि मृतका से उसका प्रेम संबंध था, लेकिन लड़की की नजदीकियां किसी और से भी बढ़ने पर उसे शक और डर सताने लगा। इस भय में कि कहीं वह किसी कानूनी पचड़े में न फंस जाए, उसने छात्रा से छुटकारा पाने की ठान ली।

वारदात से एक रात पहले आरोपी ने वीडियो कॉल कर मृतका को बहलाया और पहले से तय स्थान पर बुलाकर गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने मोबाइल और डिजिटल साक्ष्यों को खंगालकर आरोपी की करतूत की पुष्टि की। एसपी ने कहा कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है, जबकि मामले की विवेचना अभी जारी है। घटना से पूरे गांव में दहशत है और लोग अविश्वास में हैं कि प्यार और भरोसे की आड़ में रची गई साजिश इतनी खौफनाक अंजाम तक पहुंच सकती है।

# आपदा मित्रों का मूर्ति विसर्जन में लगाई जाए ड्यूटी : सुनील कुमार

**सिद्धार्थनगर।** मूर्ति विसर्जन के दौरान प्रत्येक वर्ष चार पांच लोग जिले में डूब के मर जाते हैं, इसमें से अधिकांश युवा और छोटे बच्चे होते हैं। यदि आपदा मित्रों की ड्यूटी लगाई जाए तो इनके पास लाइफ जैकेट है और समय रहते हुए व्यक्ति की जान बचा सकते हैं।

उक्त बातें आपदा मित्र सुनील कुमार यादव ने कही। प्रशिक्षित आपदा मित्र शिवम पासवान ने बताया कि हम लोग 12 दिवसीय प्रशिक्षण लिए हैं और लाइफ जैकेट वह अन्य आवश्यक उपकरण भी है, लेकिन काम नहीं मिलने के कारण हमें रोजगार के लिए पलायन करना पड़ रहा है। बाबूलाल ने बताया कि हम लोग प्रशिक्षण तो ले लिए हैं, लेकिन ड्यूटी नहीं मिलने के कारण परेशान है। वर्तमान में निजी विद्यालय में अध्यापन करता हूं। राम नवल यादव ने कहा कि प्रशिक्षण के बाद हम लोगों से निशुल्क काम लिया जाता है जब विभाग को पैसा देकर के काम करना होता है तो दूसरे को रख लेती है।

# हिन्दी पखवाड़ा दिवस पर सांस्कृतिक संध्या व पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम

**हिंदी पखवाड़ा-2025 समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ**

**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** हिंदी पखवाड़ा-2025 का समापन समारोह शाम 7~30 बजे दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ, जिसमें कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा, गरिमा महिला मंडल अध्यक्षा श्रीमती संघमित्रा परिदा और सभी महाप्रबंधकों ने भाग लिया।

महाप्रबंधक (सतर्कता) एस.सी. सिंह ने सतर्कता के महत्व पर जोर दिया, जबकि राजभाषा प्रभारी वरुण सोनी ने पखवाड़े की प्रतियोगिताओं का विवरण प्रस्तुत किया। अपर महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) धीरज सक्सेना के ओजस्वी कविता पाठ ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन वरिष्ठ प्रबंधक (रसायन) नीरज रस्तोगी ने किया। एनटीपीसी परिवार, कर्मचारियों, उनके परिजनों और स्थानीय नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने इस समारोह को अविस्मरणीय बना दिया।

एनटीपीसी टांडा का दशहरा महोत्सव आस्था और सांस्कृतिक वैभव का अनोखा संगम रहा। प्रतिदिन आयोजित होने वाली रामलीला, भव्य झांकियाँ,, गरबा, डांडिया और लोकगीतों की प्रस्तुतियाँ मेले की शोभा बढ़ा रही हैं। श्री दुर्गा माता की आकर्षक झाँकी और प्रकाश व्यवस्था ने मेले को और भी दिव्य बना दिया। मेले में झूले, विविध व्यंजनों की दुकानें और माता दुर्गा के दर्शन के लिए लगी कतारें उत्साह का केंद्र रहीं। मेले ने स्थानीय व्यापारियों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित किए। परियोजना प्रमुख जयदेव परिदा ने श्रद्धालुओं से शांति और सुरक्षा बनाए रखने की अपील की।

# जवानों ने नशीली दवाओं के साथ नेपाली व्यक्ति को पकड़ा

**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के सीमा चौकी खुनुवा और पुलिस के जवानों ने संयुक्त नाका के दौरान नशीली दवाओं के साथ एक नेपाली व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

सूचना प्राप्त हुआ था कि सीमा स्तंभ संख्या 556/1 के समीप से नशीली दवाओं की तस्करी होने वाली है। सूचना प्राप्त होते ही सीमा चौकी खुनुवा और पुलिस चौकी खुनुवा की संयुक्त नाका दल चिन्हित स्थान पर पहुंचेढ्ढ कुछ समय पश्चात नाका दल द्वारा देखा गया कि एक व्यक्ति रात के अँधेरे में भारत से नेपाल की ओर जा रहा था।

संदेह के आधार पर नाका दल द्वारा उसे रोककर पूछ-ताछ की गई तथा उसके पास संदिग्ध सामान होने का आभास हुआ। नाका दल द्वारा समवाय कमांडर को सूचित कर मौके पर बुलाया गया। समवाय कमांडर के उपस्थिति में उस व्यक्ति की तलाशी ली गई जिसमें उसके पास से 118 नग नशीली दवा (Pro&yco Spas) बरामद हुआ। पूछ ताछ करने पर उक्त व्यक्ति ने अपना नाम गाऊवर नाऊ, उम्र 20 वर्ष, पुत्र जाकिर नाऊ, ग्राम- सिहोखोर, पोस्ट- यशोदरा, जिला- कपिलवस्तु नेपाल बताया। संयुक्त नाका दल द्वारा सभी दवाओं को जब्त कर तस्कर सहित पुलिस थाना शोहरतगढ़ को सुपुर्द कर दिया गया।



# सदर पुलिस ने महिलाओं को दिया विभिन्न हेल्प लाइन के सम्बन्ध में जानकारी



**अवधनामा संवाददाता**

**लोटन सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के तहत महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में शारदीय नवरात्रि के अंतर्गत नारी सुरक्षा एवं स्वालंबन के लिए समर्पित थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा मंगलवार को जागरुकता अभियान चलाया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन द्वारा ÷शारदीय नवरात्रि के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक व विश्वजीत शौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में सोमवार को प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद थाना सिद्धार्थनगर के निर्देशन में शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर उनि. पंनेलाल, आ. शुभम रावत ,महे. का. संगीता सिंह मआ. अन्नप्रिया वर्मा, अनिशा सरोज व द्वारा महदेवा बाजार, धौरी कुइया गावं, रेलवे ?एवं बस स्ट?शन पर बालिकाओं व महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन 181 महिला हेल्प लाइन1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन 1098 चाईल्ड केयर लाइन 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन 101अग्निशमन हेल्प लाइन 14567 एल्डर हेल्पलाइन 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी गई।

# गोण्डा में किसानों को मिलेगा निशुल्क अलसी बीज मिनीकिट

**अवधनामा संवाददाता, गोंडा।** अपर कृषि निदेशक (तिलहन एवं दलहन), उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी निर्देशों के तहत जिले में किसानों को राज्य सहायतित निशुल्क अलसी बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत लाभ देने की तैयारी की गई है। कृषि विभाग के अनुसार, किसानों को निशुल्क बीज मिनीकिट प्राप्त करने के लिए विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। यदि आवेदकों की संख्या उपलब्ध मिनीकिट से अधिक होती है तो ऑनलाइन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। किसानों को पीओएस मशीन के माध्यम से निशुल्क अलसी बीज मिनीकिट वितरित किया जाएगा। प्रत्येक किसान को केवल एक पैकेट ही उपलब्ध कराया जाएगा। इच्छुक किसान 24 सितंबर से 12 अक्टूबर 2025 तक किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# नवरात्रि के पावन अवसर पर तथा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जनपद में 1100 कन्याओं का किया गया पूजन

**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर एवं मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत सम्पूर्णता अभियान के तहत मेडिकल कॉलेज, गोण्डा के परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 1100 कन्याओं का कन्या पूजन एवं नवदेवी सम्मान, गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, बच्चों का अन्नप्राशन तथा छात्राओं को टेबलेट वितरण जैसे विविध कार्यक्रम सम्पन्न हुए।

कार्यक्रम में नारी सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली महिला महाविद्यालय एवं रघुकुल महिला डिग्री कॉलेज तथा गुरु वशिष्ठ के 350 छात्राओं को टेबलेट वितरित किए गए, जिससे डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा मिलेगा और बेटियाँ तकनीकी रूप से सशक्त बन सकेंगी। साथ ही, सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को समर्पित कन्या पूजन कार्यक्रम में कन्याओं का स्वागत एवं पूजन कर उन्हें उपहार प्रदान किए गए।इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित कर पोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित कर उन्हें समाज के प्रति उनके योगदान के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित जनप्रतिनिधियों में जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पाण्डेय, विधायक सदर गोण्डा प्रतीक भूषण सिंह, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, विधायक करनैलगंज अजय सिंह, तथा एमएलसी अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण सम्मिलित रहे।

प्रशासनिक अधिकारियों में आयुक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशील, पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, माननीय सांसद गोंडा प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्र, माननीय सांसद कैसरगंज प्रतिनिधि सोनू सिंह, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, तथा मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग तथा पुलिस विभाग की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम ने नारी सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा को एक मंच पर समाहित करते हुए एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में संपूर्णता अभियान के अंतर्गत जनपद के आकांक्षी विकास खण्डों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले खंड विकास अधिकारियों, सीडीपीओ सहित अन्य अधिकारियों को सम्मानित किया गया।कन्या पूजन कार्यक्रम के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने एक साथ मिलकर हवन पूजन किया।

# फांसी के फंदे से लटकी मिली महिला की लाश

**इटवा सिद्धार्थनगर।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मौत हो गई। महिला का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे से लटका पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इटवा थाना क्षेत्र के पकड़ी शुक्ल में मंगलवार सुबह को राधिका गौतम लगभग (30) पत्नी कृष्णा गौतम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव उसके कमरे में छत के कुंडे से फांसी के फंदे में लटका पाया गया। बताया जाता है कि राधिका की शादी लगभग दस वर्ष पहले कृष्णा के साथ हुई थी। जिसके तीन बच्चे भी है। मंगलवार शाम को काफी देर तक रधिका अपने कमरे से बाहर नहीं आई। इस पर लोगों ने कमरे में जाकर देखा तो उसका का शव फंदे से लटक रहा था। शव देखते ही घर में चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचनाथाना प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर तिवारी पुलिस व फारेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फारेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए। वहीं पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर तिवारी ने बताया कि मृतका के भाई ने तहरीर दी है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्यवाही की जायेगी।

# रामलीला में अशोक वाटिका में हनुमान सीता का संवाद और लंका दहन



**जलालपुर .अम्बेडकरनगर।** श्री रामलीला सेवा समिति द्वारा आयोजित एक भव्य रामलीला कार्यक्रम ने दर्शकों को भक्ति और संस्कृति के रंग में रंग दिया। रामचरितमानस के प्रमुख प्रसंगों के जीवंत मंचन ने पूरे माहौल को एक दिव्य अनुभूति में बदल दिया, जहाँ दर्शक स्वयं को रामकथा का हिस्सा महसूस करने लगे। इस सांस्कृतिक उत्सव में प्रस्तुत प्रमुख दृश्यों, जैसे राम-सुग्रीव की मित्रता, अशोक वाटिका में हनुमान-सीता का संवाद और लंका दहन के शानदार दृश्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन प्रसंगों के माध्यम से रामायण की गाथा जीवंत हो उठी। कार्यक्रम के दौरान आरती का पावन क्षण एक विशेष आकर्षण रहा, जिसमें संजीव मिश्र, आलोक बाजोरिया, राधेश्याम शुक्ल, कृष्ण गोपाल गुप्त, विकाश निषाद, केशव श्रीवास्तव, अरुण मिश्र, अशोक जायसवाल, आशाराम और दिलीप यादव जैसे समिति के सदस्यों ने एक सुर में श्रीराम के जयकारों के साथ भक्ति-भाव का संचार किया। विशेष अतिथि के रूप में अयोध्या जिला प्रभारी डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी और वरिष्ठ नेता केके मिश्र उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष सुभम पांडे और समिति अध्यक्ष संजीव मिश्र ने परंपरागत तरीके से माला और अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। श्री मिश्र ने इस कार्यक्रम को समाज में धर्म, कर्तव्य, सम्मान और अच्छाई की जीत का प्रतीक बताया।

# फलाहार कार्यक्रम : एकता के सूत्र में बांधते हैं ऐसे कार्यक्रम

**भारत की संस्कृति ने हमेशा 'वसुधैव कुटुम्बकम' का दिया संदेश**

**अवधनामा संवाददाता**

**इटवा सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को इटवा में शारदीय नवरात्रि अष्टमी के अवसर राम लीला मैदान में फलाहार कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सैकड़ो भक्त शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री डा0 सतीश द्विवेदी शामिल हुए।



फलाहार कार्यक्रम के आयोजक पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी ने उपस्थित सभी पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि नवरात्र में ऐसे आयोजन का बहुत महत्व है। फलाहार जैसा कार्यक्रम हम सभी को एकता के सूत्र में बांधने का काम करता है। सभी को जाति-पाति, ऊंच-नीच की भावना से ऊपर उठने का अवसर प्रदान करता है। इस प्रकार के पर्व पर भारतवासियों को एकजुट रहने की जरूरत है। देश व प्रदेश में दृढ़ संकल्प करने वाली सरकार है। विकास के साथ धार्मिक कार्यक्रमों को मजबूती प्रदान करती है। नवरात्र के पवित्र पर्व पर हम कामना करते हैं कि माता रानी समस्त मानव समाज का कल्याण करें। डा0 द्विवेदी ने कहा कि भारत की संस्कृति ने हमेशा 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का संदेश दिया है। हमारी पूजा और उपवास का महत्व तभी बढ़ता है, जब उसमें समाज के अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति की भागीदारी हो। इसी भावना से हम सबको प्रेरणा लेकर अपने गांव, अपने क्षेत्र और अपने देश के विकास में योगदान देना है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अवनीश ने कहा नवरात्रि का यह पावन पर्व शक्ति उपासना का पर्व है। माँ दुर्गा की साधना केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारे अंदर साहस, सद्भाव और आत्मबल जगाने का साधन है। जब हम सामूहिक रूप से फलाहार करते हैं तो यह केवल उपवास तोड़ने का अवसर नहीं होता, बल्कि सामाजिक समरसता और एकात्मता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है।

भारत की शक्ति तभी पूर्ण और अजेय बन सकती है जब समाज की प्रत्येक इकाई एक साथ खड़ी हो। यह फलाहार कार्यक्रम उसी भाव को पुष्ट करता है कि हम सब भिन्न-भिन्न परंपराओं, भाषाओं और संस्कृतियों के होते हुए भी एक ही राष्ट्र के अंग हैं।

फलाहार कार्यक्रम में चेयरमैन इटवा विकास जायसवाल, बिस्कोहर अजय गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता गण हरिशंकर सिंह तथा अजय पाण्डेय ने भी संबोधित करते हुए सभी को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सह जिला प्रचारक राहुल, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि खुनियांव राजेन्द्र दूबे, भाजपा जिला मंत्री कृष्णा मिश्र, वरिष्ठ भाजपा नेतागण हरिशंकर सिंह, अजय पाण्डेय, गिरधर चतुर्वेदी, बलराम मिश्र, राजकिशोर यादव, मण्डल अध्यक्षगण दीपनारायण त्रिपाठी, श्रवण गिरी, राजेश पाण्डेय, अमित दूबे, अमित मिश्रा, ओम छापड़िया, लवकुश शुक्ला, जेपी पाण्डेय, जसवंत सिंह, शिवजी तिवारी, घनश्याम जायसवाल, प्रमोद कन्नौजिया, सहजराम यादव, प्रमोद पाण्डेय, माया मिश्र, शिवशंकर जायसवाल सहित भाजपा नेतागण, कार्यकर्ता बंधु व जनता जनार्दन शामिल हुए।

# कांग्रेसियों ने वोट चोरी के बिरुद्ध चलाया अभियान



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में क्षेत्र के बहादुरगंज स्थित विधानसभा क्षेत्र बांसी के कार्यालय पर कांग्रेसियों ने वोट चोरी के विरुद्ध हस्ताक्षर अभियान चलाया। जिसमें काफी लोगों ने हस्ताक्षर किया।

अभियान का शुभारंभ पार्टी के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण बहादुर सिंह ने हस्ताक्षर करके किया। और उन्होंने कहा कि भाजपा ने वोट चोरी करके सत्ता पर जबरन कब्जा किया है। देश की जनता का भरोसा भाजपा और मोदी सरकार से उठ चुका है। राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी के खुलासे से भाजपा व चुनाव आयोग की कलई खुल गई है। वोट चोरी के विरुद्ध हस्ताक्षर अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को जागरूक करना, कांग्रेस की विचारधारा से अवगत कराना और पार्टी से जुड़ने के लिए प्रेरित करना है। जिससे मतदाताओं के अधिकार मजबूत हों। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर भी जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला सचिव गिरजेश कुमार, बांसी ब्लाक अध्यक्ष शिव कुमार दूबे, कार्यालय सचिव कृष्ण कुमार दूबे, बरांव नानकार मंडल अध्यक्ष आत्मा राम चौधरी, बृजभान यादव, हरीश साहनी, प्रधान रहमत अली, हीरामन चौरसिया आदि कार्यकर्ताओं ने अभियान में भाग लिया।

# गांधी जयंती पर जनपद में होंगे विविध कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता, अंबेडकरनगर।** गांधी जयंती के अवसर पर अंबेडकर नगर में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। सुबह 6:30 बजे क्षेत्रीय गांधी आश्रम अकबरपुर से प्रभात फेरी निकलेगी, जो आश्रम पर समाप्त होगी। 7:30 बजे गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण होगा। 8:00 बजे सभी सरकारी व गैर-सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा और गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ उनके जीवन पर चर्चा होगी। 8:45 बजे एकलव्य स्टेडियम में 3 किमी दौड़ प्रतियोगिता होगी, जिसमें सभी आयु वर्ग भाग लेंगे और विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। 10:00 बजे जिला पंचायत सभागार में गांधी जी के जीवन पर गोष्ठी होगी। पूरे दिन शैक्षणिक संस्थाओं में प्रतियोगिताएं, सूत कताई यज्ञ, खादी प्रचार, सफाई अभियान, अस्पतालों में फल वितरण और वृद्धाश्रम में सहयोगात्मक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## ब्रिक्स की अध्यक्षता

ब्रिक्स की अध्यक्षता अगले साल भारत के मिलनी है। ट्रम्प ब्रिक्स को अमेरिकी चुनौती के रूप में देखते है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक से पहले ब्रिक्स देशो के विदेश मन्त्रियों की बैठक ट्रम्प को पसन्द नहीं आयेगा। पर ट्रम्प की मौजूदा नीतियो असर संरक्षाण वाद के देखते हुये भारत को विकल्पों की तलाश जरूरी है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ब्राजील चीन, पश्चिम अफ्रीका दूसरे देशों सदस्य देशो की मेजबानी की। उन्होने अमेरिका नाम नहीं लिया। लेकिन टैरिफ और संरक्षरावाद फैसला में उन्होंने मौजूदा वैश्यिक व्यापार के सामने खड़ी जिन चुनौतियों का नाम लिया वे सीधे तौर पर अमेरिका से जुड़ती है। जयशंकर ने ब्रिक्स देशें से वैश्विक व्यापार प्राणाली की सुरक्षा और अन्तरराष्ट्रीय नियमों का पालन करने का आहावन किया। ब्रिक्स की अध्यक्षता इस समय ब्राजील के पास अगले साल भारत के पास आयेगी। ब्राजील और भारत दोनो अमेरिका के 50 प्रतिशत टैरिफका सामना कर रहे है। ट्रम्प ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनरो को सजा दिये जाने से नाराज है। भारत से इसलिये खफा है कि भारत रूसी तेल खरीद रहा है। ट्रम्प की नीतियों ने गलत तरीके से ब्रिक्स सदस्य देशों पर सबसे ज्यादा असर डाला है।

ग्लोबल जीडीपी में ब्रिक्स देशो की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत है। दुनियां के आधे देशो की इन देशो में रहती है। ग्रोथ के मामले में इसने जी-7 को पीछे छोड़ दिया है। ये आकड़े ट्रम्प की चिन्ता बढ़ाते है। ट्रम्प को फिक्र है कि ब्रिक्स देश जिस तरह एक दूसरे के साथ व्यापार में अपने देश की मुद्रा का इस्तेमाल कर रहे है वह डालर के दबदबा के खत्म कर देगा। भारत का स्पष्ट कहाना है कि यह मन्च पश्चिम के विरोध का नहीं है। डालर की वैकलपिक मुद्रा लेने की कोई योजना नहीं है।

फिर भी इस बैठक की जरूरत थी। क्योंकि अमेरिका के साथ भारत के टेऊड डील की बात अभी रूसी तेल पर अटकी हुई है। जो गतिरोध पहले थे पानी रूस से तेल खरीद व्यापार में असन्तुलन अब भी जारी है। नये वीजा नियमों की वजह से भी भारतीय प्रोफेशनत्स को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। यह ठीक है कि अमेरिकी से बातचीत के जरिये मसलों को सुलझाने की कोशिश की जाय पर दूसरे मन्चों का भी इस्तेमाल का इस्तेमाल कर नये रास्ते खोले जाये।

ट्रम्प अपनी और अमेरिकी के साथ-साथ दुनियां की मुश्किलहटे बढ़ाते जा रहा है। उनको वहम है उनकी नीतियां अमेरिका और दोस्तों को फायदा पहुंचा रही है। ट्रम्प की एक बड़ी कमजोरी है व मानसिम रूप से बीमार है वह अपनी बनायी दुनियां में खोये रहते है। वास्तविकता से मुंह छुपाये रहते है। हर बड़े आदमियों की कुछ सनक होती है। जिसमें वे शान्ती पाते है। पर उनकी शान्ती दुनियां के अशान्ती दे रही है। ट्रम्प दो टेन्योर के राष्ट्रपति है सम्भव है तीसरे टेन्योर में भी राष्ट्रपति बने। इसमें किसी मुल्क को आपत्ती नहीं है। पर नीतियों पर सचेत रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति की नाते दुनियां की आंखे उन पर लगी रहती है।

## टूटी सड़क से विकास और उम्मीदें भी टूटती हैं

सुबह का वक़्त है। नाथवाना गाँव की मिट्टी से भरी पगडंडी पर छोटे-छोटे बच्चों का झुंड स्कूल की ओर चल रहा है। उनकी चप्पलें धूल में गुम हो जाती हैं और बरसात के दिनों में यही रास्ता कीचड़ की दलदल में बदल जाता है। इसी रास्ते से किशोरियाँ भी किताबें थामे निकलती हैं, पर उनके मन में डर और असुरक्षा की एक परत बिछी होती है, कभी लोगों के सवाल, तो कभी पानी और कीचड़ में गिरने का डर सताता है। बुजुर्गों के लिए तो यह सड़क और भी कठिन है, अस्पताल तक पहुँचने का सफ़र कई बार उनके धैर्य और जीवन दोनों को खतरे में डाल देता है। यह तस्वीर केवल राजस्थान के बीकानेर स्थित नाथवाना की नहीं है, बल्कि भारत के असंख्य गाँवों की सच्चाई है, जहाँ टूटी-फूटी सड़कें हर रोज़ लोगों के जीवन को सीमित करती हैं। हालांकि पिछले दो दशकों से अधिक समय से भारत सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं से ग्रामीण इलाकों को जोड़ने की कोशिश की है। रिपोर्टों के मुताबिक अब तक देश के ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों किलोमीटर सड़कें बनी हैं और हजारों बस्तियाँ इससे जुड़ी हैं। लेकिन गाँवों में घूमते ही यह साफ़ दिखता है कि केवल सड़क बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि असली चुनौती उसका रख-रखाव और गुणवत्ता को सुनिश्चित करना है। राजस्थान जैसे रेतीले और कठिन भूगोल वाले प्रदेश में तो यह चुनौती और भी बड़ी बन जाती है। कई जगहों पर बनी सड़कें कुछ साल में ही गड्ढों और धूल में बदल जाती हैं।


कलावती

सड़कों की यह समस्या महज सुविधाओं का मामला नहीं है, बल्कि यह सीधे शिक्षा, स्वास्थ्य और रोज़गार से जुड़ी है। अध्ययनों में पाया गया है कि जहाँ सड़कें बेहतर हैं वहाँ लड़कियों का स्कूल में नामांकन और उपस्थिति बढ़ी है। किशोरियों के लिए सुरक्षित और सुचारु मार्ग शिक्षा तक उनकी पहुँच आसान बनाता है। लेकिन जब रास्ता टूटा-फूटा हो, तो परिवार की पहली चिंता उनकी सुरक्षा होती है और अक्सर उनकी पढ़ाई अधूरी रह जाती है। यानी खराब सड़कें सीधे लैंगिक असमानता को बढ़ावा देती हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी ऐसी ही है। नाथवाना जैसी बस्तियों में गर्भवती महिलाओं को समय पर अस्पताल पहुँचाना कठिन होता है। आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस गाँव तक नहीं आ पाती, और कई बार मरीजों को प्राइवेट गाड़ियों से अस्पताल ले जाना पड़ता है। जो अक्सर गांव के गरीब परिवार के लिए बजट से बाहर हो जाता है। इसके लिए उन्हें कर्ज लेने पर मजबूर होन पड़ता है। इस कर्ज से बचने के लिए वह कई बार घर में ही अप्रशिक्षित दाई से प्रसव कराने को प्राथमिकता देते हैं। इससे मातृ और शिशु स्वास्थ्य दोनों प्रभावित होता है। वहीं बुजुर्गों और बीमारों की जान भी जोखिम में पड़ जाती है। जबकि शोध बताते हैं कि जब ग्रामीण सड़कें बेहतर होती हैं तो क्लीनिक और अस्पतालों तक पहुँच बढ़ जाती है और स्वास्थ्य संकेतक सुधारते हैं।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी इसका गहरा असर पड़ता है। खेतों से निकली उपज समय पर मंडी तक नहीं पहुँच पाती, जिससे किसानों को नुकसान होता है। पुरुष अक्सर रोज़गार के लिए शहरों की ओर पलायन करते हैं और गाँव में बचे परिवारों पर महिलाओं का बोझ बढ़ जाता है। महिलाएँ खेत, घर और बच्चों की जिम्मेदारी एक साथ उठाती हैं, लेकिन खराब सड़कें उनके लिए बाज़ार तक पहुँचने और आत्मनिर्भर बनने की राह में दीवार बन जाती हैं। यहाँ यह समझना ज़रूरी है कि सड़क सिर्फ़ ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं है, यह सामाजिक न्याय और अवसर का आधार है। यदि सड़कें सुरक्षित, टिकाऊ और सबके लिए सुलभ हों तो वे गाँव की लड़कियों के लिए शिक्षा का दरवाज़ा, महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का मार्ग और बुजुर्गों के लिए जीवनदायिनी साबित हो सकती हैं। नाथवाना जैसे गाँव यह सिखाते हैं कि सड़क के विकास को केवल इन्फ्रास्ट्रक्चर के नजरिये से नहीं देखना चाहिए, बल्कि इसे मानवीय और लैंगिक दृष्टिकोण से समझना होगा। योजनाएँ तब सफल होंगी जब उनमें स्थानीय महिलाओं की भागीदारी होगी, जब रख-रखाव के लिए पारदर्शी व्यवस्था बनेगी, और जब हर बच्चा, किशोरी, किसान और बुजुर्ग बिना डर और कठिनाई के इस रास्ते से गुजर सकेगा। आज भी नाथवाना के बच्चे धूल भरे रास्तों पर किताबें थामे स्कूल जाते हैं। लेकिन उनके चेहरे पर उम्मीद है कि शायद एक दिन उनके गाँव की सड़कें भी पक्की होंगी, शायद कल किशोरियाँ बिना डर के स्कूल जाएँगी, और बुजुर्ग बिना तकलीफ़ अस्पताल पहुँच पाएँगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**'एशिया कप' का अंतिम मुकाबला वाकई रोमांचक, धडक़नें बढ़ा देने वाला रहा। टीम इंडिया ने इसी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की टीम को लगातार तीन बार रौंदा, नतीजतन पाकिस्तान की अवाम ही मजाक उड़ाने लगी है-'इतना क्यों मारते हो डैडी? जब पता है कि इंडिया बाप है, तो उसके खिलाफ खेलते क्यों हो? हार गई, हार गई, फिर टीम हार गई।' टीम इंडिया ने उसे 7 विकेट, 6 विकेट और 5 विकेट से पराजित किया। बेशक फाइनल में एक वक्त टीम पाकिस्तान एक विकेट खोकर 113 रनों की 'पहाड़ी चुनौती' पेश कर चुकी थी।**

# खेल के मैदान पर भी ऑपरेशन सिंदूर...

एशिया कप 2025 का फाइनल भले ही दुबई के मैदान पर खेला गया हो, लेकिन असली मुकाबला तो भारत-पाकिस्तान के लोगों के दिलों में था। जंग भारत-पाकिस्तान के जज्बे की थी, भावनाओं के बीच की थी। और नतीजा वही हुआ जिसकी उम्मीद देश कर रहा था। भारत ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर टूर्नामेंट में तीसरी बार मात दी और एशिया कप की ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। एशिया कप ट्रॉफी पर कब्जा जमाने वाली भारतीय टीम की हर तरफ तारीफ हो रही है। लेकिन इस जीत को और ऐतिहासिक बना दिया दो लोगों ने- एक कप्तान सूर्य कुमार यादव, और दूसरे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। प्रधानमंत्री मोदी के ट्वीट और कप्तान सूर्या की प्रतिक्रिया ने माहौल में जोश और जज्बा भर दिया, जैसे मैदान के बाहर भी एक और मुकाबला शुरू हो गया हो। मैच के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एक ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने लिखा, खेल के मैदान पर ऑपरेशन सिंदूर! बस, इतना ही काफी था देश झूम उठा, और पाकिस्तान में सन्नाटा छा गया। पीएम मोदी के बयान पर भड़के पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ मोहसिन नकवी ने जवाब दिया है।


तारकेश्वर मिश्र

इस एक लाइन ने सोशल मीडिया पर तूफान ला दिया। पीएम मोदी के इस बयान को न सिर्फ फैंस ने हाथों-हाथ लिया, बल्कि यह पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी हलचल का कारण बना। यह महज एक ट्वीट नहीं था, बल्कि एक ऐलान था कि भारत अब हर मोर्चे पर रंग जमाएगा, फिर चाहे मैदान की बाउंड्री हो या देश की सरहद।

भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव, जिनकी अगुवाई में टीम ने पाकिस्तान को तीन बार हराया, उन्होंने पीएम मोदी के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बहुत अच्छा लगता है जब देश का लीडर फ्रंट फुट पर बल्लेबाजी करता है। ऐसा लगता है जैसे वो खुद स्ट्राइक लेकर रन बना रहे हैं। जब सर सामने हों, तो खिलाड़ी खुलकर खेलते हैं। 'एशिया कप' में टीम इंडिया ने 9वीं बार ट्रॉफी जीती है। अपराजेय चैंपियन..! 'प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट' अभिषेक शर्मा बने, जिन्होंने अप्रतिम, अभूतपूर्व 314 रन बनाए और कुछ शानदार कैच भी लपके। पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल मुकाबले में तिलक वर्मा ने नाबाद 69 रन ठोंक कर 'प्लेयर ऑफ द मैच' का सम्मान अर्जित किया। कुलदीप यादव कुल 18 विकेट लेकर 'सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज' आंके गए। मैच में वरुण चक्रवर्ती, बुमराह, अक्षर पटेल की गेंदबाजी ने भी मैच पलटे। ये सभी भारतीय युवा और हुनरमंद क्रिकेटर हैं। आज टीम इंडिया टी-20 की विश्व चैंपियन, नंबर वन और एशिया चैंपियन टीम है। 'एशिया कप' का अंतिम मुकाबला वाकई रोमांचक, धडक़नें बढ़ा देने वाला रहा। टीम इंडिया ने इसी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की टीम को लगातार तीन बार रौंदा, नतीजतन पाकिस्तान की अवाम ही मजाक उड़ाने लगी है-'इतना क्यों मारते हो डैडी? जब पता है कि इंडिया बाप है, तो उसके खिलाफ खेलते क्यों हो? हार गई, हार गई, फिर टीम हार गई।' टीम इंडिया ने उसे 7 विकेट, 6 विकेट और 5 विकेट से पराजित किया। बेशक फाइनल में एक वक्त टीम पाकिस्तान एक विकेट खोकर 113 रनों की 'पहाड़ी चुनौती' पेश कर चुकी थी। विशेषज्ञ आंक रहे थे कि पाकिस्तान 200 रन तक भी पहुंच सकता है, लेकिन हमारे गेंदबाजों ने अत्यंत सटीक, धारदार और रहस्यमयी गेंदबाजी कर शेष 9 विकेट मात्र 33 रनों पर ही बिखेर दीं। यह धोना, रौंदना नहीं हुआ, तो क्या है?



बेशक भारत ने भी पहली तीन महत्वपूर्ण विकेट बहुत जल्द गंवा दीं। पूरे मैच के दौरान आंखें मूंदनी, फिर खोलनी पड़ी, सांसे रुकती सी रहीं, निराश भी हुए, लेकिन चौका-छक्का लगता, तो उम्मीद बंधने लगती। रन गति 5-6 के बीच ही रही। अनिवार्य रनों का औसत बढ़ता रहा, लेकिन तिलक वर्मा ने, संजू और शिवम दुबे के साथ, कुछ खूबसूरत पारियां खेलीं। रिंकू सिंह के हिस्से एक ही गेंद आई, जिस पर उन्होंने जीत का चौका जड़कर टीम इंडिया को 'एशिया का चैंपियन' बना दिया। खेल के मैदान पर इससे भी रोमांचक पल तब सामने आए, जब भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एसीसी के अध्यक्ष मोहसिन नक़वी के हाथों 'चैंपियनशिप की ट्रॉफी' लेने से इंकार कर दिया।

मोहसिन पाकिस्तान के गृहमंत्री और क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। टीम इंडिया ने स्पष्ट कर दिया कि वह हत्यारों और जंग छेड़ने वालों के हाथों 'चैंपियनशिप का सम्मान' कबूल नहीं करेगी। काफी देर तक मैदान पर 'हाईवोल्टेज ड्रामा' जारी रहा, टीम इंडिया को मनाने की कोशिशें की गईं, लेकिन जो राष्ट्रवादी फैसला हमारे क्रिकेटरों ने आपसी विमर्श में लिया था, उस पर वे अडिग रहे। कप्तान सूर्य ने अपनी कुल फीस 'पहलगाम नरसंहार' के पीड़ितों और सेना को समर्पित करने की घोषणा की। अन्य खिलाड़ियों के फैसले अभी सामने नहीं आए हैं, लेकिन ऐसा परिदृश्य सामने घूमने लगा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की भावना और शहीदों के प्रति सम्मान क्रिकेट में भी जिंदा है। बहरहाल एसीसी प्रमुख मोहसिन ने यह शर्मनाक हरकत की कि वह ट्रॉफी और खिलाड़ियों के पदक लेकर होटल चले गए। उस पर बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने भी कहा कि जंग छेड़ने वालों के हाथों हम ट्रॉफी नहीं ले सकते, लेकिन एसीसी अध्यक्ष ट्रॉफी और पदक लेकर भाग भी नहीं सकते। नवंबर में आईसीसी की बैठक है, जिसमें हम एसीसी अध्यक्ष की इस शर्मनाक हरकत का विरोध करेंगे। उम्मीद है कि ट्रॉफी और पदक हमें जल्दी ही मिल जाएंगे।

कप्तान सूर्या कुमार यादव का के बयान ने बता दिया कि मैदान में जीत सिर्फ 11 खिलाड़ियों की नहीं थी, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की थी, जिनका कप्तान मैदान में सूर्या था, और बाहर पीएम मोदी। सूर्यकुमार की ये बात केवल एक बयान नहीं, बल्कि पाकिस्तान पर एक तीखा कटाक्ष भी था – जिसने टूर्नामेंट में तीनों बार भारत से मुंह की खाई। भारत और पाकिस्तान की टीमें इस एशिया कप में कुल तीन बार आमने-सामने आई और हर बार पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ा। फाइनल मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया। इससे पहले सुपर 4 और ग्रुप स्टेज में भी भारत ने बाजी मारी थी। गेंदबाजी हो या बल्लेबाजी, हर फील्ड में भारत भारी पड़ा। एक ही टूर्नामेंट में तीन हार ने पाकिस्तान के क्रिकेट ढांचे और रणनीति पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। बहरहाल टीम के खिलाड़ियों ने ट्रॉफी के बिना ही खूब जश्न मनाया। देश में शहर-दर-शहर रात भर जश्न की आतिशबाजियों की रोशनी और पटाखों की आवाज महसूस कराती रही कि हमने कोई बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

# स्वदेशी यानी अपनी शर्तों पर दुनिया से जुड़ना

**28 सितंबर को अपने मन की बात कार्यक्रम में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोहराया है कि देश को आत्मनिर्भर बनाने का रास्ता स्वदेशी उत्पादों से ही होकर गुजरता है। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में, प्रधानमंत्री ने लोगों से आगामी त्योहारों को स्वदेशी उत्पादों के साथ मनाने और वोकल फॉर लोकल को अपना मंत्र बनाने का आग्रह किया। उन्होंने नागरिकों से देश में उत्पादित उत्पाद खरीदने का संकल्प लेने का आह्वान किया।**

भारत एक त्योहारों का देश है, हर महीने कोई-न-कोई त्यौहार होता है। लोग त्योहार पर जमकर खरीदारी करते हैं, इस खरीदारी असर देश की इकोनॉमी पर भी होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न अवसरों पर स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया है, ताकि देश को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उन्होंने लोगों से स्थानीय रूप से निर्मित वस्तुओं को बढ़ावा देने और वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाने का आग्रह किया है। पीएम मोदी लगातार स्वदेशी को प्रोत्साहित कर रहे हैं, ताकि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सके और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिल सके। अभी सामने दिवाली है, आप यहीं से बदलाव की शुरुआत कर सकते हैं।


रोहित माहेश्वरी

पीएम मोदी ने वोकल फॉर लोकल को खरीदारी का मंत्र बनाने का आग्रह किया। उनका कहना है कि हमें हमेशा उन्हीं चीजों को खरीदना चाहिए जो देश में बनी हो और देश के लोगों ने बनाई हों। उन्होंने स्वदेशी की अपनी परिभाषा भी स्पष्ट की, जिसमें कहा गया कि उत्पादन में लगा पसीना मेरे देशवासियों का है। वास्तव में, स्वदेशी वस्तुएं केवल उत्पाद ही नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, धरोहर और हमारे मान-सम्मान का प्रतीक हैं। बीती 27 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के झारसुगुड़ा से एक ऐतिहासिक पहल करते हुए भारत संचार निगम लिमिटेड यानी बीएसएनएल की पूरी तरह स्वदेशी 4 फीसदी सेवा को देशभर में लॉन्च किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत ने आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारा संकल्प है चिप से लेकर शिप तक, हर चीज में भारत आत्मनिर्भर बने। बीती 28 सितंबर को अपने मन की बात कार्यक्रम में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोहराया है कि देश को आत्मनिर्भर बनाने का रास्ता स्वदेशी उत्पादों से ही होकर गुजरता है। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में, प्रधानमंत्री ने लोगों से आगामी त्योहारों को स्वदेशी उत्पादों के साथ मनाने और वोकल फॉर लोकल को अपना मंत्र बनाने का आग्रह किया। उन्होंने नागरिकों से देश में उत्पादित उत्पाद खरीदने का संकल्प लेने का आह्वान किया। बीती 21 सितंबर को, पीएम मोदी ने भारतीयों से गर्व से कहने के लिए कहा, मैं स्वदेशी खरीदता हूं। उन्होंने कहा कि हर घर और दुकान को आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनाना चाहिए।



स्वदेशी को प्राथमिकता देने से स्थानीय कारीगरों और उद्योगों का समर्थन,आर्थिक विकास को बढ़ावा, सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण, आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम, गुणवत्ता और विश्वसनीयता का लाभ मिलता है। स्वदेशी अपनाना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है। हर त्योहार पर बाजार में स्वदेशी और विदेशी सामान होते हैं, अधिकतर लोग सस्ते के चक्कर में विदेशी सामान खरीद लेते हैं। हालांकि अधिकतर मोबाइल समेत इलेक्ट्रॉनिक्स सामान अभी भी भारत में असेंबल होकर बिकता है, ऐसे प्रोडक्ट्स मेड इन इंडिया कैटेगरी में आते हैं। धार्मिक भावनाओं से जुड़े होने के कारण मूर्तियों का चीनी आयात व्यापक विरोध का विषय रहा है। दावा किया जा रहा है कि मूर्तियों में चीनी हिस्सेदारी 70-80 फीसदी से घटकर 10 फीसदी रह गई। लेकिन अभी भी लक्ष्मी-गणेश की चाइनीज मूर्तियां खूब बिकती हैं, खरीददार आप-हम जैसे लोग ही हैं। दिवाली और बाकी त्योहारों पर चाइनीज झालर खूब बिकती हैं, क्योंकि ये सस्ती होती हैं। लेकिन इसकी क्वालिटी बेहद खराब होती है। व्यापार संगठन कैट ने 500 से ज्यादा चीनी सामानों की बहिष्कार सूची में इसे भी रखा है। एक अनुमान के मुताबिक साल 2024 में दिवाली पर सजावटी सामानों जैसे एलईडी झालर, लाइट्स, और गिफ्ट आइटम्स का चीन से आयात करीब 10,000-15,000 करोड़ रुपये का रहा था। कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स ने 2024 की दिवाली पर लगभग 4.25 लाख करोड़ रुपये का खुदरा कारोबार होने का अनुमान लगाया था। यह पिछले त्योहारी सीजन के मुकाबले एक रिकॉर्ड कारोबार था, क्योंकि लोगों ने चीनी सामानों की जगह भारतीय सामानों को प्राथमिकता दी। कुछ शुरुआती अनुमानों के अनुसार, 2025 में दिवाली के दौरान ई-कॉमर्स और ऑफलाइन दोनों तरह के खुदरा कारोबार में भारी वृद्धि होने की उम्मीद है, जिसका मुख्य कारण स्वदेशी की भावना का संचार, जीएसटी दरों में कटौती और अन्य धार्मिक और सामाजिक कारण भी शामिल हैं। रिसर्च फर्म रेडसीर के अनुमान के मुताबिक, 2025 में त्योहारी ई-कॉमर्स बिक्री 1.15 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर सकती है, जो कि पिछले साल के मुकाबले 20-25 फीसदी की वृद्धि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी दरों में कटौती से बाजार में ग्राहकों का उत्साह बढ़ा है।

भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। आर्थिक सुधार से जुड़े कदम लगातार उठाए जा रहे हैं, वो दिन दूर नहीं है, जब भारत एक विकसित राष्ट्र कहलाएगा। विकसित राष्ट्र बनाने में हर एक भारतीय का योगदान होगा। हर किसी को अपने स्तर पर देश को आगे बढ़ाने के लिए काम करना होगा। इस बीच भारत की तरक्की को कई देश पचा नहीं पा रहे हैं, भारत को रोकने के लिए साजिशें रची जा रही हैं। लेकिन यह नए दौर का भारत है, आत्मनिर्भर भारत है। ऐसे में जब 140 करोड़ लोग मिलकर देश को संवारने का काम करेंगे, तो विदेशी ताकतें भी टिक नहीं पाएंगी। 22 सितंबर से देश जीएसटी रिफॉर्म लागू हो गया है, जो कि आर्थिक तौर पर एक बड़ा कदम है। दिनचर्या की 90 फीसदी से ज्यादा चीजें के दामों पर इनका सीधा असर अब दिखाई देने लगा है।

त्योहारों पर स्वदेशी वस्तुएं कैसे चुनें यह अहम सवाल है। नवरात्रि और दिवाली जैसे त्योहारों के लिए चीनी उत्पादों के बजाय मिट्टी के दीये, हस्तनिर्मित सजावटी सामान और भारतीय कारीगरों द्वारा बनाए गए अन्य सजावटी सामान खरीदने को प्राथमिकता देनी होगी। वहीं अपने प्रियजनों को उपहार देने के लिए भारतीय हस्तशिल्प, पारंपरिक कलाकृति और स्थानीय रूप से निर्मित उत्पादों को चुनें। त्योहारों के लिए खादी और हैंडलूम जैसे स्वदेशी कपड़ों को प्राथमिकता दें, जो भारतीय बुनाई और वस्त्र कला को दर्शाते हैं। वहीं सबसे खास बात मिठाई, नमकीन और अन्य खाद्य पदार्थों के लिए स्थानीय मिठाई की दुकानों और उत्पादकों का समर्थन करें। भारत एक श्रम आधारित अर्थव्यवस्था है। हमारे युवा पूरे विश्व में अपनी स्किल्स के लिए पहचान रखते हैं। आज समय आ गया है कि हम स्वदेशी उत्पादों को अधिक से अधिक अपनाएं और बढ़ावा दें। अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। त्योहारों के समय स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देना, आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। यह न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है, बल्कि जब हम भारतीय उत्पाद खरीदते हैं, तो छोटे और बड़े व्यवसायों को मदद मिलती है।

# बिहार की राजनीति: एक जटिल और अनोखा राजनीतिक परिदृश्य

शम्स आग़ाज़

**तेजस्वी यादव ने पहले भी स्पष्ट रूप से एआईएमआईएम को महागठबंधन में शामिल करने से इनकार किया था। उनके अनुसार ओवैसी की पार्टी सैकुलर वोट को विभाजित करती है और अंततः इसका फायदा बीजेपी को मिलता है। यह बात 2020 के नतीजों से भी प्रमाणित होती है, जहाँ सीमांचल की कई सीटों पर एआईएमआईएम उम्मीदवारों ने इतने वोट ले लिए कि अगर वही वोट आरजेडी या कांग्रेस को मिलते, तो जीत महागठबंधन की होती।**

बिहार की राजनीति भारतीय लोकतंत्र का एक अनोखा और जटिल उदाहरण है, जहाँ सामाजिक, धार्मिक और क्षेत्रीय तत्व एक-दूसरे से जुड़कर चुनावी परिणामों पर गहरा प्रभाव डालते हैं। राज्य की राजनीतिक फिजा को जाति आधारित वोटिंग पैटर्न, नेताओं की छवि, विकास के वादे और राष्ट्रीय स्तर पर बने विमर्श तय करते हैं। जातिगत समीकरण, विशेष रूप से यादव, कोइरी, दलित और ब्राह्मण समुदायों की राजनीतिक निष्ठाएं आज भी चुनावों में निर्णायक भूमिका निभाती हैं। धार्मिक पहचान, खासकर मुस्लिम वोट बैंक, विभिन्न पार्टियों की रणनीति का एक केंद्रीय हिस्सा बना हुआ है। हाल के वर्षों में सैकुलर बनाम कम्युनल का विमर्श बिहार की राजनीति में प्रभावी रहा है। आरजेडी, कांग्रेस और वामपंथी दल खुद को सैकुलर ताकतों के रूप में प्रस्तुत करते हैं, जबकि बीजेपी और उसके सहयोगियों को हिंदुत्व विचारधारा से जोड़ा जाता है। इस विमर्श ने खासकर युवाओं और शहरी तबके पर गहरा असर डाला है। इसके साथ ही नई राजनीतिक ध्रुवीकरण, क्षेत्रीय दलों का उभार और रोजगार, शिक्षा, महंगाई और बुनियादी सुविधाओं जैसे जन मुद्दे भी अब चुनावों को प्रभावित कर रहे हैं। बिहार की राजनीति अब केवल पारंपरिक आधारों पर नहीं बल्कि एक जटिल और बदलते सामाजिक ताने-बाने के तहत आकार ले रही है। जैसे-जैसे राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियां तेज हो रही हैं, दो नई राजनीतिक ताकतें इंडिया गठबंधन, विशेषकर आरजेडी और कांग्रेस के लिए एक गंभीर चुनौती के रूप में उभर रही हैं। ये हैं प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज और असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम। भले ही इन दोनों दलों की विचारधारा अलग हो, लेकिन इनका प्रभाव एक समान दिशा में दिखता है सैकुलर वोटों का बंटवारा। इस विभाजन का सीधा लाभ बीजेपी और एनडीए को हो सकता है।



बिहार के पिछले दो विधानसभा चुनाव, यानी 2015 और 2020, इस बात के स्पष्ट संकेत देते हैं कि वोट शेयर में मामूली बदलाव भी सत्ता का संतुलन बदल सकता है। 2015 में आरजेडी, जेडीयू और कांग्रेस का महागठबंधन स्पष्ट बहुमत से जीता था। आरजेडी को 80 सीटें और 18.4 फीसदी वोट, जेडीयू को 71 सीटें और 16.8 फीसदी वोट, जबकि कांग्रेस को 27 सीटें और 6.7 फीसदी वोट मिले थे। बीजेपी को तब 53 सीटें और 24.4 फीसदी वोट मिले थे, जबकि उसकी सहयोगी एलजेपी और आरएलएसपी को क्रमशः 2.8 फीसदी और 2.6 फीसदी वोट मिले। कुल मिलाकर महागठबंधन को 41.9 फीसदी वोट शेयर के साथ स्पष्ट बढ़त मिली थी।

लेकिन 2020 का चुनावी परिदृश्य काफी बदला हुआ था। जेडीयू इस बार बीजेपी के साथ एनडीए में शामिल हो चुकी थी, जिससे चुनावी समीकरण बदल गए। बीजेपी को 74 सीटें और 19.5 फीसदी वोट, जेडीयू को 43 सीटें और 15.4 फीसदी वोट मिले। एलजेपी को भले ही केवल एक सीट मिली, लेकिन उसने 5.6 फीसदी वोट हासिल कर कई सीटों पर महागठबंधन को नुकसान पहुंचाया। वहीं, आरजेडी ने 75 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा पाया और 23.1 फीसदी वोट हासिल किए। कांग्रेस को 19 सीटें और 9.5 फीसदी वोट मिले, जबकि वामपंथी दलों ने 16 सीटें जीतकर गठबंधन को मजबूत किया। लेकिन कुल मिलाकर महागठबंधन का वोट शेयर 37 फीसदी रहा, जबकि एनडीए को 37.3 फीसदी वोट मिले। मात्र 0.3 फीसदी के अंतर ने सरकार बनाने का मौका एनडीए को दे दिया। इन आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि बिहार की राजनीति में 1-2 फीसदी वोट का हेरफेर भी सत्ता का रुख बदल सकता है। यही वजह है कि प्रशांत किशोर और ओवैसी की पार्टियों की सक्रियता महागठबंधन के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है। प्रशांत किशोर ने अपनी राजनीतिक यात्रा जन सुराज के नारे से शुरू की है, जिसमें दावा किया गया है कि उम्मीदवारों का चयन गांव-गांव जाकर लोगों की राय से किया जाएगा। वे खुद को जाति और धर्म की राजनीति से अलग, एक नई किस्म की जन आधारित राजनीति का प्रतीक बताने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन बिहार जैसे राज्य में, जहाँ मतदान का फैसला अक्सर जाति, बिरादरी और धर्म के आधार पर होता है, वहाँ शुरुआत में ऐसे दलों को वही वोट मिलते हैं जो आमतौर पर बीजेपी के विरोधी यानी सैकुलर वोट माने जाते हैं। अगर जन सुराज 5 से 7 फीसदी वोट भी हासिल कर लेती है तो यह ज्यादातर वे वोट होंगे जो महागठबंधन को मिल सकते थे, और इससे बीजेपी को सीधा लाभ होगा।

दूसरी ओर एआईएमआईएम की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। 2020 में ओवैसी की पार्टी ने सीमांचल क्षेत्र में पांच सीटें जीतकर सबको चौंका दिया था। सीमांचल में मुस्लिम आबादी का अनुपात अधिक है और यहाँ के मुद्दे बाकी बिहार से अलग हैं। ओवैसी ने इन मुद्दों को उठाया और मुस्लिम वोटरों में अपनी जगह बनाई। हालाँकि बाद में उनके कुछ विधायक आरजेडी में शामिल हो गए, लेकिन यह साबित हो गया कि एआईएमआईएम मुस्लिम वोट पर प्रभाव डालने की क्षमता रखती है। अगर आने वाले चुनावों में एआईएमआईएम सीमांचल और अन्य मुस्लिम बहुल इलाकों में फिर से सक्रिय होती है, तो आरजेडी और कांग्रेस को मुस्लिम वोटों के बिखराव से भारी नुकसान हो सकता है, क्योंकि यही वोट महागठबंधन की रीढ़ रहे हैं। तेजस्वी यादव ने पहले भी स्पष्ट रूप से एआईएमआईएम को महागठबंधन में शामिल करने से इनकार किया था। उनके अनुसार ओवैसी की पार्टी सैकुलर वोट को विभाजित करती है और अंततः इसका फायदा बीजेपी को मिलता है। यह बात 2020 के नतीजों से भी प्रमाणित होती है, जहाँ सीमांचल की कई सीटों पर एआईएमआईएम उम्मीदवारों ने इतने वोट ले लिए कि अगर वही वोट आरजेडी या कांग्रेस को मिलते, तो जीत महागठबंधन की होती। तेजस्वी यादव की रणनीति मुस्लिम वोटों को एकजुट रखने की है और किसी अन्य सैकुलर या धार्मिक पार्टी को इस क्षेत्र में प्रवेश से रोकने की है। अब सवाल यह है कि बिहार के आगामी चुनाव में ये तमाम कारक किस तरह प्रभाव डालेंगे। यदि जन सुराज 5 से 10% वोट लेने में सफल होती है और एआईएमआईएम सीमांचल में अपनी पुरानी सफलता दोहराती है, तो महागठबंधन की राहें मुश्किल हो जाएंगी। फिलहाल महागठबंधन की सबसे बड़ी उम्मीद यही है कि उसके वोटरों में बीजेपी विरोधी भावना अब भी मजबूत है।

# 'द रेमंड शॉप' का डीआईजी ने फीता काटकर किया भव्य उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़** शहर के बड़ा देव स्थित महिला अस्पताल के सामने ब्रांडेड कपड़ों के नए शोरूम 'डी रेमंड शॉप' का भव्य उद्घाटन हुआ पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) आजमगढ़ रेंज सुनील कुमार सिंह तथा संस्थान के प्रोपराइटर आशुतोष रुंगटा की माता जगदंबा रुंगटा ने फीता काटकर और विधिवत पूजन अर्चन के बीच इस शोरूम का शुभारंभ किया उद्घाटन के अवसर पर पहुंचे डीआईजी सुनील कुमार सिंह का आशुतोष रुंगटा परितोष रुंगटा और शिरीष रुंगटा ने माल्यार्पण एवं बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया मंत्रोच्चारण के बीच पूरे श्रद्धामय वातावरण में उद्घाटन संपन्न हुआ और उपस्थित लोगों ने इस नए शोरूम का अवलोकन किया। रेमंड ब्रांड के इतिहास और विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यह कंपनी पिछले 100 वर्षों से देश और विदेशों में अपनी उत्कृष्ट गुणवत्ता और सेवाओं के कारण ग्राहकों का विश्वास अर्जित कर चुकी है आजमगढ़ में खुला यह शोरूम उपभोक्ताओं को शूटिंग शर्टिंग रेंज रेडीमेड पैंट शर्ट लोवर टी शर्ट अंडरगारमेंट्स बेडशीट्स सहित ब्रांडेड प्रोडक्ट्स की विस्तृत श्रृंखला एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराएगा। उद्घाटन दिवस पर प्रथम खरीदार बने शहर के लाइफ लाइन हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ पीयूष कुमार सिंह उन्होंने कहा कि रेमंड अपने आप में एक बड़ा ब्रांड है और यह हर क्षेत्र में नए बदलाव और नवाचार करता रहा है हालांकि इसकी गुणवत्ता से वह पहले से परिचित थे लेकिन इस शोरूम में उन्हें कुछ अलग और विशेष अनुभव हुआ और उन्होंने इसके संचालकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। कंपनी से आए यूपी हेड तनम भार्गव और अलौकिक सिंह ने बताया कि उद्घाटन के अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर रखा गया है जिसके तहत एक सप्ताह तक पैंट और शर्ट की सिलाई मात्र 99 रुपये में उपलब्ध रहेगी उन्होंने कहा कि रेमंड कोई नया नाम नहीं बल्कि गुणवत्ता और भरोसे का प्रतीक है आजमगढ़ में खुला यह शोरूम उपभोक्ताओं के लिए एक नया कीर्तिमान साबित होगा। शोरूम के प्रोपराइटर परितोष रुंगटा और उनके बड़े भाई आशुतोष रुंगटा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि रेमंड हमेशा से अपने ग्राहकों को कम से कम मूल्य में बेहतरीन क्वालिटी उपलब्ध कराने का प्रयास करता रहा है आजमगढ़ का यह शोरूम भी जल्द ही उपभोक्ताओं के बीच अपनी गुणवत्ता और सेवा के कारण लोकप्रियता हासिल करेगा। इस अवसर पर कंपनी से आए सलीम सिद्दीकी संदीप मिश्रा मनोज विक्रम मल्हार सहित शहर और जिले के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे जिनमें विधान परिषद सदस्य यशवंत कुमार सिंह सदर विधायक दुर्गा प्रसाद यादव गोपालपुर विधायक नफीस अहमद पूर्व विधायक श्याम बहादुर यादव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विक्रम बहादुर सिंह डॉक्टर भक्त वत्सल राजेश सिंह भोला अरविंद कुमार अग्रवाल कमल अग्रवाल चिंटू खंडेलिया मुन्ना नंदकुमार सिंह नंदू जिला पंचायत अध्यक्ष विजय यादव गौरव अग्रवाल ओमप्रकाश अग्रवाल अंशु गोयल अमित गोयल सुधीर अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में प्रतिष्ठित नागरिक व्यापारी चिकित्सक और समाजसेवी मौजूद रहे। इस प्रकार आजमगढ़ में 'डी रेमंड शॉप' का उद्घाटन न केवल व्यापारिक दृष्टि से अहम साबित हुआ बल्कि इसने शहरवासियों को एक नए स्तर का फैशन डेस्टिनेशन भी प्रदान किया

## देवी दुर्गा की चौकी व डांडिया उत्सव का आयोजन

**आजमगढ़।** शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर भारत विकास परिषद इलिट शाखा के तत्वाधान में शहर के अग्रसेन डिग्री कॉलेज में देवी दुर्गा की चौकी एवं डांडिया उत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के सनातनी बंधुओं ने मां के दरबार में हाजिरी लगाई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां की चौकी सजाकर ज्योत जलाकर मेवा मिश्री का भोग लगा। जिसके बाद गायक सौरभ श्रीवास्तव एंड ग्रुप ने एक से बढ़कर एक देवी मां के भक्ति गीतों की ऐसी शानदार प्रस्तुति दी की सभी भक्त झूमने पर विवश हो उठे। देवी मां को प्रसन्न करने के लिए गरबा डांडिया का भी आयोजन हुआ। जिसमें रंग बिरंगे परिधानों में समाज की महिलाओं, पुरुषों और बच्चियां ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। मां के जयकारों से पूरा प्रांगण गूंज उठा। देर रात मां की भव्य आरती और भव्य भंडारे के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम आयोजक शाखा अध्यक्ष रमेश अग्रवाल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व उनके लिए आस्था और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। यह केवल नृत्य नहीं बल्कि समाज को एकजुट करता है।

# स्नातक एमएलसी चुनाव में सर्वाधिक सीटों पर होगी सपा की जीत: श्यामलाल पाल

**अवधनामा संवाददाता**

■ यमुनापार के दर्जनों प्रभावशाली लोग सपा में शामिल हुए

**प्रयागराज।** विधान परिषद की इलाहाबाद -झाँसी स्नातक सीट पर हर हाल में समाजवादी पार्टी का कब्ज़ा बरकरार रखने के लिये जी जान लगाकर जुटे पार्टी कार्यकर्ताओं की आज अंदावा कार्यालय में हुई एक बैठक में सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि हर एक कार्यकर्ताओं को अपने को अखिलेश यादव मानकर पूरी ताकत से जुटना होगा।

सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश भर में विधानपरिषद की कुल 11सीटों पर चुनाव की घोषणा हो चुकी है जिसके लिये कल एक अक्टूबर से ही मतदाता बनने के लिये फार्म तहसीलों में जमा होंगे। उन्होंने दावा किया कि 6 शिक्षक एवं 5 स्नातक कुल 11सीटों पर होने वाले चुनाव में अबकी बार सर्वाधिक सीटों पर सपा की जीत होगी। यह चुनाव विधानपरिषद में नेता प्रतिपक्ष की सीट पर सपा का कब्ज़ा बरकरार रखने तथा बहुमत बनाये का तो होगा ही साथ में आगामी 2027में होने वाले प्रदेश के आम चुनाव में तख्ता पलट का सन्देश भी देगा।

एमएलसी डॉ मानसिंह यादव ने बेरोजगारों, शिक्षा मित्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों सहित आम जनमानस के मुद्दों पर हमेशा सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करते रहने के वादे को दोहराते हुए कहा कि पार्टी माँ के समान होती है इसके साथ गद्दारी करना मेरे खून में नहीं है।

सपा आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजू पासी के नेतृत्व में दर्जनों लोगो ने प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल एवं एमएलसी डॉ मानसिंह यादव के समक्ष सपा में शामिल होने की घोषणा की। जिसमें कई विद्यालयों के प्रबंधक, शिक्षक एवं समाजसेवी शामिल हैं।

सपा में शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से अश्विनी कुमार, राजेशकुमार, सुग्रीव कुमार, ज्ञान चंद्र पाल, मिथिलेश कुमार, प्रो. डॉ राकेश सरोज, राजकुमार भारती, सुनील कुमार, सत्येंद्र बहादुर, विकास भारती, राजेश सिंह, बालेन्द्र सिंह, बालवंत सिंह,सूबेदार पासी, अनिरुद्ध यादव, परवेज आलम आदि लोग हैं।

इस मौके पर सपा शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ एस. पी. सिंह पटेल,जंग बहादुर पटेल, जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, राम मिलन यादव, श्रीमती मालती यादव, पप्पू यादव, पूरन पासी, महबूब उस्मानी, दूधनाथ पटेल, दान बहादुर मधुर, शांति प्रकाश पटेल, वकार अहमद,नन्द लाल पटेल, श्रीकांत यादव, सुधीर गुप्ता, तेज बहादुर भारतीय, सुरेश यादव, नाटे चौधरी, मनीष यादव, मो हामिद, सचिन श्रीवास्तव, जगदीश यादव, सऊद अहमद, राम प्रताप, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# पलसों मे निकली प्रभु राम की बारात, मनमोहक रही झाकियों



**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जनपद के तहसील गोवर्धन अंतर्गत गांव पलसो में बेंड बाजों की सुर लहरियों पर भगवान श्री राम की भव्य बारात निकली जिसमे प्राचीन आदर्श रामलीला कमेटी के सदस्य भगवान राम की बारात मे शामिल हुये, राम बारात घड़ी तिराहे से शुरू होकर गाँव की परिक्रमा लगाते हुये मंदिर पर पहुंची जहाँ गांव मे ही चल रही दूसरी रामलीला के मंच पर भगवान श्री राम व अन्य सभी बरातियों का भव्य स्वागत किया गया। बारात मे घोड़ों पर सवार दूल्हा बने प्रभु राम व उनके भाई भरत लक्ष्मण सत्रुघ्न सहित भगवान गणेश शिव पार्वती माता दुर्गा गुरु वशिष्ठ व अन्य मनमोहक झाकियों को निहारने के लिये गांव की गलियों पर जनता का हुजूम उमड़ पड़ा साथ बेंड व डीजे पर भी रामबारात मे चल रहे बाराती झूमते हुये नजर आये, रामबारात मे जयदेव प्रधान दुर्गा ठेकेदार राधाकृष्ण डीलर श्रीचंद्र शर्मा भगवत शर्मा माधव विष्णु पटेल अतीत पंकज दाऊदयाल मास्टर जगमोहन दीपक शर्मा लखन व्यास रम्मो नेता भूदेव शर्मा शंकर लाल हरदयाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एडवाइजरी नहीं, एक्शन चाहिए सिस्टम चाहिए : मधुवन दत्त चतुर्वेदी

**मथुरा।** आई ओ सी एल मथुरा रिफाइनरी ने सभी ठेकेदारों को एडवाइजरी जारी कर पहली बार सख्त हिदायतें और चेतावनी दी है कि यदि संविदा श्रमिकों के नियोजन और प्रबंधों में अवैध तरीकों की शिकायत मिली तो उनके विरुद्ध ठेका निरस्ती और ब्लैक लिस्टिंग जैसे कदमों के साथ साथ अन्य कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी । इस पर पेट्रोलियम वर्कर्स यूनियन कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स मथुरा रिफाइनरी यूनिट के अध्यक्ष मधुवन दत्त चतुर्वेदी एडवोकेट ने रिफाइनरी मुख्यद्वार पर संविदा श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि जानलेवा हो चुकी पारिश्रमिक लूट की प्रथा पर सुभाषितानी नहीं सुननी है , एक्शन और सिस्टम की जरूरत है । मधुवन दत्त चतुर्वेदी ने स्पष्ट कहा कि बिना सेवा सुरक्षा के लिखित अनुबंध और स्टेटिक - नॉन स्टेटिक का भेद निवारण किए रिफाइनरी की शुचिता बहाल नहीं की जा सकती है।

# चित्रकार द्वारिका आनंद को मिला 'यूपी रत्न सम्मान'

**अवधनामा संवाददाता**

**वृन्दावन (मथुरा)।** प्रख्यात चित्रकार व मुक्तानंद चित्रवीथि के संस्थापक द्वारिका आनंद को कला के क्षेत्र में दी गई उनकी अविस्मरणीय सेवाओं के लिए लखनऊ के गोमती नगर स्थित सी.एम.एस. के ऑडिटोरियम में ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस ऑफ इंटलेक्टुअलस (ए.आई.सी.ओ.आई.) के 47वाँ वार्षिक समारोह में ÷यूपी रत्न÷ सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें समारोह के अध्यक्ष नैनीताल हाईकोर्ट की लोक अदालत के न्यायाधीश, उत्तराखंड आर्बीट्रेशन काउंसिल के चेयरमैन जस्टिस राजेश टंडन, मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व उप-मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, प्रयागराज उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस राकेश शर्मा, ए.आई.सी.ओ.आई. के राष्ट्रीय महासचिव व सर्वोच्च न्यायालय के



वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश निधि शर्मा एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी व प्रख्यात समाजसेवी देवदत्त शर्मा (रिटायर्ड आई.ए.एस.) व ए.आई.सी.ओ.आई के उपाध्यक्ष डॉ. एस. फारुख आदि ने संयुक्त रूप से पगड़ी पहनाकर व प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र आदि भेंट करके प्रदान किया। समारोह के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रदेश की एक दर्जन से भी अधिक विभूतियों को भी सम्मानित करके उन्हें 'यूपी रत्न' की उपाधि प्रदान की गई।

## शिक्षकों की समस्त समस्याओं का निराकरण करें नवागत बीएसए : शिक्षक संघ

**मथुरा।** जनपद मथुरा की नवनियुक्त बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती रतन कीर्ति से जिलाध्यक्ष लोकेश गोस्वामी उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद मथुरा के नेतृत्व में संगठन की जनपदीय टीम द्वारा औपचारिक भेंट व प्रथम परिचय किया गया। इस दौरान नव नियुक्त बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री मती रत्नकीर्ति द्वारा कहा गया कि शिक्षकों की सभी लंबित समस्याओं का निराकरण शीघ्र बिना किसी भेदभाव के किया जाएगा। जिलाध्यक्ष द्वारा नवनियुक्त बेसिक शिक्षा अधिकारी मैडम से कहा गया कि किसी भी स्तर पर शिक्षकों का शोषण नहीं होना चाहिए। महिलाओं की सीसीएल मेडिकल मैटरनिटी एवं सभी शिक्षकों के एरियर आदि का ब्लॉक एवं जिला स्तर से अविलंब स्वीकृत होनी चाहिए। जिलामंत्री बलबीर चौधरी ने सभी शिक्षकों का परिचय बेसिक शिक्षा अधिकारी मैडम से करवाया एवं साथ ही कहा कि जनपद की प्रमुख लंबित मांग चयन और प्रोन्नत वेतनमान सूची शीघ्र जारी हो।

## संक्षिप्त समाचार

### नज़र बंद किए जाने की शिकायत



**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने पार्टी के पदाधिकारियों को नज़र बंद किए जाने की शिकायत उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग में की है जिस पर आयोग ने केस दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है आजाद अधिकार सेना के पदाधिकारियों का प्रतिनिधि मंडल शांति के साथ में बरेली की घटना की जानकारी लेना चाहता था लेकिन बुलंदशहर में देवेंद्र सिंह और संभल में खिजर गौस जरीफ मिर्जा को पुलिस ने नज़र बंद किया पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस की शिकायत उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग मे की जिस पर आयोग ने केस दर्ज किया है।

### मिशन शक्ति (फेज-5) : कन्या पूजन का आयोजन



**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चन्द्र ने अवगत कराया है कि मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र, सदर बाज़ार, मथुरा में कन्या पूजन का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नारी शक्ति के सम्मान और बालिकाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। मिशन शक्ति उत्तर प्रदेश सरकार का एक महत्वपूर्ण अभियान है, जिसका लक्ष्य महिलाओं और बेटियों को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन प्रदान करना है। इस विशेष आयोजन में कई छोटी कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनकी पूजा की गई। कन्याओं के पैर धोए गए, उन्हें तिलक लगाकर चुनरी ओढ़ाई गई और उपहार स्वरूप भेंट प्रदान की गईं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्थानीय महिलाओं और गणमान्य व्यक्तियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### सत्यम की गेंदबाजी से फोर्ड स्कूल बी को मिली जीत

**प्रयागराज।** फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब बी ने फोर्ड स्कूल क्रिकेट सीरीज में फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब ए को सात विकेट से हराकर सीरीज में एक शून्य से बढ़त बनाई हैं। इस जीत में सत्यम सरोज ने ( 4.5 - 0 - 4 - 2 ) कर अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। मंगलवार को फोर्ड स्कूल मैदान पर फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरी टीम 21.5 ओवर में महज 65 रन ( आनंद 11 रन, सत्यम सरोज 2/04, शिवांश सिंह 2/06, शिवम सरोज 2/11, हर्षित दुबे 1/13, प्रवीण यादव 1/19 ) पर बिखर गई। जवाब में फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब बी की टीम ने 9.1 ओवर में तीन विकेट पर 66 रन ( अभिमन्यु सिंह 22 नाबाद, आयुष सरोज 19 रन, आदित्य निषाद 1/09, शुभ शुक्ला 1/08 ) पर बना लिए।

### मजलिस-ए-चेहल्लुम पांच को

**प्रयागराज।** मरहूमा शाहेदा बीबी बिन्ते मरहूम हसन रजा, के इसाले सवाब के लिये मजलिस ए चेहल्लुम का आयोजन आगामी पांच अक्टूबर को सुबह 10 बजे से दरियाबाद स्थित इमामबाड़ा अरबअली खां में किया जायेगा। मजलिस की शुरुआत मीर ए मुकद्दस पैगाम शेराजी की पेशख्वानी से होगी। इसके बाद शुज़ा मिर्जा और रियाज मिर्जा सोजख्वानी करेंगे। जबकि हज्जतुल इस्लाम मौलाना सैयद नजर मोहम्मद जैनबी दिल्ली, मजलिस को खिताब करेंगे। अंजुमन हाशिमिया दरियाबाद मातम का नजराना पेश करेगी। मजलिस की निजामत बहलोल ए हिन्द आफताबे निजामत नजीब इलाहाबादी करेंगे। इसी क्रम में महिलाओं की मजलिस इमामबाड़ा अरबअली खां दरियाबाद, में दोपहर 2 बजे से होगी जिसे हिना फातिमा करारी कौशांबी खिताब करेंगी। मर्दानी मजलिस का सीधा प्रसारण यू ट्यूब पर ग्राफ एजेंसी लखनऊ और द प्रॉमिस मेहंदी चैनल प्रयागराज, पर किया जायेगा।

# कुरेश कांन्फ्रेंस की पहल रंग लाई 11 नवंबर को दो जोड़ें करेंगे सादगी के साथ शादी

**अवधनामा संवाददाता**




**संभल।** कुरेश कॉन्फ्रेंस रजिस्टर्ड पश्चिमी उत्तर प्रदेश के परिचय सम्मेलन में निकाह को आसान बनाने शिक्षा का सशक्तिकरण कानूनी तौर पर कारोबार करने खिदमत खल्क जैसे विश्व पर हुई खुलकर चर्चा। बेहतरीन की उस्मान पैलेस और संभल में डूंगर सराय स्थित मुसाफिर खाने वाले मदरसे में कुरे श कॉन्फ्रेंस में सामाजिक बुराइयों को दूर करने एवं निकाह को आसान बनाने और शिक्षा के सशक्तिकरण के साथ मानव सेवा पर बल देते हुए कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में हाफिज मोहम्मद माज कुरैशी ने तिलावत की मुख्य अतिथि मोहम्मद आशिक़ीन कुरैशी ने कहा कुरैश कॉन्फ्रेंस पिछले 3 वर्षो से शिक्षा के सशक्तिकरण महिला सशक्तिकरण एवं सामूहिक शादियों को करने और बिरादरी के कारोबारी मसाइल को हल करने के लिए कोशिश करती आ रही है। उन्होंने कहा देश के सभी प्रदेशों में हम बिरादरी के लिए एकल विंडो सिस्टम लागू करने की कोशिश में लगे हुए हैं। जहां से बिरादरी के लाइसेंस बनवाना या नवीनीकरण करना आसान हो सके। हम सभी प्रदेशों में मीट वोट के गठन के लिए भी प्रयासरत है। विशिष्ट अतिथि एडवोकेट शराफत हुसैन कुरैशी ने कहा कोई भी ब्रदर बिना लाइसेंस के नीट का कारोबार ना करें कानून का पालन करें जो गाइडलाइन दी गई है उसके अनुसार कम करें पुलिस आपको परेशान नहीं करेगी। बिचौलियों और दलालों से सावधान रहे अपना काम खुद ऑफिस जाकर करवाए। मुफ्ती मोहम्मद इरफान कुरैशी ने कहा निकाह आसान था है और रहेगा इसको मुश्किल हम लोगों ने बनाया। इस्लाम में दहेज का कोई जिक्र नहीं है। अपनी बेटियों को उनका हक दो दहेज भात छुचक नहीं निकाह को आसान बना कर आसानी पैदा कीजिए सुन्नतों पर अमल करें और खाने को बैठकर खाएं। डॉ राशिद अहमद कुरैशी ने कहा। उन शादियों में शिरकत मत करो जहां रस्मों को खुलेआम किया जा रहा हो। अपने बच्चों की शिक्षा पर खर्च करो।

## संतुलित भोजन और नियमित व्यायाम से करे! हृदय की सुरक्षा

**गाजीपुर।** हर साल 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद पर एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन अधीक्षक डॉक्टर आशीष राय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें विश्व हृदय दिवस मनाया जाने की प्रासंगिकता और इससे होने वाले नुकसान के बारे में चर्चा की गई।

वही आयुष्मान आरोग्य मंदिर में तैनात सीएचओ के द्वारा आए हुए मरीजों का जांच भी किया गया।अधीक्षक डॉ आशीष राय द्वारा हृदय संबंधी रोगों को बढ़ावा देने वाले कारकों जैसे उच्च रक्तचाप, अधिक वजन और मोटापा, तनाव, मधुमेह, तम्बाकू का उपयोग , शारीरिक निष्क्रियता इत्यादि से बचने के साथ ही अगर हृदय रोग से ग्रसित है तो समय समय चिकित्सक के द्वारा दिए जाने वाले परामर्श एवं दवा के साथ साथ अपनी नियमित दिनचर्या को नियमित एवं नियंत्रित करने की सलाह दी गई।

# थानों के नोटिस बोर्ड पर अभियुक्त की जाति का न किया जाए उल्लेख

**अवधनामा संवाददाता**

■ जातिगत क्षेत्र या जागीर घोषित करने वाले साईनबोर्डस या घोषणाओं को तत्काल हटाया जाए

**सम्भल (बहजोई)।** एक सर्वसमावेशी, संवैधानिक मूल्यों के अनुकूल व्यवस्था उत्तर प्रदेश सरकार की घोषित नीति है। समाज में व्याप्त विभेदकारी प्रवृत्तियों के उन्मूलन के दृष्टिगत पुलिस अभिलेख एवं सार्वजनिक संकेतों में जाति आधारित अंकन एवं प्रदर्शन रोकने के लिए तथा जातीय प्रदर्शनों द्वारा जातीय संघर्ष को प्रेरित करने वाले तत्वों के विरुद्ध शासन के निर्देशों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

उच्च न्यायालय इलाहाबाद के दिनांक 16 सितम्बर को क्रिमिनल मिस. अप्लीकेशन 482 संख्या-31545/2024 प्रवीण छेत्री बनाम उ.प्र. राज्य व अन्य में दिए आदेश के क्रम में शासन द्वारा निम्नलिखित दिशा निर्देश निर्गत किये गये- सीसीटीएनएस पोर्टल पर प्रयोग किये जा रहे प्रारुपों में अभियुक्तों की जाति अंकित करने संबंधी फील्ड को डिलीट करने तथा अभियुक्त के पिता के नाम के साथ माता का नाम भी अंकित किये जाने हेतु सीसीटीएनएस पोर्टल में आवश्यक व्यवस्था करने हेतु एनसीआरबी से पत्राचार किया जाए। एनसीआरबी द्वारा सीसीटीएनएस में उपरोक्त व्यवस्था किये जाने तक डेटा प्रविष्टि करने वाले सभी कार्मिकों द्वारा सीसीटीएनएस में जाति संबंधी सूचना अंकित करने के गैर अनिवार्य को बिना भरे खाली छोड़ दिया जाए। थानों में नोटिस बोर्ड्स पर अभियुक्तों के नाम के साथ उनकी जाति का उल्लेख न किया जाए। बरामदगी, पंचनामा, गिरफ्तारी मेमो तथा व्यक्तिगत तलाशी मेमो आदि में भी अभियुक्त की जाति का उल्लेख न किया जाए।

# परिचालन दर्पण पुस्तक का विमोचन



**अवधनामा संवाददाता**

**गाजीपुर।** साहित्य चेतना समाज के तत्वावधान में चेतना-प्रवाह कार्यक्रम के अन्तर्गत क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान के सभाकक्ष में राजभाषा पखवाड़ा के समापन समारोह में कवि-सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस मौके पर प्रशिक्षण संस्थान के पुरुष छात्रावास का नामकरण रामधारी सिंह दिनकर छात्रावास एवं महिला छात्रावास का नामकरण सुभद्रा कुमारी चौहान छात्रावास करने की घोषणा की। मुख्य अनुदेशक/प्रशिक्षण अरुण कुमार पाल द्वारा लिखित परिचालन दर्पण पुस्तक का विमोचन हुआ। मुख्य अतिथि सुबोध कुमार सिंह ने अपने सारगर्भित वक्तव्य में इस पुस्तक के महत्त्व को रेखांकित करते हुए हिन्दी के उत्थान में ऐसे ही साहित्यिक कार्यक्रमों की सततता एवं अनिवार्यता पर जोर दिया। कावि-सम्मेलन में महाकवि कामेश्वर द्विवेदी, डॉ.सन्तोष कुमार तिवारी, गीतकार हरिशंकर पाण्डेय, नगर के वरिष्ठ शायर कुमार नागेश, वरिष्ठ शायर हन्टर ग़ाज़ीपुरी, दिनेश चन्द्र शर्मा, साहित्य चेतना समाज के संस्थापक एवं वरिष्ठ व्यंग्यकार अमरनाथ तिवारी अमर, प्रशिक्षण संस्थान के अनुदेशक सुनील सिंह,युवा व्यंग्य-कवि आशुतोष श्रीवास्तव एवं युवा कवि मनोज यादव बेफिक्र ने सरस काव्यपाठ से श्रोताओं को रससिक्त कर दिया। कवि-गोष्ठी की अध्यक्षता महाकवि कामेश्वर द्विवेदी ने की। आरंभिक संचालन अनुदेशक सुनील सिंह एवं कवि-सम्मेलन का संचालन सुपरिचित नवगीतकार डॉ. अक्षय पाण्डेय ने किया।

## सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति अधिकाधिक जागरूक करें : डीएम

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई संपन्न। यातायात नियमों का अनुपालन कराने तथा आम-जनमानस को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति अधिकाधिक जागरूक करने हेतु जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल देते हुए निर्देशित किया कि सभी विद्यालय प्रबंधक अपने वाहन चालकों का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण तथा पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से कराएं। स्कूली वाहनों की फिटनेस की नियमित जांच सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को न बैठाया जाए। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे विद्यालयों द्वारा संचालित वाहनों की समय-समय पर जांच करें।

# दानेदार उर्वरकों के स्थान पर नैनो यूरिया प्लस और नैनो डीएपी का प्रयोग करें



**अवधनामा संवाददाता**

■ किसान दिवस कार्यक्रम : किसानों को दी गई नई-नई जानकारियां

**मथुरा।** जनपद मथुरा के ब्लॉक फरह अंतर्गत ग्राम विशू में किसान दिवस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. योगेश कुमार शर्मा, अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र, दुवासु मथुरा रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में सतबीर सिंह उप क्षेत्र प्रबंधक, इफको, राहुल मिश्रा बिक्री अधिकारी, इफको बाजार मंडी, एसएफए हॉटस्पॉट), दुर्गापाल सिंह एवं एमडीई कुलदीप चतुर्वेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रगतिशील कृषक थान सिंह ने की। उप क्षेत्र प्रबंधक, इफको द्वारा उपस्थित किसानों एवं अधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उन्होंने किसानों को खेती की नवीनतम तकनीकों तथा इफको नैनो उर्वरकों के लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। विशेष रूप से उन्होंने किसानों को सलाह दी कि दानेदार उर्वरकों के स्थान पर नैनो यूरिया प्लस और नैनो डीएपी का प्रयोग करें, जिससे न केवल लागत में कमी आती है बल्कि पैदावार भी अधिक होती है तथा मृदा की उर्वरा शक्ति भी संरक्षित रहती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. योगेश कुमार शर्मा ने किसानों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया तथा उन्हें वैज्ञानिक पद्धतियों एवं नैनो उर्वरकों के प्रयोग की उपयोगिता से अवगत कराया। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी फसलों में नैनो डीएपी और नैनो यूरिया का प्रयोग अवश्य करें ताकि कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सके। इफको बाजार मंडी के बिक्री अधिकारी द्वारा नैनो उर्वरकों की प्रयोग विधि, लाभ एवं सावधानियों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।

# बिलग्राम की छात्रा कोमल बनीं 'एक दिन की थाना प्रभारी'



**अवधनामा संवाददाता**

**बिलग्राम।** महिला सशक्तिकरण और बालिकाओं में आत्मविश्वास जगाने के उद्देश्य से चल रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत सोमवार को थाना बिलग्राम में एक अनूठा आयोजन हुआ। पंडित जगन्नाथ प्रसाद अग्निहोत्री इंटर कॉलेज की छात्रा कोमल यादव, पुत्री स्वर्गीय श्री दिनेश यादव, को 'एक दिन का थाना प्रभारी' बनाया गया।

थाना प्रभारी की जिम्मेदारी संभालते हुए कोमल यादव ने जनसुनवाई में भाग लिया और लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने थाना स्तर पर संचालित विभिन्न कार्यों जैसे बैंक चेकिंग, आईजीआरएस जनसुनवाई, साइबर सेल व अभिलेख प्रबंधन की जानकारी ली। इतना ही नहीं, एक प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु पुनर्लेखन का आदेश भी दिया। इस दौरान थाना परिसर में एक सकारात्मक माहौल देखने को मिला, जब छात्रा ने पूरे आत्मविश्वास के साथ पुलिस की भूमिका निभाई। उपस्थित लोग छात्रा की गंभीरता और जिम्मेदारी निभाने की शैली से प्रभावित दिखे। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी बिलग्राम रवि प्रकाश सिंह, कोतवाल अरविंद कुमार राय, मिशन शक्ति प्रभारी अजय तोमर सहित बड़ी संख्या में छात्राएं भी मौजूद रहीं।

# विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण में विज्ञान की जटिलताओं को समझा



■ चिड़ियाघर, साइंस सिटी और जुरासिक पार्क का दौरा किया

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जनपद कन्नौज के नगर गुरसहायगंज में गुरुकुल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने एक शैक्षिक भ्रमण के तहत चिड़ियाघर, साइंस सिटी और जुरासिक पार्क का दौरा किया। इस यात्रा का मकसद बच्चों को प्रकृति, विज्ञान और प्रागैतिहासिक जीवों के बारे में जीवंत ज्ञान देना था।

चिड़ियाघर में छात्रों ने विभिन्न जीव-जंतुओं को देखा और उनके प्राकृतिक पर्यावरण के बारे में जाना। वहां के कर्मचारियों ने बच्चों को जानवरों के संरक्षण और उनकी देखभाल के महत्व के बारे में भी बताया। साइंस सिटी में बच्चों ने वैज्ञानिक प्रयोगों को नजदीक से देखा और विभिन्न प्रदर्शनी के माध्यम से विज्ञान की जटिलताओं को रोचक तरीके से समझा। इसने छात्रों के विज्ञान के प्रति उत्साह को और बढ़ावा दिया। जुरासिक पार्क में रोबोटिक डायनासोर और प्राचीन जीवों की प्रदर्शनी ने बच्चों को प्रागैतिहासिक युग की झलक दिखाई। बच्चों ने इतिहास और विज्ञान के मजेदार संगम का अनुभव किया। स्कूल के शिक्षक और गाइड छात्रों के साथ थे, जिन्होंने यात्रा को शिक्षाप्रद और मनोरंजक बनाया। इस तरह की यात्राएं छात्रों के ज्ञान और अनुभव को बढ़ाती हैं और उन्हें अपनी पढ़ाई में रुचि जगाती हैं। इस दौरान स्कूल के रमन सिंह, अभय कुशवाहा, इच्छा, आर्यन, नैतिक गुप्ता, अंशिका शंखवार, प्रतीक गुप्ता, अनमोल, अंश, ओम गुप्ता, स्तुति, अद्वित्य, रुद्र प्रताप, अनन्या मिश्र, नव्या श्रीवास्तव, अरनब श्रीवास्तव के अलावा विद्यालय के आरजू शाक्य, अमन कुमार, मुदित द्विवेदी, खुशी गुप्ता, दिव्या अरोड़ा, सेजल, स्वाती सिंह आदि विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिका साथ रहीं।

# पालिका 156 घण्टे का चला रही महा सफाई अभियान



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** राष्ट्रव्यापी स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत पालिका द्वारा दिनांक 17 सितम्बर से लगातार सफाई कार्य के साथ साथ विभिन्न गतिविधियां जैसे जागरूकता कार्यक्रम, विद्यालयों में प्रतियोगिता, स्वच्छता रैली आदि कार्यक्रम करवाये जा रहे हैं।

उक्त अभियान के अन्तर्गत ही दिनांक 25 सितम्बर से लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है जिसमें रात्रि के दौरान भी कर्मचारियों की टीम बनाकर 8-8 घण्टों की शिफ्ट के हिसाब से लगातार सफाई कार्य जा रही है। इस अभियान की समीक्षा हेतु नगरीय निकाय निदेशालय, लखनऊ से टीम गठित है जो कि लगातार उक्त अभियान की मॉनिटरिंग कर रही है। 25 सितम्बर को रात्रि 3.30 बजे एवं 29 सितम्बर को रात्रि 09 बजे उच्चाधिकारियों द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुरसहायगंज के सफाई अभियान को देखा गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उक्त अभियान के दौरान पालिका द्वारा पूरे नगर में 210 सीटीयू (क्लीनीनेंस टॉर्गेट यूनिट) को चिन्हित किया गया जिनमें से 202 प्वाइंट की सफाई करवाई जा चुकी है एवं शेष पर कार्य जारी है।

## पालिका ने अभियान के दौरान जब्त की 500 ग्राम प्रतिबंधित सामग्री

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शाशन के निर्देश एवं जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के आदेश के अनुपालन में पालिका कर्मियों द्वारा देर सायंकाल पॉलीथीन प्रतिबन्धित अभियान चलाकर जहां एकओर प्रतिबंधित सामग्री जब्त की वहीं दूसरी ओर दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक से होने बाले नुकसान से अवगत कराते हुये कपडे के झोले प्रयोग करनें के लिये जागरूक किया।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार के निर्देश पर सोमवार देर सायंकाल पालिका कर्मियों द्वारा नगर के बाजार सहित अन्य प्रमुख मार्गो पर प्रतिबन्धित पॉलीथीन निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पालिका का प्रचार वाहन भी साथ रहा, जिसके माध्यम से आम नगारिकों को प्रतिबन्धित पॉलीथीन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक से बनी सामग्री का प्रयोग न किये जाने हेतु आम नागरिकों को जागरूक किया गया।

# महिला कर्मियों को हेल्पलाईनों के संबन्ध में जानकारी दी



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मिशन शक्ति अभियान फेज 0.5 के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे व निरीक्षक चन्द्र प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में पालिका सभागार में महिला सशक्तिकरण एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें पालिका की महिला कर्मचारियों को कोतवाली से आई महिला आरक्षियों ने महिला हेल्पलाइन, वुमेन पॉवर हेल्पलाइन आदि आवश्यक हेल्पलाइनों के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

मंगलवार को पालिका सभागार में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से एकत्र कर महिला सुरक्षा सम्मान तथा स्वावलंबन के बारे मे जानकारी दी गई तथा शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन 1090 व डायल 112 व ऑपरेशन कवच व 181 महिला हेल्पलाइन व 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व 1098 चाइल्ड लाइन व 155260 व 1930 साइबर क्राइम अपराध के बारे में उपस्थित समस्त महिला कर्मचारियों को जानकारी प्रदान की गई। इसके उपरांत महिला सफाई कर्मचारियों को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। इस दौरान पालिका प्रधान लिपिक वीर सिंह, आरपी सिंह, महिला आरक्षी अपूर्वा सिंह, रोशनी, प्रियंका, राखी, विजय एवं आरक्षी आशीष शर्मा तथा हेड कॉन्स्टेबल सुजीत कुमार, पालिका कर्मी पूजा तिवारी, फूलश्री, इन्द्रेश कुमारी, पूजा यादव, पुष्पा सहित महिला सफाई कर्मचारी- आशा देवी, बेबी, मीना, राजेश्वरी, नन्ही देवी,कोमल, लक्ष्मी, सुमित्रा, संजो देवी, रीना, सोनी, रूबी, सुमन, सुशीला, तुलसी, राजवती, सुनीता, माला, शोभा, आशा मौजूद रहीं।

## महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल दशहरा सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया

**आजमगढ़।** महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल तिवारीपुर, सिधारी में अष्टमी के पावन दिवस पर दशहरा सेलिब्रेशन का आयोजन हुआ । कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम विद्यालय प्रबंधक डीपी मौर्य, प्रधानाचार्य रामनयन मौर्य, उप-प्रधानाचार्य एस.एन. यादव ने प्रभु श्री राम लक्ष्मण एवं सीता जी के आरती के साथ प्रारंभ किया। तत्पश्चात बच्चों की मनमोहक झांकी श्री राम लक्ष्मण सीता एवं हनुमान जी के सजीव चित्रण ने सबका मन मोह लिया । विद्यालय के प्रबंधक डीपी मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को हमारी संस्कृति और परंपराओं का ज्ञान कराते हैं। उन्होंने जोर दिया कि इनसे बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। डीपी मौर्य ने बताया कि दशहरा हमें अच्छाई की बुराई पर विजय का संदेश देता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं उप प्रधानाचार्य ने भी बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की एवं सभी को अष्टमी और दशहरा की शुभकामनाएँ दीं। इस आयोजन को सफल बनाने में कोऑर्डिनेटर-आनंद मौर्य, दिनेश यादव, रामचरण मौर्य, प्रेमा यादव, आदित्य मिश्रा आदि शिक्षक व शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

# वक्फ बिल पर भारत बंद के आह्वान का एआइपीएमएम ने किया विरोध

■ भारत बंद का पूर्ण बहिष्कार, मुस्लिम समाज से अफवाहों में न आने की अपील

■ पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने कहा विरोध शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक तरीक़े से हो

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने 3 अक्टूबर 2025 को वक्फ (संशोधन) बिल 2025 के विरोध में भारत बंद का आह्वान किया है, जिसे सेव वक्फ, सेव कांस्टीट्यूशन अभियान का दूसरा चरण बताया गया है। ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ (एआइपीएमएम) इस बंद का स्पष्ट और कड़ा विरोध करता है तथा मुस्लिम समाज से अपील करता है कि वे ऐसी अपीलों और अफवाहों के बहकावे में न आएं। राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज़ हनीफ और सीईओ मुहम्मद युनुस ने अपने संयुक्त बयान में कहा ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड को यह बंद तुरंत रद्द करना चाहिए। हाल ही में आई लव मोहम्मद विवाद के बाद अफवाहें फैलाकर ग़रीब और अनपढ़ मुसलमानों को सड़कों पर लाने की ग़लती की गई थी, जिसका नतीजा जेल की सज़ा के रूप में सामने आया। हम नहीं चाहते कि ऐसी गैर-जिम्मेदाराना हरकतें दोबारा हों और समाज को नुकसान झेलना पड़े। उन्होंने कहा हम पसमांदा मुस्लिम समाज और सभी भारतीय मुसलमानों से अपील करते हैं कि किसी भी अफवाह, भड़काऊ बयान या संगठन के उकसावे में न आएं। अपनी जान, माल और कारोबार की सुरक्षा सबसे अहम है। विरोध दर्ज कराना हो तो उसे लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीक़े से ही किया जाना चाहिए। ऐसी घटनाएँ, जैसी पिछले जुमे को हुई, दोबारा न हों—क्योंकि सबसे अधिक नुकसान पसमांदा समाज को ही उठाना पड़ता है। ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने साफ़ किया है कि संगठन इस भारत बंद का पूर्ण बहिष्कार करता है और मुस्लिम समाज, विशेषकर पसमांदा समुदाय से अपील करता है कि वह अपने दैनिक कार्य सामान्य रूप से जारी रखें और किसी भी तरह की ग़लतफ़हमी या उकसावे का हिस्सा न बनें।

## हिन्दू किशोरी को ब्लैकमेल कर गेस्ट हाउस में दुष्कर्म किया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर में संचालित एक गेस्ट हाउस में धर्म बदलकर हिंदू किशोरी के साथ दुष्कर्म कर नग्न फोटो खींचे जाने का मामला प्रकाश में आया है। हिंदूवादी संगठन की सूचना पर पुलिस ने होटल से आरोपी युवक और किशोरी को हिरासत में लिया। पुलिस ने होटल संचालक को भी गिरफ्तार किया और किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। मंगलवार को सुबह क्षेत्र के एक ग्राम निवासी 17 वर्षीय हिंदू किशोरी को होटल बुलाया गया, जहां किदवई नगर निवासी नदीम पुत्र चॉदमियां ने रवि शंकर के सहयोग से एक कमरे में बंद कर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाएं तथा नदीम द्वारा अपने साथ पीड़िता के नग्न फोटो खींच लिए। हिंदू संगठन की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को हिरासत में लिया। युवक ने आधार कार्ड में धर्म बदलकर हिंदू नाम से होटल में प्रवेश लिया था। उधर क्षेत्र के ग्राम निवासी पिता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में कहा गया है कि विगत दिनों पूर्व नगर के मोहल्ला किदबई नगर निवासी नदीम पुत्र चांद मियां द्वारा उसकी 17 वर्षीय पुत्री का मोबाइल नंबर लेकर फोन पर ब्लैकमेल व परेशान करना शुरू कर दिया।

# दशहरा व मूर्ति विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**उरई ( जालौन)।** दशहरा पर्व एवं मूर्ति विसर्जन को शांति व सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने आज ब्लाक डकोर ग्राम चिल्ली तालाब उरई तथा धनु तालाब मैदान, कौंच का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा इंतजामों की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि विसर्जन स्थलों पर गोताखोर तैनात रहें, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तुरंत राहत एवं बचाव कार्य किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि है, इसलिए सभी विभाग समयबद्ध तरीके से अपनी तैयारियाँ पूर्ण करें। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कहा कि दशहरा पर्व और मूर्ति विसर्जन को लेकर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी तथा ड्रोन कैमरों से लगातार निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए, ताकि किसी अप्रिय घटना की संभावना न रहे। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, सीओ सिटी अर्चना सिंह, उप जिलाधिकारी कौंच ज्योति सिंह, सीओ परमेश्वर प्रसाद, अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारत विकास परिषद महिला इकाई ने किया प्रसाद वितरण



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नवरात्रि के पावन पर्व पर भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन की महिला इकाई द्वारा स्थानीय बड़ी माता मन्दिर परिसर में प्रसाद वितरण किया गया। भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन के अध्यक्ष मृत्युंजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, महिला संयोजिका ऊषा गुप्ता, कंचन अग्रवाल, साधना श्रीवास्तव, अंजू श्रीवास्तव, अनीता माहेश्वरी, अनीता द्विवेदी, सुनील गुप्ता, सतीश सिंह सेंगर, अनिल माहेश्वरी, मनोज बाथम, मंगल सिंह चौहान, धीरज बाथम, अनुरुद्ध विश्नोई, पवन कुमार अग्रवाल, आदि ने प्रसाद वितरण में सहयोग प्रदान किया।

## गल्ला मंडी चुनाव मे निर्वाचित पदाधिकारियों को चेयर मेन प्रतिनिधि ने पद एवं गोपनीयता की दिलाई शपथ



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** गल्ला व्यापार कल्याण समिति के चुनाव में निर्वाचित अध्यक्ष महामंत्री कोषाध्यक्ष एवं समस्त कार्यकारिणी का शपथ के ग्रहण समारोह मंडी परिसर स्थित कार्यालय पर आयोजित किया गया। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।गल्ला व्यापार कल्याण समिति के चुनाव मे अध्यक्ष पद प्रेमदास गुप्ता भूरे मामा, महामंत्री पद पर गजेंद्र सिंह गुर्जर, कोषाध्यक्ष पद पर मोहन सिंह कुशवाहा को जीत मिली थी। इसके बाद कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए 25 सदस्यीय कार्यकारिणी मनोनीत की गई। जिसमें उपाध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता, पुष्पेंद्र सिंह सेंगर, मंत्री राजेश गुप्ता राजू मानपुरा, ऑडीटर लक्ष्मीकांत राठौर, प्रवक्ता जितेंद्र सिंह सेंगर, प्रचार मंत्री सौरभ अग्रवाल को मनोनीत किया गया। एल्डर्स कमेटी के सदस्य कमलेश कुमार निरंजन, अनंत कुमार गुप्ता, मानसिंह वर्मा, राजीव श्रीवास्तव और संतराम कुशवाहा की उपस्थिति में नवीन गल्ला मंडी परिसर में शपथ ग्रहण्ध समारोह शुरू हुआ। जिसमें पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष को शपथ दिलाई। दूसरे चरण में अध्यक्ष प्रेमदास गुप्ता ने मनोनीत पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस मौके पर सतेंद्र खत्री, जयनारायण राठौर मुंशीजी, संदीप तिवारी, बालजी गुर्जर, जयनारायण राठौर मुंशीजी, आदि मौजूद रहे।

## कस्तूरबा विद्यालय में वन विभाग ने गोष्ठी आयोजित कर चलाया स्वच्छता अभियान

**उरई(जालौन)।** वन विभागभाग द्वारा पर्यावरण नदियों के संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया जाता है जिससे हमारी सम्पदा सुरक्षित रहते हुए उसे हम संरक्षित कर सकें। यह कार्यक्रम बन बिभाग द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 के मध्य स्वच्छता पखवाड़ा पर्यावरण संरक्षण एवं नदियों के संरक्षण के रूप में चलाया जा रहा है। जिसमें वन विभाग द्वारा बच्चों को कला प्रतियोगिता के द्वारा वन संरक्षण के लिए उन्हें प्रेरित किया जा रहा है इसी को लेकर वन विभाग कोंच रेंज द्वारा हाटा स्थित कस्तूरवा गांधी आवासीय वालिका विद्यालय में सभाषद महेंद्र सिंह कुशवाहा के मुख्य आतिथ्य में गोष्ठी एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

# 16वां नारी शक्ति डांडिया महोत्सव का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** नारी शक्ति संस्थान द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नारी शक्ति डांडिया महोत्सव 2025 का आयोजन शहर के सिधारी स्थित श्रीमन मंगलम होटल के परिसर में देरशाम किया गया। जिसकी शुरुआत संरक्षक मंडल द्वारा मां दुर्गा की वैदिक मंत्रोच्चार से स्तुति,पूजन एवम आरती कर किया गया।

इस अवसर पर शंख ध्वनि एवं घंटा-घड़ियाल आदि की ध्वनि से आकाश गुंजायमान हो गया। आंगुतकों का स्वागत संस्थान अध्यक्ष सुधा तिवारी एवम कार्यकारी अध्यक्ष अर्चना वत्सल ने किया। इसके बाद संस्थान की पदाधिकारीयों द्वारा नव दुर्गा के रुप में उपस्थित नौ कन्याओं का पैर पखार कर तिलक,आरती एवम पूजन किया गया। संस्था की नारी शक्तियों द्वारा...मैं तो आरती उतारूँ रे जगदम्बे माता की एवं मेरे अंगना प्रधारो महारानी...गाने पर समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। संस्था की कुंवारी शक्तियों द्वारा...माता रानी पर आधारित घूमर नृत्य की प्रस्तुति की गयी। द फ्यूचर डांस अकेडमी द्वारा महिसासुर वध एवम शिव जी का झांकी नृत्य प्रस्तुत किया गया। जय जय हे जगदम्बे मां,तेरे ही दम पर है दुनियां...हे नाम रे, सबसे बड़ा तेरा नाम रे....ओ जंगल के राजा मेरी मैया को लेके आजा...माता रानी के गीतों से एक बार डांडिया नृत्य शुरू हुआ तो देररात्रि तक माता रानी के गीतों से पूरा क्षेत्र गुजांयमान रहा। महोत्सव को संबोधित करते हुए संस्थान की सचिव डा पूनम तिवारी ने कहाकि विगत 16 वर्षो से नारी शक्ति संस्थान द्वारा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मां दुर्गा के 9 गुणों को अपनाकर ही नारी शक्ति स्वयं को सशक्त और समाज का प्रतिनिधित्व कर सकती है।

## ड्रामा ज्यादा कर रही है कांग्रेस- अनिल राजभर

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने प्रयागराज में कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस मुद्दों के अभाव में केवल ड्रामा कर रही है और देश में हो रहे दंगों के लिए वही जिम्मेदार है। मंत्री राजभर ने बिहार में चल रहे मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान (एसआईआर) को लेकर कांग्रेस की आपत्तियों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया देश में पहली बार नहीं हो रही है, बल्कि चुनाव आयोग इसे दसवीं बार करा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के पास अब किसानों, युवाओं और मातृशक्ति से जुड़े मुद्दों पर कुछ भी कहने को नहीं बचा है, इसलिए वह ऐसे बयानों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है।

राजभर ने कांग्रेस पर देश में हो रहे दंगों की जिम्मेदारी का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस के किसी भी बयान को जनता गंभीरता से नहीं लेती।

# वरिष्ठ समाजसेवी एवं पालिकाध्यक्षा ने देवी मंदिरों में टेका माथा

■ शारदीय नवरात्र में देवी-देवताओं का पूजन कर चढ़ाया प्रसाद



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर नगर के देवी मंदिरों में मंगलवार को विशेष पूजन-अर्चन का आयोजन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी अशोक कुमार गुप्ता एवं पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता नें परिजनों के साथ नगर व क्षेत्र के देवी मंदिरों में पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन किए। उन्होंने विधि-विधान से पूजन कर नगरवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

मंगलवार को वरिष्ठ समाजसेवी अशोक कुमार गुप्ता एवं पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता नें परिजनों के साथ नगर के प्राचीन श्री राम मंदिर, सती माता मंदिर, बालाजी धाम, मनसा देवी मंदिर, काली देवी मंदिर, संतोषी माता मंदिर, गंगेश्वर नाथ मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में पहुंचकर माता रानी के चरणों में माथा टेककर नारियल, चुनरी एवं पुष्प अर्पित किए तथा भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण भी किया। इस दौरान उन्होनें कहा कि नवरात्र आत्मबल और भक्ति का पर्व है। मां दुर्गा की कृपा से समाज में शांति, भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से नवरात्र के पावन दिनों में माता रानी के चरणों में उपस्थित होकर आशीर्वाद लेने की अपील की। इस दौरान अजय दीक्षित, मनोज गुप्ता, अमन कठेरिया सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भाषा विश्वविद्यालय का 16वाँ स्थापना दिवस : नई ऊँचाइयों की ओर

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ, इस वर्ष अपना 16वाँ स्थापना दिवस उत्साह और गरिमा के साथ 1 अक्टूबर 2025 को मना रहा है। सन 2009 में स्थापित यह विश्वविद्यालय आज उच्च शिक्षा, भाषा-अध्ययन, शोध और नवाचार का एक प्रतिष्ठित केन्द्र बन चुका है। शुरुआत में कुछ सौ विद्यार्थियों से प्रारम्भ हुई यह यात्रा आज 5500 से अधिक विद्यार्थियों और 230 शोधार्थियों तक पहुँच चुकी है। अब तक 53 शोधार्थियों को पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की जा चुकी है, जबकि 31 और शोध कार्य प्रगति पर हैं। हाल ही में विश्वविद्यालय को NAAC से B++ ग्रेड प्राप्त हुआ है, जो गुणवत्तापरक शिक्षा और शोध के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

7 संकायों एवं 31 विभागों के माध्यम से यहाँ हिन्दी, उर्दू, फ़ारसी, अरबी, संस्कृत और अंग्रेज़ी जैसी भाषाओं के साथ-साथ प्रबंधन, पत्रकारिता, तकनीकी, वाणिज्य और सामाजिक विज्ञान जैसे विविध पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। AICTE अनुमोदित बी.टेक. कार्यक्रमों ने विश्वविद्यालय को और अधिक बहुआयामी पहचान दी है। स्थापना दिवस पर आयोजित मुख्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे - रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, विश्वविद्यालय के कर्मचारियों का सम्मान एवं Felicitation, एक महत्त्वपूर्ण परिसंवाद/ सेमिनार, तथा विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का विमोचन। इस अवसर के मुख्य अतिथि होंगे - प्रो. अनिल शुक्ला।

इस सुभावसर पर कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा -16 वर्षों की यह यात्रा विश्वविद्यालय के सतत विकास और समाज के प्रति इसकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हमारा लक्ष्य परंपरा और आधुनिकता के संगम से ऐसे विद्यार्थी तैयार करना है जो राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान दे सकें। यह स्थापना दिवस समारोह न केवल विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का उत्सव होगा बल्कि भविष्य की नई दिशा तय करने का अवसर भी बनेगा।

## दुर्गा देवी के भजन कीर्तन का आयोजन

**आजमगढ़।** शारदीय नवरात्रि के षष्ठी पावन पर्व पर शनिवार को शहर के पूराजोधी स्थित काली माता मन्दिर प्रांगण में दुर्गा देवी के भजन - कीर्तन का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में सनातनी बंधुओं में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी नगर के उपाध्यक्ष सुधीर कुमार गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी रीना गुप्ता द्वारा किया गया।जिसमें जय माँ सर्वेश्वरी ग्रुप द्वारा एक से एक भजन की प्रस्तुति की गई। जिसमें भक्तों ने शामिल होकर माँ के भजन का आनंद लिया एवं माँ के जयकारों से पूरा प्रांगण गूंज उठा। भगवान गणेश एवं माँ काली के दिव्य महाआरती के साथ भक्तों मे प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान दिलीप श्रीवास्तव, कीर्ति गुप्ता शीतल वर्मा, कंचन पाठक, शैल राय, बैजयंती बरनवाल, उषा बरनवाल, श्रीयम गुप्ता, देवांश गुप्ता, रीना जायसवाल, डॉक्टर नेहा दुबे सहित बड़ी संख्या में भक्त गण उपस्थित रहे।

# स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत ‘बापू बाज़ार’ का आयोजन

■ भोजन और कला स्टॉल बने आकर्षण का केंद्र

■ शिक्षकों व छात्रों की सक्रिय भागीदारी



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत गृह विज्ञान विभाग और विज्ञान संकाय की ओर से आज ‘बापू बाज़ार’ का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भवन स्थित अटल हॉल के सामने आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर डॉ. नीरज शुक्ला और डॉ. नलिनी मिश्रा भी उपस्थित रहे। उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो. तनेजा ने कहा कि बापू बाज़ार केवल वस्त्रों का आदान-प्रदान भर नहीं है, बल्कि यह आत्मसम्मान, सामाजिक संवेदनशीलता और जरूरतमंदों को सशक्त बनाने का एक उत्सव है। महात्मा गांधी के आदर्शों से प्रेरित यह पहल सहयोग, समानता और जिम्मेदार उपभोक्तावाद की भावना को समाज में प्रोत्साहित करती है।

गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. तत्हीर फ़ात्मा ने बताया कि बापू बाज़ार का उद्देश्य समाज में स्वच्छता, पुनः उपयोग और पर्यावरण संरक्षण की भावना को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम मूल्य पर वस्त्र उपलब्ध कराने से न केवल जरूरतमंदों की मदद होती है, बल्कि समाज में स्थायित्व और स्वच्छता का संदेश भी जाता है।

बाज़ार में इडली-सांभर, दही वडा, मेडु वडा, पास्ता, भेल, फ्रूट चाट, पानी पुरी, पोहा, साबूदाना खीर, स्प्राउट मिक्स और बेकरी उत्पाद जैसे व्यंजनों के स्टॉल आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र बने। साथ ही एक स्टॉल पर कैनवास पेंटिंग, कीरिंग और ब्रेसलेट भी प्रदर्शित किए गए। स्टॉल्स का मूल्यांकन डॉ. बुशरा अलवे़रा, डॉ. श्वेता अग्रवाल और डॉ. शालिनी त्रिपाठी द्वारा किया गया।

इस आयोजन को सफल बनाने में शिक्षकों और छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। डॉ. कल्पना देवी और डॉ. कृतिमा सचान ने कपड़ों के सेक्शन का संचालन किया। वहीं डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. मोहम्मद जाहिद और डॉ. अजय कुमार यादव ने समाज के निम्न वर्ग और विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गाँवों से लोगों को जोड़ने में योगदान दिया। स्टॉल्स की व्यवस्था और प्रबंधन में डॉ. आसिफ जाफरी, डॉ. रत्नेश सिंह, डॉ. नलिनी धस्माना, डॉ. शालिनी सिंह और डॉ. वंदिता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ‘पहले आओ, पहले पाओ’ की तर्ज पर आयोजित इस बाज़ार में विश्वविद्यालय परिवार के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्रों और आम नागरिकों ने भाग लिया और इस सामाजिक पहल की सराहना की।

अवधनामा



# राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन शुरू, खेल जगत के लिए बड़ा मौका




**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने 2025 के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। मंत्रालय ने सभी पात्र खिलाड़ियों, कोचों और खेल संस्थाओं को आवेदन करने का अवसर दिया है। यह पुरस्कार भारत में खेलों के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है।

**आवेदन प्रक्रिया**

आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को मंत्रालय द्वारा उपलब्ध डेडिकेटेड पोर्टल www.dbtyas-sports.gov.in पर जाकर फॉर्म भरना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 28 अक्तूबर 2025, रात 11:59 बजे है।

**पुरस्कार की श्रेणियां**

राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 में चार प्रमुख श्रेणियां शामिल हैं। इन पुरस्कारों का उद्देश्य न केवल खिलाड़ियों को सम्मानित करना है, बल्कि देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करना भी है।

**मंत्रालय की अपील**

युवा मामले और खेल मंत्रालय ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल (@YASMinistry) पर यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि योग्य व्यक्तियों और संस्थाओं को जल्द से जल्द आवेदन करने का अनुरोध किया गया है। मंत्रालय ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन होगी और सभी विवरण पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025, खिलाड़ियों और कोचों के लिए प्रतिष्ठित सम्मान माना जाता है। यह उनके करियर और उपलब्धियों को मान्यता देने का एक बड़ा अवसर है। पिछले वर्षों में इन पुरस्कारों ने कई खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय ख्याती दिलाई और उन्हें और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# भारतीय तीरंदाजी के भीष्म पितामह थे वीके मल्होत्रा

**नई दिल्ली।** मंझे हुए राजनीतिज्ञ होने के साथ भाजपा के अनुभवी नेता विजय कुमार मल्होत्रा काबिल खेल प्रशासक भी थे और उन्हें तीरंदाजी को देश के शीर्ष खेलों में शामिल कराने के लिये हमेशा याद रखा जाएगा। मल्होत्रा का मंगलवार को 93 वर्ष की उम्र में बढती उम्र से जुड़ी बीमारियों के कारण निधन हो गया।

उन्हें 2010 राष्ट्रमंडल खेल भ्रष्टाचार मामले में सुरेश कलमाड़ी के गिरफ्तार होने के बाद 26 अप्रैल 2011 से पांच दिसंबर 2012 तक भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था।

एक स्वच्छ और गैर टकरावपूर्ण प्रशासक के रूप में जाने जाने वाले मल्होत्रा ने आईओए को उस कठिन समय में मार्गदर्शन दिया जब देश की खेल छवि 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों के घोटाले से प्रभावित हुई थी। दरअसल अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने आईओए प्रशासन में कुछ हद तक पारदर्शिता लाने में कामयाबी हासिल की। वे गुटबाजी से जूझ रही इस संस्था की गंदी राजनीति से काफी हद तक दूर रहे।

**तीरंदाजी**

**भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) के तहत तीरंदाजी ने मल्होत्रा के अथक प्रयासों से भारत में जड़ें जमा लीं।**

मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्तित्व वाले मल्होत्रा को दिल्ली स्थित अपने आधिकारिक आवास पर मीडिया से बातचीत करना बेहद पसंद था। उनके अंतरिम कार्यकाल के बाद चुनाव हुए लेकिन उसके बाद अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने आईओए को निलंबित कर दिया।

अभय सिंह चौटाला को अध्यक्ष और ललित भनोट को महासचिव बनाने के बाद आईओए पर चार दिसंबर 2012 को प्रतिबंध लगाया गया जो 11 फरवरी 2014 को ही हट सका। मल्होत्रा आईओए के आजीवन अध्यक्ष बने। वह 1974 तेहरान एशियाई खेलों में भी भारतीय दल के अभियान प्रमुख थे।



वह 40 साल से अधिक समय (1973 से 2015) तक भारतीय तीरंदाजी महासंघ के अध्यक्ष रहे और तीरंदाजों की पौध तैयार की। दिल्ली के भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू उनके कार्यकाल में एएआई कार्यकारी समिति के सदस्य थे।

म्यूनिख ओलंपिक 1972 में तीरंदाजी को ओलंपिक खेल के रूप में चुने जाने के एक साल बाद 1973 में गठित भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) के तहत तीरंदाजी ने मल्होत्रा के अथक प्रयासों से भारत में जड़ें जमा लीं। मल्होत्रा 1972 म्यूनिख ओलंपिक में भारतीय दल के साथ गए थे और वहीं उन्हें यह विचार आया।

मल्होत्रा से जुड़े रहे पुराने लोगों का कहना है कि म्यूनिख खेलों में भारतीय तीरंदाजी का कोई प्रतिनिधित्व नहीं था और वहां से लौटकर उन्होंने भारतीय तीरंदाजी संघ का गठन किया। एएआई के संस्थापक अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने दिल्ली में 1973 में पहली सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैम्पियनशिप कराई। इसमें 50 महिला और पुरूष तीरंदाजों ने भाग लिया और बांस के बने धनुष बाण से यह खेली गई।

मल्होत्रा और तत्कालीन एएआई महासचिव गोपेश मेहरा ने एशिया में तीरंदाजी की शुरुआत की और एशियाई तीरंदाजी महासंघ (जिसे अब विश्व तीरंदाजी एशिया के रूप में जाना जाता है) का गठन 1978 में एशियाई खेलों के दौरान बैंकॉक में किया गया।

## अफगानिस्तान की निर्वासित महिला क्रिकेटर भारत पहुंचीं

**गुवाहाटी।** अफगानिस्तान की महिला क्रिकेट टीम इस साल के आईसीसी महिला विश्व कप का हिस्सा नहीं है, लेकिन तालिबान के नियंत्रण के बाद अपने देश से निर्वासित 16 महिला क्रिकेटर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को देखने के लिए भारत पहुंची हैं। ये खिलाड़ी वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया में शरणार्थी जीवन जी रही हैं। उन्हें विश्व कप के मैचों को देखने का निमंत्रण दिया गया ताकि उनकी क्रिकेटिंग और व्यक्तिगत विकास यात्रा को आगे बढ़ाया जा सके। वर्ष 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद अफगानिस्तान की महिलाओं पर खेलों में भाग लेने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इसी कारण ये खिलाड़ी अपने देश को छोड़कर ऑस्ट्रेलिया गईं। जनवरी 2025 में इन निर्वासित क्रिकेटरों ने 'क्रिकेट विदआउट बॉर्डर्स एकादश' के माध्यम से मेलबर्न में अपना पहला मैच खेला, जो 2021 के बाद उनका पहला अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल था।

# तिलक ने पाकिस्तान पर ली चुटकी, बोले- पाक खिलाड़ियों की छींटाकशी का सबसे सही जवाब खिताब जीतना ही था

**दुबई।** भारत को एशिया कप 2025 के फाइनल में पाकिस्तान पर शानदार जीत दिलाने वाले मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा कि पाकिस्तान खिलाड़ियों की छींटाकशी और उनकी आक्रामकता का सबसे बेहतर जवाब खिताब जीतना था। दुबई में खेले गए इस हाई वोल्टेज मुकाबले में भारत ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत के नायक रहे तिलक ने नाबाद 69 रनों की जिम्मेदार पारी खेली।

तिलक ने दुबई से लौटने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा, शुरुआत में थोड़ा दबाव और तनाव था लेकिन मैंने हमेशा देश को प्राथमिकता दी। मुझे पता था कि अगर मैं दबाव में आ गया तो अपने आप को और देश के 140 करोड़ लोगों को निराश करूंगा।

तिलक ने माना कि मैच के दौरान पाकिस्तान खिलाड़ियों ने लगातार छींटाकशी की, लेकिन उन्होंने मैदान पर शांति बनाए रखी और जवाब देने के लिए अपने बल्ले को चुना। उन्होंने कहा, मैच में माहौल काफी गर्म हो गया था, खासकर तब जब हमने तीन विकेट जल्दी गंवा दिए थे। मैं जल्दी बल्लेबाजी के लिए आ गया लेकिन मैंने न तो किसी से कुछ कहा और न ही कोई लापरवाह शॉट खेला। मेरा फोकस सिर्फ टीम और देश को जीत दिलाने पर था। उन्होंने आगे कहा, मैच के दौरान मैंने कुछ नहीं कहा, लेकिन जीत के बाद जो जवाब देना था, वो दे दिया।



तिलक वर्मा ने बताया कि दबाव के बीच उन्होंने अपने शुरुआती दिनों की सीख और बेसिक्स पर भरोसा बनाए रखा, जिससे उन्हें मदद मिली। उन्होंने कहा, मैंने वही किया जो मेरे कोचों ने मुझे सिखाया था कि बेसिक्स पर टिके रहो। मैंने सिर्फ उस पर ध्यान दिया और अंत में वही हमारे काम आया। उन्होंने जोर देकर कहा कि एशिया कप जीतना ही पाकिस्तान के खिलाफ सबसे बड़ा जवाब था। तिलक ने कहा, उन्हें सबसे सही जवाब यही था कि हम एशिया कप जीतें और हमने वही किया। मैच के आखिरी ओवर में भारत को 10 रन की जरूरत थी, और तिलक तब भी पूरी तरह नियंत्रण में नजर आए।

उन्होंने कहा कि वह पहले ही दबाव से ऊपर उठ चुके थे, और सिर्फ अपने देश और रन-चेज पर ध्यान दे रहे थे। उन्होंने कहा, मुझ पर आखिरी ओवर में कोई दबाव नहीं था। मैं बस अपने देश के बारे में सोच रहा था और हर गेंद के हिसाब से रणनीति बना रहा था। मुझे पूरा भरोसा था कि मैं मैच जिता दूंगा और मुझे गर्व है कि मैं ऐसा कर सका। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले अक्सर विवादों और भावनात्मक उतार-चढ़ाव से भरे होते हैं।

# भारत से हार के बाद अपने ही खिलाड़ियों पर बौखलाया पीसीबी




पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एशिया कप 2025 के फाइनल में भारत से हार के एक दिन बाद अपने खिलाड़ियों के नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट निलंबित कर दिए हैं। यह जानकारी पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स और वहां के खेल पत्रकार फैजान लखानी द्वारा साझा की गई। एनओसी के निलंबन का मतलब है कि अब राष्ट्रीय खिलाड़ियों को किसी भी विदेशी टी20 या फ्रेंचाइजी लीग में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी। पाकिस्तानी न्यूज पोर्टल समां टीवी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि पीसीबी के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सैयद समीरे अहमद ने खिलाड़ियों को यह निर्देश जारी किया कि वे विदेशी लीग्स की बजाय घरेलू क्रिकेट और अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों पर ध्यान केंद्रित करें। इस फैसले से पाकिस्तान के शीर्ष क्रिकेटर सीधे प्रभावित होंगे। इनमें बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद रिजवान, फहीम अशरफ और शादाब खान शामिल हैं, जो इस साल ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (BBL 15) में खेलने वाले थे। इसके अलावा, हरिस राउफ और अन्य खिलाड़ी भी आईएलटी20 जैसी फ्रेंचाइजी लीग्स में जाने वाले थे। हालांकि, इन मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया है कि PCB ने स्पष्ट नहीं किया कि एनओसी निलंबन का कारण क्या है, लेकिन क्रिकेट सर्कल में यह माना जा रहा है कि बोर्ड का यह कदम एशिया कप में टीम के खराब प्रदर्शन पर तत्काल प्रतिक्रिया है। समां टीवी के अलावा प्रो पाकिस्तानी डॉट पीके में भी यही बात बताई गई है। एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान और भारत के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। भारत ने अंतिम ओवर में लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया। इस मैच में कुलदीप यादव ने पाकिस्तान के बल्लेबाजों को तहस-नहस कर दिया, जबकि तिलक वर्मा (69*) और शिवम दुबे (33) की पारी ने भारत को जीत दिलाई। इस जीत के साथ भारत ने लगातार दूसरी बार एशिया कप का खिताब जीता। टीम इंडिया ने एशिया कप 2025 में पाकिस्तान पर लगातार तीन जीत हासिल की। इस हार के बाद पाकिस्तान टीम के कप्तान सलमान अली आगा, फहीम अशरफ और हसन अली सहित सभी खिलाड़ी लाहौर लौट गए। एशिया कप की इस शर्मनाक हार ने पीसीबी के शीर्ष अधिकारियों को कठोर कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि पीसीबी का यह कदम घरेलू क्रिकेट और राष्ट्रीय टीम को प्राथमिकता देने का संकेत है। पाकिस्तान में फ्रेंचाइजी क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा अवसर रहा है, लेकिन बोर्ड का संदेश साफ है- पहले देश और घरेलू क्रिकेट। आश्चर्य की बात तो यह है कि भारत से हार के बाद हर बार इस तरह की खबरें आती हैं, लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तानी के क्रिकेट ढांचे में कोई सुधार नहीं आया है। टीम की स्थिति बिगड़ती ही जा रही है। कभी पीसीबी अध्यक्ष तो कभी टीम का कप्तान तो कभी कोच बदल दिया जाता है। खिलाड़ियों पर भरोसा जताने की जगह उन्हें टीम से बाहर कर दिया जाता है। इस बार तो पाकिस्तानियों को टीम इंडिया से एक ही टूर्नामेंट में तीन बार हार मिली। ऐसे में पाकिस्तान क्रिकेट टीम में बड़े बदलाव के आसार हैं।

## रैपर सीन डिडी कॉम्ब्स को 11 साल से ज्यादा की सजा देने की मांग

**नई दिल्ली।** मंगलवार को न्यूयॉर्क कोर्ट में रैपर सीन डिडी कॉम्ब्स पर लगे यौन तस्करी और वेश्यावृत्ति मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान शिकायतकर्ता के वकील पक्ष ने न्यायाधीश से इन आरोपों में दोषी ठहराए जाने के बाद रैपर को 11 साल से ज्यादा की सजा देने का आग्रह किया। उन्होंने तर्क में रैपर पर आरोप लगाने वाली एक महिला का हवाला दिया। चलिए जानते हैं क्या आखिर क्या हुआ।

वकीलों ने रैपर सीन डिडी पर आरोप लगाने वाली एक महिला का हवाला दिया। वकीलों ने शिकायतकर्ता की बातों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने कम से कम 11 साल और तीन महीने की जेल की सजा की मांग की है। साथ ही एक सजा-ए-मौत याचिका में लिखा, 'उनकी सजा के अपराध गंभीर हैं और उन अभियुक्तों के लिए कई मामलों में दस साल से ज्यादा की सजा का प्रावधान है।

# जॉन अब्राहम ने फोर्स के 14 साल पूरे होने का मनाया जश्न



**मुंबई।** जॉन अब्राहम ने 2011 में रिलीज हुई अपनी फिल्म फोर्स के 14 साल पूरे होने का जश्न मनाया। जॉन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म को लेकर एक खास पोस्ट शेयर किया है। बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम ने अपनी 2011 की एक्शन थ्रिलर फिल्म फोर्स के 14 साल पूरे होने का जश्न मनाया। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म का एक शानदार पोस्टर शेयर किया। इस पोस्ट के साथ जॉन ने एक खास सवाल भी पूछा।

जॉन अब्राहम ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म फोर्स को लेकर एक खास पोस्ट शेयर किया है। जॉन ने यह पोस्ट फिल्म फोर्स की रिलीज के 14 साल पूरे होने पर किया है। जॉन ने फिल्म फोर्स से ही अपना एक पोस्टर शेयर किया। इस पोस्टर में जॉन सिक्स-पैक, डेनिम और धूप का चश्मा पहने दिख रहे हैं। उनके शरीर पर टैटू हैं और साथ ही एक बंदूक भी दिखाई दे रही है। इस पोस्ट के साथ जॉन ने कैप्शन में लिखा, फोर्स के 14 साल... आगे क्या...। जॉन के इस कैप्शन ने फैंस में उत्साह बढ़ा दिया।

जॉन की इस पोस्ट ने फैंस के बीच फिल्म फोर्स को लेकर अधिक उत्साह बढ़ा दिया है। इसलिए जॉन के कई फैंस उनसे फोर्स 3 की डिमांड कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, फोर्स 3 लाओ, एक और फैन ने लिखा, फोर्स 3 की घोषणा करो, एक और फैन ने लिखा, फोर्स हमेशा खास रहेगी, एक और फैन ने लिखा, उन दिनों यह मेरा वॉलपेपर हुआ करता था, एक और फैन ने लिखा, फोर्स से प्यार है, फोर्स 3 का इंतजार नहीं कर सकते...शुभकामनाएं।

फोर्स 2003 की तमिल फिल्म काखा काखा का रीमेक है, जिसे निशिकांत कामत ने निर्देशित और रितेश शाह ने लिखा था। फिल्म में जॉन अब्राहम के साथ विद्युत जामवाल, जेनेलिया डिसूजा, राज बब्बर, मुकेश ऋषि जैसे कलाकार थे। संगीत हैरिस जयराज और ललित पंडित ने दिया, जबकि समीर फतेरपेकर ने बैकग्राउंड म्यूजिक बनाया। सिनेमैटोग्राफी अयानंका बोस और संपादन आरिफ शेख ने किया। फिल्म 30 सितंबर, 2011 को रिलीज हुई थी और 2016 में इसका सीक्वल फोर्स 2 आया। अब फैंस फोर्स 3 का इंतजार कर रहे हैं।

# सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी से कम किए गए किस सीन शब्द को म्यूट करने के बाद मिली रिलीज की मंजूरी

**मुंबई।** फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की तरफ से रिलीज की मंजूरी मिल गई है। इसमें कुछ बदलाव किए गए हैं। आइए इन बदलावों के बारे में जानते हैं। फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी इन दिनों चर्चा में है। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ अभिनीत रोमांटिक कॉमेडी फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से यू/ए 13+ सर्टिफिकेट मिला है। बोर्ड की तरफ से फिल्म में मामूली संपादन की सिफारिश के बाद इसे रिलीज की इजाजत मिली है।

**फिल्म में दो बदलावों की जरूरत थी**

बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, सेंसर बोर्ड को फिल्म को मंजूरी देने से पहले दो बड़े बदलावों की जरूरत थी। पहला, गार्ड शब्द को म्यूट करना, जिसका इस्तेमाल उस सीन में किया गया है जहां वरुण धवन का किरदार एक गाली को छिपाने की कोशिश करता है। दूसरा, किसिंग सीन को लगभग 60 प्रतिशत कम करना था।

**कितने मिनट की है फिल्म?**




इन संपादनों के बाद, फिल्म को आखिरी मंजूरी मिल गई। सेंसर सर्टिफिकेट में फिल्म की अवधि 135 मिनट 45 सेकंड या 2 घंटे 15 मिनट 45 सेकंड बताई गई है। शशांक खेतान द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वरुण धवन के साथ जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, मनीष पॉल, अक्षय ओबेरॉय और अभिनव शर्मा हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है।

**कब रिलीज होगी फिल्म?**

यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल एंटरटेनमेंट द्वारा बनाई गई है। शशांक खेतान के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सिनेमाघरों में यह फिल्म ऋषभ शेट्टी की कंतारा चैप्टर 1 से टकराएगी।

**फिल्म के प्रमोशन में जुटे कलाकार**

वरुण धवन और जान्हवी कपूर इस फिल्म का खूब प्रचार कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव के साथ डांस करते हुए फिल्म का प्रमोशन किया था। आपको बता दें कि वरुण धवन जल्द ही फिल्म बॉर्डर 2 में नजर आने वाले हैं। वह फिल्म है जवानी तो इश्क होना है का भी हिस्सा होंगे।

# कॉमेडी से भरपूर 'सिंगल सलमा' का ट्रेलर रिलीज अरेंज मैरिज और प्यार के बीच फंसी हुमा



**मुंबई।** हुमा कुरैशी, श्रेयस तलपड़े और सनी सिंह की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'सिंगल सलमा' का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। शादी को केंद्र में रखते हुए 'सिंगल सलमा' एक ट्रैंगल कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। ट्रेलर में भरपूर कॉमेडी और ड्रामा देखने को मिल रहा है। यहां जानिए कैसा है ट्रेलर?

2 मिनट 16 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एक वॉइस ओवर और लखनऊ के रूमी दरवाजा के साथ होती है। इस वॉइस ओवर में कहा जाता है, 'हिंदुस्तान में करियर और सक्सेस चाहे जितना कमा लीजिए, असली प्रमोशन सिर्फ एक चीज में है अब शादी कर लो।' इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है कुंवारी सलमा यानी हुमा कुरैशी की। फिर शुरू होता है सलमा की शादी कराने का प्रयास। एक-एक करके किरदार और कैंडिडेट आते जाते हैं। इसी दौरान ट्रेलर में कॉमेडी होती रहती है।

इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है श्रेयस तलपड़े की, जो एक सीधे-सादे सलमा की ही उम्र के व्यक्ति बने हैं। जबकि दूसरी ओर हैं सनी सिंह, जो आजकल के जमाने के क्लब जाने वाले व्यक्ति हैं। इसके बाद सलमा, सिकंदर (श्रेयस तलपड़े) से अरेंज मैरिज करना चाहती है। लेकिन तभी उसका दिल मीत (सनी सिंह) के लिए भी धड़कने लगता है। बस यहीं से शुरु होता है सलमा की जिंदगी में कन्फ्यूजन। अब वो लखनऊ के रहने वाले सिकंदर से शादी करेगी या लंदन के रहने वाले मीत से, यह फिल्म देखने के बाद ही पता चलेगा।

**31 अक्तूबर को रिलीज होगी फिल्म**

ट्रेलर में लखनऊ की झलक देखने को मिली है, जिससे पता चलता है कि फिल्म में भी लखनऊ भरपूर देखने को मिलेगा। ट्रेलर में कई जगह डबल मीनिंग जोक भी हैं। हुमा कुरैशी एक लंबे वक्त के बाद मुख्य भूमिका में वापसी कर रही हैं। नचिकेत सामंत द्वारा निर्देशित इस फिल्म को स्टार स्टूडियो के साथ मिलकर साकिब सलीम ने भी प्रोड्यूस किया है। साकिब हुमा के भाई और एक्टर हैं। यह फिल्म 31 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

## चिरंजीवी ने परिवार के साथ देखी दे कॉल हिम ओजी



**मुंबई।** अभिनेता-राजनेता पवन कल्याण अपनी नई फिल्म दे कॉल हिम ओजी को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। ऐसे में साउथ के मशहूर अभिनेता चिरंजीवी ने मंगलवार को फिल्म की तारीफ की है। फिल्म देखने के बाद चिरंजीवी ने एक्स पर एक पोस्ट की जिसमें उन्होंने फिल्म के कलाकारों की खूब तारीफ की। दे कॉल हिम ओजी देखने के बाद चिरंजीवी ने एक्स पर लिखा कि यह फिल्म हॉलीवुड की तरह है। मेगास्टार ने अपने परिवार के साथ फिल्म देखी। उनके साथ उनके बेटे राम चरण भी थे। अभिनेता ने फिल्म को एक शानदार गैंगस्टर फिल्म बताया।रूचिरंजीवी ने लिखा मैंने अपने पूरे परिवार के साथ दे कॉल हिम ओजी देखी। इसके हर पल का भरपूर आनंद लिया। यह फिल्म हॉलीवुड के मानकों की तरह है। फिल्म ने सही भावनाओं को बरकरार रखा है। यह अंडरवर्ल्ड गैंगस्टर की शानदार फिल्म है। शुरुआत से अंत तक, निर्देशक ने फिल्म को अच्छी तरह से दिखाया है। सुजीत को बधाई। चिरंजीवी ने आगे लिखा कल्याण बाबू को पर्दे पर देखकर बहुत गर्व महसूस हुआ। उन्होंने अपने स्वैग से फिल्म को अलग पहचान दिलाई। उन्होंने फैंस को वह चीज दी, जिसका वे बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। थमन एस ने संगीत में अपनी आत्मा डाल दी। रवि के चंद्रन ने बेहतरीन दृश्य दिखाए। संपादन बेहतरीन था। टीम के हर एक सदस्य ने अपना सबसे अच्छा दिया। इस फिल्म की कहानी गैंगस्टर ओजस गंभीरा के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कई वर्षों से लापता है। फिल्म मुंबई के अंडरवर्लड गैंगवॉर पर आधारित है। बॉलीवुड के अभिनेता इमरान हाशमी ने इस फिल्म से साउथ की फिल्म में डेब्यू किया है। सुजीत द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म में प्रियंका मोहन और अर्जुन दास भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# अस्पताल में भर्ती हुईं अभिनेत्री मंदाना करीमी

**मुंबई।** अभिनेत्री मंदाना करीमी इन दिनों अस्पताल में हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखी है और बताया है कि उन्हें अस्पताल में किस वजह से दाखिल कराया गया है। फिल्म क्या कूल हैं हम 3 की अभिनेत्री मंदाना करीमी ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर बताया कि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभिनेत्री ने जानकारी दी कि उन्हें थकावट, डिहाइड्रेशन और तनाव के कारण भर्ती होना पड़ा। उन्होंने अपने फैंस के साथ अपनी हालत के बारे में बताया।

**मंदाना ने पोस्ट में दी जानकारी**

अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की। इसमें उन्होंने कई तस्वीरें पोस्ट की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि वह अस्पताल में हैं और कई तरह के टेस्ट करा रही हैं। तस्वीरें पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा मैं कई दिनों, महीनों तक लगातार हवाई यात्राएं करती रही। देर रात तक मीटिंग्स, डेडलाइन और सपनों के पीछे भागती रही। जिसे मैं अपनी आखिरी धड़कन समझ रही थी, वह थकावट, डिहाइड्रेशन और तनाव निकला। यह भयानक था।



मंदाना करीमी ने आगे बताया कि जांच के बाद, उन्हें पता चला कि उनका दिल और शरीर ठीक हैं। उन्होंने आगे लिखा मैं दवा के बल पर चल रही थी। उसके खतरे को अनदेखा कर रही थी। अपने दिल की जांच को देखकर मैं खुश हूं। मैं दिल से कहती हूं कि जब मैं बहुत ज्यादा जोर लगाती हूं तो मुझे थामने के लिए शुक्रिया। हर बार जब मैं धीमा होना भूल जाती हूं, तो मुझे माफ करने के लिए शुक्रिया। यह पोस्ट मुझे, और शायद आपको भी, याद दिलाती है कि तरक्की सिर्फ आगे बढ़ने में नहीं है, बल्कि रुकने में भी है। उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा कि अब वह आराम करेंगी।

मंदाना की पोस्ट पर कई यूजर्स ने कमेंट किया है। एक यूजर ने लिखा है अपना ध्यान रखना, अच्छी तरह आराम करना और जल्दी ठीक हो जाना, तुम बहादुर महिला हो। एक दूसरे फैन ने लिखा हमेशा खुश रहो और खुद के लिए सबसे अच्छे बनो। हमेशा एक सुपरवुमन रहो। एक और यूजर ने लिखा जल्दी ठीक हो जाओ, तुम जितना सोचती हो उससे कहीं ज्यादा मजबूत हो।

काम की बात करें तो, मंदाना पिछले कुछ वर्षों से एक्टिंग से दूर हैं। उन्हें आखिरी बार फिल्म थार में देखा गया था, जिसका प्रीमियर 2022 में नेटफ्लिक्स पर हुआ था। वह ईरानी अभिनेत्री हैं जो भारत में काम करती हैं।

# साल 2023 में देश में महिलाओं के खिलाफ 4.5 लाख अपराध दर्ज हुए



**नई दिल्ली।** भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498ए के तहत पति या रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता के 133,676 मामले दर्ज किए गए। वहीं महिलाओं के अपहरण के 88,605 मामले दर्ज किए गए।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, साल 2023 में देश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के करीब 4.5 लाख मामले दर्ज किए गए, जो पिछले दो वर्षों की तुलना में ज्यादा है। साल 2023 में महिलाओं के खिलाफ हुए अपराध के कुल 4,48,211 मामले दर्ज किए गए, जो साल 2022 में 4,45,256 और साल 2021 में 4,28,278 मामलों से अधिक है।

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस रिकॉर्ड से लिए गए आंकड़ों के अनुसार, प्रति लाख महिला जनसंख्या पर अपराध की औसतन 66.2 घटनाएं दर्ज की गईं। साल 2023 में महिलाओं के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल करने की दर 77.6 प्रतिशत रही। राज्यों में, उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के सबसे अधिक 66,381 मामले दर्ज किए गए। उसके बाद महाराष्ट्र में 47,101, राजस्थान में 45,450, पश्चिम बंगाल में 34,691 और मध्य प्रदेश में 32,342 मामले दर्ज किए गए। प्रति लाख महिला जनसंख्या पर 124.9 अपराध दर के साथ तेलंगाना सबसे आगे रहा, जबकि राजस्थान में यह दर 114.8, ओडिशा में 112.4, हरियाणा में 110.3 और केरल में 86.1 रही। हैरान करने वाली बात ये है कि महिलाओं के खिलाफ क्रूरता करने वालों में सबसे ज्यादा उनके करीबी लोग शामिल हैं। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498ए के तहत पति या रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता के 133,676 मामले दर्ज किए गए। वहीं महिलाओं के अपहरण के 88,605 मामले दर्ज किए गए। महिलाओं पर शील भंग करने के इरादे से हमले के 83,891 मामले दर्ज किए गए, जबकि दुष्कर्म के 29,670 मामले दर्ज किए गए। दहेज हत्या के कुल 6,156 मामले दर्ज किए गए। आत्महत्या के लिए उकसाने के 4,825 मामले दर्ज किए गए और शील भंग के 8,823 मामले दर्ज किए गए।

## रैली के लिए मांगी थी अनुमति, नियमों के अनुसार ही आयोजित हुआ था कार्यक्रम

**तमिलनाडु।** तमिलनाडु के करूर में 27 सितंबर को हुई भगदड़ के मामले में टीवीके के तीन नेताओं पर एफआईआर दर्ज की गई है, जिनमें जिला सचिव भी शामिल हैं। टीवीके के वकील ने दावा किया किकानूनी रूप से जनसभा की अनुमति ली गई थी, लेकिन पुलिस ने पर्याप्त सुरक्षा नहीं दी। कोर्ट ने सभी आरोपियों को 14 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेजते हुए कहा कि आगे की कार्रवाई कानून के तहत होगी। तमिलनाडु के करूर में 27 सितंबर को मची भगदड़ के मामले में तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) के नेताओं और और कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई तेज हो गई है। इस बीच, टीवीके के वकील मणिकंडन ने बताया कि इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिनमें करूर जिला सचिव और दो अन्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पार्टी की ओर से कोर्ट में यह दलील दी गई है कि जनसभा के लिए कानूनी रूप से अनुमति मांगी गई थी।

# केंद्र ने अब तक नहीं दी 260 करोड़ रुपए की मदद वायनाड भूस्खलन पर बोले केरल सीएम का बड़ा आरोप

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने विधानसभा में कहा कि केंद्र ने वायनाड भूस्खलन राहत के लिए 260.65 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं, लेकिन राशि अब तक जारी नहीं हुई। राज्य ने प्रारंभ में 2,262 करोड़ रुपये की मांग की थी और पीडीएनए रिपोर्ट में 2,221.10 करोड़ रुपये की जरूरत बताई गई थी।

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि केंद्र सरकार ने वायनाड भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र के लिए 260.65 करोड़ रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की है, लेकिन राज्य को अब तक यह धनराशि प्राप्त नहीं हुई है। यह बयान उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने शुरुआती आकलन के आधार पर केंद्र से 2,262 करोड़ रुपये की मांग की थी। इसके बाद विस्तृत पोस्ट-डिजास्टर नीड्स असेसमेंट (पीडीएनए) रिपोर्ट तैयार



की गई, जिसमें लगभग 2221.10 करोड़ रुपये की आवश्यकता का अनुमान लगाया गया। इस रिपोर्ट में मृतकों के आश्रितों, आजीविका गंवाने वालों और पुनर्वास की लागत का आकलन शामिल था।

विजयन ने कहा कि इस मामले पर राष्ट्रीय कार्यकारी समिति (एनईसी) की उप-समिति ने विचार किया और राज्य स्तर की समिति के साथ बैठक भी की। समिति में मुख्य सचिव डॉ. ए. जयथिलक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। चर्चाओं के बाद यह तय हुआ कि केंद्र से 260.65 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। लेकिन अभी तक यह राशि राज्य को नहीं मिली है।

मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि केरल ने केंद्र से वायनाड भूस्खलन को राष्ट्रीय आपदा और गंभीर प्रकृति की आपदा घोषित करने की मांग की थी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से धारा 13 को बहाल करने की अपील की गई थी ताकि पीड़ितों के लिए ऋण माफी संभव हो सके। लेकिन इस पर अब तक कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला है। विजयन ने कहा कि सरकार ने एल्स्टन एस्टेट की 64.475 हेक्टेयर भूमि पर पीड़ितों के लिए टाउनशिप परियोजना शुरू की है। अब तक 295 लाभार्थियों ने नए घरों में शिफ्ट होने की सहमति दी है, जबकि अपील की जांच के बाद 49 और नाम इस सूची में जोड़े गए हैं। यह परियोजना जनवरी 2026 तक पूरी होने की उम्मीद है।

वायनाड जिले के मुण्डक्कई और चूरालमला क्षेत्रों में 30 जुलाई 2023 को आए भूस्खलन में 200 से अधिक लोगों की मौत हुई थी और कई घायल हुए थे। इस आपदा ने पूरे क्षेत्र को लगभग तबाह कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पूरी गंभीरता से पुनर्वास कार्य में जुटी है और केंद्र से अपेक्षित सहयोग मिलने पर कार्य और तेज होगा।

# 30 साल में तिगुना बढ़ी तपिश: दुनिया के बड़े शहरों में गर्मी का कहर, 26 फीसदी ज्यादा बढ़े झुलसाने वाले दिन



**नई दिल्ली।** दुनिया के बड़े शहर अब पहले से कहीं ज्यादा तपती गर्मी झेल रहे हैं। बीते 30 वर्षों में इन शहरों में बेहद गर्म दिनों (35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर) की संख्या औसतन 26% बढ़ी है। यह रिसर्च ब्रिटेन के इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट फॉर एनवायरनमेंट एंड डेवलपमेंट ने किया है। दुनिया के बड़े शहरों में झुलसाने वाली गर्मी तेजी से बढ़ रही है, इसका खुलासा एक नए अध्ययन से हुआ है। इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट फॉर एनवायरनमेंट एंड डेवलपमेंट (आईआईईडी) की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 30 वर्षों में बेहद गर्म दिनों (35C से ऊपर) की संख्या औसतन 26% बढ़ गई है। 1994 से 2003 के बीच जहां हर साल औसतन 1062 दिन इतने गर्म रहते थे, वहीं 2015 से 2024 में यह संख्या 1335 हो गई।

साल 2024 सबसे ज्यादा तपता हुआ साल रहा, जिसमें 1612 बेहद गर्म दिन दर्ज किए गए, यह 1994 की तुलना में 52 फीसदी ज्यादा है। वहीं दिल्ली समेत दुनिया के कई शहरों में झुग्गी-बस्तियों में रहने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं, क्योंकि वहां मकान और बुनियादी ढांचा गर्मी झेलने लायक नहीं हैं। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि तुरंत कदम नहीं उठाए गए तो करोड़ों लोग शहरों में खतरनाक हालात का सामना करेंगे।

दिल्ली जैसे शहरों में, जहां आबादी 2013 से अब तक आधी से ज्यादा बढ़ चुकी है, गर्मी का दबाव लगातार बढ़ रहा है। ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में 1994-2003 के बीच केवल 3 दिन 35 डिग्री से ऊपर गए थे, लेकिन हाल की एक दशक में यह संख्या 40 हो गई। साओ पाउलो जैसे ठंडे माने जाने वाले शहर में 2024 में ही 30 डिग्री से ऊपर के 120 दिन दर्ज हुए। रोम (इटली) में पहले 11 दिन ही इतने गर्म होते थे, जो अब बढ़कर 24 हो गए। मैड्रिड (स्पेन) में यह औसत 25 से बढ़कर 47 दिन हो गया। बर्लिन (जर्मनी) ने भी अधिक गर्म दिनों का अनुभव किया। 2024 में अंटानानारिवो (मेडागास्कर), काहिरा (मिस्र), जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका), किंशासा (डीआर कांगो), मनीला (फिलीपींस), रोम (इटली), टोक्यो (जापान), वाशिंगटन डीसी (अमेरिका) और याओंडे (कैमरून) में रिकॉर्ड गर्म दर्ज की गई।

आईआईईडी की शोधकर्ता अन्ना वाल्निकी ने कहा कि ग्लोबल तापमान सरकारों की उम्मीद से कहीं ज्यादा तेजी से बढ़ रहा है, और वे उसके मुताबिक कदम उठाने में पीछे हैं। उन्होंने कहा कि यदि तुरंत कार्रवाई नहीं की गई तो करोड़ों लोग शहरों में और भी खतरनाक हालात झेलेंगे, क्योंकि अर्बन हीट आइलैंड इफेक्ट (शहरों में कंक्रीट और भीड़भाड़ के कारण और ज्यादा गर्मी महसूस होना) स्थिति को और बिगाड़ रहा है।

## नाबालिग से शादी का मतलब पॉक्सो मामले में राहत नहीं, हाईकोर्ट ने खारिज की आरोपी की याचिका



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने नाबालिग से शादी और बच्चे के जन्म के बावजूद आरोपी के खिलाफ पॉक्सो कानून के तहत दर्ज दुष्कर्म के मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि नाबालिग की तथाकथित सहमति का पॉक्सो कानून में कोई महत्व नहीं है और आरोपी का व्यवहार कानून के खिलाफ था।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज दुष्कर्म के मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि कि केवल इसलिए, कि आरोपी ने नाबालिग लड़की से शादी कर ली और अब दोनों का एक बच्चा भी है, उसे यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दर्ज मामले में बरी नहीं किया जा सकता।

हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने 26 सितंबर को यह आदेश दिया, जिसमें जस्टिस उर्मिला जोशी फाल्के और जस्टिस नंदेश देशपांडे शामिल थे। आरोपी ने दावा किया था कि वह 17 साल की लड़की के साथ आपसी सहमति से संबंध में था और उसकी शादी तब पंजीकृत की गई, जब लड़की 18 साल की हो गई। लेकिन कोर्ट ने कहा कि पॉक्सो कानून के तहत नाबालिग के साथ तथाकथित सहमति का कोई महत्व नहीं है।


## आदिवासी व्यक्ति से दुर्व्यवहार का आरोपी व्यवसायी अदालत से बरी

**नई दिल्ली।** साइबर ठगों ने एक 73 वर्षीय पूर्व प्रबंध निदेशक जो एक बड़े खनन संगठन में काम करते थे, उन्हें एटीएस दिल्ली और एनआईए के अधिकारी बनकर करीब 70 लाख रुपये का झांसा देकर ठग लिया। मुंबई पुलिस ने सोमवार को बताया कि ठगों ने उन्हें धमकी दी कि उनके नाम को आतंकवादी हमले से जोड़ा गया है और यदि वे ड्रग-कार्यालय नहीं जाएंगे तो उनके बैंक खाते फ्रीज कर दिए जाएंगे। पीड़ित को वीडियो कॉल के जरिए एनआईए के एक बड़े अधिकारी के रूप में पेश किया गया शख्स ने गिरफ्तारी वारंट दिखाकर डराया। ठगों ने 3 किश्तों में 70 लाख रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करने को कहा, जिसे पीड़ित ने किया।

पैसे ट्रांसफर होने के बाद ठगों ने संपर्क करना बंद कर दिया। जब पीड़ित को धोखा समझ में आया तो उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, सरकारी कर्मचारी बनकर ठगी और पहचान चोरी के तहत मामला दर्ज किया है।

महाराष्ट्र के अहिल्यानगर नगर में आई लव मोहम्मद को लेकर हिंसक झड़प हुई। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया। एक व्यक्ति की गिरफ्तारी और 30 लोगों को हिरासत में लिया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मामले में साजिश की आशंका जताई है। दरअसल, रविवार देर रात अहिल्यानगर नगर के मिलिवाड़ा में सड़क किनारे रंगोली पर आई लव मोहम्मद लिखा दिखा, जिससे तनाव फैल गया। सोमवार को इस रंगोली का वीडियो वायरल हो गया, जिसके बाद एक समुदाय के युवकों ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के विरोध में अहिल्यानगर-संभाजी हाईवे को जाम कर दिया और पथराव करने लगे। इसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

# ट्रंप की गाजा शांति योजना का आठ अरब- इस्लामी देशों ने किया स्वागत



**दुबई।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा शांति योजना का आठ अरब और मुस्लिम बहुल देशों ने समर्थन किया है। इस योजना में गाजा युद्ध तुरंत रोकने और 72 घंटे में बंधकों की रिहाई का प्रस्ताव है। इन देशों ने कहा कि वह ऐसा समझौता चाहते हैं, जिससे गाजा में निर्बाध मानवीय मदद पहुंचाई जा सके। आठ अरब और मुस्लिम बहुल देशों ने मंगलवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा युद्ध को खत्म करने और क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए पेश की गई 20 बिंदुओं वाली योजना का स्वागत किया। यह योजना ट्रंप और इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच हुई बातचीत के बाद पेश की गई थी। इसमें गाजा युद्ध को तत्काल रोकने और हमास के द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों को 72 घंटों के भीतर रिहा करने का प्रस्ताव है। हालांकि, हमास ने अभी तक इस शांति योजना को स्वीकार नहीं किया है। जिन देशों के विदेश मंत्रियों ने इस योजना का समर्थन किया है, उनमें जॉर्डन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), इंडोनेशिया, पाकिस्तान, तुर्किये, सऊदी अरब और मिस्र शामिल हैं। इन देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा कि क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए अमेरिका के साथ साझेदारी जरूरी है। संयुक्त बयान में कहा गया कि विदेश मंत्रियों ने राष्ट्रपति ट्रंपकी इस घोषणा का स्वागत किया है, जिसमें उन्होंने गाजा में युद्ध समाप्त करने, गाजा में पुनर्निर्माण करने, फलस्तीनी लोगों के विस्थापन को रोकने और शांति की दिशा में आगे बढ़ने की बात कही है। इन आठ देशों ने यह भी दोहराया कि वे अमेरिका के साथ मिलकर ऐसा व्यापक समझौता चाहते हैं, जिससे गाजा में बिना किसी बाधा के पर्याप्त मानवीय मदद पहुंचाई जा सके और युद्ध का स्थायी समाधान निकले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पहले इस योजना का स्वागत कर चुके हैं।

# स्कूल इमारत ढहने से मलबे में दबे दर्जनों बच्चे, एक की मौत

**जकार्ता।** बचावकर्मियों ने मलबे में कई शव देखने का दावा किया है, जिससे आशंका है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। फिलहाल बचावकर्मी जीवित लोगों को जल्द से जल्द मलबे से निकालने की कोशिश कर रहे हैं।

इंडोनेशिया में एक स्कूल इमारत के ढहने से दर्जनों बच्चे मलबे में फंस गए हैं। एक बच्चे की हादसे में मौत हो गई है। हादसे को 12 घंटे से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक राहत और बचाव कार्य पूरा नहीं हो सका है। मलबे में फंसे छात्रों को बचावकर्मियों द्वारा पानी और ऑक्सीजन पहुंचाया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मलबे में अभी भी 65 लोगों के दबे होने की आशंका है।

घटना इंडोनेशिया के पूर्वी जावा के सिदोअर्जो शहर के अल खोजिनी इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल में हुई। कई घंटों के बचाव कार्य के बाद मलबे से आठ छात्रों को



निकाला गया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। बचावकर्मियों ने मलबे में कई शव देखने का दावा किया है, जिससे आशंका है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। फिलहाल बचावकर्मी जीवित लोगों को जल्द से जल्द मलबे से निकालने की कोशिश कर रहे हैं। छात्रों के परिजन मौके पर मौजूद हैं और अपने बच्चों की खबर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कई परिजन रोते-बिलखते देखे गए।

लापता 65 छात्रों में से अधिकतर सातवीं से 11वीं कक्षा के छात्र हैं, जिनकी उम्र 12 साल से लेकर 17 साल के बीच है। खोज और बचाव अभियान का नेतृत्व कर रहे एक अधिकारी ने बताया कि कंक्रीट के भारी स्लैब और अन्य मलबे के चलते बचाव कार्य बाधित हो रहा है। उन्होंने बताया कि बचाव कार्य के लिए भारी उपकरणों का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है क्योंकि भारी उपकरणों से ढहा हुआ मलबा और ढह सकता है। यही वजह है कि बचाव कार्य में देरी हो रही है।

प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि छात्र एक इमारत में दोपहर की प्रार्थना कर रहे थे, उसी दौरान इमारत गिर गई। उन्होंने बताया कि स्कूल इमारत का अनधिकृत विस्तार किया जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में एक 13 वर्षीय छात्र की मौत हो गई और 99 अन्य छात्र घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।

अधिकारी इमारत के ढहने के कारणों की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि पुराना प्रार्थना कक्ष दो मंजिला था, लेकिन बिना अनुमति के दो और मंजिलें बनाई जा रही थीं। पुरानी इमारत की नींव कंक्रीट की दो मंजिलों का वजन नहीं संभाल पाई और ढह गई।

## पाकिस्तान के क्वेटा में जबरदस्त धमाका, छह की मौत और 15 से ज्यादा घायल

**क्वेटा।** बम धमाके का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि एक व्यस्त सड़क पर अचानक तेज धमाका हुआ, जिसकी चपेट में सड़क पर मौजूद कई लोग आ गए। पाकिस्तान के क्वेटा शहर में जबरदस्त विस्फोट हुआ है, जिसमें छह लोगों की मौत हुई है। धमाके में कई लोग घायल भी हुए हैं। क्वेटा पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी है। बलूचिस्तान के स्वास्थ्य विभाग के सचिव ने बताया कि बम विस्फोट के चलते क्वेटा के अस्पतालों में आपातकाल लागू कर दिया गया है। सभी डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सों आदि को ड्यूटी पर मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, बम धमाका क्वेटा की जरगून रोड के करीब हुआ।

## वियतनाम में तूफान बुआलोई के बाद भारी बारिश

## भूस्खलन और बाढ़, मरने वालों की संख्या बढ़कर 19 हुई



**हनोई।** वियतनाम में बुआलोई तूफान के बाद मूसलधार बारिश और भूस्खलन से अब तक 19 लोगों की मौत हो चुकी है और कई लोग लापता हैं। भारी बारिश से सड़कें और गांवों का संपर्क टूट गया है, नदियों का जलस्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच गया और राजधानी हनोई तक जलभराव की स्थिति बन गई। विशेषज्ञों के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के कारण अब ऐसे तूफान और ज्यादा खतरनाक हो गए हैं। वियतनाम में %बुआलोई% तूफान की वजह से लगातार हो रही भारी बारिश ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। इससे बाढ़ के साथ-साथ कई जगहों पर भूस्खलन की घटनाएं बढ़ी हैं। देश में इससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है और कई लोग अब भी लापता हैं। मंगलवार को राष्ट्रीय मौसम एजेंसी ने जानकारी दी कि पिछले चौबीस घंटों में वियतनाम के कुछ हिस्सों में 30 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश हुई है। एजेंसी ने चेतावनी दी कि भारी अभी जारी रहेगी। लंबे समय हो रही बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हुईं, जिनसे सड़क संपर्क टूट गया और कई गांव अलग-थलग पड़ गए। ये घटनाएं उत्तर के सोन ला और लाओ काई प्रांतों से लेकर मध्य वियतनाम के न्घे आन प्रांत तक हुई हैं। बारिश और बांधों से छोड़ने के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ा, जिससे उत्तर में कई जगहों पर बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हुईं। येन बाई क्षेत्र में थाओ नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर चला गया। घरों में पानी एक मीटर तक भर गया और लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाना पड़ा। राजधानी हनोई की कई सड़कों पर जलभराव हो गया। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि लाल नदी के पास रहने वाले लोग सावधानी बरतें। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को बताया कि अब भी 13 लोग लापता हैं, जिनमें आठ मछुआरे शामिल हैं। तूफान बुआलोई इससे पहले शुक्रवार से फिलीपींस में 20 लोगों की जान ले चुका है। यह तूफान सोमवार सुबह वियतनाम के तट पर पहुंचा और वहीं रुका रहा, जिससे खतरा और बढ़ गया। विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण इस तरह के तूफान पहले से ज्यादा तेज हो गए हैं।

# शहबाज शरीफ और असीम मुनीर हमेशा हमारे साथ रहे गाजा प्लान पर पाकिस्तान का समर्थन मिलने पर बोले ट्रंप



**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा युद्ध खत्म करने के लिए 20 बिंदुओं वाली शांति योजना पेश की है। पाकिस्तान ने इस योजना का खुलकर समर्थन किया, जिस पर ट्रंप ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और जनरल असीम मुनीर की तारीफ की। ट्रंप की योजना के तहत युद्धविराम, बंधकों की रिहाई, गाजा का निरस्त्रीकरण और पुनर्निर्माण शामिल है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा युद्ध खत्म करने की शांति योजना का पाकिस्तान ने समर्थन किया है। ट्रंप ने इसको लेकर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर की तारीफ की। व्हाइट हाउस की ओर से से 20 बिंदुओं की शांति योजना की घोषणा की गई, जिसके बाद ट्रंप ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि यह योजना इस्राइल और हमास के बीच जारी संघर्ष को खत्म करने के मकसद से तैयार की गई है। इस प्रेस वार्ता में ट्रंप ने सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे कई अरब और इस्लामी देशों के नेताओं का आभार जताया, जिन्होंने इस योजना के लिए सुझाव दिए हैं। उन्होंने इस योजना को नए गाजा के पुनर्निर्माण के लिए एक साझा प्रयास बताया।

ट्रंप ने पाकिस्तानी नेतृत्व की चर्चा करते हुए कहा, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और फील्ड मार्शल (जनरल असीम मुनीर) शुरुआत से ही हमारे साथ थे। उन्होंने अभी एक बयान जारी किया है कि वे इस प्रस्ताव पर पूरी तरह विश्वास रखते हैं। ट्रंप ने आगे कहा, अभी मैं घूम रहा था तभी अधिकारियों ने मुझे बताया- सर, आपके लिए एक बड़ा संदेश है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और फील्ड मार्शल इस योजना का सौ फीसदी समर्थनक कर रहे हैं।

शहबाज शरीफ ने एक्स पर ट्रंप की इस योजना का स्वागत किया और कहा कि फलस्तीनियों और इस्राइलियों के बीच स्थायी शांति इस क्षेत्र में राजनीतिक स्थिरता और आर्थिक विकास के लिए जरूरी है।

अगर इस्राइल और हमास दोनों ट्रंप की इस योजना पर सहमत होते हैं, तो युद्ध तत्काल खत्म हो जाएगा। योजना के मुताबिक, दोनों पक्ष बंधकों को रिहा करेंगे और हमास को पूरी तरह निरस्त्र किया जाएगा। इसके बाद इस्राइली सेना गाजा से पीछे हटेगी और सभी सैन्य अभियान रोक दिए जाएंगे।

इस योजना के स्वीकार करने के बाद इस्राइल 72 घंटों के भीतर सभी बंधकों को वापस लेगा, चाहे वे जीवित हों या मृत। इसके बदले में इस्राइल उम्रकैद की सजा पा चुके 250 फलस्तीनी कैदियों और सात अक्तूबर 2023 के बाद गिरफ्तार किए गए 1700 गाजावासियों को रिहा करेगा, जिनमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं।

ट्रंप ने इससे पहले भी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख असीम मुनीर की तारीफ की थी और उन्हें शानदार इंसान बताया था। यह बयान उन्होंने व्हाइट हाउस में एक तय मुलाकात से पहले दिया था। ट्रंप ने कहा था, हमारे पास बहुत अच्छे नेता आ रहे हैं- पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और फील्ड मार्शल। फील्ड मार्शल एक बेहतरीन इंसान हैं और प्रधानमंत्री भी। शायद वे अभी इस कमरे में मौजूद हैं। उनकी यह मुलाकात संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के मौके पर हुई, जब शरीफ और मुनीर ने वॉशिंगटन डीसी का दौरा किया था।

# डांडिया नृत्य में जमकर झूमी महिलाएं, खेली गरबा

अवधनामा संवाददाता



सर्ववैश्य समाज महिला मंडल के डांडिया महोत्सव में बिखरा उल्लास और उमंग का रंग

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** सर्ववैश्य समाज क्षेत्रीय समिति महिला मंडल के तत्वावधान में बलीभद्र परिसर में सोमवार की रात गरबा व डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। महिलाओं ने राधा कृष्ण व शंकर पार्वती बने कलाकारों के साथ खूब धमाल मचाया। महिलाएं भक्ति गीतों पर देर रात तक थिरकती रहीं।

डांडिया महोत्सव का शुभारंभ अध्यक्ष राजकुमार ऊमरवैश्य मुख्य सलाहकार आलोक गुप्ता पिंटू, इंजी उमाशंकर गुप्ता, संरक्षक आलोक गुप्ता, पूर्व चेयरमैन शिव गोविंद साहू, आशीष ऊमरवैश्य, राजकुमार केशरी, महिला मंडल अध्यक्ष सुमन जायसवाल, महामंत्री पूजा ऊमरवैश्य, कोषाध्यक्ष सत्यभामा व आशा साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व माता रानी आरती कर शुभारंभ किया। गरबा व डांडिया महोत्सव के दौरान सभी महिलाएं व बच्चियां पारंपरिक परिधान और गुजराती परिधान में सज-धज कर आई थी।

उपस्थित सभी महिलाओं ने झुंड बनाकर कभी अपने-अपने सखी, सहेलियों के साथ, तो कभी सामूहिक रूप से ताल से ताल मिलाते हुए घंटे देवी माँ व डांडिया गीतों पर थिरकते रहें। महिलाएं, युवतियां व बच्चियां रंग बिरंगी लाइट पर एक साथ लोकगीत संगीत धुन पर गरबा में देर रात तक झूमते रहे। प्रयागराज के अरविंद आर्ट ग्रुप के कलाकारों में सोना सिंह पार्वती, शंकर विजय, राधा मानसी व कृष्ण सूरज के नृत्य पर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। डांडिया में तीन ग्रुप बनाए गए थे। जिसमें डांडिया में सानवी ऊमरवैश्य, परी जायसवाल, लक्ष्मी गुप्ता, अमृता केसरी, गुनगुन गुप्ता, पीहू, शिवांगी गुप्ता व वेदिका गुप्ता आदि बच्चियों ने प्रतिभा किया।

महिलाओं में डांडिया गरबा में कोमल केशरी, आशा साहू व पूजा जायसवाल, डांडिया क्वीन में सत्यभामा ऊमरवैश्य, दीपा केशरी व उर्मिला जायसवाल बेस्ट जोड़ी डांडिया पूजा ऊमरवैश्य, नीलम केशरी, मनीषा गुप्ता और सुजाता साहू, साथ ही बेस्ट ऊर्जावान डांडिया नृत्य नीतू अग्रवाल, बबीता जायसवाल बीना गुप्ता, आस्था केसरवानी व चित्रा ऊमरवैश्य का रहा। इस मौके पर बेहतर डांडिया करने वाली रिशिका गुप्ता, माही गुप्ता, श्रेया, प्रिया, वेदिका, सोनिया, नेहा, परी, प्रियांशी, नैना मुस्कान को भी सम्मानित किया गया। अंत में अध्यक्ष राजकुमार नेता व आलोक गुप्ता पिंटू ने संयुक्त रूप से सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया मां दुर्गा जी की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष सुमन जायसवाल ने किया। इस अवसर पर सुनीता जायसवाल, अनुष्का गुप्ता, ममता जायसवाल, ममता गुप्ता, दीपिका, दिव्या गुप्ता, श्वेता केसरवानी, रचना जायसवाल, पन पूजा ऊमरवैश्य, आशा साहू, प्रिया ऊमरवैश्य, वंदना, डॉ सीमा उर्मिला, सत्यभामा, ऊमरवैश्य, पूनम मोदनवाल व संगीता केसरवानी समेत सैकड़ो महिलाएं शामिल रही।

# डांडिया नृत्य का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज एटलस पोखरा के प्रांगण में डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ लालगंज से बीजेपी के निवर्तमान अध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, विद्यालय की संरक्षिका सरस्वती वर्मा एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सरायमीर की प्रधानाचार्या डॉक्टर संध्या वर्मा ने संयुक्त रूप से मां दुर्गा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. डांडिया का आयोजन प्राइमरी, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बालक एवं बालिकाओं द्वारा अपने-अपने ग्रुप में बहुत ही आकर्षक ढंग से अपना प्रदर्शन किया गया। जिसका लुफ्त सभी अभिभावक एवं अतिथिगणों ने बच्चों का हौसला बढ़ाया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ने कहां की डांडिया हमारे देश का एक प्रचलित नृत्य है जो गुजरात से चलकर उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में छाया हुआ है कहीं ना कहीं यह नृत्य हमें यह सिखाता है कि हमारा देश विविधताओं का देश है. इस समय नवरात्र चल रहा है शक्ति की देवी मां जगदंबा का दिन है इसलिए हम इसे इग्नोर नहीं कर सकते कि आज भी हमारे बीच में शक्ति है,विद्यालय के बच्चों का इतना सुंदर प्रदर्शन देखकर के हम इसका अंदाजा लगा सकते हैं. कि इनके कितने प्रतिभा और लगन है और मैं उन शिक्षकों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने कार्यक्रम को इतनी अच्छी तरह से तैयार कराया है. बच्चों के नृत्य के बाद सभी महिला अभिभावको ने भी डांडिया का लुफ्त उठाया. इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रमाकांत वर्मा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य ध्रुव चंद मौर्य ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की।

# वन विभाग रेंज बक्शा ने ग्रीन चौपाल किया आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (बक्शा)** स्थानीय थाना क्षेत्र में मंगलवार को सिकरारा ब्लाक के ग्राम सभा उतरेजपुर के पंचायत भवन पर वन विभाग रेंज बक्शा द्वारा ग्रीन चौपाल आयोजित किया गया। एक पेड़ मां के नाम के तहत ग्रीन चौपाल का आयोजन बक्शा क्षेत्रीय वन विभाग अधिकारी रीता तिवारी के देख रेख में किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पुत्र बृजेश यादव ने किया।वन विभाग दरोगा दिलीप कुमार मिश्रा ने लोगों से संवाद स्थापित करते हुए हरे पौधों को सुरक्षित बनाने और ज्यादा से ज्यादा हरे पेड़ लगाने को कहा। उन्होंने ने बताया कि कहीं पर कोई भी हरे पेड़ बगैर परमिशन के काटे जाने पर तत्काल सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दिया जाए जिससे हरे पेड़ कटने से बचाया जा सके।हरे पेड़ लगाने से वातावरण साफ और वन पक्षियों की रक्षा होगी।सिकरारा के वन विभाग बीट प्रभारी सुनील सिंह व मिथलेश कुमार यादव ने चौपाल में उपस्थित लोगों से हरे पेड़-पौधे और वन पक्षियों जीवों की सुरक्षा की जानकारी दी। जिन लोगों को हरे पौधे लगाने हैं वह वन विभाग से पौधे प्राप्त कर लगा सकते हैं। ग्रीन चौपाल में वन विभाग दरोगा दिलीप कुमार मिश्रा बीट प्रभारी सुनील सिंह, मिथलेश कुमार यादव प्रधान पुत्र बृजेश यादव पत्रकार पंकज विश्वकर्मा पंचायत सहायक आशीष कुमार यादव भीम यादव, कमलेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### महावीर व्यायामशाला में हुआ भव्य डांडिया उत्सव



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)।** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर महिलाओ व कन्याओं द्वारा माँ दुर्गा के प्रति श्रद्धा, आस्था, समर्पण, उपासना व भागीदारी हेतू भव्य डांडिया उत्सव श्री श्री 108 महावीर व्यायामशाला सार्वजनिक दुर्गा पुजा समिति देवघर द्वारा व्यायामशाला परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर रंग-बिरंगे परिधानों में डांडिया की ताल पर कन्याओं और महिलाओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। पूजा परिसर रंग-बिरंगे आकर्षक लाईटो, सजावट व डांडिया की धुनों से गूंज उठा और पूरे माहौल को सांस्कृतिक उल्लास और उत्साह से भर दिया। डांडिया की मनमोहक प्रस्तुति से पूरा परिसर मंत्र मुग्ध हो गया। पुजा समिति ने कहा कि आने वाले वर्षो में यह उत्सवऔर भी भव्यता के साथ मनाया जाएगा। पूरे आयोजन मे भक्तों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ रही। मौके पर भारतीय वैश्य महासभा के जिला अध्यक्ष प्रभाष गुप्ता ने कहा कि समाज को एक सूत्र में जोड़ने और नई पीढी को अपनी संस्कृति और परंपरा का बोध कराने हेतू यह डांडिया उत्सव महत्वपूर्ण व अहम है।

### करंट की चपेट में आने से 8 साल की बच्ची की मौत

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)।** मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र में 8 साल बच्ची की करंट लगने से हुई मौत हो गई। कटघर शीश महल दुर्गा पूजा पंडाल देखने गए कटघर निवासी निषाद परिवार की 8 वर्षीय बच्ची शिवन्या निषाद पुत्री धर्मा निषाद की लगभग शाम 6:30 बजे करंट लगने से मौत हो गई। परिजन बच्ची को लेकर स्वरूप रानी हॉस्पिटल गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने मुट्ठीगंज थाना पहुंचकर पंडाल कमेटी पर आरोप लगाया है।

### एआईएमआईएम के सदस्यता अभियान में लोगों की रुचि से पार्टी का बढ़ा कद



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम का सदस्यता अभियान कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष अफ़सर महमूद ने शहर के गणमान्य लोगों में मोईन बस सर्विस के प्रोपराइटर समेत दर्जनों लोगों को सदस्यता दिलाई और पार्टी की नीतियां से अवगत कराया। सभी गणमान्य लोगों ने एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी पर भरोसा जताते हुए मजलिस के कारवां को ईंधन देने का काम किया। सदस्यता लेने वालों में एस आई हुसैन, सहरउद्दीन, अमीर उद्दीन, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद यूसुफ, मोहम्मद अतहर आदि थे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में मजलिस के पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी इब्राहिम नसीम, मजलिस के महानगर संगठन मंत्री सैय्यद इरशाद आलम, महानगर प्रवक्ता इफ्तेखार अहमद मंदर, महानगर उपाध्यक्ष एजाज़ नक़वी,आदि लोग उपस्थित थे।

### मां काली स्वांग शोभा यात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)।** जॉनसेन गंज इलाहाबाद यूथ क्लब के द्वारा मां काली स्वांग शोभा यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाला गया। ध्वज पताका और तिरंगा एक साथ चल रहा था। यह परंपरा पांच वर्षों से लगातार चल रही है और नवरात्रि के दौरान विशेष महत्व रखती है। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सड़कों पर मां काली के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। शोभा यात्रा मां काली के आरती के साथ शुरू हुआ। उसके बाद मां काली के रूद्र रूप को दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया गया। शोभा यात्रा डाबर गली जानसेनगंज से शुरू होकर चौक घंटाघर तक पहुंची। कलाकार हाथ में खप्पर और भुजाली लेकर रुद्र नृत्य करते हुए आगे बढ़े। श्रद्धालु जगह-जगह स्वागत करके और आशीर्वाद प्राप्त कर रहे थे। भक्तजन लगातार जयकारे लगा रहे थे। उपस्थित सदस्यों में पंडित दिगंबर नाथ त्रिपाठी, गौरी शंकर वर्मा, आदित्य राठौर, आयुष वर्मा, आर्यन राठौड़, प्रतीक चक्रवर्ती, सौरभ श्रीवास्तव, शुभम राठौर, विजय चौरसिया, अकरम शगुन, भरत कनौजिया हजारों श्रद्धालु काली स्वांग में शामिल हुए।

# थानाध्यक्ष बक्शा ने पैदल गस्त कर दिलाया सुरक्षा का एहसास

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (बक्शा)** स्थानीय थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम बक्शा थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह हेड कांस्टेबल अमित सिंह कांस्टेबल विरेन्द्र विश्वकर्मा सही अन्य पुलिस बल के साथ क्षेत्र में पैदल गस्त कर चेकिंग कर संदिग्धों पर पौनी नजर रखते हुए क्षेत्र में लगें पूजा पंडालों में पहुंच सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। त्योहारों को लेकर बक्शा थाना पुलिस की सक्रियता देखने को मिला है। मंगलवार शाम को बक्शा थानाध्यक्ष भारी पुलिस बल के साथ नौपेड़वां बाजार में पैदल गस्त किया और पूजा पंडालों में पहुंच सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और पूजा पंडाल को सुरक्षित बनाए रखने का निर्देश पूजा समितियों को दिया गया।वही दूसरी तरफ क्षेत्र के उपनिरीक्षक पुलिस बल के साथ लखौवां बाजार कुल्हनामऊ बाइपास शम्भूगंज बाजार शिवगुलामगं बाजार सहित अन्य बाजारों में गस्त कर पूजा पंडालों में पहुंच सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।और पूजा समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।पुलिस ने त्योहारों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।और अपराधों पर लगाम लगाने के लिए क्षेत्र में तत्पर रहते हैं। बक्शा पुलिस ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अपने क्षेत्र में स्थित सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूजा समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। और नवरात्रि पर्व को सकुशल संपन्न कराने में लगे हुए हैं।पुलिस ने पूजा पंडालों में तैनात समितियों के पदाधिकारियों को भी सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधियों कि तत्काल सूचना पुलिस को देने के निर्देश दिए।

## सीडीपीओ कार्यालय डोभी में निकला पोषण जागरूकता रैली

**जौनपुर (चन्दवक)** डोभी राष्ट्रीय पोषण 2025 के अंतर्गत शुक्रवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय डोभी परिसर से एक जागरूकता रैली निकाली गई रैली की अगुवाई सीडीपीओ उमा कुमारी ने की। स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान पर केंद्रित इस रैली का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य संबंधित जागरूकता फैलाना था प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य जांच स्वच्छता और पोषण सुधार से जुड़े संदेशों के नारे लगाकर आमजन को जागरूक किया। कार्यालय परिसर से शुरू होकर चन्दवक चौराहे तक निकाली गई।वहीं पर इसका समापन हुआ। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकत्री मुक्त सेवाएं शैल कुमारी, लक्ष्मी, सोनी,अंजली कुशवाहा, ब्लॉक को अल्टरनेटर संजय कुमार ठाकुर, प्रदीप कुमार जायसवाल समेत बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी महिलाएं शामिल रही राष्ट्रीय पोषण माह 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है इस अवधि में महिलाओं और बच्चों के पोषण स्तर को बेहतर बनाने तथा स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

# वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाई गई विजयादशमी



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में विजयादशमी पर्व बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह द्वारा 51 कन्याओं के पूजन से हुई। उन्होंने उपहार स्वरूप वस्त्र व दक्षिणा भेंट किया। तत्पश्चात विजयादशमी मंचन कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह एवं संरक्षक अरविन्द कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने आकर्षक रामलीला मंचन प्रस्तुत किया। इस मंचन के माध्यम से बच्चों ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का आदर्श हमें संयम, शक्ति, मर्यादा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। रामलीला में विद्यार्थियों ने अपने-अपने पात्रों का शानदार अभिनय किया -जिसमें दशरथ -शशांक, राम -प्रसिद्ध, लक्ष्मण -गौरव, जनक -हर्ष, गुरु वशिष्ठ -आदित्य, कौशल्या -निहारिका, हनुमान -रुद्र प्रताप सिंह, रावण -दिव्यांशु, विभीषण -अनुपम, सुप्रलाका -काली, परशुराम -रूद्र, सीता -सृष्टि, सुमित्रा -रागिनी, तथा अन्य सहपाठियों ने भी विभिन्न भूमिकाएँ निभाकर दर्शकों की खूब सराहना पाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह ने कहा -हमें श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर सदैव सत्य और धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। रावण जैसे शक्तिशाली व्यक्ति का पतन केवल अहंकार के कारण हुआ। अतः हमें अहंकार से दूर रहकर अपने कर्तव्य और मर्यादा का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम की प्रस्तुति देखकर उपस्थित सभी शिक्षक, कर्मचारी व बच्चे भाव विभोर हो गए और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के व्यक्तित्व से बहुत ही प्रेरित हुए। कार्यक्रम संचालन में मुख्य रूप से नीलम चौहान, आरती सिंह, अदिति सिंह, कृष्ण मिश्रा, सुधांशु द्विवेदी, प्रदीप श्रीवास्तव, सुप्रिया राय, रमन यादव, सूर्यभान यादव आदि का योगदान सराहनीय रहा।

# महाविद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास में योगदान करें : कुलपति

सेवा पखवाड़े के तहत हुआ महाविद्यालय प्राचार्य संवाद



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत ÷महाविद्यालय प्राचार्य संवाद कार्यक्रम÷ का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने की।

कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने प्राचार्यो को संबोधित करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य है कि सभी महाविद्यालय उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण, पारदर्शी परीक्षा प्रणाली और रोजगारोन्मुखी गतिविधियों के माध्यम से छात्रों के समग्र विकास में योगदान करें। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में नवाचार पर बल देते हुए कहा कि महाविद्यालयों को केवल डिग्री प्रदान करने तक सीमित न रहकर विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए।

इस अवसर पर कुलसचिव केशलाल ने प्रशासनिक पारदर्शिता और समयबद्ध कार्य संस्कृति की आवश्यकता पर विचार रखे। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने परीक्षा प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं निष्पक्ष बनाने के विश्वविद्यालय के प्रयासों की जानकारी दी।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने प्राचार्यो से सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की समयबद्ध रिपोर्ट विश्वविद्यालय को भेजने का आग्रह किया। कार्यक्रम में उपकुलसचिव अजीत कुमार सिंह, डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय तथा विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यगण उपस्थित रहे।

## श्री अग्रसेन अग्रवाल समाज द्वारा 4 व 5 अक्टूबर को नि:शुल्क रोजगार मंच

**प्रयागराज।** श्री अग्रसेन अग्रवाल समाज, प्रयागराज आगामी अग्रसेन महोत्सव के अंतर्गत नौकरी देने वाले और नौकरी पाने वालों के लिए एक नि:शुल्क रोजगार मंच का आयोजन कर रहा है। यह मंच 4 और 5 अक्टूबर को एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज, सिविल लाइन्स बस स्टैंड के पीछे, प्रयागराज में आयोजित होगा। इस रोजगार मंच में नौकरी देने वाले संस्थान और नौकरी की तलाश करने वाले अभ्यर्थियों दोनों का नि:शुल्क पंजीकरण किया जाएगा। मंच प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना रिज्यूमे एवं नौकरी हेतु आवश्यक दस्तावेजों की फोटो कॉपी लेकर स्थल पर उपस्थित हों। समाज सभी संस्थानों, उद्योगों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से अपील करता है कि वे भी इस रोजगार मंच में सम्मिलित होकर योग्य और उत्साही अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान करें। यह मंच नियोक्ताओं और अभ्यर्थियों के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य करेगा। समाज का प्रयास रहेगा कि योग्य अभ्यर्थियों को रोजगार दिलाने में सहायता की जाए, किंतु किसी भी प्रकार की नौकरी की गारंटी समाज द्वारा नहीं दी जाएगी।

# बुजुर्ग महिला ने रोका पीडीए की बुलडोजर कार्यवाही

पीडीए बुलडोजर लेकर पहुंचा, वकीलों ने किया महिला का समर्थन



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** कर्नलगंज थाना क्षेत्र के बैंक रोड पर सोमवार को विकास प्राधिकरण (पीडीए) की टीम विवादित मकान को ध्वस्त करने पहुंची तो वहां हंगामा खड़ा हो गया। मौके पर भारी संख्या में वकील इकट्ठा होकर विरोध करने लगे। इस दौरान मकान की महिला स्वामी ने अधिकारियों को आत्मदाह करने की चेतावनी दे दी। महिला का आरोप है कि एक आईएएस अधिकारी के दबाव में उसके मकान का ध्वस्तीकरण कराया जा रहा है। उसने कहा कि यह मकान उसका पुश्तैनी है और इस पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा नहीं है। महिला ने अधिकारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कहा कि वह अपनी जान देकर भी मकान को टूटने नहीं देगी। वहीं, वकीलों ने भी पीड़ित महिला का समर्थन करते हुए पीडीए के अभियान का विरोध किया और जमकर नारेबाजी की। उनका कहना था कि यह कार्रवाई न्यायसंगत नहीं है और गरीब परिवार को उजाड़ने की कोशिश की जा रही है। मौके पर पुलिस बल भी तैनात रहा ताकि किसी तरह की अनहोनी न हो। अधिकारियों ने विरोध के बीच स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की। हालांकि देर तक वकीलों और प्राधिकरण की टीम के बीच नोक झोंक होती रही। देर शाम तक प्रशासनिक स्तर पर इस पर फैसला नहीं लिया जा सका है।

# डीएम-एसपी ने ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



- वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था की कड़ी हिदायतें
- डीएम ने अनुपयोगी सामग्री निस्तारण व सफाई में लापरवाही पर जताया असंतोष
- राजनीतिक दलों की मौजूदगी में वेयरहाउस सुरक्षा की समीक्षा
- वेयरहाउस में 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी व कड़ी सुरक्षा के निर्देश

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में तहसील सदर परिसर में स्थित इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस की वाह्य, आन्तरिक सुरक्षा का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों से कहा कि पूरी मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, परिसर में कोई भी कर्मी ज्वलनशील पदार्थ, बीड़ी-माचिस आदि लेकर प्रवेश न करे, कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति वेयर हाउस परिसर में प्रवेश न करें, सी.सी.टी.वी. कैमरे 24 घंटे क्रियाशील रहें।

उन्होने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों से कहा कि अपनी-अपनी शिफ्ट में समय से उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें, वेयर हाउस के चारों ओर घूमकर निगरानी की जाये, वेयर हाउस की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर कोताही न बरती जाये।

उन्होने असंतोष व्यक्त करते हुये कहा कि गत् त्रैमासिक निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय के कर्मियों को वेयर हाउस में उपलब्ध अनुपयोगी सामग्री का नियमानुसार निस्तारण कराने के साथ ही आन्तरिक सफाई कराये जाने, क्षतिग्रस्त खिड़कियों की मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये गये थे, निर्देशों के बावजूद अनुपयोगी सामग्री का निस्तारण, सफाई का कार्य नहीं कराया गया। उन्होने सचेत करते हुये कहा कि अपर जिलाधिकारी की देख-रेख में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में वेयर हाउस में उपलब्ध अनुपयोगी सामग्री का नियमानुसार निस्तारण कराया जाये साथ ही आन्तरिक कक्षों, हॉल की सफाई करायी जाये। उन्होने कहा कि वेयर हाउस के जंगलों की खिड़कियों के टूटे हुये कॉच भी प्राथमिकता पर बदलवाये जायें, नियमित रूप से परिसर की सफाई हो, वेयर हाउस की लॉगबुक, पंजिका अद्यावधिक रखी जाये। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम, विद्युत अंकित यादव, अनिल वर्मा, सहायक अभियंता लोक निर्माण मो. जकी खां, सहायक निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार, अविनाश सक्सेना, अजय अम्बेश, सुनील मिश्रा के अलावा कॉग्रेस पार्टी से गोपाल कुलश्रेष्ठ, भारतीय जनता पार्टी से विशाल बाल्मिकी, समाजवादी पार्टी से राम नारायण बाथम, राजू चौधरी, बहुजन समाज पार्टी से अवनीश शाक्य आदि उपस्थित रहे।

# आदिवासी और पिछड़े वर्ग की कन्याओं का चरण धोकर किया पूजन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** शारदीय नवरात्र की अष्टमी तिथि पर एक ऐसा अलौकिक दृश्य देखने को मिला जिसने सनातन संस्कृति की आत्मा को संबल प्रदान किया। श्री हरिधाम बाबा सेवा समिति के पीठाधीश्वर एवं श्री निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर परमपूज्य स्वामी श्री श्री 1008स्वामी विनयानंद गिरी महाराज जी ने समाज को झकझोर देने वाला एक दिव्य उदाहरण प्रस्तुत किया। महाराज जी ने आदिवासी और पिछड़े परिवारों की मासूम कन्याओं को नवदुर्गा स्वरूपा मानकर उनके चरण धोकर उनका पूजन किया। जिन पांवों में संसार गरीबी और कठिनाई देखता है, वहीं महाराज जी ने उनमें स्वयं माँ भगवती की आभा देखी। यह दृश्य केवल पूजा भर ही नही था, बल्कि यह एक संदेश था समाज के लिए कि जहाँ कन्या का सम्मान होगा, वहीं समृद्धि और कल्याण होगा। कन्या पूजन के उपरांत महाराज जी ने उन नवदेवियों को हलवा-पूरी, गुड़-चना और फल इत्यादि का प्रसाद अर्पित कर स्वयं अपने हाथों से खिलाया। यह केवल अर्पण ही नहीं, बल्कि भूख और भक्ति दोनों की तृप्ति का भावपूर्ण दृश्य भी था। स्वामी विनयानंद गिरी महाराज जी का स्पष्ट कहना है कि माता-पिता और कन्याएँ ही हमारे प्रथम गुरु हैं। और जो इनकी पूजा करता है वह स्वयं ईश्वर की आराधना करता है।उन्होंने आगे यह भी संकल्प लिया कि माँ महागौरी की कृपा से हर घर में कन्या की पूजा होगी और जब हर हृदय में माँ की शक्ति का सम्मान होगा तभी जगत का कल्याण भी संभव हो पायेगा। कन्या पूजन में मंगला पटेल, कृष्णा अवतार पतले, ननकू लाल विश्वकर्मा, विमल विश्वकर्मा, आशा शर्मा, अमृत लाल शर्मा, उमेश चंद्र विश्वकर्मा, रवि शंकर शर्मा, रविन्द्र कुशवाहा आदि लोग शामिल रहे।

## राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**प्रयागराज।** कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आज मंगलवार को कर्नलगंज थाने का घेराव किया। यहां सैंकड़ों की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने जमकर नारे की। दरअसल, एक चैनल पर केरल के भाजपा नेता व पार्टी प्रवक्ता पिंटू महादेव ने राहुल गांधी को सीने पर गोली मारने की बात कही थी। इस बात को लेकर आक्रोशित कांग्रेस के कार्यकर्ता कांग्रेस के पूर्व नेता अनुग्रह नारायण सिंह की अगुवाई में थाने पर पहुंचे थे।

**Notice**

I, Syed Waqar Haider, s/o Talib Raza, r/o 85 Jafariya Colony, Muftiganj, Thakur ganj, Lucknow – 226003, have lost my Transfer Certificate (Brains Convent College) at Thakurganj Market on 15 September 2025. If found, kindly contact me at 8114110478.

# सिडबी ने 27वीं वार्षिक आम बैठक एफवाई 2025 के लिए 4,811 करोड़ का मुनाफा दर्ज



**लखनऊ।** भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने 29 सितंबर, 2025 को लखनऊ स्थित अपने प्रधान कार्यालय में अपनी 27वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) आयोजित की। उक्त वार्षिक सामान्य बैठक में 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष हेतु सिडबी के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों को अनुमोदित किया गया। सिडबी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मनोज मित्तल ने सदस्यों को संबोधित किया और सिडबी के वित्त वर्ष 2025 के वित्तीय और परिचालनगत कार्यनिष्पादन के बारे में जानकारी दी। वर्ष के दौरान, बैंक की वृद्धि जारी रही और उसके तुलनपत्र का आकार 5.6 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। बैंक का आस्ति आधार 31 मार्च 2024 के 5,22,521 करोड़ से 8.7% बढ़कर मार्च 31, 2025 को 5,68,238 करोड़ हो गया। ऋण और अग्रिम पोर्टफोलियो वित्त वर्ष 2025 के अंत में 4,96,282 करोड़ हो गया, जो वित्त वर्ष 2024 के अंत में 4,56,015 करोड़ था और इस प्रकार यह 8.8% की वृद्धि दर्शाता है। वित्त वर्ष 2025 के दौरान, बैंक ने 38,511 करोड़ की आय अर्जित की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 20.6% की वृद्धि दर्शाती है और पिछले वर्ष की तुलना में 19.5% की वृद्धि के साथ 4,811 करोड़ का निवल लाभ दर्ज किया है, जो बैंक द्वारा किसी भी वर्ष में दर्ज किया गया सर्वोच्च निवल लाभ है। प्रति शेयर अर्जन (ईपीएस) भी बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 84.62 हो गया। 31 मार्च 2025 को बैंक का सकल एनपीए और निवल एनपीए अनुपात क्रमशः 0.04% और 0.00% था। वार्षिक सामान्य बैठक में वित्त वर्ष 2025 के लिए 20% का लाभांश अनुमोदित किया गया।श्री मित्तल ने कहा, सिडबी वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर एमएसएमई क्षेत्र को सुदृढ़ करने और उसका विस्तार करने के लिए समर्पित है। हम ऋण पहुँच का विस्तार कर रहे हैं, जिसके लिए नवोन्मेषी डिजिटल प्रयासों और ऋण उत्पादों को लाया गया है, जैसे एक्सप्रेस ऋण, जो त्वरित और निर्बाध अनुमोदनों को सुगम बनाने के लिए स्वचालित मूल्यांकन प्रणालियों का उपयोग करता है।

# सैमसंग ने त्योहारों के दौरान 4 घंटे की इंस्टॉलेशन एवं डेमो सर्विस शुरू की

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपनी 4- घंटे की सुपरफास्ट इंस्टॉलेशन और डेमो सर्विस शुरू की है। इस सर्विस को ग्राहकों को बिना किसी परेशानी और चिंता के त्योहारों के दौरान खरीदारी का शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

इस पहल के साथ, उपभोक्ता अपने नए सैमसंग उत्पादों (रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, एयर कंडीशनर, माइक्रोवेव ओवन, टेलीविजन) को रिक्वेस्ट करने के 4 घंटे के भीतर (नगरपालिका सीमा के भीतर) लगवा सकते हैं। इसका मतलब है अब ग्राहकों को कोई इंतज़ार नहीं करना होगा और ना ही उन्हें अपने प्रोडक्ट्स लगवाने में कोई देरी होगी - और वे बस आराम से बैठकर त्योहारों का पूरा मज़ा उठा सकते हैं। इस अनुभव को और बेहतर बनाते हुए, सैमसंग के विशेषज्ञ सर्विस इंजीनियर प्रत्येक उत्पाद का व्यक्तिगत डेमो देंगे, और ग्राहकों को उनके प्रोडक्ट के आधुनिक फीचर्स, टिप्स और उसे इस्तेमाल करने के स्मार्ट आइडिया की जानकारी मिलेगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पहले दिन से ही प्रत्येक डिवाइस की पूरी क्षमता का आनंद लिया जाए। ग्राहकों को उनके नए डिवाइसेस को सैमसंग के स्मार्टथिंग्स इकोसिस्टम से जोड़ने के बारे में भी बताया जाएगा, जिससे वे घर या ऑफिस पर उपकरणों और डिवाइसेस को जोड़कर स्मार्ट लाइफस्टाइल का अनुभव कर सकें।

सैमसंग स्मार्टथिंग्स एक ऐसा ऐप है जो उपकरणों को जोड़ता है ताकि अधिक व्यक्तिगत, सुविधाजनक और मानव-केंद्रित एआई होम अनुभव प्रदान किया जा सके। सैमसंग इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट, कस्टमर सैटिस्फैक्शन सुनील कुटिन्हा ने कहा, त्योहार एक साथ उत्सव मनाने का समय है, न कि सेटअप के इंतजार करने का। हमारी 4-घंटे की सुपरफास्ट इंस्टॉलेशन और डेमो सर्विस के साथ, हम अपने ग्राहकों के समय और सुविधा को प्राथमिकता दे रहे हैं।

# आईआईटी कानपुर के अरुणतेजा जारुपुला ने स्पेस फॉर गुड इंडिया चैलेंज 2025 में तृतीय पुरस्कार जीता



**नई दिल्ली।** सैटेलाइट कम्युनिकेशंस में विश्व की अग्रणी कंपनी वायासैट इंक ने बिट्स पिलानी के मयंक गोलेछा से वायासैटः स्पेस फॉर गुड 2025 पहल के अपने भारतीय संस्करण का विजेता घोषित किया है। यह पहल विद्यार्थियों के लिए स्टेम नवप्रवर्तन की एक ऐतिहासिक चुनौती है। निरमा युनिवर्सिटी की भूमि रैयानी और आईआईटी कानपुर के अरुणतेजा जारुपुला इस अत्यधिक प्रतिस्पर्धी चुनौती में उप विजेता रहे।

ब्रिटेन और अमेरिका में भारी सफलता के बाद विश्वविद्यालयों से युवाओं को दुनिया की वास्तविक समस्याओं को हल करने और अंतरिक्ष एवं दूरसंचार नेतृत्वकर्ताओं की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए वायासैटः स्पेस फॉर गुड भारत आया है। बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, पिलानी के मयंक गोलेछा ने 'मैग्नोसैट' नाम की अवधारणा पेश की जिसमें विभिन्न कक्षाओं में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रिंग्स की सीरीज का उपयोग कर बगैर पारंपरिक ईंधन के सैटेलाइट को संचालित करने का प्रस्ताव है।

एक वीडियो संबोधन में संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, अंतरिक्ष- अंतिम सीमा अब मानव जाति की पहुंच में है। शानदार विचारों और प्लेटफॉर्मों के साथ आप उदीयमान उद्यमी कृषि, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों के जरिए अंतरिक्ष को हमारे और करीब ला रहे हैं। सभी प्रतिभागियों को बधाई और यह जीत आपको कदम दर कदम मजबूत करेगी एवं और भारत का ध्वज दुनिया में लहराएगी क्योंकि हम एक विकसित देश बनने की दिशा में बढ़ रहे हैं। विजेता को 4,00,000 रुपये का प्रथम पुरस्कार प्राप्त होगा, जबकि दूसरे स्थान पर रही निरमा युनिवर्सिटी की 19 वर्षीय भूमि रैयानी को 2,50,000 रुपये और तीसरे स्थान पर रहे आईआईटी कानपुर के 18 वर्षीय अरुणतेजा जारुपुला को 1,00,000 रुपये का पुरस्कार मिलेगा। भूमि का विचार ÷प्लाज्मा पाथवेज÷ एक भावी अंतरिक्ष संचार अवधारणा पर केंद्रित है, जबकि अरुणतेजा की परियोजना ÷स्टेलर÷ के तहत कक्षीय अंतरिक्ष बस्तियां स्थापित करने का प्रस्ताव है जो विनिर्माण केंद्र के तौर पर काम करेंगे।

# केंट के नवीनतम नेक्स्ट-जेन किचन एप्लायंस के साथ केंट डिजिटल एयर फ्रायर ओवन 12एल



**नई दिल्ली।** स्वस्थ खाने की आदतों को बढ़ावा देने के प्रयास में केंट आरओ सिस्टम ने नेक्स्ट-जेन केंट डिजिटल एयर फ्रायर ओवन 12एल लॉन्च किया है। यह इनोवेटिव किचन एप्लायंस खाना बनाना आसान और स्वादिष्ट बनाते हुए यह सुनिश्चित करता है कि भोजन एक हेल्दी तरीके से तैयार हो। इसकी एडवांस्ड रैपिड एयर टेक्नोलॉजी के साथ, केंट डिजिटल एयर फ्रायर ओवन 12एल यूजर्स को 80% तक कम तेल में फ्राई, बेक, ग्रिल और रोस्ट करने की सुविधा देता है, जिससे यह हेल्थ कॉन्शियस लोगों और खाने के शौकीनों के लिए एक आदर्श विकल्प बन जाता है। केंट डिजिटल एयर फ्रायर ओवन 12एल में कई ऐसे फीचर्स हैं जो खाना बनाना बेहद आसान बना देते हैं। इसकी 12 लीटर की बड़ी क्षमता यूज़र्स को एक बार में बड़ी मात्रा में खाना पकाने की सुविधा देती है, जबकि इसके इंट्यूटिव डिजिटल कंट्रोल्स और 10 प्रीसेट मेनू खाना पकाने को सरल और सुविधाजनक बनाते हैं। हम केंट डिजिटल एयर फ्रायर ओवन 12एल को पेश करते हुए उत्साहित हैं, जो हमारी हेल्दी लिविंग को बढ़ावा देने की मिशन के अनुरूप है। हमारा उद्देश्य लोगों को उनके खानपान और जीवनशैली के बारे में सूचित विकल्प चुनने के लिए सशक्त बनाना है, और यह प्रोडक्ट उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, ऐसा कहना है डॉ महेश गुप्ता, सीएमडी, केंट आरओ सिस्टम का। यह लगभग 8300 की केंट डिजिटल एयर फ्रायर ओवन 12एल ऑनलाइन अमेजन पर और ऑफलाइन केंट के डीलर नेटवर्क के माध्यम से उपलब्ध है। गुणवत्ता और नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ केंट आरओ सिस्टम लोगों के खाना पकाने और स्वस्थ जीवन जीने के तरीके को क्रांतिकारी रूप से बदल रहा है।

# पोषण और हृदय स्वास्थ्यः उत्तर प्रदेश के लिए एक गंभीर चेतावनी

**सहारनपुर।** वर्ल्ड हार्ट डे नजदीक है, और डॉक्टरों का कहना है कि दिल की सेहत आईसीयू में नहीं बल्कि रसोईघर में तय होती है। उत्तर प्रदेश में बढ़ती जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के बीच रोज़ की खाने की आदतें राज्य के हृदय स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित कर रही हैं।

प्रदेश के खानपान में तैलीय नाश्ते, परिष्कृत अनाज, सफेद चावल, चीनी से बनी मिठाइयाँ और नमक से भरपूर अचार का बोलबाला है। ये सस्ते, आसानी से उपलब्ध और सांस्कृतिक रूप से गहरे जुड़े हुए हैं। मगर विशेषज्ञों का कहना है कि यही असंतुलन उच्च रक्तचाप, डायबिटीज़, मोटापा और हाई कोलेस्ट्रॉल को बढ़ावा दे रहा है—जो हृदय रोग के मुख्य कारण हैं।

कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अजय सिंह सिकारवार, हार्ट सेंटर, सहारनपुर कहते हैं, पोषण किसी भी दवा से ज्यादा असरदार है। अगर लोग संतुलित आहार लें जिसमें फल, सब्जियां, साबुत अनाज, दालें और मेवे शामिल हों—तो दिल के रोग का



खतरा सालों की दवाओं से ज्यादा असरदार ढंग से घटाया जा सकता है। उत्तर प्रदेश में अमीर खाना अच्छे जीवन का प्रतीक मान लिया गया है, लेकिन हमें पोषण को रोकथाम के इलाज की तरह अपनाना होगा।

राष्ट्रीय सर्वे बताते हैं कि भारतीय रोज़ाना अनुशंसित मात्रा से लगभग दोगुना नमक खाते हैं। आधे से ज्यादा शहरी घरों में परिष्कृत तेल और तैलीय नाश्ते का प्रयोग होता है। ग्रामीण आहार, जो कभी पौष्टिक और सादा हुआ करता था, अब पैकेट और प्रोसेस्ड चीज़ों की ओर बढ़ रहा है। इससे सादा और पौधों पर आधारित खानपान का फायदा धीरे-धीरे कम हो रहा है।

समस्या की जड़ जागरूकता की कमी है। ज़्यादातर परिवार तब ही डॉक्टर तक पहुँचते हैं जब दिल का दौरा पड़ चुका होता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि वर्ल्ड हार्ट डे जैसे अभियानों को सिर्फ़ नारेबाज़ी से आगे जाकर ठोस बदलाव लाने होंगे—जैसे स्कूलों में पोषक मिड-डे मील, खाद्य तेलों पर सख़्त नियम, स्पष्ट फूड लेबलिंग और परिवारों को भाग नियंत्रित खाने की शिक्षा।

सहारनपुर जैसे जिलों में, जहाँ स्वास्थ्य ढाँचा अभी भी मांग के मुकाबले पीछे है, पोषण सबसे किफ़ायती सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय बन सकता है। छोटे-छोटे बदलाव—तली पकौड़ी की जगह भुने नाश्ते खाना, चावल की जगह बाजरा या ज्वार अपनाना, या खाने में नमक घटाना—दिल की बीमारियों का बोझ काफी कम कर सकते हैं।

डॉ. सिकारवार का कहना है, समाधान महंगे इलाज में नहीं, बल्कि रोज़मर्रा की रोकथाम में है। अगर उत्तर प्रदेश अपनी हृदय स्वास्थ्य की दिशा बदलना चाहता है, तो पोषण को पहली पंक्ति की रक्षा बनाना होगा।

इस वर्ल्ड हार्ट डे पर संदेश साफ़ है- उत्तर प्रदेश में दिल की बीमारी से लड़ाई कैथ लैब या आईसीयू में नहीं, बल्कि रसोई, बाज़ार और खाने की मेज़ों पर जीती जाएगी।

# ऐरो स्टाइल के नए दौर के लिए, वेदांग रैना और खुशी कपूर बने नए ब्रांड एंबेसडर



**लखनऊ।** ऐरो, इंडिया का लीडिंग प्रीमियम मेन्सवेयर ब्रांड, जिसकी 170 से अधिक वर्षों की हेरिटेज है, ने गर्व से एक्टर्स वेदांग रैना और खुशी कपूर को अपने न्यूएस्ट ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। यह कोलैबोरेशन इस आइकॉनिक लेबल के लिए एक एक्साइटिंग नए चैप्टर की शुरुआत है, क्योंकि ब्रांड नई जनरेशन के लिए कंटेम्पररी स्टाइल को फिर से रिडिफाइन कर रहा है। खुशी कपूर, अपने एफर्टलेस एलिगेंस और मॉडर्न आउटलुक के साथ, ब्रांड में एक फ्रेश एनर्जी लाती हैं और ऐरो के एलिगेंस और सोफिस्टिकेशन को कॉम्प्लिमेंट करती हैं। वहीं, अपने करिश्माई स्क्रीन प्रेजेंस और यूथफुल चार्म के लिए जाने जाने वाले वेदांग रैना, ऐरो मैन को परफेक्टली दर्शाते हैं जो कॉन्फिडेंट, डायनामिक और शानदार तरीके से ग्रूम्ड है। इस एसोसिएशन पर बात करते हुए, ऐरो इंडिया के सीईओ, आनंद अय्यर ने कहा, ऐरो हमेशा स्टाइल, कॉन्फिडेंस और सोफिस्टिकेशन के लिए जाना जाता है। वेदांग और खुशी आज के एस्पिरेशनल इंडिया को रिप्रेज़ेंट करते हैं, जो असलियत में विश्वास रखते हैं, लेकिन मॉडर्निटी को अपनाने से डरते नहीं हैं। उनकी पर्सनैलिटी हमारे विजन के साथ पूरी तरह से अलाइन होती है, जो ऐसे मॉडर्न पुरुषों के लिए है। इस कोलैबोरेशन के एक पार्ट के रूप में, वेदांग और खुशी ऐरो के आने वाले कैंपेन 'टेलर्ड फॉर द गुड लाइफ' में फीचर होंगे। यह कैंपेन न्यूयॉर्क की सेटिंग में शूट किया गया है, जो ब्रांड की आइडेंटिटी को एक होमेज है। यह कैंपेन ऐरो के कॉन्फिडेंस, रिफाइंड ग्रूमिंग और एफर्टलेस स्टाइल सेलिब्रेट करने के एथॉस को रिफ्लेक्ट करता है - ये ऐसी क्वालिटीज हैं जो नई जनरेशन के कंस्यूमर्स के साथ गहराई से जुड़ती हैं।

# छिपा हुआ नमकः लखनऊ की थाली में छुपा दिल का दुश्मन

**लखनऊ।** डॉ. तौसीफ़ अल्वी के मुताबिक नवाबी तहज़ीब और लज़ीज़ पकवानों के लिए मशहूर लखनऊ की रसोई अब दिल की सेहत के लिए खतरा बन रही है। कबाब, बिरयानी, चाट और अचार जैसे व्यंजन शहर की शान हैं, लेकिन इनमें छुपी हुई नमक और सोडियम की अधिक मात्रा लोगों को धीरे-धीरे बीमार बना रही है। यही कारण है कि हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) का खतरा लखनऊ में तेजी से बढ़ रहा है और यह बीमारी अब सिर्फ बुज़ुर्गों तक सीमित नहीं रही, बल्कि युवा और मध्यम आयु वर्ग भी इसकी चपेट में आ रहे हैं।

हाइपरटेंशन को अक्सर साइलेंट किलर कहा जाता है क्योंकि यह बिना किसी लक्षण के शरीर को नुकसान पहुंचाता है। ज़्यादा सोडियम शरीर में पानी रोक लेता है, खून की मात्रा बढ़ा देता है और धमनियों पर अतिरिक्त दबाव डालता है। लगातार यह दबाव दिल, किडनी और दिमाग पर गंभीर असर डालता है।

बीसीसी प्लाज़ा, टिकैतगंज चौक,



लखनऊ के चिकित्सक डॉ. तौसीफ़ अल्वी कहते हैं लखनऊ का खानपान हमारी सांस्कृतिक पहचान है, लेकिन यह पहचान अब सेहत पर भारी पड़ रही है। हर खाने में नमक का इस्तेमाल इतना सामान्य हो गया है कि लोग यह समझ ही नहीं पा रहे हैं कि वे रोज़ाना कितनी खतरनाक मात्रा में सोडियम ले रहे हैं। कबाब में डाला गया अतिरिक्त नमक, अचार का नमकीन पानी या बेकरी की ब्रेड और पैकेज्ड स्नैक्स—ये सब धीरे-धीरे हमारे दिल को कमजोर बना रहे हैं। आज हालत यह है कि हाई ब्लड प्रेशर केवल बुज़ुर्गों में नहीं, बल्कि युवा और कामकाजी वर्ग में भी आम हो चुका है। अब समय आ गया है कि जैसे हमने चीनी से सावधानी बरतना सीखा है, वैसे ही छिपे हुए नमक के ख़तरे को भी गंभीरता से समझें।

समस्या केवल खाने पर ऊपर से डाले गए नमक की नहीं है। पापड़, अचार, चटनी, नमकीन, बिस्कुट, ब्रेड, इंस्टेंट नूडल्स, तली-भुनी चीजें और कोल्ड ड्रिंक जैसी रोज़मर्रा की चीज़ों में छुपा सोडियम लोगों के सेवन को कई गुना बढ़ा देता है। WHO की तय सीमा (5 ग्राम प्रतिदिन) से कहीं ज्यादा नमक लखनऊ की थाली में अनजाने ही शामिल हो रहा है।

इसके साथ ही शहर की जीवनशैली भी इस खतरे को और बढ़ा रही है। देर रात भारी और तैलीय भोजन, फिजिकल एक्टिविटी की कमी, तनाव और बाहर के खाने की आदत—ये सब मिलकर लखनऊ में दिल की बीमारियों का ग्राफ ऊपर ले जा रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में युवा मरीजों में ब्लड प्रेशर और मोटापे के मामले चिंताजनक रूप से बढ़े हैं।

# दिल की सेहत, लखनऊ की ज़िम्मेदारीः क्यों जीवनशैली है असली कवच

**लखनऊ।** डॉ. हर्षित खरे, कार्डियोलॉजिस्ट, एसजीपीजीआई, लखनऊ के मुताबिक नवाबों के शहर में जहां आधुनिकता और परंपरा साथ-साथ चल रही है, वहीं दिल की सेहत अब सबसे बड़ा सवाल बन गई है। लखनऊ के डॉक्टर मानते हैं कि दवाइयाँ ज़रूरी हैं, लेकिन असली सुरक्षा जीवनशैली से ही आती है। तेज़ रफ़्तार जीवन, लंबे काम के घंटे, नमक से भरपूर आहार और तनाव भरी दिनचर्या ने शहर में हृदय रोगों का ख़तरा कई गुना बढ़ा दिया है। कभी बुज़ुर्गों तक सीमित मानी जाने वाली ये समस्या अब युवाओं और कामकाजी वर्ग को भी तेज़ी से प्रभावित कर रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि दवाइयाँ लक्षणों पर नियंत्रण रख सकती हैं, लेकिन रोज़मर्रा की आदतें ही दिल को असली बचाव देती हैं। ग़लत खान-पान, व्यायाम की कमी, अनियमित नींद और लगातार तनाव धीरे-धीरे रक्तचाप बढ़ाते हैं और धमनियों को कमज़ोर करते हैं। जब तक लक्षण सामने आते हैं, अक्सर नुकसान हो चुका होता है। यही कारण है कि डॉक्टर अब लखनऊवासियों को



नियमित व्यायाम, योग और संतुलित जीवनशैली अपनाने की सलाह दे रहे हैं। नियमित शारीरिक गतिविधि इस कवच का आधार है। जनसंध्या मिश्रा पार्क या गोमती रिवरफ़्रंट पर रोज़ाना 30 मिनट की सैर से रक्तसंचार सुधरता है, मूड बेहतर होता है और ब्लड प्रेशर काबू में रहता है। दौड़ना, तैरना और साइक्लिंग जैसे एरोबिक व्यायाम दिल और फेफड़ों को मज़बूत बनाते हैं। वहीं स्क्वैट्स जैसे सरल व्यायाम रक्त प्रवाह को बेहतर करते हैं और रस्सी कूदना हृदय गति बढ़ाने का आसान तरीका है। दवाइयाँ इलाज कर सकती हैं, लेकिन सुरक्षा जीवनशैली से मिलती है। नियमित चलना, अनुशासित योग और संतुलित भोजन ही दिल का असली कवच हैं,÷ कहते हैं डॉ. हर्षित खरे, कार्डियोलॉजिस्ट, एसजीपीजीआई, लखनऊ। शहर के कार्डियक रिहैब सेंटर अब इन व्यायामों को विशेषज्ञ देखरेख में मिलाकर लोगों को व्यक्तिगत योजनाएँ उपलब्ध करा रहे हैं। दिल की सेहत में योग की भूमिका भी मज़बूत हो रही है। शवासन तनाव घटाकर रक्तचाप को कम करता है, जबकि कपालभाति प्राणायाम रक्तसंचार और पाचन सुधारकर दिल की कार्यक्षमता बढ़ाता है। शिव अष्टांग योग अनुक्रम में आसन, प्राणायाम और ध्यान का संतुलन है, जो वज़न और ब्लड प्रेशर दोनों को नियंत्रित करने में मदद करता है। लखनऊ के योग केंद्रों और सामुदायिक कक्षाओं में इन अभ्यासों को हर उम्र के लोगों के लिए सुलभ बनाया जा रहा है। बड़ा संदेश यही है कि रोकथाम किसी तात्कालिक उपाय का नहीं बल्कि निरंतर अनुशासन का नाम है। रोज़ाना चलना, संतुलित आहार, समय पर नींद और तनाव पर नियंत्रण मिलकर दिल को मज़बूत बनाते हैं। बदलते लखनऊ के लिए ये सुझाव नहीं, बल्कि ज़रूरत बन चुके हैं।

# मिशेलिन-स्टार सेलिब्रिटी शेफ विकास खन्ना बने यूएस क्रैनबेरीज के नए ब्रांड एंबेसडर!



**नई दिल्ली।** क्रैनबेरीज इंस्टीट्यूट के भारत कार्यालय ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित मिशेलिन-स्टार शेफ, लेखक और समाजसेवी विकास खन्ना को 2025-26 सीज़न के लिए अमेरिकी क्रैनबेरीज़ का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। इस सहयोग के तहत, शेफ विकास खन्ना अब वैश्विक स्तर पर क्रैनबेरी इंस्टीट्यूट का प्रतिनिधित्व करेंगे और इस सुपरफ्रूट के स्वास्थ्य लाभ और विभिन्न व्यंजनों में उपयोगिता को उजागर करेंगे। शेफ विकास खन्ना की पौष्टिक सामग्री के प्रति प्रतिबद्धता और प्रेरणादायक पाक अनुभवों को बनाने की उनकी लगन उन्हें क्रैनबेरीज़ के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक आदर्श चेहरा बनाती है। इस साझेदारी के हिस्से के रूप में, शेफ खन्ना स्वास्थ्य, पोषण और त्योहारों के अवसरों पर क्रैनबेरीज़ को लेकर बातचीत की अगुवाई करेंगे और भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के दर्शकों से जुड़ेंगे। साझेदारी पर बात करते हुए शेफ विकास खन्ना ने कहा मेरे लिए भोजन का अर्थ है संतुलन शरीर का पोषण करना और साथ ही संस्कृति व खुशी का उत्सव मनाना। क्रैनबेरीज़ इस द्वैत को खूबसूरती से समेटे हुए हैं ये स्वाद और रंग में जितने समृद्ध हैं, उतने ही स्वास्थ्य के लिए लाभदायक भी। मैं क्रैनबेरी इंस्टीट्यूट के साथ साझेदारी कर गौरवान्वित हूं और विशेष रूप से भारत में इसकी कहानी साझा करने और लोगों को इसे अपने भोजन में नए और सार्थक तरीकों से शामिल करने के लिए प्रेरित करने को लेकर उत्साहित हूं। क्रैनबेरी इंस्टीट्यूट के भारत प्रतिनिधि सुमित सरन ने कहा हम प्रसिद्ध शेफ विकास खन्ना के साथ जुड़कर बेहद गर्वित और सम्मानित महसूस कर रहे हैं। भोजन के प्रति उनका जुनून और असाधारण प्रतिभा न केवल भारतीय व्यंजनों को वैश्विक मंच पर ले गई है, बल्कि अनगिनत खाद्य प्रेमियों को भी प्रेरित किया है।

# थाली में नहीं, पैकेट में छिपा नमक बढ़ा रहा है हृदय रोग का खतरा



**सहारनपुर।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि उत्तर प्रदेश में हृदय रोगों का एक बड़ा कारण छुपा हुआ नमक है। लोग अक्सर सोचते हैं कि वे खाने में जितना नमक डालते हैं, वही उनके स्वास्थ्य पर असर डालता है। लेकिन सच यह है कि पैकेट वाले स्नैक्स, ब्रेड, अचार, सॉस, चटनी और तली-भुनी चीज़ों में पहले से मौजूद सोडियम सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। इन खाद्य पदार्थों के जरिए शरीर में नमक की मात्रा दोगुनी से भी ज्यादा पहुँच जाती है। यही अतिरिक्त सोडियम धीरे-धीरे रक्तचाप बढ़ाता है, धमनियों को कमजोर करता है और स्ट्रोक, किडनी रोग और हार्ट फेलियर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ा देता है। राष्ट्रीय पोषण सर्वे के अनुसार भारतीय रोज़ाना 5 ग्राम की अनुशंसित सीमा से लगभग दोगुना नमक खा रहे हैं। डॉ. एजाज़ अहमद शाह, डीएम कार्डियोलॉजी, किरण हेल्थ केयर सेंटर, सहारनपुर, का कहना है, ÷खतरा उस नमक से नहीं है जो हम थाली में डालते हैं, बल्कि उस सोडियम से है जो पैकेट और बाहर के खाने में छिपा होता है। उच्च रक्तचाप को 'साइलेंट किलर' कहा जाता है क्योंकि यह बिना किसी लक्षण के अचानक बड़ी समस्या पैदा करता है। अगर लोग छुपे हुए नमक को कम कर लें, तो दिल की बीमारियों का खतरा काफी घट सकता है। उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में, जहाँ तली-भुनी और नमकीन चीजें जीवनशैली का हिस्सा हैं और पैकेट वाले प्रोसेस्ड फूड्स तेजी से गाँव-गाँव पहुँच रहे हैं, यह समस्या और गंभीर हो रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि लोगों को अब जागरूक होकर छोटे-छोटे कदम उठाने चाहिए पैकेट वाले खाद्य पदार्थों का लेबल ध्यान से पढ़ना, अचार और नमकीन स्नैक्स कम करना, नींबू और हर्ब्स जैसे प्राकृतिक स्वाद का इस्तेमाल करना और घर का ताज़ा खाना प्राथमिकता देना।

# पारस हेल्थ कानपुर ने वर्ल्ड हार्ट डे पर फ्री सुपर स्पेशिलिटी कैंप लगाकर लोगों को क्वॉलिटी इलाज की सुविधा दी

**कानपुर।** वर्ल्ड हार्ट डे के मौके पर पारस हेल्थ कानपुर ने लोगों में हार्ट की सेहत को बेहतर बनाने के लिए और प्रीवेंटिव केयर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कई गतिविधियाँ आयोजित कीं। दिन की शुरुआत किदवई नगर के संजय वन पार्क (साउथ) में एक अवेयरनेस इवेंट से हुई। इसमें 300 से अधिक लोगों ने जागरूकता वॉक और फिटनेस गतिविधियों में भाग लिया।पारस हेल्थ कानपुर के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. श्रीपद वसंत खैरनार ने लोगों को संबोधित किया और हार्ट को स्वस्थ रखने के लिए लाइफ़स्टाइल, खानपान, एक्सरसाइज़ और बचाव के तरीके बताए।

आउटडोर इवेंट के बाद पारस हेल्थ कानपुर ने स्वरूप नगर के आर.के. देवी मेमोरियल हॉस्पिटल में एक बड़ा फ्री सुपर स्पेशियलिटी हेल्थ कैंप आयोजित किया। इस कैंप में लोगों को कार्डियोलॉजी, ऑर्थोपेडिक, न्यूरोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और इंटरनल मेडिसिन जैसे क्षेत्रों में एक्सपर्ट डॉक्टरों से कंसल्टेशन मिला।

कैंप में हिस्सा लेने वाले लोगों को फ्री चेकअप और ईसीजी, डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल जैसी प्रीवेंटिव स्क्रीनिंग की सुविधा दी गईं। इसके अलावा, विटामिन ष्ठ, विटामिन B12, HBAvC और थायरॉयड जैसी स्पेशलाइज्ड जांचें बहुत कम दामों पर उपलब्ध कराई गईं। 300 से ज़्यादा लोगों ने पंजीकरण कराया और विशेषज्ञ डॉक्टरों से सीधे मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# हीरो मोटोकॉर्प ने त्योहारी सीजन में दुपहिया की जोरदार खरीदारी शुरू होने के साथ ही मांग में बढ़ोतरी दर्ज की

इस साल नवरात्रि शुरू होने के साथ ही भारतीय ऑटो बाजार में त्योहारी सीजन में दोपहिया की मांग में जबर्दस्त बढ़ोतरी देखी जा रही है। यह त्योहार बेहद खास है क्योंकि दोपहिया वाहनों पर जीएसटी कटौती हुई है, जिससे पहली बार गाड़ी खरीदने वालों पर खर्च का बोझ कम हुआ है, खासकर 100cc और 125cc जैसे किफायती सेगमेंट में जहां कीमत का बहुत ध्यान रखा जाता है। शुरुआती संकेत बताते हैं कि दोपहिया वाहनों के प्रति लोगों का उत्साह बहुत बढ़ गया है। हीरो मोटोकॉर्प को पूरे देश में ग्राहकों की जबरदस्त रुचि और बिक्री में उछाल दिख रहा है। कंपनी ने देश भर में अपने डीलरशिप पर गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। हीरो मोटोकॉर्प उत्पादों के लिए ग्राहकों की पूछताछ पिछले एक साल में तेजी से बढ़ी है, जो जीएसटी के बाद की कीमतों के लाभों में बढ़ी रुचि से प्रेरित है। इसके साथ ही पिछले साल की तुलना में शोरूम में ग्राहकों की आवाजाही में 50% से अधिक का उछाल आया है। त्योहारी सीजन में ग्राहकों के जबर्दस्त रिस्पॉन्स के बारे में, हीरो मोटोकॉर्प के इंडिया बिजनेस यूनिट के चीफ बिजनेस ऑफिसर आशुतोष वर्मा ने कहा, इस फेस्टिव सीजन का सबसे उल्लेखनीय पहलू तत्काल खरीद में हुई तेज वृद्धि है। नवरात्रि के पहले ही दिन, हमारे शोरूम में आने वाले और हीरो मोटोकॉर्प का दोपहिया वाहन खरीदने वाले ग्राहकों की संख्या पिछले साल की तुलना में दोगुनी से अधिक हो गई। जीएसटी 2.0 के साथ नई कीमतों की उम्मीद में टाली गई बिक्री अब तेजी से बढ़ रही है और हमें ग्राहकों की नए वाहन को तुरंत खरीदने की मजबूत इच्छा के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं।

# सोहा अली खान का फेस्टिव वेलनेस गाइड संतुलन, आनंद और बादाम की मुट्ठीभर मात्रा



भारत का त्यौहारों का मौसम भव्यता, खुशी और लज़ीज़ मिठाइयों व नमकीन व्यंजनों से भरी दावतों का पर्याय है। त्यौहारों के इन स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लेना बिल्कुल सही है, लेकिन ज़रूरत से ज़्यादा खाने से शरीर भारी और असहज महसूस कर सकता है। साल के अंत तक लगातार त्योहारों की धूम को देखते हुए, अभिनेत्री, लेखिका और समर्पित माँ सोहा अली खान अपना वेलनेस गाइड साझा कर रही हैं, जिसके जरिए वह स्वास्थ्य से समझौता किए बिना त्योहारों का भरपूर आनंद ले पाती हैं।

सोहा कहती हैं कि बिना कुछ खाए पार्टी में जाना सबसे बुरी गलती है। उनके अनुसार, जब कोई भूखा होता है तो अक्सर वह अस्वास्थ्यकर चीज़ें चुन लेता है। ज़रूरत से ज़्यादा देर तक बिना खाए रहने पर बेचैनी और तनाव महसूस होने लगता है, और वहीं से बिंज-ईटिंग की शुरुआत होती है।

उनकी सलाह है कि जब भी आप बाहर जाएँ, अपने साथ हमेशा कैलिफ़ोर्निया बादाम की एक मुट्ठी रखें। तले हुए या मीठे खाद्य पदार्थों की बजाय, वह बादाम जैसे अधिक संतोषजनक विकल्प चुनने की सलाह देती हैं। सोहा कहती हैं, एक मुट्ठी कैलिफ़ोर्निया बादाम पेट भरे होने का एहसास कराते हैं, जिससे भोजन के बीच भूख को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। इनमें डाइटरी फाइबर, विटामिन ई और विटामिन बी12 सहित कई पोषक तत्व भी प्रचुर मात्रा में होते हैं। दरअसल, प्रकाशित आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी ग्रंथों के अनुसार बादाम त्वचा के लिए लाभकारी होते हैं और ऊर्जा का एक स्वस्थ स्रोत माने जाते हैं।

# विजयदशमी त्यौहार : नामित किए गए 2 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, 6 जोनल और 38 सेक्टर मजिस्ट्रेट

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष विजयदशमी/दशहरा के त्यौहार 01 अक्टूबर, दशहरा महा नवमी तथा 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती/विजयदशमी मनाया जाएगा। उक्त त्यौहार पर विशेष सतर्कता बरतते हुए शान्ति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर द्वारा सुपर जोनल मजिस्ट्रेट/जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट/तहसील पुलिस चौकी वार नामित किया है।

जिला मजिस्ट्रेट ने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कसया, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा, संपूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज, हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट वैभव मिश्रा को नामित किया है, तथा सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र पडरौना, खड्डा, व कप्तानगंज हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक प्रेम कुमार राय को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कसया हेतु उप जिलाधिकारी कसया को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है, इसी प्रकार संपूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट हाटा को, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट तमकुहीराज को संपूर्ण तहसील क्षेत्र पडरौना के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट पडरौना को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र खड्डा के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट खड्डा को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र कप्तानगंज के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट कप्तानगंज को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में 38 अधिकारियों को नामित किया गया है जिसके अंतर्गत जनपद स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी तथा अन्य जनपद, ब्लॉक, तहसील स्तरीय अधिकारियों को पुलिस चौकी वार, कस्बा चौकी वार, प्रमुख चौक वाइज नामित नामित किए हैं।

इसके अलावे रिजर्व में 02 जोनल व 06 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नामित किए है। जिलाधिकारी ने उपरोक्त मजिस्ट्रेट गणों को निर्देशित किया है कि समस्त मजिस्ट्रेट अपने-अपने तैनाती क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लेंगे कि किसी भी स्थल पर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत यहां कोई विवाद न हो तथा सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। यदि कोई शांन्ति व्यवस्था में बाधा आती है, तो उसके सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक को तत्काल अवगत कराए तथा सम्बन्धित उपजिला मजिस्ट्रेट व थाना प्रभारी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर वस्तुस्थिति से भी अवगत कराएंगे तथा सम्बन्धित चौकी क्षेत्र/थाना क्षेत्र में ही उपस्थित रहेगें तथा कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करेगें। वर्तमान समय में धारा 163 लागू है। सार्वजनिक स्थल पर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शान्ति व्यवस्था बनाए रखेंगे। उन्होंने निर्देशित किया है कि समस्त मजिस्ट्रेट 1 व 2 अक्टूबर, 2025 से समाप्ति तक अपने चौकी क्षेत्र/थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहेगें तथा समय पर आवश्यकतानुसार संबंधित उप जिला मजिस्ट्रेट एवं थाना प्रभारी को सूचना देते रहेगें।

**कंट्रोल रूम स्थापित :** उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट कुशीनगर में इसके लिए एक कन्ट्रोल रूम बनाया गया है, जिसका सम्पर्क नम्बर-05564-240590 है। कन्ट्रोल रूम की प्रभारी नीरज कुमार गौड़ सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधन सहकारिता, मो. न0 7800296766 व आलोक कुमार प्रियदर्शी जिला पंचायत राज अधिकारी, मो. 7834948507 को बनाया गया है जो अपने-अपने स्टाफ़ के साथ कन्ट्रोल रूम में उपस्थित रहेंगें। उपरोक्त दिशा-निर्देश केवल गाइड लाईन के रूप में है। मौके पर तैनात कार्यकारी मजिस्ट्रेट/उप जिला मजिस्ट्रेट विवेकपूर्ण ढंग से नियमानुसार कार्यवाही करते हुए समस्या का निराकरण करेगें।

## मिशन शक्ति 5 कार्यक्रम के तहत अनेकों कार्यक्रम किये आयोजित

**अवधनामा संवाददाता, आलापुर अम्बेडकरनगर।** राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज में मिशन शक्ति 5-0 समारोह अवसर पर विद्यालय और जनपद स्तर से गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा नारी सशक्तिकरण सन्दर्भित अनेक जागरूकता कार्यक्रमों पर आधारित प्रशिक्षण प्रदान किये गये।

समारोह का शुभारम्भ अतिथि स्वरूप उपस्थित मिशन शक्ति टीम के सम्मानित सदस्यों के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव द्वारा किया गया। समारोह के मौके पर विद्यार्थियों को कैरियर गाइडेंस, शिक्षक-अभिभावक बैठक एवं मिशन शक्ति आधारित जागरूकता कार्यक्रमों की धूम रही। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि महिलाओं के आत्म-सम्मान, स्वतन्त्रता, आत्म-विश्वास, निर्णय लेने के शक्ति सन्दर्भित महिला सशक्तिकरण के सभी आयामों से जुड़े मिशन शक्ति का यह 5-0 वां चरण कई अर्थों में सशक्त कदम है।

# झाड़फूंक कराने गई दो महिलाओं की ताल में डूबने से मौत, मचा कोहराम

**असना कुईचवर दुर्गा मंदिर के पास झाड़फूंक कराने गई थी महिलाएं**



मृतक महिलाओं की फाइल फोटो

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली थाना क्षेत्र के असना कुईचवर ताल में मंगलवार को डूबने से दो अधेड़ महिलाओं की मौत गई। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक लाए जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

जानकारी के अनुसार कप्तानगंज थाना क्षेत्र के पड़ौली टोला ठकुरही उर्फ सोनापाकड़ की निवासी कुसमावती पत्नी कमलेश प्रसाद उम्र (42) वर्ष व रीता देवी पत्नी उमेश उम्र (46) वर्ष मंगलवार को अहिरौली थाना क्षेत्र के असना कुईचवर दुर्गा मंदिर झाड़ फूंक कराने गई थी कि इसी दौरान दोनों महिलाएं खेलते खेलते बगल के ताल में गिर पड़ी जिससे दोनों महिलाओं की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। वहां सैकड़ों की संख्या में उपस्थित सभी लोग अपने में मग्न थे, कि इसी बीच डूबने की सूचना किसी ने परिजनों को दी। आनन-फानन में परिजन घटना स्थल पहुंचे दोपहर बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक लाए जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत्यु घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज मथौली अंकित सिंह ने शव का पंचनामा तैयार कर पीएम हाउस भेज दिया।

उधर दोनों महिलाओं के मौत से परिजनों में कोहराम मच गया, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। इस अप्रत्याशित घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। कुशमावती अपने पीछे पति कमलेश, बड़ी बेटी सुष्मिता, बेटा नितिन और छोटी बेटी स्वेता को छोड़ गई है। जबकि रीता पति उमेश बड़ा बेटा विशाल, दूसरा बेटा विवेक को रोने तड़पने के लिए छोड़ गई है। माता रानी के पावन पर्व पर हुए इस दर्दनाक घटना से गांव में शोक की लहर फैल गई है।

# सेवा पखवाड़ा एवं मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा पर विशेष सत्र आयोजित




**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** सेवा पखवाड़ा एवं मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ÷महिला सुरक्षा और कानून÷ थीम पर एक दिवसीय इंस्टिट्यूट सेशन का आयोजन महिला थाना देवरिया एवं कोतवाली सलेमपुर, जनपद देवरिया में किया गया।

इस कार्यक्रम में कानूनी विशेषज्ञों, पुलिस अधिकारियों, महिला कल्याण विभाग के अधिकारियों एवं प्रबुद्ध वर्ग के व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों को उनके संवैधानिक अधिकारों, विधिक प्रावधानों, आत्मरक्षा के उपायों तथा महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों की जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीतू भारती (केंद्र प्रशासक), मीनू जायसवाल (मनोवैज्ञानिक) एवं मंशा सिंह (जेंडर स्पेशलिस्ट) द्वारा प्रतिभागियों को महिला उत्पीड़न निवारण, घरेलू हिंसा अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण , कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम, साइबर अपराधों से बचाव एवं शिकायत निवारण तंत्र की विस्तृत जानकारी दी गई। सत्र में उपस्थित पुलिस अधिकारियों ने महिला हेल्पलाइन 1090, 181 महिला सहायता, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन सेवा 112 एवं अन्य सुरक्षा सेवाओं की कार्यप्रणाली से अवगत कराया तथा प्रतिभागियों को जागरूक और सतर्क रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रबुद्ध वर्ग एवं प्रतिभागी महिलाओं ने भी अपने विचार साझा किए और महिलाओं की सुरक्षा, न्याय तक त्वरित पहुँच एवं कानूनी सहयोग की उपलब्धता पर चर्चा की। अंत में महिला कल्याण विभाग के कार्मिकों द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं समाज में सुरक्षित वातावरण सृजित करने में मील का पत्थर साबित होंगे।

# न्यायाधीशगणों ने किया राजकीय बाल गृह देवरिया का औचक निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राम मिलन सिंह के मार्गदर्शन में अध्यक्ष, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह (बालक)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सुभाष चंद्र मौर्या, सदस्य, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह (बालक)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया मनोज कुमार तिवारी, सदस्य, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह (बालक)/सिविल जज (जू0डी0), कुमारी मृणालिनी श्रीवास्तव द्वारा राजकीय बाल गृह, देवरिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह (बालक)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्री सुभाष चंद्र मौर्या द्वारा बच्चों को पौष्टिक भोजन व समय-समय पर उचित खान-पान की व्यवस्था के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उनके द्वारा राजकीय बाल गृह के प्रपत्रों का अवलोकन कर सफाई हेतु अव्यवस्थाओं को देख उसे साफ करने हेतु सख्त दिशा निर्देश दिया गया।

# स्मृति ने किए अहोरवा भवानी, कालिकन भवानी और दुर्गन भवानी के दर्शन

**अमेठी की समृद्धि और देश की तरक्की की कामना**

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी/तिलोई।** लोकसभा चुनाव हारने के बाद सोमवार को दूसरी बार शारदीय नवरात्र में अमेठी आई पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने देवी मंदिरों में माता रानी के दर्शन कर संसदीय क्षेत्र की जनता की सुख, समृद्धि, कल्याण और देश की तरक्की की कामना की। जिले की सीमा पार होते ही इन्हौना से संग्रामपुर तक भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह जगह उनका स्वागत किया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के अमेठी आगमन पर स्वागत की तैयारियां रविवार को ही शुरू हो गई थी। ईरानी ने कहा कि उन्होंने मां से यही प्रार्थना की है कि देश का हर नागरिक स्वस्थ रहे, सुरक्षित रहे और निरंतर तरक्की करे।पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने नवरात्र के मौके पर सोमवार को अमेठी के अहोरवा भवानी, कालिकन भवानी और दुर्गन भवानी मंदिरों में पूजा-अर्चना कर जनकल्याण की कामना की। स्मृति ईरानी ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने नवरात्र के शुभ अवसर पर शक्तिपीठ कालिकन भवानी, दुर्गन भवानी और अहोरवा भवानी मंदिर में पूजा अर्चना की। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विषुव मिश्र, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी, पूर्व प्रमुख अमरेन्द्र सिंह पिंटू आदि पार्टी नेताओं के साथ भाजपा के मंडल अध्यक्षों ने बी एच ई एल, जगदीशपुर, तिलोई मुसाफिरखाना , मुंशीगंज, गौरीगंज में जगह जगह पूर्व केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया।

# भूड़ाडीह में 11 लाख से बनेगा विवाह भवन, विधायक ने भूमि पूजन किया



भूमि पूजन कराते हाटा विधायक मोहन वर्मा

**गांव में 10 लाख से सीसी सड़क के लिए भी कराया शिलान्यास**

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक के ग्राम पंचायत भूड़ाडीह में मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधायक हाटा मोहन वर्मा ने 11 लाख रूपये से बनने वाले विवाह भवन का शिलान्यास किया। गांव में 10 लाख रुपए से सीसी रोड निर्माण कराने की घोषणा भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री वर्मा ने कहा कि विवाह भवन बन जाने से गांव के लोगों को अपनी बच्चियों की शादी विवाह के लिए अन्य जगह जाकर बारात घर खोजने की जरुरत नही पड़ेगी। उन्होंने डबल इंजन की सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि भाजपा सरकार बिना भेदभाव सभी वर्गों के लिए कार्य कर रही है। गावों में जमीन उपलब्ध होने पर विवाह भवन, धर्मशाला आदि बनवाने का कार्य भाजपा सरकार कर रही। इस अवसर पर प्रधान संतोष सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल कन्नौजिया, संजय सिंह, ई. प्रवीण सिंह, मार्कण्डेय मिश्र, रमाशंकर सिंह, विंध्याचल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# दशहरा त्यौहार के मद्देनजर खाद्य विभाग ने लिए 32 नमूने

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के आदेश के अनुपालन में नवरात्री/दशहरा पर्व के अवसर पर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने हेतु एवं मिलावटी खाद्य पदार्थो के विरूद्ध विशेष अभियान के तहत खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी के निर्देशन में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश कुमार राय के नेतृत्व में पिछले 18 सितम्बर से 30 सितंबर 2025 तक कुशीनगर में अभियान चलाकर विभिन्न स्थानों से नमूना संग्रह किया गया।

जिसके क्रम में मेन बाजार कसया अमन स्वीट हाउस उत्तम मद्धेशिया, छेने की मिठाई, बसडिला महन्थ, पोखराज स्वीट हाउस राजू गुप्ता, दही बसडिला महन्थ, विशाला स्वीट्स, इन्दासन, तिन्नी का चावल रामकोला रोड मिश्रौली बाजार, मद्धेशिया किराना स्टोर, विजय मद्धेशिया, रसगुल्ला, साहू टाकीज के सामने पडरौना, मिठाई महल अंकित सिंह, छुहारा आजाद चैक कप्तानगंज, यूनिक जनरज स्टोर सैफ अली, नमकीन वी बाजार हाटा, अम्बुज तिवारी, पनीर आजाद चैक कप्तानगंज, अश्वनी यादव, बकला, दाल मेन रोड गॉधी नगर हाटा, राजेश कुमार, रॉक साल्ट जलकल भवन पडरौना, प्रहलाद किराना भण्डार ईश्वर चन्द्र अग्रवाल, बकला की दान जलकल भवन पडरौना, प्रहलाद किराना भण्डार, ईश्वर चन्द्र अग्रवाल, किसमीस नौरंगिया चौराहा, बरनवाल किराना स्टोर टून्नू कुमार, साबूदाना जलकल रोड शिवाजी चौक खड्डा पवन कुमार, रामदाना गुदरी बाजार खड्डा ब्रह्मा जायसवाल, मद्धेशिया किराना स्टोर अखिलेश कुमार, मूंगफली दाना ओम किराना स्टोर, निकट सी.एच.सी. गोला बाजार कसया विनोद कुमार, गाय का दूध सर्विस लेन हाटा उपेन्द्र यादव, साबुत कुट्टू मेसर्स गंगा राम विश्वनाथ प्रसाद, गांधी नगर हाटा दीपक कुमार, गाय का दूध निकट मदनपुर रोड पनियहवा पुलिस चौकी सुदामा, वेजिटेबल इडिबल ऑयल विनोद किराना स्टोर बहोर छपरा विनोद कुमार, सागो पापड़ मेन रोड हॉस्पिटल गेट कसया शर्मा किराना स्टोर शिवहरी शर्मा, कुट्टू आटा रिलायंस रिटेल लिमिटेड, नौका टोला चुंगी पडरौना अरविन्द कुमार, 23/25 सितंबर 2025 घी विशाल मेगा मार्ट कसया रोड पडरौना मनीष कुमार, छेना की मिठाई पिपरा रोड बलकुडिया आयुषि स्वीट सोनू जायसवाल, पनीर पनियहवा बाजार गुप्ता बेकर्स उपेन्द्र गुप्ता, पनीर सर्विस लेन जोकवा बाजार अंशिका स्वीट राम नरायन मद्धेशिया, बेसन सीताराम चैरसिया कुबेरस्थान प्रदीप कुमार चौरसिया, पनीर जायसवाल बेकर्स, मथौली बाजार निलेश जायसवाल, पेड़ा प्रजापति स्वीट हाउस धर्म समधा मंदिर रामकोला हिरालाल प्रजापति, बूँदी लड्डू अंशिका स्वीट, कप्तानगंज चौराहा हाटा, अजीत मद्धेशिया खोवा केशव स्वीट हाउस, कप्तानगंज चौराहा हाटा सतीश, सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वारा बताया गया कि अभियान के अन्तर्गत कुल 35 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 32 नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गये।

## जू. बालक वर्ग हॉकी के जिला स्तरीय प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**अमेठी।** मंगलवार को वर्ष 2025-26 में जूनियर बालक/बालिका वर्ग की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के उपलक्ष्य पर जनपद के डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में उक्त प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि हैण्डबाल संघ अयोध्या के मण्डल सचिव प्रांजल तिवारी व विशिष्ट अतिथि जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष मुकेश यादव एवं उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद तथा मोसर्रफ खॉ द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया।

उन्होंने बताया कि हॉकी बालक वर्ग की प्रतियोगिता दो टीमों के मध्य खेली गयी जिसमें हॉकी इलेवन ने 3-1 से शिव प्रताप इण्टर कालेज तथा मार्डन पब्लिक स्कूल ने 4-2 से दिल्ली पब्लिक स्कूल को हराया। इसी क्रम में प्रथम सेमीफाइनल मुकाबले में हॉकी इलेवन ने 4-1 से गांधी इण्टर कालेज एवं द्वितीय सेमीफाइनल मुकाबले में हॉकी ब्लू स्टार ने 5-2 से मार्डन पब्लिक स्कूल तथा फाइनल मुकाबले में हॉकी इलेवन ने 3-2 से ब्लू स्टार को हराकर विजेता हुई।

# पुलिस ने नष्ट की तीन करोड़ की गांजा और हीरोइन



गांजा व हीरोइन नष्ट करती पुलिस

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** मादक पदार्थों के निस्तारण एवं विनष्टीकरण के सम्बन्ध में कुशीनगर पुलिस का विशेष अभियान में तीन करोड़ के मादक पदार्थों को नष्ट किया गया।

मादक पदार्थों के निस्तारण एवं विनष्टीकरण के सम्बन्ध में 16 से 30 सितंबर 2025 तक विशेष अभियान चलाकर जनपद की एनडीपीएस मालों का विनष्टीकरण 29 सितंबर 2025 को पुलिस अधीक्षक जनपद कुशीनगर केशव कुमार के निर्देशन में जनपद कुशीनगर के विभिन्न थानों में दर्ज मादक पदार्थों के मालों के निस्तारण के क्रम में विनष्टीकरण हेतु बनाई गई जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में जनपद कुशीनगर के विभिन्न थानों के मुकदमाती मादक पदार्थ मालों का नियमानुसार विनष्टीकरण किया गया।

कुल 687.486 किग्रा गांजा, हीरोइन 450 ग्राम (कुल अनुमानित कीमत लगभग 03 करोड़) को मेसर्स एपी बायोमेडिकल बेस्ट सर्विसेज में इंसीनरेटर के माध्यम से नियमानुसार वीडियोग्राफी कराते हुए नष्ट किया गया।

# आत्मनिर्भर भारत से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी : अजय कुमार दुबे

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** मंगलवार को भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के ग्राम पकड़ी बाबू में भारतीय जनता पार्टी भाटपार रानी मंडल के तत्वाधान में आत्मनिर्भर भारत के कार्यशाला का आयोजन मंडल अध्यक्ष विशंभर पांडेय की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का मुख्य उद्देश्य देश को अपनी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए आत्मनिर्भर होना है, जो बाहरी स्त्रोतों पर निर्भरता कम करता है।

इस अभियान के अंतर्गत भारत के अपने संसाधनों, प्रतिभाओं और उद्योगों को विकसित करना है। स्थानीय उद्योगों और व्यवसायो को बढ़ावा देना है ताकि वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में खड़े हो सके। आत्मनिर्भर भारत के माध्यम से स्वदेशी विकल्पों को प्रोत्साहित करके आयात पर निर्भरता को कम किया जा सकता है, सरकार का यही लक्ष्य है। देश के भीतर ही वस्तुओं और सेवाओं का निर्माण करके मेक इन इंडिया के पहल को मजबूत करके हम आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर सकते हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार शाही ने कहा कि हम सभी को इस अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर लोगों को बताना होगा कि हम अधिक से अधिक अपने देश में बने सामानों का उपयोग करें ताकि हमारे देश के लघु, मध्यम, सूक्ष्म उद्योग सहित बड़े-बड़े उद्योग आर्थिक रूप से मजबूत हो सके।

मंडल प्रभारी डॉक्टर भानु प्रताप सिंह ने कहा कि हम सभी को नागरिकों और दुकानदारों से वोकल फार लोकल पहल के तहत भारत में निर्मित वस्तुओं का समर्थन करने का आग्रह करना चाहिए और इस बात पर जोर दिया जाए कि स्वदेशी उत्पादों की शुरुआत गर्व और शक्ति की भावना से होनी चाहिए न की मजबूरी से। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री अमित शाही ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सच्चिदानंद शाही,अभय प्रताप सिंह, जगदीश नारायण मिश्रा, मंगल प्रताप शाही, अश्वनी कुमार सिंह, संतोष शाही, सुरेश तिवारी, आनंद पियूष उपाध्याय, शालू सिंह, ओम प्रकाश शाही, उत्तम शाही ,गगन शाही उपस्थित थे।

# गांधी जयंती की तैयारियां तेज, डीएम ने दिए सख्त एवं प्रेरक निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**गोंडा।** आगामी 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को जिले में गरिमामय एवं अनुशासित रूप से मनाने के लिए जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों में जहां एक ओर स्वच्छता, नैतिकता और राष्ट्रभक्ति से जुड़े कार्यक्रमों पर जोर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक सख्ती भी दिखाई गई है।

जारी निर्देशों के अनुसार जनपद की सभी शिक्षण संस्थाओं–स्कूलों एवं कॉलेजों में गांधीवादी जीवन-दृष्टि पर आधारित कार्यक्रम अनिवार्य रूप से कराए जाएंगे। विद्यार्थियों के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध लेखन, गायन एवं गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन के प्रेरक प्रसंग बच्चों को बताए जाएंगे। इन सभी शैक्षिक कार्यक्रमों के संयोजक जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी होंगे।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि 2 अक्टूबर को जनपद की समस्त शराब की दुकानें पूर्णतः बंद रहेंगी। सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में प्रातः 8 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराना अनिवार्य होगा।

प्रत्येक खंड विकास अधिकारी को शासनादेश के अनुरूप अपने-अपने क्षेत्रों में स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। जनसामान्य में सादा जीवन-उच्च विचार, सर्वधर्म समभाव, मितव्ययिता और भाईचारा जैसे मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी जाएगी। साथ ही स्वच्छता ही सेवा अभियान को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों का अनावरण ग्राम प्रधान द्वारा किया जाएगा तथा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा।

# पंचायत सहायकों को चार महीने से नहीं मिला मानदेय, ब्लाक प्रमुख ने भुगतान के निर्देश दिए

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी/भादर।** मंगलवार को ब्लॉक प्रमुख प्रवीण कुमार सिंह ने ब्लाक कर्मियों और पंचायत सहायकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनी। ब्लॉग प्रमुख ने ए डी ओ पंचायत और पंचायत सचिवों को सभी पंचायत सहायकों और केयर टेकर्स के बकाया मानदेय का भुगतान दीपावली से पहले अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। पंचायत सहायकों की मासिक बैठक हर महीने के अंतिम मंगलवार को होगी।

मंगलवार को खंड विकास अधिकारी रतन सिंह अवकाश पर थे। ब्लाक प्रमुख ने स्वयं कर्मचारियों की समस्यायों को सुना और उनका निस्तारण किया। विकास खंड में लगभग एक करोड़ रुपए के काम क्षेत्र पंचायत के माध्यम से कराए गए हैं।सेस और जी एस टी के भुगतान के लिए वरिष्ठ लेखाकार अशोक सिंह ने चेक पर साइन भी कराए।

बैठक में सभी पंचायत सहायकों को लक्ष्य के अनुसार फैमिली आई डी बनाने का काम दो दिन के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए गए। ए डी ओ पंचायत गुलाब चंद ने कहा अब पंचायत सहायकों को बिना उपस्थिति लगाए मानदेय का भुगतान नहीं होगा। इसलिए सभी पंचायत सचिव कार्य सरकार के लिए जहां भी रहें, अटेंडेंस जरुर लगाएं। बैठक में 53मे से 25पंचायत सहायक उपस्थित रहे। पंचायत सहायकों को विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश अभियान के अन्तर्गत जारी किए क्यूआर कोड के माध्यम से अपने सुझाव सरकार तक भेजने का भी निर्देश दिया गया।

बैठक में ए डी ओ सहकारिता विजय कुमार मिश्र, सुनील कुमार सिंह, वरिष्ठ लेखाकार अशोक सिंह और सभी पंचायत सचिव मौजूद रहे।

# सांसद ने दिया उपकरण दिव्यांग बोला धन्यवाद योगी जी

अवधनामा संवाददाता





■ सांसद आनंद गौड़ की उपस्थिति में विकास भवन परिसर में आयोजित हुआ वितरण शिविर

**बहराइच।** जनपद में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना अन्तर्गत ''सेवा पखवाड़ा'' के अवसर पर विकास भवन परिसर में आयोजित वितरण शिविर में मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द गोंड द्वारा विधायक सदर अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि शिवम जायसवाल, भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, पार्टी पदाधिकारी परशुराम कुशवाहा व अन्य के साथ पात्र दिव्यांगजनों को 10 व्हील चेयर, 05 श्रवण यंत्र कान मशीन व 19 स्मार्ट केन/ब्रेल किट इत्यादि सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इसके अलावा नवीन दिव्यांग पेंशन के लाभार्थियों को पेंशन स्वीकृति पत्र का वितरण भी किया।

मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. गोंड ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजन के कल्याणार्थ अनेकों योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। डॉ. गोंड ने कहा कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के पीछे सरकार की यही मंशा है कि हाथ, पैर, ऑख, कॉन अथवा मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों की पेंशन, कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण के माध्यम से सहयोग प्रदान कर उनके जीवन में खुशहाली लायी जाये। सांसद डॉ. गोंड ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि दिव्यांगजन को सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से भी आच्छादित कराया जाय। ताकि दिव्यांगजन भी अपने जीवन में किसी प्रकार की कमी महसूस न करते हुए दूसरे सामान्य लोगों की तरह अपना जीवन जी सकें। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की तथा सभी उपस्थित को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## जयपुरिया स्कूल शिकोहाबाद में मनाया गया नवरात्रि व दशहरा

**शिकोहाबाद।** सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल में नवरात्रि और दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मां दुर्गा के नौ रूपों और भगवान राम के चरित्र को नृत्य और नाटिकाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यालय की प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्या एकता शर्मा ने भगवान गणेश, मां सरस्वती, मां दुर्गा और भगवान राम की प्रतिमा के सम्मुख दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुछ छात्रों ने अपने विचारों और तर्कों के माध्यम से मां दुर्गा के नवरूपों का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व भी बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी की छात्राएं मां दुर्गा के विभिन रूपों में सबका मन मोह रही थीं। साथ ही छात्रों द्वारा प्रस्तुत भगवान राम के चरित्र का चित्रण और अंत में रावण का वध विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

# ज़िले के उच्च अधिकारियों की कुर्सियों पर दिखीं बालिकाएं

■ मिशन शक्ति के तहत संभाली जिले की प्रशासनिक व्यवस्था

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में आज मिशन शक्ति चरण -5 कार्यक्रम के अंतर्गत कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की छात्राओं को एक दिन के लिए विभिन्न जिला स्तरीय प्रशासनिक पदों का दायित्व सौंपकर अधिकारियों ने इन बच्चियों का सम्मान करके उत्साह वर्धन किया। मिशन शक्ति कार्यक्रम अंतर्गत आज जिला अधिकारी के रूप में कक्षा सात की छात्रा राधिका पुलिस अधीक्षक के रूप में कक्षा छह की अंजलि मुख्य विकास अधिकारी के रूप में कक्षा आठ की रांची देवी और बेसिक शिक्षा अधिकारी के रूप में कक्षा आठ की आस्था कश्यप और खंड शिक्षा अधिकारी चित्तौरा के स्थान पर उच्च प्राथमिक विद्यालय डीहा की कक्षा सात की बालिका दीपिका गुप्ता ने अपनी भूमिका निर्वहित की। इस क्रम में सभी अधिकारियों ने बुके देकर इन छात्राओं का स्वागत किया व उपहार स्वरूप बैग स्टैशनरी किट और सामान्य अध्ययन की बुक देकर इनको अभिप्रेरित किया सभी अधिकारियों ने इन पदों तक कैसे पहुँचा जाये इसकी रणनीति व तैयारी का स्तर क्या हो इसकी जानकारी छात्राओं को दी।

विभिन्न विभागीय योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण कैसे हो इससे भी अवगत कराया गया। समस्त अधिकारी गणों से मिलकर उक्त छात्राएं काफी प्रफुल्लित नजर आयीं। उक्त अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह जिला समन्वयक बालिका अनुराग शर्मा लेखाकार आशाराम वार्डन योगिता त्रिपाठी स्टेनो प्रशांत श्रीवास्तव व समस्त कार्यालय के कार्मिक मौजूद रहे।

# डीएम एसपी सहित उच्च अधिकारियों की कुर्सियों पर दिखीं बालिकाएं



अवधनामा संवाददाता

■ मिशन शक्ति के तहत संभाली जिले की प्रशासनिक व्यवस्था

**बहराइच।** जनपद में आज मिशन शक्ति चरण -5 कार्यक्रम के अंतर्गत कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की छात्राओं को एक दिन के लिए विभिन्न जिला स्तरीय प्रशासनिक पदों का दायित्व सौंपकर अधिकारियों ने इन बच्चियों का सम्मान करके उत्साह वर्धन किया। मिशन शक्ति कार्यक्रम अंतर्गत आज जिला अधिकारी के रूप में कक्षा सात की छात्रा राधिका पुलिस अधीक्षक के रूप में कक्षा छह की अंजलि मुख्य विकास अधिकारी के रूप में कक्षा आठ की रांची देवी और बेसिक शिक्षा अधिकारी के रूप में कक्षा आठ की आस्था कश्यप और खंड शिक्षा अधिकारी चित्तौरा के स्थान पर उच्च प्राथमिक विद्यालय डीहा की कक्षा सात की बालिका दीपिका गुप्ता ने अपनी भूमिका निर्वहित की। इस क्रम में सभी अधिकारियों ने बुके देकर इन छात्राओं का स्वागत किया व उपहार स्वरूप बैग स्टैशनरी किट और सामान्य अध्ययन की बुक देकर इनको अभिप्रेरित किया सभी अधिकारियों ने इन पदों तक कैसे पहुँचा जाये इसकी रणनीति व तैयारी का स्तर क्या हो इसकी जानकारी छात्राओं को दी। विभिन्न विभागीय योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण कैसे हो इससे भी अवगत कराया गया। समस्त अधिकारी गणों से मिलकर उक्त छात्राएं काफी प्रफुल्लित नजर आयीं। उक्त अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह जिला समन्वयक बालिका अनुराग शर्मा लेखाकार आशाराम वार्डन योगिता त्रिपाठी स्टेनो प्रशांत श्रीवास्तव व समस्त कार्यालय के कार्मिक मौजूद रहे।

### डीएम की कुर्सी पर बैठना सौभाग्य है मेरा: राधिका

**बहराइच।** मिशन शक्ति कार्यक्रम अंतर्गत एक दिन के लिए जिलाधिकारी बनी कक्षा सात कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नवाबगंज बहराइच की छात्रा राधिका ने बताया यह पल जीवन का सबसे बेहतरीन रहेगा डीएम की कुर्सी पर बैठना सौभाग्य की बात है।आज से मै प्रण लेती हूं खूब पढूंगी और लोगो को पढ़ने के लिए प्रेरित करूंगी क्योंकि इस कुर्सी पर बैठने के बाद यह एहसास हो गया कि जो यहां तक पहुंचता है उसकी जिम्मेदारी बहुत बढ़ जाती है सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में इनकी बहुत बड़ी भूमिका होती है यह पद जिले के अभिभावक की तरह होता है जिसे सभी की जरूरतों का एहसास होता है।

### सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना होता है लक्ष्य : राची

**बहराइच।** मिशन शक्ति कार्यक्रम अंतर्गत एक दिन के लिए मुख्य विकास अधिकारी बनी कक्षा आठ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नवाबगंज बहराइच की छात्रा राची देवी ने बताया की आज मुझे एहसास हो गया कि यहां से हम सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हूँ।गरीबों को आवास से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों सहित जिले के विकास में सीडीओ की भूमिका बहुत बड़ी होती है।इसके अलावा सीडीओ विकास को बढ़ावा देने से जुड़े होते हैं जिसमें धन जुटाना रणनीतिक योजना बनाना हितधारकों से संबंध स्थापित करना और विकास पहलों को लागू करना शामिल है। तथा वित्तीय स्थिरता, दान और अनुदानों के माध्यम से राजस्व वृद्धि और दीर्घकालिक वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होता है।

### आमजन की सुरक्षा करने का जज़्बा देती है ये कुर्सी: अंजली

बहराइच। मिशन शक्ति कार्यक्रम अंतर्गत एक दिन के लिए पुलिस अधीक्षक बनी कक्षा छह कस्तूरबा बालिका विद्यालय नवाबगंज बहराइच की छात्रा अंजली ने बताया की मैने सपने में भी नहीं सोचा था कि मुझे एसपी की कुर्सी पर बैठने का भी मौका मिलेगा।आज इस कुर्सी पर बैठने के बाद मुझे यह अंदाजा हो गया कि कैसे एक आईपीएस आमजन की सुरक्षा से लेकर कानून व्यवस्था को बनाए रखने में अपनी पूरी टीम के साथ योगदान देकर लोगों को सुरक्षा का एहसास करवाता है।सभी अवसरों पर पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

### नौनिहालों को मिले बेहतर शिक्षा व्यवस्था: आस्था

बहराइच। मिशन शक्ति कार्यक्रम अंतर्गत एक दिन के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बनी कक्षा आठ कस्तूरबा बालिका विद्यालय नवाबगंज बहराइच की छात्रा आस्था कश्यप ने बताया की इस कुर्सी पर बैठकर हम देश के भविष्य को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं जब नौनिहालों को बेहतर शिक्षा और व्यवस्था मिलेगी तो वह अपने सपनों को पूरा करते हुए विभिन्न स्थानों पर जाकर अपने परिवार के साथ साथ देश का नाम रौशन करते हैं।इस दौरान आस्था ने कहा जिस तरह आज ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने आज अपनी कुर्सी पर बैठने का तोहफा दिया है उसका कोई जवाब नहीं है मिशन शक्ति कार्यक्रम का मकसद सभी बालिकाओं तथा नारियों तक पहुंचाने का पूरा प्रयास करूंगी।

### रसोई से लेकर शौचालय की नियमित करें सफाई=दीपिका

खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर आज एक दिन के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालय डीहा की कक्षा सात की छात्रा दीपिका गुप्ता को खण्ड शिक्षा अधिकारी बनाया गया।इस दौरान पुष्पेंद्र जैन ने बुके देकर किया सम्मानित।एक दिन की बीईओ ने बताया मेरे लिए यह हर्ष का विषय है इस कुर्सी पर बैठना।मै आज सभी शिक्षकों को निर्देश देती हूं विद्यालय को स्वक्ष और सुंदर बनाएं रसोई हो या शौचालय सभी को नियमित साफ करवाए इसके अलावा अभिभावकों से अनुरोध करे कि वो अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल अवश्य भेजे।इस अवसर पर दिलीप पाण्डेय विशेश्वर सिंह नदीम वारसी प्रखर शुक्ला अजय अंकुर श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## मां परमेश्वरी धाम का सौंदर्यीकरण कार्य संपन्न



**सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता)।** विधायक विनोद सिंह के प्रयासों से प्रतापपुर महमूदपुर स्थित मां परमेश्वरी देवी धाम का सौंदर्यीकरण कार्य पूरा हो गया है। करीब एक करोड़ रुपये की लागत से संपन्न इस कार्य का आज विधायक ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर विनोद सिंह ने कहा कि क्षेत्र का विकास और आपसी भाईचारा उनकी प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाएगा और जहां भी विकास कार्य लंबित हैं, उन्हें शासन-प्रशासन से मिलकर जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा। विधायक ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनका हालचाल लिया और सभी से क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी मांगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र विकास की कड़ी से अधूरा नहीं रहेगा। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतोष सिंह, कूरेभार ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह सोनू, कलखुरा प्रधान संगम सिंह, बीजेपी नेता डॉ. डी.एस. मिश्रा, गड़थौली प्रधान मोनू चतुर्वेदी, बहादुरपुर प्रधान विजय मिश्रा, अंबुज तिवारी रतापुर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

**उत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या 1-W/मु.परि.प्र./नि./वाराणसी-ई.पी.सी. दिनाँक 12.06.2025 का चौथा शुद्धिपत्र

संख्या 1-W/मु.परि.प्र./नि./वाराणसी-ई.पी.सी./चौथा शुद्धिपत्र दिनाँक: 29.09.2025

दिनांक 13.06.2025 को समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा सूचना संख्या 1-W/मु.परि.प्र./नि./वाराणसी- ई.पी.सी. दिनाँक 12.06.2025 के संबंधित तिथियों में प्रशासनिक आधार पर निम्नलिखित संशोधन किया जाता है:–

| विवरण | पूर्व संशोधित तिथि | संशोधित |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने/देखने की अंतिम तिथि | 03.10.2025 | 04.11.2025 |
| ई–निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 03.10.2025 | 04.11.2025 |
| क्लॉज संख्या 2.11.2 मे सूचीबद्ध सभी दस्तावेजों को भौतिक रूप से प्रस्तुत करने की तिथि | 09.10.2025 समय 17:00 बजे तक | 10.11.2025 समय 17:00 बजे तक |
| ई–निविदा खुलने की तिथि | 09.10.2025 समय 17:00 बजे के बाद | 12.11.2025 समय 17:00 बजे के बाद |

अन्य सभी नियम और शर्ते समान रहेंगी।

3008/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# डीएम ने पचवान क्षेत्र के किसानों से की वार्ता

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त ऋषिराज को निर्देशित किया की रजिस्ट्री होने के 72 घंटे के अंदर किसानों को उनकी भूमि का संपूर्ण मुआवजा उनके खाते में अवश्य चला जाए। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने नगर आयुक्त रिषि राज, अपर जिलाधिकारी विशु राजा एवं नगर मजिस्ट्रेट के साथ पचवान क्षेत्र में पहुंचकर वहां के किसानों से माननीय मुख्यमंत्री जी शहरी विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत फ़िरोजाबाद शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण के तहत निर्मित किया जा रहे आवासीय भवनों हेतु भूमि अधिकरण के लिए किसानों से वार्ता की, इस योजना हेतु कुल 28.84 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण होना है, जिसमें अब तक 14.83 हेक्टेयर भूमि क्रय की जा चुकी है, जिलाधिकारी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां पर आवासीय कॉलोनी के विकास से यहां के आसपास के लोगों का जीवन स्तर सुधरेगा, यहां पर बेहतरीन स्कूल और बेहतरीन हॉस्पिटल बनेंगे, जिसका लाभ भविष्य में आपको और आपकी आने वाली पीढियां को मिलेगा, साथ ही साथ यहां की आधारभूत संरचना भी मजबूत होगी, जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त ऋषिराज को निर्देशित किया की रजिस्ट्री होने के 72 घंटे के अंदर किसानों को उनकी भूमि का संपूर्ण मुआवजा उनके खाते में अवश्य चला जाए, इतनी बड़ी योजना पहली बार इस क्षेत्र में लाई जा रही है, इससे यहां का कायाकल्प हो जाएगा उन्होंने इस क्षेत्र में भूमि अधिकरण हेतु अतिरिक्त लेखपालों को लगाने हेतु 'अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया, साथ ही उन्होंने सभी लेखपालों को सख्त शब्दों में निर्देश दिए कि इस क्षेत्र में कैंप लगाकर किसानों से भूमि का बैनामा कराये, अगर इसमें कोई लेखपाल लापरवाही करता हुआ पाया गया, तो उसे तत्काल निलंबित किया' जाए, जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि दीपावली के पहले किसानों से संपूर्ण भूमि अधिग्रहित का कार्य अवश्य हो जाए, उन्होंने उपस्थित किसानों से कहा कि अगर रजिस्ट्री कराते समय कोई पैसा इत्यादि की मांग करता है तो, उसकी सूचना तुरंत दें, साथ ही उन्होंने संबंधित रजिस्ट्रार को निर्देशित किया कि किसी अन्य कार्य हेतु यहां पर भूमि की रजिस्ट्री कदापि न हो, साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि यहां पर बाउंड्री वॉल इत्यादि का कार्य करा लिया जाए, जिलाधिकारी के वार्ता करने के पश्चात सभी किसान संतुष्ट और खुश नजर आए और उन्होंने एक स्वर से इस महत्वपूर्ण योजना में अपना सहयोग देने की बात कही, इस अवसर पर गांव के पूर्व प्रधान और वर्तमान प्रधान भी मौजूद रहे।

# बेटियों ने संभाली प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारी

■ अंजली डीएम, निधि सीडीओ एवं शिखा ने एडीएम वित्त के कामकाजों को जाना

■ सांकेतिक डीएम अंजली ने एनीमिया के प्रतिभागियों को बांटे पुरस्कार

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** बेटियों के सम्मान, उनके अधिकार एवं ऊंचाइयों पर पहुंचकर घर परिवार का नाम रोशन करे, इसको लेकर मिशन शक्ति फेज-5 अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों की कुर्सी पर बैठकर मातृशक्ति बेटियों ने जिम्मेदारी संभाली और जनता की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण ससमय कराने को अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए। बेटियों के जज्बातों को देखकर लग रहा था कि देश में आज बेटियां नाम रोशन कर रही है। जनपद में एक दिन की डीएम की सांकेतिक जिम्मेदारी श्री बृजपाल सिंह इंटर कॉलेज महमूदपुर तिलहर की 12 वीं की छात्रा अंजली देवी ने संभाली और उन्होंने डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के साथ बैठकर जिलाधिकारी के कामकाजों को जाना और आने वाली जनसमस्याओं को सुना। सांकेतिक डीएम अंजली ने एनीमिया मुक्त शाहजहांपुर में प्रतिभागियों को कलेक्ट्रेट वीसी कक्ष में पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वही विकास भवन में एक दिन की सीडीओ निधि बनी, जोकि सुभद्रा देवी महेश चंद्र बालिका इंटर कॉलेज हमजापुर निगोही में हाइस्कूल छात्रा है। उन्होंने सीडीओ डा.अपराजिता सिंह के साथ बैठकर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुनी और उनके त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। इसी क्रम में एक दिन की सीडीओ निधि ने एनीमिया से बचाव को लेकर आयरन गोली खाकर बेटियों के सशक्त व स्वस्थ रहने का मंत्र दिया। एडीएम वित्त का दायित्व सर्व हितैषी इंटर कॉलेज हमजापुर की इंटर की छात्रा शिखा बनी और उन्होंने एडीएम वित्त अरविंद कुमार के साथ बैठकर कामकाजों की जानकारी और खेत खलिहान के मामलों के निस्तारण को लेकर दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीपीओ गौरव मिश्रा, वन स्टाप केंद्र प्रबंधक नमिता यादव, मिशन कोर्डिनेटर अमृता दीक्षित आदि मौजूद रहे।

**उत्तर रेलवे**

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी०एस०, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना:–

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-SLN-FW-128-25-1 (Parking Four Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.10.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.10.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-BCN-MX-124-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.10.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.10.2025 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-CIL-MX-148-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.10.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.10.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-MEM-MX-142-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.10.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.10.2025 समय 12:40 बजे |
| निविदा का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3020/2025

## डीएम ने श्रमिकों की आय व स्थितियों का आंकलन हेतु ली बैठक

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने अपने कक्ष में जनपद के अनिगमित क्षेत्र में लगे श्रमिकों की आय और उनकी स्थितियों का आंकलन करने हेतु बैठक का आयोजन किया, जिसमें जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी एम पी सिंह, सहायक शर्मा आयुक्त यशवंत सिंह और परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी के अलावा उद्योग क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भी प्रतिभाग किया, जिलाधिकारी ने कहा कि निगमित क्षेत्र का डाटा तो हमारे पास उपलब्ध है परन्तु अनिगमित क्षेत्र का डाटा हमारे पास उपलब्ध नहीं है, इस बैठक का उद्देश्य यह था कि जनपद में अनिगमित इकाइयों का औद्योगिक सर्वेक्षण और रोजगार सृजन साथ ही साथ एक निजी टीम द्वारा यह भी सर्वे किया जा रहा है, कि जिले में बेरोजगार कितने और किन कारणों से हैं, जिससे जिले में बेरोजगारी को खत्म कर इस बात की भी पहचान की जा सके, कि बेरोजगार व्यक्ति किन कार्यों में कुशल है और उसकी कुशलता के आधार पर उसको कार्य दिलाया जा सके।

# होटल की आड़ में चल रहा अवैध हुक्का बार, नाबालिगों की जिंदगी से खिलवाड़

■ जिला प्रशासन और पुलिस की निष्क्रियता से बढ़ रहा कारोबार

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** शहर के कई नामचीन होटलों में हुक्का बार और अवैध गतिविधियों का धंधा खुलेआम चल रहा है। दरियापुर, पयागीपुर, अमहट और गोलाघाट इलाके में होटल के अंदर बने केबिन और कमरों में न सिर्फ हुक्का और शराब पार्टी हो रही है बल्कि नाबालिग बच्चों को भी नशे की लत लगाई जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस प्रशासन को कई बार जानकारी देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि पुलिस की निष्क्रियता और मिलीभगत से अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। हालात यह हैं कि शहर के हर बड़े चौराहे पर एक हुक्का बार मिल जाएगा। बताया जा रहा है कि पुलिस को बाकायदा हफ्ता दिया जाता है, जिससे यह कारोबार बिना रुकावट फल-फूल रहा है। पूर्व में नगर थाना प्रभारी रहे राम आशीष उपाध्याय ने शास्त्री नगर स्थित एक हुक्का बार पर छापा मारकर संचालक को गिरफ्तार भी किया था। कुछ समय तक स्थिति नियंत्रित रही, लेकिन बाद में फिर से बड़े पैमाने पर होटल के अंदर यह धंधा शुरू हो गया। छापेमारी के दौरान कई युवक-युवतियों को हिरासत में भी लिया गया था, हालांकि बाद में उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। होटलों में बने अलग-अलग केबिन और कमरों में प्रति घंटे के हिसाब से वसूली की जा रही है। इसके अलावा, हुक्का बार की आड़ में नशीले पदार्थों की सप्लाई और देह व्यापार की भी शिकायतें मिल रही हैं। इस पूरे मामले पर अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि ÷ऐसे मामलों की अभी कोई आधिकारिक शिकायत सामने नहीं आई है। फिर भी जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर होटल संचालकों पर कड़ी कार्रवाई होगी। शासन के निर्देशानुसार चेकिंग अभियान लगातार चलाए जाते हैं और भविष्य में भी यह अभियान जारी रहेगा। शहर में तेजी से फैल रहे इन अवैध हुक्का बार और उनसे जुड़े आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए आमजन में भारी आक्रोश है। लोगों की मांग है कि जिला प्रशासन और पुलिस तत्काल सख्त कार्रवाई करके युवाओं के भविष्य को बचाए।

**उत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | विद्युत/डब्ल्यू0/आलमबाग/211/2025–26 |
| क | कार्य का विवरण | कैरेज वर्कशाप, आलमबाग, लखनऊ में मोटरों, एपीएफसी, एचटी/एलटी पैनलों से सम्बन्धित कार्यों के मरम्मत/जीर्णोद्धार का कार्य। |
| ख | अनुमानित लागत | रू0 73,18,878.90 |
| ग | धरोहर राशि | रू0 1,46,400/– |
| घ | निविदा प्रपत्र मूल्य | शून्य |
| ङ | कार्य समापन अवधि | 12 माह |
| 2 | निविदा सूचना संख्या | विद्युत/डब्ल्यू0/आलमबाग/212/2025–26 |
| क | कार्य का विवरण | कैरेज एण्ड वेगन वर्कशाप आलमबाग लखनऊ में गैर वातानुकूलित रेलवे यानों में ई. एफ.टी. एवं बी.सी.टी. के प्रावधान का कार्य। |
| ख | अनुमानित लागत | रू0 22,75,800/- |
| ग | धरोहर राशि | रू0 45,500/– |
| घ | निविदा प्रपत्र मूल्य | शून्य |
| ङ | कार्य समापन अवधि | 18 माह |
| अन्य सूचना | | |
| 3 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय | 27.10.2025 को अपरान्ह 15:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा खुलने की तिथि व समय | 27.10.2025 को अपरान्ह 15:00 बजे के बाद। |

● निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। ● मैनुअल आफर पर विचार नहीं किया जायेगा। ● निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। ● डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ०डी०आर० या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। ● प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज़ की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। निविदा संख्या:– विद्युत/डब्ल्यू0/आलमबाग/211 & 212/2025–26 दिनांक: 30.09.2025 3022/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**सूचना**

मै हनीफ पुत्र इब्राहिम निवासी मोहल्ला निचली मंडई कस्बा व थाना व तहसील संडीला जिला हरदोई का निवासी हूँ जोकि अपने पुत्र नसीम पुत्र हनीफ व बहु आलिया पत्नी नसीम निवासी मोहल्ला निचली मंडई कस्बा थाना व तहसील संडीला जिला हरदोई के चाल चलन ठीक ना होने के कारण मुझसे व मेरे परिवार से गली-ग़लौज व लड़ाई झगड़ा मारपीट के कारण तथा लोगो से उधारी लेकर उनकी बेईमानी करना,गलत व आपराधिक कार्यों में संलिप्त होने के कारण मै अपने पूरे होसे हवास में अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ नसीम व उसकी पत्नी आलिया के द्वारा किये गए कृत्य वा अकृत्य के वे स्वम् जिम्मेदार होंगे

हनीफ पुत्र इब्राहिम

निवासी मोहल्ला निचली मंडई कस्बा व थाना संडीला जिला हरदोई

**सूचना**

मै मो0 लतीफ़ खान पुत्र अब्दुल्ला निवासी मोहल्ला मंडई नई बस्ती गुलाबाड़ी कस्बा व थाना व तहसील संडीला जिला हरदोई का निवासी हूँ मेरे 8 पुत्र 1 पुत्री है जिसमे से मैंने 5 पुत्रो व 1 पुत्री की शादी भी कर दी दो पुत्रो की शादी करना अभी बाकि है जिसमे एक शादी शुदा तीसरे नंबर का लड़का वसीम पुत्र मो0 लतीफ़ खान व उसकी पत्नी शबीना पत्नी वसीम निवासी मोहल्ला मंडई नई बस्ती गुलाबाड़ी कस्बा थाना व तहसील संडीला जिला हरदोई के चाल चलन ठीक ना होने के कारण व मुझसे मेरे परिवार से गली-ग़लौज व लड़ाई झगड़ा करता है गलत व आपराधिक कार्यों में संलिप्त होने के कारण मै अपने पूरे होसे हवास में अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ वसीम व उसकी पत्नी शबीना के द्वारा किये गए कृत्य वा अकृत्य के वे स्वम् जिम्मेदार होंगे।

**मो0 लतीफ़ खान पुत्र अब्दुल्ला**

निवासी मोहल्ला निचली मंडई नई बस्ती गुलाबाड़ी कस्बा व थाना संडीला जिला हरदोई

# प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में मंगलवार को जलशक्ति राज्य मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद की अध्यक्षता में विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष जयन्ती राजपूत और विधायक राठ मनीषा अनुरागी भी मौजूद रहीं।

बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को उर्वरक की उपलब्धता, सीएम डैशबोर्ड पर विभागीय प्रगति, विद्युत आपूर्ति, सड़कें गड्ढामुक्त करने, स्वास्थ्य व्यवस्था, गौशालाओं की स्थिति और मिशन शक्ति जैसे मुद्दों पर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को समय से खाद उपलब्ध हो, ट्यूबवेल व नहरों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और हर गांव को सड़क से जोड़ा जाए।



स्वास्थ्य सेवाओं पर चिंता जताते हुए उन्होंने बाहर प्रैक्टिस करने वाले सरकारी डॉक्टरों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौवंश खुले में न घूमे और गौशालाओं में उचित रख-रखाव किया जाए। मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से गांव-गांव जागरूकता फैलाने पर जोर दिया।

इस मौके पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जनपद की उपलब्धियों की जानकारी दी, जबकि पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा ने कानून-व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराया। बैठक में नगरपालिका चेयरमैन कुलदीप निषाद, सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक एम.के. गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर पैगाम हैदर समेत जिले के अधिकारी मौजूद रहे।

# राम की करुणा से विभीषण का उद्धार और समुंदर पर बना धर्म का द्वार



**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को रामलीला परिषद के तत्वावधान में रामलीला के सातवें दिन सीता की खोज, विभीषण हनुमान मिलन, अशोक वाटिका का प्रसंग, रावण-हनुमान संवाद, विभीषण शरणागति, लंका दहन, विभीषण शरणागति और सेतुबंध रामेश्वर स्थापना की लीला का जीवंत चित्रण किया गया। हनुमान जी जब अशोक वाटिका में जाते हैं और विभीषण से भेंट होती है तो उनके मधुर वचनों से विभीषण का हृदय रामभक्ति से भर उठता है। माता-सीता से भेंट कर हनुमान ने राम की मुद्रिका देकर उन्हें आश्वस्त किया। रावण और हनुमान का संवाद दर्शकों के लिए अत्यंत रोमांचक रहा। हनुमान की पूँछ से लगी आग में पूरी लंका जल उठी। रावण को उनके अनुज विभीषण द्वारा समझाया जाता है कि राम और आप संधि कर लीजिए और माता जानकी को आदर सहित राम को सौंप दीजिए, ऐसा करने से आपका ही भला होगा। यह सुनकर रावण क्रोधित हो जाता है, विभीषण को पैर की ठोकर मारकर लंका से बाहर कर देता है। विभीषण राम जी की शरण मे आ जाता है, राम जी विभीषण से पूछते है कि सागर को कैसे पार किया जाए। तब विभीषण के बताए अनुसार राम जी सागर से रास्ता मांगने के लिए उससे विनय करते है।

# निबंध प्रतियोगिता में तान्या, काव्या और सुहानी रहे प्रथम, द्वितीय व तृतीय

अवधनामा ब्यूरो

**बकेवर, इटावा।** जनता कॉलेज बकेवर में उ.प्र.शासन के निर्देशानुसार गठित एक्टिविटी तथा कल्चरल क्लब एवं मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत लैंगिक समानता तथा नारी सशक्तिकरण विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो.डा.राजेश किशोर त्रिपाठी की अध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ.डी जे मिश्र के निर्देशन में प्रभारी डॉ.ज्योति भदौरिया एवं अश्वनी कुमार मिश्र के संयुक्त संयोजन में संगोष्ठी सभागार में आयोजित किया गया।

निबंध प्रतियोगिता में विज्ञान, कृषि तथा वाणिज्य संकाय के कुल 17 छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिनमें श्रद्धा, काव्या चौहान, तान्या



कुमारी, रिचा, निहारिका, प्राची वर्मा, नंदिनी शर्मा, नेहा कुमारी, कुमारी चांद, दृष्टि त्रिपाठी, नैवेद्य पुरवार, शौर्या, कनक गुप्ता, सुहानी सिंह, आयुषी, जाह्नवी, खुशी चौहान आदि रहीं।

नबंध प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के सदस्यगण प्राध्यापक डॉ इंदु बाला मिश्रा, डॉ नवीन अवस्थी, डा दिव्यांश पांडेय एवं सत्यम गुप्ता के संयुक्त निर्णय के आधार पर तान्या कुमारी बीएससी प्रथम सेमेस्टर गणित प्रथम, काव्या चौहान बीएससी प्रथम सेमेस्टर गणित द्वितीय तथा सुहानी सिंह बीएससी पंचम सेमेस्टर कंप्यूटर विज्ञान तृतीय स्थान पर विजेता रहे। सांत्वना पुरस्कार के लिए नैवेद्य पुरवार बीएससी प्रथम सेमेस्टर एवं प्राची वर्मा बीएससी पंचम सेमेस्टर को चयनित किया गया।

कार्यक्रम में डॉ ललित गुप्ता, डॉ प्रकाश दुबे, डॉ योगेश शुक्ल, सुबोध शुक्ल आदि की उपस्थिति एवं विशेष सहयोग रहा। मुख्य संयोजक डॉ.डी जे मिश्र के द्वारा उपस्थित शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए प्रतिभागी छात्र एवं छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# नवरात्रि पर राठ में गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल



हिफजुर्रहमान

**हमीरपुर (राठ)।** नवरात्रि के पावन अवसर पर राठ की काशीराम कॉलोनी में ऐसी तस्वीर देखने को मिली, जिसने गंगा-जमुनी तहज़ीब की परंपरा को और मजबूत कर दिया। यहां कॉलोनी के सभासद खालिक कुरैशी ने माता के पंडाल में कन्या भोज और भंडारे का आयोजन कर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस आयोजन में मुस्लिम समाज के युवाओं ने देवी पंडाल में आकर कन्याभोजन कराया और बस्ती में सौहार्द व एकता का माहौल कायम किया। इस पहल की जय माता दी समिति और स्थानीय लोगों ने खुलकर सराहना की। भंडारे के दौरान ग्रीन टाइगर सोसाइटी के मुशर्रिफ खान, पूर्व सभासद मोहम्मद अलीम, कमरुद्दीन उर्फ काली मेम्बर, आमिर उर्फ बीनू भाई, पत्रकार मोहम्मद मुख्तार, भीम आर्मी के पूर्व जिलाध्यक्ष शरद चौधरी, जुनैद बेग दुर्रानी, आज़ाद समाज पार्टी नगर अध्यक्ष सलीम मेहंदी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। जय माता दी समिति की ओर से सोनू, शिवम, अजय, मंजू, जितेंद्र, अरविंद, आशीष सोनी, मोहन, राहुल, रानू, बृजेंद्र, संदीप, वीरेंद्र समेत युवाओं और महिलाओं ने सक्रिय सहयोग किया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि धर्म चाहे कोई भी हो, त्योहार सबके होते हैं और बस्ती में मिलजुल कर रहने से ही समाज की असली ताकत सामने आती है।


# मनरेगा का महाघोटाला: 20 KM दूर, 9 मिनट का अंतर... दो गांवों में एक ही नक़ली शक्ल पर 20 मजदूरों की हाजिरी!

**ज़ीरो टॉलरेंस पर भ्रष्टाचार की जीरो मोहर: मौदहा में NMMS ऐप को धता बताकर सरकारी खज़ाने की खुली लूट का पर्दाफाश**

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा/हमीरपुर।** जिले की मौदहा तहसील के विकास खंड में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत चल रहे कार्यों में उपस्थिति दर्ज करने के तरीके ने फर्जीवाड़े की सभी सीमाएं लांघ दी हैं। सिसोलर और करहिया–दो ऐसी ग्राम पंचायतें जिनके कार्यस्थलों की दूरी लगभग 20 किलोमीटर है–वहाँ NMMS (नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम) ऐप पर उपस्थिति दर्ज करते समय एक ही समूह फोटो का इस्तेमाल किया गया है। यह सनसनीखेज खुलासा मनरेगा के डिजिटल अटेंडेंस सिस्टम में एक बड़े भ्रष्टाचार और फ़र्ज़ी श्रमिकों के रैकेट की ओर साफ इशारा करता है।

**एक ही तस्वीर, अलग-अलग**




### प्रभारी बीडीओ का बयान: एपीओ को तत्काल जांच के निर्देश

मामले की गंभीरता को देखते हुए, जब संवाददाता ने इस जालसाजी के संबंध में प्रभारी बीडीओ मौदहा से संपर्क किया, तो उन्होंने तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रभारी बीडीओ मौदहा ने कहा, यह एक गंभीर मामला है। हृस्स्स्र ऐप पर इस तरह का दोहराव घोर अनियमितता है और हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। मैंने एपीओ मौदहा को तत्काल प्रभाव से दोनों ग्राम पंचायतों के इस अटेंडेंस रिकॉर्ड की गहन जांच कर, जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने को कहा है। जांच में दोषी पाए जाने वाले मेट, ग्राम पंचायत कर्मियों और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस एक फोटो, दो गाँव के खेल ने मनरेगा के फंड में हो रहे करोड़ों के घोटाले की आशंका को जन्म दिया है। जिला प्रशासन को इस पूरे रैकेट की उच्च स्तरीय जांच कर, फर्जी मज़दूरों के नाम पर हो रही मज़दूरी की निकासी को तुरंत रोकने की जरूरत है।

### विवरण

ग्राम पंचायत करहिया (कार्य कोड: 7157) ग्राम पंचायत सिसोलर (कार्य कोड: 7218)

कार्यस्थल की दूरी

लगभग 20 KM की दूरी, फोटो लेने का समय, 14:13:05:000, 14:22:52:000, समय का अंतर सिर्फ 9 मिनट, अटेंडेंस मेट, नीता देवी, सीता देवी, श्रमिकों की संख्या, 10 अलग नाम (संजना, भरत, ललिता आदि) 10 अलग नाम (रानी, सोनू, ममता आदि)

**पंचायतें: आंकड़ों में फर्जीवाड़ा**

प्राप्त आधिकारिक अटेंडेंस रिकॉर्ड्स के अनुसार, 30 सितंबर 2025 को दोनों पंचायतों में श्रमिकों की हाजिरी ली गई। दोनों कार्यस्थलों पर अटेंडेंस मेट, श्रमिकों के नाम और काम का विवरण पूरी तरह अलग है।

## संक्षिप्त समाचार

### हमीरपुर में मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी शक्ति संवाद व कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत मंगलवार को राजकीय महिला डिग्री कॉलेज हमीरपुर में नारी शक्ति संवाद एवं कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी घनश्याम मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। छात्राओं को आत्मरक्षा के उपायों, साइबर अपराध से बचाव और महिला हेल्पलाइन (1090, 181, 112, 1930) की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं से संवाद स्थापित कर उन्हें कानूनन अधिकारों व योजनाओं से अवगत कराया और आश्वस्त किया कि किसी भी परिस्थिति में पुलिस सुरक्षा और सहयोग के लिए तत्पर है। कार्यक्रम में छात्राओं व शिक्षिकाओं ने भी विचार साझा किए और पुलिस-प्रशासन के प्रयास की सराहना की। अंत में मिशन शक्ति टीम और छात्राओं द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में एडीएम, एएसपी, सीओ सदर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### राठ में छात्रा नमी गुप्ता बनी एक दिन की विधायक, फरियादियों की सुनी समस्याएं



**हमीरपुर (राठ) अवधनामा संवाददाता।** मिशन सशक्तिकरण 5.0 के तहत राठ की इंटरमीडिएट छात्रा नमी गुप्ता ने सोमवार को एक दिन के लिए विधायक का कार्यभार संभाला और जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। चरखारी रोड स्थित सुमन भारती शांति निकेतन सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा नमी गुप्ता को क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी ने प्रतीकात्मक रूप से पद ग्रहण कराया। पद संभालते ही नमी गुप्ता ने क्षेत्रीय विकास कार्यों की जरूरत पर जोर दिया। फरियादी बृजेंद्र कुमार ने अपने पुत्र के एक्सीडेंट प्रकरण में मुआवजा न मिलने की शिकायत की, जिस पर एक दिन की विधायक ने जलालपुर थाना प्रभारी को फोन कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह अन्य फरियादियों की भी समस्याएं सुनी गई और संबंधित विभागीय अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रवेश तिवारी सहित भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### जरिया पुलिस ने 15 लीटर कच्ची शराब संग एक आरोपी को दबोचा



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)।** अपराध नियंत्रण एवं अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जरिया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना क्षेत्र के कांस्टेबल संजय विक्रम और मनोज कुमार ने कार्रवाई करते हुए राहुल राजपूत पुत्र गयाप्रसाद राजपूत को 15 लीटर कच्ची शराब और शराब बनाने के उपकरणों सहित गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ थाना जरिया में धारा 60(2) आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य अवैध शराब निर्माण और बिक्री पर पूरी तरह अंकुश लगाना है।

### कचहरी में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)।** कचहरी पर इस वर्ष भी बट महाराज धाम पर विराजमान देवी देवताओं की मूर्ति के समीप वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश चंद दुबे एवं प्रबल प्रताप सिंह प्रत्याशी अध्यक्ष पद ने संयुक्त रूप से एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सोमवार को अधिवक्ताओं बदकारियों तथा कचहरी से जुड़े कई लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कचहरी के कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने उपस्थिति देकर प्रसाद ग्रहण किया तथा अधिवक्ता उमेश चंद्र तथा प्रबल प्रताप को नेक काम के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम शंकर शर्मा चंद्रशेखर सिंह गौर देवेंद्र पांडे हंस मुखी शंखवार सुनील तिवारी शिवम तिवारी विमल तिवारी प्रवेश शर्मा मनोज कुमार दुबे महेश चंद्र राजीव तिवारी असित यादव अमित यादव सौरभ यादव रूपेंद्र सिंह चौहान हाकिम सिंह राजपूत विद्याराम कुशवाहा कुलदीप राजपूत संजय दुबे आदि तमाम लोग प्रसाद वितरण करने में सहयोग के भागीदार बने और विशाल भंडारे का वितरण करवाया। कार्यक्रम के अंत में अधिवक्ता श्री दुबे ने सभी का आभार प्रकट किया तथा सम्माननीय लोगों को मां भगवती का दुर्गा पट्टी का पहना कर स्वागत भी किया।

# सरस मेले में सभी विभागों के स्टाल लगाए गए

**बेसिक शिक्षा विभाग की 101 बच्चियों को कन्या भोज कराया गया**

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति- 5.0 के तहत कन्या पूजन व सरस मेले का उद्घाटन राजकीय इंटर कॉलेज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्य अतिथि सदर विधायक श्रीमती सरिता भदौरिया की अध्यक्षता में किया गया।

सरस मेले में सभी विभागों के स्टाल लगाए गए जिसका अवलोकन मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अन्नप्राशन एवं गोद भराई की रस्म की गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां शारदा को पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मां भगवती की आराधना विभिन्न रूपों में की जाती है विद्या के क्षेत्र में जाते हैं तो मां सरस्वती की आराधना करते हैं। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि मातृ शक्ति पूजन एवं मातृशक्ति को जागृत करने का प्रयास किया जा रहा है मातृशक्ति को प्रणाम किया जाए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा महिला शक्तियों को पहचान देने के लिए प्रयास करते हैं महिलाओं की गरिमा को बनाए रखना, नारी को पूजना ही नहीं बल्कि उसकी सुरक्षा का संकल्प करना भी हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग की 101 बच्चियों को कन्या भोज कराया गया। कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा मिशन शक्ति के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृशक्ति को टेबलेट वितरण किए गए एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत चैक दी गई, बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, पंचायती राज विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृशक्ति को सम्मानित किया गया। पुलिस विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली मात्र शक्तियों को मिशन शक्ति के तहत सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन शक्ति के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली मात्र शक्तियों को सम्मानित किया गया , जिला उद्योग विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सिलाई मशीन एवं प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन निहारिका शुक्ला द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव , मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार, जनप्रतिनिधि गढ़ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दुर्गा महोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**अनपरा/सोनभद्र।** हिन्डाल्को रेनुसागर के आवासीय परिसर में फोनिक्स क्लब रेनुसागर के तत्वावधान में पैराडाइज प्रेक्षागृह में 29 सितंबर 2025 को दुर्गा महोत्सव के पावन अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ठीक शाम 7ः00 बजे आदिशक्ति माँ दुर्गा,सरस्वती, कार्तिकेय एवं गणेश लक्ष्मी भगवान का विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ हुआ, जिसमें दिशिता महिला मंडल ,टाउनशीप के नन्हे मुन्हे बच्चों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के महिलाओं द्वारा आकर्षक एवं विविध रंगारंग प्रस्तुतियाँ देर शाम तक दी गई।कार्यक्रम के प्रमुख प्रस्तुतियाँ में दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की वरिष्ठ सदस्या इंदु सिंह के मार्ग दर्शन में पूनम तिवारी के पटकथा पर आधारित दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की महिलाओं ने अदभुत अलौकिक ÷माता वैष्णो देवी के प्राकट्य पर आधारित एक भावनात्मक और प्रभावशाली नृत्य नाटिका की सजीव प्रस्तुति ने सैकड़ो की संख्या में पंडाल बैठे लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

# एनटीपीसी ने औद्योगिक पवेलियन श्रेणी में जीता पहला स्थान



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी ने एक बार फिर नवाचार और सतत विकास के क्षेत्र में अपनी नेतृत्व क्षमता साबित करते हुए भोपाल विज्ञान मेला 2025 में औद्योगिक मंडप श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। यह मेला 26 से 29 सितम्बर तक बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल में आयोजित हुआ। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को एनटीपीसी विंध्याचल, गाडरवाड़ा और खरगोन ने संयुक्त रूप से हासिल किया। एनटीपीसी का मंडप इस मेले का प्रमुख आकर्षण बना रहा, जहाँ सैकड़ों छात्र-छात्राएँ, पेशेवर और गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भ्रमण किया। आगंतुकों ने एनटीपीसी की प्रमुख तकनीकी प्रगतियों जैसे फ्लाई ऐश उपयोग, ज़ीरो लिक्विड डिस्चार्ज (ZLD), अक्षय ऊर्जा पहलें और विंध्याचल में हरित रसायन उत्पादन की अभिनव पहल को निकट से देखा और सराहा। इंटरएक्टिव पैनल, कॉरपोरेट फिल्में, कार्यशील मॉडल, वीआर गेम्स और क्विज़ प्रतियोगिताओं के माध्यम से आगंतुकों ने एनटीपीसी की सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता और नवाचारपूर्ण दृष्टिकोण का अनुभव किया। मंडप में एनटीपीसी की सीएसआर पहलें, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मान तथा समुदायों के जीवन को बेहतर बनाने में उन्नत प्रौद्योगिकी की भूमिका भी प्रदर्शित की गई, जिससे राष्ट्र निर्माण में संगठन की महत्त्वपूर्ण भूमिका स्पष्ट हुई। समापन समारोह में औद्योगिक मंडप श्रेणी का प्रथम पुरस्कार एनटीपीसी को मध्यप्रदेश के आवास एवं शहरी विकास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रख्यात वैज्ञानिक एवं पूर्व निदेशक (आरआरसीएटी परमाणु ऊर्जा विभाग) डॉ. शंकर विनायक नाखे सहित अनेक शिक्षाविद् और वैज्ञानिक भी उपस्थित रहे।

# अभिषेक यादव अंशुल का केक काटकर जन्मदिन धूमधाम से मनाया



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सोमवार को अभिषेक यादव अंशुल अध्यक्ष जिला पंचायत के जन्म दिवस के अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत की उपस्थिति में सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू की अध्यक्षता में सांसद जितेंद्र दोहरे, पूर्व मंत्री रामसेवक यादव, पूर्व मंत्री अशोक यादव, विधायक, प्रदीप यादव, विधायक राघवेंद्र गौतम, सपा जिलाध्यक्ष औरैया सर्वेश बाबू गौतम, महामंत्री वीरू भदोरिया आदि जिला संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर जन्मदिन धूमधाम से मनाया। सभी ने अभिषेक यादव अंशुल की लंबी उम्र की कामना की। तत्पश्चात समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की जिला अध्यक्ष नरेंद्र पाल के नेतृत्व में यूथ ब्रिगेड के पदाधिकारियों द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर अभिषेक यादव अंशुल द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया एवं इसके पश्चात विशाल भंडारा का आयोजन नरेंद्र पाल द्वारा किया गया।

## शष्ठी बोधन के साथ हिण्डाल्को रेनुसागर में दुर्गापूजनोत्सव का शुभारंभ

**अनपरा/सोनभद्र।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर हिण्डाल्को रेनुसागर के आवासीय परिसर में स्थित पैरा डाइज प्रेक्षागृह के प्रांगण में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति रेनुसागर द्वारा इस वर्ष भी शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा का पूजन महोत्सव हिण्डाल्को रेनुसागर प्रबन्धन के सहयोग से पूरे भक्तिभाव तथा उल्लास व धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। भव्य पंडाल का निर्माण कोलकाता से आये कुशल कारीगरों द्वारा गया है जिसकी छठा रात में दूधियां रोशनी में तो बस देखते ही बनती है। पण्डाल में आदि शक्ति मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा के साथ-साथ लक्ष्मी, सरस्वती, गणेश एवं कार्तिकेय की भव्य व सुन्दर प्रतिमायें स्थापित की गई हैं। शष्ठी के अवसर पर मां दुर्गा की प्राणप्रतिष्ठा के साथ हिण्डाल्को रेनुसागर में दुर्गापूजनोत्सव का आगाज हो गया। हिण्डाल्को रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह,दिशिता महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्या इंदु सिंह, मानव संसाधन प्रभारी आशीष पांडेय, संचालन विभाग के हेड मनीष जैन , सहित वरिष्ठ अधिकारीयों ने फीता काटकर दीप प्रज्वलन करने के पश्चात पूरे श्रद्धा के साथ मां की आरती व पूजन करके दुर्गोत्सव का शुभारंभ किया।

# 'प्रकाश हाजिर हो' नाट्य मंचन के साथ हिंदी पखवाड़ा 2025 का भव्य समापन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना में दिनांक 29 सितम्बर 2025 को उमंग भवन सभागार में हिंदी पखवाड़ा 2025 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर 'प्रकाश हाजिर हो' नाटक का सफल मंचन हुआ, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात एनटीपीसी गीत गाकर कार्यक्रम को गति प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ए जे राजकुमार उपस्थित रहे। साथ ही महाप्रबंधक(मेंटीनेंस एवं एडीएम) मणिकयन सुरेश, महाप्रबंधक(चिकित्सा) डॉ. बी के भराली, मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल) राकेश अरोड़ा के साथ-साथ सभी महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, लेखक एवं निर्देशक ÷प्रकाश हाजिर हो÷ मनोज नायर (शैडो ग्रुप) एवं उनकी टीम, सुहासिनी संघ की पदाधिकारी एवं सदस्याएँ, राजभाषा नोडल अधिकारी एवं यूनियन एवं एसोसिएशन पदाधिकारीगण सम्मिलित हुये। साथ ही डीपीएस, डी-पॉल, सरस्वती तथा शासकीय स्कूल, विंध्यनगर के प्रधनाध्यापकगण, शिक्षकगण, वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारी एवं उनके परिवारजनों के साथ-साथ विजयी प्रतिभागीगण एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहें। तदोपरांत मानव संसाधन प्रमुख (एनटीपीसी विंध्याचल) राकेश अरोड़ा ने हिंदी पखवाड़ा, 2025 के समापन एवं पुरस्कार वितरण के अवसर पर मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ए जे राजकुमार, अन्य महाप्रबंधकगण, परियोजना परिसर के सभी विद्यालयों के शिक्षकगण व छात्र-छात्राएँ एवं अन्य आमंत्रित अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

तत्पश्चात समारोह के आरंभ में लेखक एवं निर्देशक मनोज नायर (शैडो ग्रुप) एवं उनकी टीम द्वारा ÷प्रकाश हाजिर हो÷ नाटक का सफल मंचन किया गया, जिसका सभी ने खूब प्रशंसा की।

# भेड़ियों के हमलों पर अखिलेश यादव का निशाना

- सरकार दिखावा छोड़ जमीन पर उतरे
- भेड़िया पर्यटन पर खर्च, समस्या जस की तस
- ग्रामीणों पर जंगली जानवरों का कहर, अखिलेश बोले – भाजपा जिम्मेदार
- भोजन-आश्रय संकट से बढ़ा मानव-वन्यजीव संघर्ष: अखिलेश यादव
- घोषणाएं नहीं, ठोस कार्रवाई करें सरकार: अखिलेश



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में जंगली जानवरों और भेड़ियों की समस्या जानलेवा बन चुकी है। सरकार ऊपरी दिखावा न करे, जमीन पर उतर कर समस्या का समाधान करे। बहराइच समेत अन्य जिलों में भेड़ियों और जंगली जानवरों का लोगों पर हमला जारी है। लगातार किसानों और निर्दोश ग्रामीणों की मौतें हो रही हैं। जंगली जानवरों के हमले और मौतों से ग्रामीणों में आक्रोष बढ़ रहा है। सोमवार को बहराइच में भेड़िये ने फिर किसान दम्पत्ति पर हमला कर मार दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार जंगली जानवरों के हमलों और नरभक्षी भेड़ियों की समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। मुख्यमंत्री जी ने बहराइच में भेड़ियों की समस्या का हवाई सर्वेक्षण कर लिया लेकिन स्थिति जस की तस है। जितना खर्चा भेड़िया पर्यटन पर किया गया अगर उतना जमीन पर खर्च कर देते तो भेड़िया भी पकड़ जाता और लोगों का जीवन भी बच जाता। अखिलेश यादव ने कहा कि कहीं भेड़िया, कहीं तेंदुआ, कहीं अजगर, कहीं सांड और कहीं अन्य जंगली जानवरों से उत्तर प्रदेश में दहशत का माहौल बना हुआ है इसके लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। समाजवादी पार्टी जंगली जानवरों और छुट्टा सांडो की समस्या को लगातार उठा रही है और पीड़ित गरीबों, किसानों की मदद भी कर रही है लेकिन भाजपा सरकार को यह समस्या दिखाई नहीं दे रही है। जंगली जानवरों की दहशत से किसान खेती नहीं कर पा रहे हैं। अपने खेतों में जाने से डरते है। भाजपा सरकार इस समस्या के समाधान के लिए कुछ करेगी या यह कहकर पल्ला झाड़ लेगी कि जानवर के पदचिह्न नहीं मिले। उन्होंने कहा कि जिन पर हमले हो रहे हैं क्या उनके घायल शरीर के निशान काफी नहीं है। या फिर उनके जख्म जिनके बच्चे जानवर उठा ले जा रहे है। सरकार जंगली जानवरों और भेड़ियों से ग्रामीणों को बचाने के लिए सिर्फ घोषणाएं नहीं ठोस कार्रवाई करें और मृतकों के परिजनों की मदद करें।

अखिलेश यादव ने कहा कि मानव-वन्य जीव संघर्ष के लिए भाजपा सरकार की अवैध कटाई करवाने की मिलीभगत ज़िम्मेदार है। जब पशुओं के सामने 'भोजन और आश्रय' का संकट आएगा तो वे हिंसक होंगे ही और इंसानी बस्तियों में जाएंगे जहाँ मानव जब डरकर अपना बचाव करेगा तो फिर संघर्ष होंगे, जिनमें से अधिकांश प्राणघातक साबित होंगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि पूर्ण पतन की ओर बढ़ती भाजपा सरकार के इस अंतिम चरण में छुट्टा पशुओं और हिंसक जानवरों की समस्या भी निर्णायक भूमिका अदा कर रही है। 2027 में भाजपा की सत्ता जाने के बाद जनता इन सभी समस्याओं से स्वतः मुक्त हो जाएगी।

## सीसी संपर्क मार्ग निर्माण से संबंधित कार्य हेतु 42.51 लाख मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत जनपद झांसी में सीसी संपर्क मार्ग निर्माण से संबंधित 03 कार्यों के लिए 42.51 लाख रूपये मंजूर किए हैं। मंजूर की गई धनराशि जनपद झांसी के जिलाधिकारी के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति जनपद झांसी को प्रेषित कर दी गई है। शासनादेश के अनुसार मंजूर की गई धनराशि से जनपद झांसी के गरौठा नगर में हनुमान गढ़ी मंदिर से मऊ स्टैण्ड की ओर सीसी संपर्क मार्ग निर्माण हेतु 19.39 लाख रूपये, ब्लॉक चिरगांव के ग्राम बिरहटा में पदमनि मंदिर से सड़क क ओर सीसी संपर्क मार्ग निर्माण हेतु 13.03 लाख रूपये तथा मोंठ नगर में मोहल्ला इन्द्रा चौराहे मदारगंज में मोठ समथर रोड सीसी संपर्क मार्ग निर्माण हेतु 10.09 लाख रूपये मंजूर किए गए है। शासनादेश में यह भी निर्देश दिए गए हैं कि इस कार्य हेतु मंजूर की जा रही है।

# उमस-धूप के बीच मौसम ने ली करवट

- कई जिलों में हुई भारी बारिश; तीन दिनों के लिए जारी हुई चेतावनी



### यहां है गरज चमक और वज्रपात का येलो अलर्ट

बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, भदोही, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, अयोध्या, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, पीलीभीत, शाहजहांपुर, जालौन, हमीरपुर व आसपास के इलाकों में येलो अलर्ट है।

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम ने एकदम से करवट ली है। मंगलवार को प्रदेश के तराई और पश्चिमी जिलों में गरज चमक के साथ हल्की बारिश देखने को मिली। इस बीच 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पूर्वा हवाएं भी चलीं। बूंदाबांदी से तापमान में गिरावट आई और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने बुधवार के लिए प्रदेश के 36 जिलों में गरज चमक के साथ बूंदाबांदी और वज्रपात की चेतावनी जारी किया है। इन इलाकों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं भी चलेंगी।

शारदीय नवरात्र के समापन पर शुरू बूंदाबांदी के इस दौर के बाद उत्तरप्रदेश से मानसून की विदाई तय मानी जा रही है। मंगलवार को तराई इलाकों में पूरब से पश्चिम तक, यानी कुशीनगर, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी से लेकर बिजनौर तक गरज चमक के साथ बूंदाबांदी देखने को मिली।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक बंगाल की खाड़ी के साथ ही गुजरात तट पर बने कम दबाव क्षेत्रों के समागम और अरब सागर की नमी से यह मौसमी बदलाव देखने को मिल रहा है। यूपी के अगल अगल हिस्सों में बूंदाबांदी का यह दौर अगले तीन चार दिनों तक जारी रहने वाला है।

# उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सिद्धपीठ मां चन्द्रिका देवी के किये दर्शन

- पूजा अर्चना कर लोक कल्याण की,की कामना
- मन्त्रोच्चर के साथ किया हवन, पूजन
- मां भगवती से सर्व कल्याण की कामना की
- देश व प्रदेशवासियो को महाष्टमी, महानवमी सहित दशहरा व दीपावली की अग्रिम शुभकामनायें



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नवरात्रि (महाअष्टमी) के पावन अवसर पर मंगलवार को लखनऊ के बख्शी तालाब स्थित माँ चंद्रिका देवी सिद्धपीठ में माता रानी के दिव्य दर्शन एवं पूजन किया। उन्होने पूजा-अर्चना कर लोक कल्याण की कामना की। मौर्य ने मन्त्रोच्चर के साथ हवन, पूजन किया व मां भगवती से सर्व कल्याण की प्रार्थना की। उप मुख्यमंत्री ने देश व प्रदेशवासियो को महाष्टमी, महानवमी सहित दशहरा व दीपावली की अग्रिम शुभकामनायें दी।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ चंद्रिका देवी जी की असीम कृपा सभी भक्तों पर बनी रहे,समस्त श्रद्धालुओं के जीवन में सुख, व समृद्धि के द्वार हमेशा खुले रहें।उन्होने माता के चरणो मे शीश झुकाकर प्रार्थना की कि देश का वर्तमान भी अच्छा रहे ,भविष्य भी अच्छा रहे।

विकसित भारत व विकसित उत्तर प्रदेश बने। देश की अर्थव्यवस्था का आकार बढ़े। कहा कि मिशन शक्ति का पांचवा चरण चल रहा है। नारी शक्ति, राष्ट्र शक्ति है। मां दुर्गा से प्रार्थना की कि हर बेटी, हर बहन, हर माता आत्मनिर्भर व स्वावलम्बी बने, सशक्त समाज व समृद्ध भारत का आधार बनें।

## तीन नये पशुचिकित्सालयों के निर्माण हेतु 207.33 लाख स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पशु चिकित्सा सेवायें तथा पशु स्वास्थ्य के तहत 03 पशुचिकित्सालयों के निर्माण हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 02 करोड़ 07 लाख 33 हजार रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। स्वीकृत धनराशि से जनपद प्रयागराज के विकासखण्ड कोरांव के ग्राम देवीबांध, संत रविदासनगर के विकासखण्ड औराई के ग्राम नरायनपुर (लल्लापुर) तथा जौनपुर के विकासखण्ड सोंधी के पशु सेवा केन्द्र लपरी का उच्चीकरण का निर्माण कार्य कराया जाएगा। प्रत्येक केन्द्र के निर्माण हेतु 69.11 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु जिला योजनाओं के जनपदवार/ योजनावार परिव्यय निर्धारण के उपरांत स्वीकृत धनराशि को आवंटित परिव्यय में समायोजित कराते हुए यथावश्यकता संबंधित जनपदों की जिला योजना समिति का कार्योत्तर अनुमोदन प्राप्त किए जाने का उत्तरदायित्व निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग, उ0प्र0 का होगा।

# उत्तर प्रदेश में पांच लाख से अधिक कन्याओं का पूजन

**मिशन शक्ति 5.0 नवरात्रि पर कन्या पूजन से बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश, बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल**



- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से जुड़ीं 1500 से अधिक बालिकाएँ, समाज में बेटियों का बढ़ा मान
- नवरात्रि उत्सव में कन्या पूजन: परंपरा से आगे बढ़कर शिक्षा, स्वास्थ्य और समानता की ओर
- मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत शिक्षा और सशक्तिकरण की नई परंपरा: प्रमुख सचिव: लीना जौहरी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत दिनांक 30 सितम्बर एवं 1 अक्टूबर 2025 को नवरात्रि की अष्टमी एवं नवमी तिथियों पर पूरे प्रदेश में व्यापक स्तर पर कन्या पूजन का आयोजन किया जा रहा है। कन्या पूजन का आयोजन केवल धार्मिक अथवा सांस्कृतिक परंपरा का निर्वहन भर नहीं है. बल्कि समाज में कन्याओं और बालिकाओं के जन्म को सम्मान और गौरव से देखने की एक सकारात्मक सामाजिक क्रांति का हिस्सा है। इस अवसर पर आयोजनों में मंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार बेबी रानी मोर्या, राज्य मंत्री महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार प्रतिभा शुक्ला, विभिन्न जनपदों में प्रभारी मंत्री, प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर जिलाधिकारी, अल् जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में कन्या पूजन किया गया तथा उपस्थित कन्याओं को आशीर्वाद स्वरूप उपहार एवं प्रसाद वितरित किया गया।

कार्यक्रम का मूल उद्देश्य कन्या जन्म को समाज में उत्सव के रूप में स्थापित करना और यह संदेश देना है कि बेटियों न केवल परिवार की, बल्कि पूरे समाज की आशा और समृद्धि की आधारशिला है। मिशन शक्ति सदैव इस बात पर बल देता रहा है कि बेटियों को सम्मान देना केवल एक परंपरा या संस्कार भर नहीं होना चाहिए, बल्कि यह सोच समाज के प्रत्येक नागरिक की जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। इसी दृष्टिकोण से नवरात्रि के इस पावन पर्व को बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण के उत्सव के रूप में जोडा गया है। विशेष रूप से आयोजित कन्या पूजन समारोहों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, लोकगीतों और संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को यह बताया गया कि बालिकाओं की शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य में निवेश करना ही सच्चे अर्थों में समाज के भविष्य को सुरक्षित करने का मार्ग है। बालिकाओं को स्कूल जाने, उच्च शिक्षा प्राप्त करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

# मत्स्य विकास मंत्री ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

- मछुआ दुर्घटना बीमा योजना से मत्स्य पालकों व मछुआरों को लाभान्वित कराया जाए: डा0 संजय कुमार निषाद

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मत्स्य विकास मंत्री डॉ0 संजय कुमार निषाद ने विभाग के संचालित कार्यक्रमों जिसमें केंद्र पुरोनिधानित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना एवं राज्य सेक्टर की योजनाओं, किसान क्रेडिट कार्ड, च्डड्डेल, सामुहिक दुर्घटना बीमा आदि की विस्तृत समीक्षा की और विभागीय अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। मत्स्य विकास मंत्री ने मंगलवार को निदेशालय में समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत भारत सरकार द्वारा वर्ष 20025-26 में जारी वित्तीय स्वीकृत के सापेक्ष शत-प्रतिशत व्यय कराते हुए उपभोग प्रमाण पत्र एवं भारत सरकार से प्राप्त पत्र पर उत्तर भारत सरकार को प्रेषित करते हुए अगली किश्त की वित्तीय स्वीकृति जारी कराया जाय ताकि चयनित परियोजनाएं ससमय पूर्ण हों। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत इंफ्रास्ट्रक्र परियोजनान्तर्गत मत्स्य मंडी गोरखपुर/ एक्वापार्क के स्थापना के संबंध भारत सरकार से प्रयास कर स्वीकृत कराया जाए। इसी प्रकार राज्य सेक्टर की योजनाओ के अंतर्गत प्राविधानित बजट धनराशि के सापेक्ष अतिशीघ्र कार्यवाही पूर्ण कराते हुए निर्गत वित्तीय स्वीकृत (धनराशि) का व्यय सुनिश्चित कराते हुए परियोजनाएं पूर्ण कराई जाए। मत्स्य पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित करने हेतु बैंकों को प्रेषित प्रस्ताव के सापेक्ष बैंकों से संपर्क कर उनके स्वीकृति की कार्यवाही करायी जाए। इस हेतु कृषि विभाग की तरह मत्स्य विभाग के आवेदन का भी पोर्टल के माध्यम से अनुश्रवण किए जाने हेतु इसे जुड़वाया जाए।

## बाढ़ प्रभावित परिवारों हेतु 43.64 करोड़ मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में बाढ़ से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों/परिवारों/कृषकों को राहत सहायता प्रदान किये जाने एवं बाढ़ प्रबंधन से संबंधित अन्य अनुमन्य राहत कार्यों के लिए कुल 43 करोड़ 64 लाख रूपये से अधिक की धनराशि मंजूर किये हैं। मंजूर की गयी धनराशि संबंधित जनपदों के जिलाधिकारी को सौंप दी गयी है।

इस संबंध में राजस्व विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जनपद आगरा के लिए 05 करोड़ रूपये, कानपुर देहात के लिए 03 करोड़ रूपये, प्रयागराज के लिए 6.40 करोड़ रूपये से अधिक, कासगंज के लिए 02 करोड़ रूपये, सहारनपुर के लिए 10 लाख रूपये, फर्रूखाबाद के लिए 15 करोड़ रूपये, झांसी के लिए 11.23 करोड़ रूपये से अधिक तथा फिरोजाबाद के लिए 90 लाख रूपये मंजूर किए गए है। स्वीकृत धनराशि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संबंधित जनपदीय कोषागार से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में ई-पेमेन्ट (डी.बी.टी.) के माध्यम से ही भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा।

# बेटियों को आत्मनिर्भर बनाएगा दुबग्गा का नया कौशल विकास केंद्र

- आत्मनिर्भरता की ओर कदम: मलिहाबाद विधायक जय देवी कौशल ने किया प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन
- कौशल विकास से रोजगार: ग्रामीण अंचल की छात्राओं को मुफ्त प्रशिक्षण, खुलेंगे नए अवसर।
- बरवान कला में नई पहल: MC सक्सेना कॉलेज में P कौशल विकास मिशन केंद्र शुरु



अवधनामा ब्यूरो

**दुबग्गा लखनऊ।** दुबग्गा क्षेत्र में, विशेष रूप से लालजी टंडन वार्ड के बरवान कला में, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण केंद्र का मंगलवार दोपहर दो बजे शुभारंभ हुआ। यह केंद्र एमसी सक्सेना कॉलेज में स्थापित किया गया है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मलिहाबाद विधायक जय देवी कौशल ने दीप प्रज्वलित कर केंद्र का औपचारिक उद्घाटन किया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस केंद्र के माध्यम से ग्रामीण अंचल की छात्राओं और बालिकाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण दिया जाएगा। उनका उद्देश्य स्पष्ट था कि यह प्रशिक्षण इन्हें आत्मनिर्भर बनने और रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा।

इस अवसर पर, एमसी सक्सेना कॉलेज के संचालक विकास आरएसडब्लूएम के मुख्य अधिकारी अब्राहम ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण बेटियों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक बहुत बड़ा और महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में परियोजना प्रमुख सर्वेश गुप्ता, केंद्र प्रबंधक प्रांजल सिन्हा, कार्यक्रम प्रबंधक अनुज कपूर, फील्ड मैनेजर यशवंत सिंह, प्लेसमेंट मैनेजर सलमान और अन्य समस्त प्रशिक्षकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस केंद्र के शुरू होने से अब बरवान कला और आस-पास की बालिकाओं को कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने का सुनहरा मौका मिलेगा।

## आयतुल्लाहिल उज़्मा सेय्यद अली सीस्तानी की अहलिया के इंतेकाल पर जलसा-ए-ताज़ियत और मजलिस-ए-अज़ा आज

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)।** दफ़्तर-ए-नुमायेंदगी आयतुल्लाहिल उज़्मा सेय्यद अली हुसैनी सीस्तानी द0ज़ि0, उलमा-ए-आलाम और मोमिनीन-ए-केराम की जानिब से मरजा-ए-आला आयतुल्लाहिल उज़्मा सेय्यद अली हुसैनी सीस्तानी द0ज़ि0 की अहलिया (पत्नी) के इंतेकाल पर आज बुधवार 1 अक्तूबर 2025, नमाज़-ए-मग़रेबैन के बाद शाम 6:30 बजे जामा मस्जिद तहसीनगंज में जलसा-ए-ताज़ियत और मजलिस-ए-अज़ा का आयोजन होगा।

## आरडीएसओ के 01 अधिकारी एवं 07 कर्मचारी सेवानिवृत्त



**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)।** आरडीएसओ द्वारा डी. बी. सिंह, अपर महानिदेशक, आरडीएसओ की अध्यक्षता में दिनांक 30.09.2025 को सितम्बर-2025 में सेवानिवृत्त हुए 01 अधिकारी एवं 07 कर्मचारियों हेतु एक विशेष विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशासन द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई दी गयी। सेवानिवृत्ति समारोह में, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं आरडीएसओ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर कार्यक्रम आज

**लखनऊ।** प्रतिवर्ष 01 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा कल दिनांक 01 अक्टूबर, 2025 को छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, भागीदारी भवन, गोमतीनगर, लखनऊ स्थित प्रेक्षागृह में पूर्वाह्न 10:30 बजे से एक औपचारिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान एवं कल्याण हेतु संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

# पुलिस चौकी के पास सो रहा था हिस्ट्रीशीटर कमर में लगा तमंचा देख चौंक गए मॉर्निंग वॉकर्स



- इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया- आरोपी अर्जुन पर गैंगेस्टर सहित कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं

अवधनामा ब्यूरो

**पारा लखनऊ।** मंगलवार को लखनऊ के थाना पारा क्षेत्र में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ पुलिस ने एक शातिर हिस्ट्रीशीटर को उस समय गिरफ्तार किया, जब वह हंसखेड़ा पुलिस चौकी के पास ही कमर में अवैध असलहा लगाए गहरी नींद में सो रहा था।

मामला कांशीराम कॉलोनी का है। मंगलवार तड़के सुबह जब क्षेत्रीय लोग मॉर्निंग वॉक के लिए निकले, तो उन्होंने बिल्डिंग के बाहर एक तख्त पर सो रहे एक युवक को देखा। लोगों ने गौर किया कि उस युवक की कमर में 315 बोर का अवैध तमंचा लगा हुआ है। बिना किसी पहचान या डर के युवक का इस तरह चौकी के पास ही हथियार के साथ सोना, क्षेत्रीय लोगों के लिए चौंकाने वाला दृश्य था। इसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को इस बारे में सूचित किया।

सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर सुरेश सिंह और उनकी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सोते हुए हिस्ट्रीशीटर को धर दबोचा। आरोपी की पहचान 90/13 पुरानी कांशीराम कॉलोनी निवासी अर्जुन (26) के रूप में हुई, जो पुलिस रिकॉर्ड में हिस्ट्रीशीटर है।

इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि अर्जुन न्यायालय से चोरी के एक मुकदमे में एनबीडब्ल्यू (गैर-जमानती वारंट) जारी होने के कारण वांछित चल रहा था। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने अर्जुन के पास से अवैध 315 बोर का तमंचा और उसकी जेब से दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी अर्जुन पर पहले से ही गैंगेस्टर एक्ट सहित चोरी, लूट और अवैध हथियार रखने जैसे कई गंभीर किस्म के मुकदमे जिले के विभिन्न थानों में दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत नया मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एसकेडी इंटरनेशनल स्कूल में सीताराम मंदिर का नींव पूजन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** एसकेडी इंटरनेशनल स्कूल, अवध विहार योजना में सीताराम मंदिर का नींव पूजन समारोह नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यह शुभ अवसर एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के माननीय चेयरमैन एस.के.डी. सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक अनुष्ठानों, पूजा और मंत्रोच्चारण के साथ हुई, जिसने मंदिर की मजबूत आध्यात्मिक नींव का प्रतीकात्मक स्वरूप प्रस्तुत किया। इस पावन अवसर पर सभी उपस्थित लोगों को प्रसाद, रामनामी और रामायण वितरित की गई तथा 07 अक्टूबर 2025 को वाल्मीकि जयंती पर रामायण पाठ करने के साथ ही नियमित रामायण पाठ करने का भी आग्रह किया गया। गणमान्य अतिथियों और शैक्षणिक नेतृत्व की उपस्थिति ने इस आयोजन को और अधिक प्रेरणादायी बना दिया। इस अवसर पर एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक मनीष सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा: विद्यालय परिसर में सीताराम मंदिर का निर्माण केवल एक स्थापत्य पहल नहीं है, बल्कि यह हमारे विद्यार्थियों में नैतिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को संजोने का एक प्रयास है। यह मंदिर भक्ति और अनुशासन का दीपस्तंभ बनकर आने वाली पीढ़ियों के चरित्र को संवारने का कार्य करेगा।

# मिशन शक्ति को बनाया जन-जन का अभियान महिलाओं और बच्चों को किया जागरूक



- मैरिज हॉल में लगी सुरक्षा की पाठशाला, महिला सब-इंस्पेक्टर और बीट पुलिस ने दी कानूनी और तकनीकी जानकारी।
- हेल्पलाइन नंबरों की पूरी श्रृंखला से कराया गया परिचय, साइबर जागरूकता पर रहा विशेष ज़ोर

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मंगलवार को लखनऊ के थाना सआदतगंज क्षेत्र में पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत एक बड़ा जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान एसीपी बाज़ार खाना और थाना प्रभारी सआदतगंज के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान, महिला उप निरीक्षक महेश्वरी ने अपनी मिशन शक्ति टीम और महिला बीट के साथ मिलकर क्लासिक मैरिज हॉल, नौबस्ता मोड़ पर जाकर महिलाओं और बच्चों से संवाद किया। टीम ने उन्हें मिशन शक्ति केंद्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि यह केंद्र कैसे काम करता है, इसका मुख्य उद्देश्य क्या है और इसके माध्यम से कौन-कौन सी सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। अभियान का मुख्य फोकस महिलाओं की सुरक्षा, उन्हें आत्मनिर्भर (स्वलम्बन) बनाने और साइबर जागरूकता पर रहा। पुलिस टीम ने साइबर अपराधों से बचने के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया ताकि महिलाएं डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रह सकें।

इस जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जानकारी दी गई, जो संकट के समय महिलाओं और बच्चों के लिए तुरंत सहायता उपलब्ध कराते हैं। जागरूक किए गए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर इस प्रकार हैं:

1090 वूमेन पावर लाइन
181 वीमेन हेल्पलाइन
1098 चाइल्ड लाइन
1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
112 पुलिस आपातकालीन सेवा
1930 साइबर हेल्पलाइन

इनके अलावा, 101 अग्निशमन सेवा, 102 (गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस) और 108 (एंबुलेंस सेवा) जैसी आवश्यक सेवाओं और क्ष्ह्रक्कऐप के इस्तेमाल के बारे में भी बताया गया। पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं को सरकार द्वारा विशेष रूप से महिलाओं को समर्पित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराया, ताकि वे उनका लाभ उठा सकें।